मगही

लोक-साहित्य

[पटना विश्वविद्यालय द्वारा डी॰ लिट्॰ उपाधि के लिए स्वीकृत "मगही भाषा और साहित्य का अध्ययन" शीर्षक शोध-प्रबन्ध का एक अंश]

डॉ॰ सम्पत्ति अर्याणी, एम॰ ए॰ (हिन्दी-पालि), डी॰ लिट॰
हिन्दी विभाग, सायंस कालेज
पटना विश्वविद्यालय, पटना

हिन्दी साहित्य संसार
दिल्ली-७ :: पटना-४

मगही भाषा-समृद्धि एवं उसकी गौरवमयी संस्कृति

की

मूर्त्तिमयी देवी, वरदात्री, प्रेरणादात्री

मंगलमयी माँ

(श्रीमती शान्ति देवी)

के

चरण-कमलों में

यह श्रद्धा-सुमन

समर्पित !

श्रीमती शान्ति देवी

प्राक्कथन

डॉ० सम्पत्ति अर्याणी लोक साहित्य की मर्मज्ञा हैं। अभी हाल ही में आपने मगही भाषा और साहित्य पर अनुसंधान करके डी० लिट्० की उपाधि पटना विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। मगही लोक साहित्य आपकी ही देन है। अपने डी० लिट्० के अनुसंधान के निमित्त मगही क्षेत्र में घूम फिर कर जो सामग्री आपने प्राप्त की थी प्रतीत होता है उसका कुछ अंश इस ग्रंथ में उन्होंने दिया है।

भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से भारत का हिंदी भाषी क्षेत्र विविध महत्त्वपूर्ण बोलियों का जीता जागता जनालय है। इस क्षेत्र की अनेक बोलियों में वह जीवन शक्ति मिलती है जो उसमें स्वतंत्र भाषा की भावना पैदा करती है। ऐसी कितनी ही बोलियों का वर्णन हम ग्रियर्सन की लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया में मिलता है। किंतु उनके उन विवरणों से हम भाषा की भाषा वैज्ञानिक प्रकृति और प्रवृत्ति का पता चलता है। किसी भाषा या बोली की यथार्थ सामर्थ्य का ज्ञान हमें उसके साहित्य से अथवा उसकी अभिव्यंजना के प्रकृत स्वरूप से होता है।

डॉ० अर्याणी को यह श्रेय दिया जायगा कि उन्होंने मगही के संबंध में इस अनुसंधान द्वारा यही महत्त्वपूर्ण कार्य संपन्न किया है। मगही भाषा में प्राप्त लोक साहित्य का संग्रह एक कमी की पूर्ति करता है। हमें मगही की अभिव्यंजना सामर्थ्य का भी इससे ज्ञान हो जाता है।

हिन्दी में इधर लोक-साहित्य के विषय में एक चमत्कारक जागरण दिखाई पड़ता है। विदित होता है कि विद्वानों की मनीषा लोक-साहित्य में प्रवृत्त हो चली है। इस प्रवृत्ति के दो रूप स्पष्ट दिखायी पड़ते हैं—एक स्वतंत्र दूसरा विश्वविद्यालय की उपाधि के निमित्त। दोनों ही रूपों में हिन्दी में अच्छा कार्य हुआ है। यह वास्तव में श्लाघनीय है।

इन श्लाघनीय प्रयत्नों को कई पहलुओं में देखा जा सकता है। एक पहलू वह है जिसके लिए विदेशियों ने भारतीय लोक-साहित्य में रुचि दिखायी। इस पहलू के भी दो पक्ष थे—एक शासित को अधिकाधिक जानना—राजनीतिक पक्ष। दूसरा वैज्ञानिक अनुसंधान के विश्व मन प्रवर्तन में योग देना—ज्ञान यज्ञ का पक्ष। उन्नीसवीं-बीसवीं शती में विदेशियों के प्रयत्नों के ये दोनों पक्ष कहीं परस्पर गुँथे कहीं पृथक होकर लोक-साहित्य के संकलन और वृद्धुन्य-चर्चा को प्रोत्साहित करते रहे। विदेशी शासन में यह स्थिति प्रायः ज्ञान विज्ञान के सभी क्षेत्रों की थी।

दूसरा पहलू—रेनेसाँ या पुनराहरण का था। भारत ने श्रुतियों या कंठस्थ ज्ञान की परम्परा को आदि काल से महत्त्व दिया था। भारतीय इतिहास में हमें ऐसे कई प्रयत्न मिलते हैं जहाँ यहाँ की मौखिक परम्परा को सकलित करने के महत् प्रयत्न हुए हैं।

सबसे पहला प्रयत्न तो वेदों का ही है। वेदों की श्रुति संज्ञा महत्त्वपूर्ण संकेत से युक्त है। भगवान वेदव्यास ने अपने युग में सर्वत्र व्याप्त परंपराओं को संकलित व्यवस्थित और संपादित किया। चारों वेदों के वर्तमान रूप पर वेदव्यास की छाप है। वेदव्यास से पूर्व वेदों का क्या स्वरूप है इसका आज हमें ठीक ठीक पता नहीं। वेदव्यास ही महाभारत के संकलन कर्त्ता हैं—महाभारत क्या है? वह भी तो कंठस्थ ऐतिहासिक परम्पराओं का संग्रह है जिसे व्यास जी ने वह रूप दिया जो आज प्राप्य है।

व्यास जी ने यह सब कुछ संस्कृत भाषा में किया। किन्तु संस्कृत से भिन्न प्रकृति की भाषा 'पैशाची' में ऐसा ही कार्य 'गुणाढ्य' ने किया—बड्ड कहा (बृहत् कथा) के द्वारा, जिसका संस्कृत रूपान्तर कथासरित्सागर में मिलता है। ऐतिहासिक विकास से भारतीयों की यह प्रवृति खो गयी थी। सभी जातियों में ऐसे युग आते हैं जो अतीत के महान् ग्रन्थों से अभिभूत रहते हैं और उनसे अलग जाकर विचार ही नहीं कर सकते। मौलिकता का मूल्य ही नहीं रहता। वेद, पुराण, महाभारत, रामायण और कथासरित्सागर के बाद ऐसा ही युग भारतीय इतिहास में आया। इन्हीं ग्रन्थों की चर्चा करना उन्हीं से सामग्री लेकर रचना-कृतियाँ रचना—युगधर्म—हो गया।

इसी प्रवृति का नामकरण हुआ—आस्तिक प्रवृत्ति, वैदिक प्रवृत्ति या आर्य प्रवृत्ति। इस प्रवृत्ति ने अद्भुत रूप से 'रेजीमेंटेशन आव थाट' अथवा "वैचारिक सीमा नियन्त्रण" सिद्ध किया। अतः लोकसाहित्य की ओर लौटने की प्रवृत्ति को पुनराहरण कहा जा सकता है।

बौद्ध धर्म की क्रान्ति ने जन विज्ञान की प्रवृत्ति को एक बार लोकाभिमुख करने का प्रयत्न किया पर उसकी प्रवृत्ति का मूल था—वही धार्मिक धरातल। यह धार्मिक लोकाभिमुख प्रवृत्ति हमें बंगाली भाषा के क्षेत्र में विशेष रूप से दिखलाई पड़ती है, जहाँ विविध जनजातिक सम्प्रदायों ने लोक समाज अथवा लोकसाहित्य से सामग्री लेकर उसे अपने सम्प्रदाय प्रचार का माध्यम बनाया। "मनसा मंगल" आदि की कथा एक ऐसा ही विशेष उदाहरण है।

जो भी हो, उन्नीसवीं बीसवीं शती में भारतीय लोकसाहित्यिक प्रयत्न पुनराहरण के प्रयत्न थे। 'Back to Vedas", "Back to Nature" की भाँति "Back to folk" भी एक नारा कहा जा सकता है।

इसी पुनराहरण को अन्तर-राष्ट्रीय लोकसाहित्यिक आन्दोलनों से विशेष प्रेरणाएँ मिलीं। ये आन्दोलन ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र के ही थे। अतः पुनराहरण का संबंध भाषाविज्ञान, इतिहास, दर्शन, धर्म विज्ञान आदि से होता रहा।

हिन्दी के क्षेत्र में लोकसाहित्य के इस नव जागरण के अच्छे फल मिले हैं। अनेकों बोलियों के क्षेत्र में लोक-साहित्य का संकलन और उसका अध्ययन हो चुका है। पर मगही की सम्पत्ति पर यदा-कदा ही कुछ लिखा गया है। डॉ० अर्याणी ने इस क्षेत्र में कुछ जम कर कार्य किया है। उसीका प्रसाद है—यह संग्रह।

इस संग्रह में तीन अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में "मगही की लोक-कथाएँ" दी गई हैं। इन लोक-कथाओं को लेखिका ने मगही के विविध क्षेत्रों तथा खंडों के नाम से दिया है अर्थात् गाँवों और नगरों के नाम से। इस प्रकार मगही के अन्तर्गत नालंदा, राजगृह, बेगमपुर, दानापुर, मनेर, खुसरूपुर, गया, जहानाबाद, कुर्था, मिसिरबिगहा, बड़हिया, जमुई, पलामू, लतेहार, धनबाद, कुमारधोली, राजाडेरा, राँची, सिंहभूम से कथाएँ ली गयी हैं। मैथिली मिश्रित मगही में दक्षिण मुंगेर और बाढ़ के नमूने लिये गये हैं।

पूर्वी मगही में मानभूम जिला, बामरा, हजारीबाग जिला, राँची जिला, मयूरभंज स्टेट और मालदा जिला से उदाहरण लिए गये हैं।

स्पष्ट है, इस अध्याय में लेखिका ने बोलियों के स्वरूप को स्पष्ट करने के लिए उदाहरण-स्वरूप कहानियाँ दी हैं। इनका जितना भाषा-विज्ञान की दृष्टि से महत्त्व है, उतना लोककथाओं की दृष्टि से नहीं। किन्तु भाषा के स्वरूप को स्पष्ट करना भी आवश्यक माना जा सकता है।

द्वितीय अध्याय के सकलन सपादन में प्रथम अध्याय से भिन्न क्रम और भिन्न दृष्टि अपनायी गयी है। इसमें लोकगीत अवसरानुकूल विषयों के आधार पर दिए गये हैं। अतएव मगही लोकगीतों के स्वरूप, प्रकृति और सांस्कृतिक तत्त्व का पूरा प्रतिनिधित्व इस सकलन में हमें मिलता है। प्रत्येक गीत के अन्त में टिप्पणी देकर और पाद-टिप्पणी में विशिष्ट शब्दों के अर्थ देकर इस संग्रह को लेखिका ने पूर्णत उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया है। इसमें भी लोककथा गीत विशेष ध्यान आकर्षित करते हैं।

तृतीय अध्याय में "मगही का प्रकीर्ण साहित्य" दिया गया है, जिसमें कहावतें मुहावरे और बुझौवल हैं।

इस प्रकार समूचे मगही लोकसाहित्य का इस ग्रंथ में एक अच्छा परिचय प्राप्त हो जाता है। इसके सकलन में लेखिका को निश्चय ही बहुत श्रम करना पड़ा होगा। पर इस ज्ञान के यज्ञ में उनकी यह आहुति श्लाघ्य ही मानी जायगी। आशा की जाती है कि आगे वे और भी पूर्ण और बड़ा संग्रह वैज्ञानिक प्रणाली से संग्रह करके प्रस्तुत करेंगी। इस संग्रह से अपने लोक साहित्य विषयक कार्य का उन्हें आरंभ मानना चाहिए, इति नहीं।

आगरा
२७-७-६४

डॉ० सत्येन्द्र,
के० एम० इन्स्टीट्यूट
आगरा विश्वविद्यालय
आगरा

निवेदन

किसी भी देश की समग्र सामाजिक सांस्कृतिक चेतना का प्रतिनिधित्व एवं प्रकाशन वहाँ का साहित्य ही करता रहा है। अब तक इस श्रेय का सेहरा केवल शिष्ट साहित्य के ही माथे बाँधा जाता रहा, पर पिछले दो तीन दशकों से विद्वानों ने अनुभव करना आरम्भ किया कि उपर्युक्त दृष्टिकोण एकांगी एवं अपूर्ण है। कारण शिष्ट साहित्य समाज के एक छोर पर विशिष्ट वर्ग की ही गाथा प्रस्तुत करता रहा है, महनीय राष्ट्र एवं उसकी मौलिक संस्कृति का निर्माता तो जन सामान्य रहा है। इस लोकसामान्य की जीवन झाँकी शिष्ट साहित्य में नहीं के बराबर मिलता है। वस्तुतः इसकी बाँकी झाँकी अपनी समग्रता में समन्वित ढंग से लोकसाहित्य में ही मिलता है। इस दृष्टि से भारतीय लोकसाहित्य का महत्त्व अनुपेक्षणीय एवं अपरिसीम है, कारण महनीय संस्कृति का दावा जिन देशों के अतीत को प्राप्त है उनमें सम्भवतः यह सर्वोपरि है। यह प्रसन्नता का विषय है कि जब से भारतीय विद्वानों ने उक्त तथ्य का अनुभवगम्य साक्षात्कार किया है भारतीय लोकसाहित्य के अनुशीलन परिशीलन की प्रवृत्ति प्रखर हो चल पड़ी है।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय लोकसाहित्य पर अच्छा एवं सराहनीय कार्य किया गया है। इस क्रम में हिन्दी की विविध बोलियों—ब्रजभाषा, भोजपुरी, मैथिली, मालवी, राजस्थानी, अवधी आदि के भाषागत पक्ष एवं लोकसाहित्य पर विस्तृत एवं अभिनन्दनीय अध्ययन प्रस्तुत किए गये हैं। यह आश्चर्य का विषय रहा कि मगध क्षेत्र, मगही भाषा एवं उसका लोकसाहित्य चिरकाल तक उपेक्षणीय बना रहा। आश्चर्य का विषय इसलिए कि मगध क्षेत्र किंवा मगध का भारतीय संस्कृति के निर्माण में जो योगदान है उसे कौन भुला सकता है? पर उसे भुला दिया गया और जब क्षेत्र विशेष की ही सर्वांशतः उपेक्षा कर दी गई तब उसकी भाषा एवं लोकसाहित्य का उपेक्षणीय बना रहना तो सहज अन्वय क्रम में ही द्रष्टव्य है। पर यह उपेक्षा भी आकस्मिक नहीं थी। इसका ऐतिहासिक पृष्ठाधार था। उसके औचित्य की मीमांसा का यहाँ अवकाश नहीं है, पर वस्तुस्थिति का सत्य यही है। यही कारण है कि डा० ग्रियर्सन की अनतिस्पष्ट चर्चा के अतिरिक्त अन्यत्र इस गौरवमयी समृद्ध भाषा के स्वरूप एवं साहित्य के संस्थापन विश्लेषण का प्रयास नहीं मिलता।

पर यह उपेक्षा मगही भाषा के लिए आगे चल कर विघातिनी प्रमाणित हुई। कारण इस उपेक्षा के फलस्वरूप उत्पन्न अराजकतामयी स्थिति को इसके अस्तित्व शून्य होने का प्रमाणपत्र मान लिया गया और बड़े असुन्दर दावे सामने रखे जाने लगे। अपनी भाषा से सहज स्नेह स्वाभाविक है, पर इसकी अभिव्यक्ति किसी अन्य भाषा के अस्तित्व की अस्वीकृति के मूल्य पर शुभ नीति नहीं। दुर्भाग्यवश मगही भाषा और साहित्य को यह दुर्भाग्य झेलना पड़ा।

मगध पुत्री होने के नाते उपर्युक्त स्थिति से मैं पर्याप्त कष्ट पाती रही। और इसी कष्टमयी स्थिति से उस निश्चय का जन्म हुआ, जो मगही भाषा एवं साहित्य के अध्ययन संकलन, सम्पादन प्रकाशन के मेरे संकल्प में बदल गया। जहाँ तक इस संकल्प को कार्यान्वित करने के प्रयास का प्रश्न है, वह सन् १९५२ से प्रारम्भ हुआ और सन् १९५७ से पूर्ण व्यवस्थित ढंग से चलने लगा।

वस्तुत जो संकल्प मैंने किया था, उसे 'व्यक्ति' का नहीं, किसी 'संस्था' का होना चाहिए था। पर जब 'व्यक्ति द्वारा 'संस्था' का कार्यभार उठा लिया गया हो, तो लक्ष्य-पूर्ति के मार्ग में अनेकानेक कठिनाइयों एवं बाधाओं का आ खड़ा होना स्वभाविक ही था। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि विद्वज्जनों की दृष्टि में अपनी लक्ष्य पूर्ति में मैं कृतकार्य रही।

प्रस्तुत ग्रंथ मेरे डी० लिट्० की उपाधि के निमित्त स्वीकृत शोध प्रबन्ध "मगही भाषा और साहित्य का अध्ययन" के साहित्य खंड का परिशिष्ट भाग है। इसमें मगध क्षेत्र के बारम्बार पर्यटन के फलस्वरूप लोककंठ से संचित मगही लोकगीतों, लोककथागीतों, लोककथाओं, लोकनाट्यगीतों, लोकगाथाओं, मुहावरों, कहावतों एवं पहेलियों के कुछ चुने नमूने अपने प्रकृत स्वरूप सौंदर्य के साथ प्रस्तुत हैं। 'उपोद्घात' में इनकी विवेचनात्मक पृष्ठभूमि प्रस्तुत कर दी गई है। उसके साथ इनके अवलोकन से मगही लोकसाहित्य के स्वरूप-वैशिष्ट्य एवं समृद्धि का सहज ही अनुमान हो जाता है।

मगही लोक-साहित्य पर शोध कार्य करने की प्रेरणा प्रातः स्मरणीय आचार्यवर डॉ० विश्वनाथ प्रसाद (निदेशक केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय दिल्ली) से मिली थी। उनके बहुमूल्य निदेशन के अभाव में मैं अपनी लक्ष्य पूर्ति में कभी कृतकार्य नहीं हो पाती। उनके चरण-कमलों में मैं अपने श्रद्धा सुमन समर्पित करती हूँ। परम आदरणीय आचार्य डॉ० सत्येन्द्र ने प्रस्तुत ग्रंथ का प्राक्कथन लिख कर जो प्रोत्साहन मुझे दिया है, उसके लिए हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ।

इस क्रम में श्रद्धेय आचार्य डॉ० शिवनन्दन प्रसाद (उपनिदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, दिल्ली), डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय स्व० महापंडित राहुल सांकृत्यायन, स्व० आचार्य नलिन विलोचन शर्मा स्व० ब्रजदेव नारायण (ऐडवोकेट, पटना हाईकोर्ट), स्व० डॉ० बद्री नारायण प्रसाद (भूतपूर्व कार्य वाहक पटना विश्वविद्यालय), पूज्य पिता स्व० बाबू दरोगाह जी, श्री भगवतलाल जी, श्री रामनारायण शास्त्री (राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना), श्री चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा (राजगीर) से जो बहुमूल्य सहयोग एवं निदेशन मुझे मिले हैं, उनके लिए, उनके प्रति एवं अन्यान्य सभी महानुभावों के प्रति जिनसे किसी भी प्रकार की सहायता मुझे मिली है, मैं हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करती हूँ।

स्नेहमयी जननी श्रीमती शान्तिदेवी परमादरणीय श्री हरिदास ग्वाल, प्रिय बहन श्रीमती पुष्पा अर्याणी श्रीमती कौशल्या अर्याणी, श्रीमती कृष्णा अर्याणी, प्रिय अनुज श्री देवेन्द्र कुमार, श्री रामनाथ गुप्त एवं प्रिय पुत्रियां श्रीमती प्रतिभा अर्याणी, कुमारी उषा अर्याणी एवं कुमारी किरण अर्याणी को धन्यवाद देना अपने को धन्यवाद देने जैसा लगता है। मगही लोक साहित्य के संग्रह, संकलन, पाण्डुलिपि-निर्माण एवं विविध संदर्भों से सम्बन्धित ज्ञातव्य तथ्यों के विवरण संचयन में इनसे अपार सहायता मिली है।

अंततः मगही क्षेत्र के वे अगणित शिक्षित—अशिक्षित ग्रामीण एवं नागर नर-नारी जन मेरे कोटिशः धन्यवाद के पात्र हैं, जिनकी कृपा से ही मगही लोक साहित्य की बहुमूल्य मणियाँ प्राप्त हो सकीं।

सम्पत्ति अर्याणी

नवम्बर १९६४
राजेन्द्र नगर, पटना—४

ध्वनि-संकेत

⊥ (अ)—हृस्व विलम्बित अथवा उदासीन स्वर का संकेत-चिह्न। यथा—हलइ। सगलेइ।

ऽ (अऽ)—यह दीर्घ विलम्बित स्वर का लिपि चिह्न है। व्यजनान्त अथवा स्वरान्त शब्दों के अन्त में आकर उसका यह विलम्बित उच्चारण प्रकट करता है। यथा—नऽ। यहऽ। आवऽ।

ॅ (ऑ)—यह स्वर 'ऑ' का हृस्व रूप है। उच्चारण में प्राय यह 'अ' की तरह सुनाई पड़ता है। यथा—बॉटलक। मॉडलक।

ॅ (ऍ)—हृस्वोच्चरित 'ए' स्वर। यथा—ऍस्हरा। ऍक्को।

ॅ (ऐॅ)—हृस्वोच्चरित 'ऐ' स्वर। यथा—ऐॅसनो। कैॅमनो।

ॅ (ओॅ)—हृस्वोच्चरित 'ओ' स्वर। यथा—ओॅहि। मरोॅरलक।

ॅ (औॅ)—हृस्वोच्चरित 'औ' स्वर। यथा—वोलोॅलकइ। गिरोॅलक्इ।

विषय-सूची

उपोद्घात

प्रथम-अध्याय

मगही की लोक-कथाएँ

द्वितीय अध्याय

मगही के लोकगान

लोकगीत

लोककथा गीत

लोकनाट्य गीत

लोकगाथा

तृतीय अध्याय

मगही का प्रकीर्ण साहित्य

परिशिष्ट

मगही भाषाक्षेत्र
सूची
मिश्रित मगही
नदी
रेल पथ
मापक
दिनाजपुर
पश्चिमी
बंगाल
उ
डी
सा

उपोद्घात

उपोद्घात

लोक-साहित्य का स्वरूप

'लोक' पद का अर्थ विराट् समाज की ओर सकेत करता है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त के १० ६० मन्त्र में कहा गया है —

"सहस्रशीर्षा पुरुष सहस्राक्ष सहस्रपात्।

अर्थात् "वह (लोक) विराट् पुरुष है, जिसे हजारों सिर, हजारों आंखे एव हजारों चरण हैं। अत 'लोक' पद का अभिप्रेत अर्थ साधारण जनसमाज ही है। इसी में यह विराट् कल्पना समाहित हो जाती है। भूत-भविष्य-वर्तमान मे प्राप्य मानव-समाज की नैसर्गिक प्रवृत्तियॉ जिनमे उनके आचार व्यवहार, मान्यताएँ, धार्मिक आस्थाएँ तथा भौतिक इन्द्रों के आधार पर उत्पन्न प्रतिक्रियाएँ आदि सभी सम्मिलित हैं, इस शब्द में अन्तर्भावित हैं। चूंकि इन नैसर्गिक प्रवृतियों का सम्बन्ध अभिव्यक्ति से है और अभिव्यक्ति का साहित्य से, अत लोकाभिव्यक्ति जब अपने काव्यात्मक गुणों के कारण आलोचित होती है, तब उसे 'लोक-साहित्य' की सज्ञा दी जाती है।

लोक-साहित्य की अर्थगत व्याप्ति बड़ी ही विशाल है। यह किसी व्यक्ति विशेष द्वारा निर्मित नहीं होता। उसके पीछे परम्परा वर्तमान रहती है, जिसका सम्बन्ध समाज से रहता है। उसकी अभिव्यक्ति सामूहिक होती है। वे सारी मौखिक अभिव्यक्तियाँ, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व के कठघरे के बाहर की हैं तथा जो समान रूप से समाज की आत्मा को व्यक्त करने की क्षमता रखती हैं, लोक-साहित्य की श्रेणी में आती हैं।

लोक-साहित्य और परिनिष्ठित साहित्य का अन्तर

लोक-साहित्य 'परिनिष्ठित साहित्य' से स्वभावत कहीं अधिक व्यापक है। यही कारण है कि यह परिनिष्ठित साहित्य के लिए उपजीव्य साहित्य का कार्य करता है। इसे ही दृष्टिपथ में रख कर विद्वानों ने 'लोकसाहित्य' की तुलना बहती हुई नदी से की है और परिनिष्ठित साहित्य की किनारों में बँधे हुए जलाशय से। । जब जलाशय का पानी सूखने लगता है, तब नदी के पानी से उसकी पूर्ति की जाती है, और परिनिष्ठित साहित्य जब विकास की गति में पीछे पड़ने लगता है, तब लोक साहित्य के अध्ययन से उसे सहायता मिलती है।

परिनिष्ठित साहित्य नियमों के कठघरे में बंद होता है। उसकी एक बँधी सुनिश्चित अभिव्यजना प्रणाली होती है। उसमें रमणीयता लाने के लिए सप्रयास रस, अलंकार, गुण आदि साहित्यिक तत्त्वों की योजना की जाती है। पर कहा जा चुका है कि लोक साहित्य इन बंधनों से मुक्त और स्वच्छद होता है। उसके सुनिश्चित रचयिता होते हैं और वह लिखित रूप में जीवित रहता है। पर लोक-साहित्य सामाजिक उद्गारों का प्रतिनिधित्व करता है। उसके रचयिता अज्ञातप्राय होते हैं और वह मौखिक परम्परा में जीवित रहता है। यही कारण है कि कुछ विद्वानों

ने इसे "अपौरुषेय" भी कहा है। वेद का भी 'अपौरुषेय' कहने का बहुत सम्भव है, यही रहस्य हो। इस दृष्टिकोण को स्वीकार कर लेने पर भारतीय साहित्य का बहुत बड़ा हिस्सा लोकसाहित्य में अन्तर्भुक्त किया जा सकता है।

लोक साहित्य एवं लोकवार्त्ता

मगही लोक साहित्य की विवेचना करने के पहले लोकवार्त्ता पर प्रकाश डालना आवश्यक है, क्योंकि मगही लोकसाहित्य उसी का अंग है।

"लोकवार्त्ता" शब्द अंग्रेजी के "फोकलोर (Folklore) पर्यायवाची पद के रूप में प्रचलित है। हिन्दी में इसके मुख्य रूप से प्रचार करने का श्रेय श्री कृष्णानन्द गुप्त एवं डा० वासुदेव शरण अग्रवाल को है। डा० वासुदेव शरण अग्रवाल ने हिन्दी में वैष्णवों के वार्त्ता-सम्बन्धी ग्रन्थों के अनुरूप (८४ वैष्णवों की वार्त्ता, षट्वार्त्ता आदि) फोकलोर का "लोकवार्त्ता" पर्याय स्वीकृत किया है।[1] डा० सत्येन्द्र[2] भी "लोकवार्त्ता" को ही 'फोकलोर' का पर्यायवाची पद मानते हैं। फोकलोर का प्रचलित अर्थ है—जनता का साहित्य, ग्रामीण कहानी आदि। पर उसका विशिष्ट अर्थ है—जनता की वार्ता। जनता जो कुछ कहती सुनती है या उसके सम्बन्ध में जो कुछ कहा सुना जाता है, वह सब लोकवार्त्ता है। जिस प्रकार प्रत्येक देश की अपनी भाषा होती है उसी प्रकार इसकी अपनी लोकवार्त्ता होती है। लोकवार्त्ता का उद्गम् स्थल जनता का मानस होता है। इस प्रकार यदि प्रत्येक देश की लोकवार्त्ता का विधिवत् संग्रह किया जाये तो प्राचीन से अर्वाचीन काल तक की वहाँ की बौद्धिक, नैतिक, धार्मिक और सामाजिक अवस्था का सम्पूर्ण चित्र उपस्थित हो सकता है।

"फोकलोर" के सम्बन्ध में बॉटकिन के विचार द्रष्टव्य हैं —'लोकवार्त्ता बहुत दूर की या कोई बहुत प्राचीन वस्तु नहीं है बल्कि वह हमलोगों के बीच का ही एक गतिशील एवं जीवित सत्य है। कारण, यहाँ अतीत वर्त्तमान से और अशिक्षित समाज उस समाज से कुछ कहना चाहता है, जो अपने मौलिक मौखिक एवं लोकतान्त्रिक संस्कृति के मूल और प्रारम्भिक रूपों के मनन से अपनी कलाओं की जड़ तक पहुँचना चाहता है और जिससे उसकी कलाओं के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश पड़ता है।'[3]

लोकवार्त्ता के विषय विस्तार पर शार्लट सोफिया बर्न ने अत्यन्त वैज्ञानिक ढंग से प्रकाश डाला है। उन्हीं के ही आधार पर डा० सत्येन्द्र[4] ने भी इस पर विचार प्रस्तुत किया है। उन्हें

---

१ भारतीय लो० सा०—पृ० १४

२ व्र० लो० सा० अ०—पृ० २

३ Folklore is not something far away and long ago, but real and living among us —Here the past has something to say to the present and bookless world to a world that likes to read about itself, concerning our basic, oral and democratic culture as the root of arts and as a sidelight on history

—अमेरिकन फोकलोर (पाकेटबुक) की भूमिका— पृ० १५

४ हैंडबुक आव फोकलोर शार्लट सोफिया बर्न तथा व्र० लो० सा० अ०—पृ० ४-५

अनुसार "लोकवार्त्ता" शब्द जातिबोधक शब्द के रूप में प्रतिष्ठित हो गया है । इसमें पिछड़ी जातियों में प्रचलित या अपेक्षाकृत समुन्नत जातियों के असंस्कृत समुदायों में अवशिष्ट विश्वास, रीति-रिवाज, कहानियाँ, गीत तथा कहावतें आती हैं । प्रकृति के चेतन तथा जड़ जगत् के भूतप्रेतों की दुनियाँ, मानव के सामाजिक आचार-व्यवहार, जादू-टोना, सम्मोहन-वशीकरण, ताबीज, भाग्य, शकुन, रोग तथा मृत्यु आदि के सम्बन्ध में आदिम एवं असभ्य विश्वास लोकवार्त्ता के क्षेत्र में आते हैं । इनके अतिरिक्त विवाह, उत्तराधिकार, बाल्यकाल और प्रौढ़ जीवन की सामाजिक प्रवृत्तियाँ, त्योहार, युद्ध, आखेट, मत्स्य व्यवसाय तथा पशुपालन आदि विषयों से सम्बन्धित विभिन्न व्यवहार एवं अनुष्ठान आदि सभी इसी के अन्तर्गत आते हैं । इतना ही नहीं, धर्मगाथाएँ, अवदान (लीजेंड), बैलेड, किंवदन्तियाँ, पहेलियाँ तथा लोरियाँ भी इसी के विषय हैं । संक्षेप में लोक की सहज मानसिक परिधि के अन्तर्गत जो भी वस्तु आ सकती है, वह सभी इसके क्षेत्र में परिगणनीय है ।

सोफिया बर्न ने "फोकलोर" के विषय को तीन श्रेणियों में विभाजित किया है जिन्हें डा० सत्येन्द्र ने निम्नांकित रूप से प्रस्तुत किया है[1]—

१. लोक विश्वास एवं अंध परंपराएँ, जो निम्नांकित से सम्बन्धित हैं :—

(क) पृथ्वी एवं आकाश से;
(ख) वनस्पति जगत् से;
(ग) पशु-जगत से;
(घ) मानव से;
(ङ) मनुष्य-निर्मित वस्तुओं से;
(च) आत्मा तथा दूसरे जीवन से;
(छ) परा-मानवी व्यक्तियों से;
(ज) शकुनों-अपशकुनों, भविष्यवाणियों, आकाशवाणियों से;
(झ) जादू-टोनों से;
(ञ) रोगों तथा स्थानों की कला से ।

२. रीति-रिवाज तथा प्रथाएं :—

(क) सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाएँ;
(ख) व्यक्तिगत जीवन के अधिकार, व्यवसाय, धन्धे तथा उद्योग;
(ग) तिथियाँ, व्रत तथा त्योहार;
(घ) खेल-कूद तथा मनोरंजन ।

३. लोक-साहित्य :—

(क) कहानियाँ—(अ) जो सच्ची मान कर कही जाती हैं ।
(आ) जो मनोरंजन के लिए होती हैं ।

(ख) गीत सभी प्रकार के

---

१ ए हैंडबुक अव फोकलोर : पृ० ४ तथा ब्र०लो० सा०अ० . पृ० ६—७ ।

(ग) कहावतें तथा पहेलियाँ

(घ) पद्यबद्ध कहावतें तथा स्थानीय कहावतें ।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि लोकवार्ता का क्षेत्र बहुत व्यापक है । लोक साहित्य लोकवार्ता का ही एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें अनायास भाव से प्राप्त साहित्यिक सौंदर्य से मंडित जनमानस की गद्य पद्यात्मक अभिव्यक्तियाँ अन्तर्भावित हैं ।

मगही लोक-साहित्य का सामान्य परिचय

मगही लोक-साहित्य विशाल एवं अगाध भारतीय लोक साहित्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है और उसकी समस्त सांस्कृतिक परम्पराएँ इसमें सुरक्षित हैं । इसका विस्तार-क्षेत्र 'मगध जनपद' है । अतः यहाँ भी ऐतिहासिक सांस्कृतिक पीठिका की हल्की झाँकी अपेक्षित है ।

वैदिक साहित्य के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में बिहार तीन भागों में विभाजित था—मगध, अंग और विदेह । 'मगध' के सम्बन्ध में विशेष संकेत वहां नहीं मिलते । वैदिक साहित्य के प्राचीन अंग ऋग्वेद, संहिता में 'कीकट' नाम से जिस प्रदेश की निन्दित चर्चा मिलती है, उसका बहुत कुछ संकेत मगध से ही माना जाता है । बहुत संभव है, उस समय तक यह प्रदेश आयेतर जातियों का निवास स्थान रहा हो और मध्य एशिया से आगत आर्य जाति की सभ्यता का आलोक वहां न पहुँचा हो । मगध में व्यवस्थित रूप से आर्य राज्य की स्थापना का उल्लेख "वाल्मीकिरामायणम्" के अध्याय ३२ में मिलता है । इस राज्य के प्रथम संस्थापक आर्य-वसु थे, जिनके बाद चन्द्रगुप्त और महान् अशोक जैसे सम्राटों की समृद्ध परम्परा में यह शासित होता रहा । सभ्यता और सांस्कृतिक गरिमा की दृष्टि से भारतीय इतिहास में मगध प्रदेश का अत्यधिक महत्त्व रहा है ।

जहाँ तक 'मगही' के उदय का प्रश्न है, यह 'मागधी प्राकृत' एवं 'मागधी अपभ्रंश' से उद्भूत हुई है । डॉ॰ ग्रियर्सन ने भाषा-तत्त्व के आधार पर आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं को तीन उपशाखाओं (बाहरी, मध्य एवं भीतरी) में विभक्त किया है । इनके अन्तर्गत छः भाषा-समुदाय हैं । मगही भाषा बाहरी उपशाखा के पूर्वी समुदाय के बिहारी वर्ग के अन्तर्गत आती है । यद्यपि बिहारी, उड़िया, बंगला, असमी आदि कई भाषाएं 'मागधी' से प्रसूत हैं, तथापि केवल 'मगही' का ही नामकरण 'मागधी' के आधार पर हुआ है । वर्तमान मगही भाषा प्राचीन मगध क्षेत्र में ही सीमित नहीं है । यह समस्त गया, पटना तथा हजारीबाग जिलों में बोली जाती है । इनके अतिरिक्त पलामू, मुंगेर, भागलपुर के बड़े भागों में भी 'मगही' बोली जाती है ।

अन्य भाषाओं के लोक-साहित्य की तरह मगही भाषा का लोक-साहित्य भी विषय-वैविध्य की दृष्टि से पर्याप्त विस्तृत एवं अनायास भाव से प्राप्त उच्च काव्यात्मक मूल्यों के कारण स्पृहणीय रूप से समृद्ध है । साथ ही विशाल मगध-क्षेत्र के विस्तृत जन-जीवन के सूक्ष्म पर्यालोचन के लिए यह एक ऐसे संवेदनशील दर्पण के रूप में वर्तमान है, जिसमें उनके समस्त आचार-व्यवहार, हर्ष-विषाद, रूढ़ियाँ-आकांक्षाएँ, प्रवृत्तियां एवं संस्कार प्रतिबिम्बित हो उठे हैं ।

जैसा कि पहले कहा गया, विषय-वैविध्य एवं प्रकार वैविध्य दोनों ही दृष्टियों से मगही लोक साहित्य स्पृहणीय रूप से समृद्ध है। विषय-वैविध्य की दृष्टि से इसकी विवेचना के पूर्व "प्रकार वैविध्य" का संक्षिप्त अध्ययन कर लेना उपयुक्त होगा। 'प्रकार' शिल्प-विधान को कहते हैं। शिल्प-विधान का सम्बन्ध रूपाकृति-निर्माण से होता है। परिनिष्ठित साहित्य के विभिन्न रूपों की तरह लोक साहित्य के भी विभिन्न रूप होते हैं। दूसरे शब्दों में साहित्य में, जिन्हें हम विधाएँ कहते हैं, उनकी स्थिति लोक-साहित्य में भी वर्त्तमान है। लोक कवि इसके लिए यद्यपि कृत्रिम रूप से सचेष्ट नहीं होता, तथापि लोक-साहित्य में प्राप्य विभिन्न 'विधाओं' के पार्थक्य का कुछ आधार अवश्य है और अन्तत उद्देश्य भी। मगही लोक-साहित्य में जो विभिन्न विधाएँ मिलती हैं, उनमें प्रमुख हैं—

(क) लोककथा

(ख) लोकगीत

(ग) लोककथा गीत

(घ) *लोक नाट्यगीत*

(ङ) लोकगाथा

(च) कहावतें

(छ) मुहावरें

(ज) पहेलियाँ।

लोककथा—मगही लोककथाओं का प्रारम्भ प्राय उस व्यक्ति की भूतकालीन स्थिति के सूचन से होता है, जिसके विषय में कथा चलती है। यथा—

(क) एगो राजा हला आ एगो डोम के बेटा हला। (अफला)

(ख) गंगा के किनारे गाँव में एगो पंडित जी रहते हलथिन। (बिसबास के महिमा)

(ग) एगो कानू हलन। (लडाकिन मेहराड़ बस में)

(घ) एगो हलन चूल्हो अउर एगो हलन सियारो। (जितिया के महातम)

कभी-कभी इन लोककथाओं का आरम्भ सहसा होता दीखता है और कभी कभी किसी विशेष या रूढ दृष्टिकोण के प्रकाशन से। यथा—

(क) कोई आदमी एगो देओता के तपस्या करके एगो अइसन संख पैलकई कि ओकरा से जो माँगऽ हलइ, उ मिलऽ हलइ। (ढपोरसंख)

(ख) बनिया सब सुभाव के कमजोर होवा हइ। जरी-जगी-सा बात में डेरा जा हइ। (डरपोक बनिया)

'मध्य' में मूल कथा होती है। इन कथाओं का विकास कभी तो स्वाभाविक घटना-क्रम से होता है और कभी दैवी घटना-क्रम से। प्रथम की प्रधानता सामाजिक तत्वों पर पल्लवित लोक-

कथाओं में मिलती है एव द्वितीय की उन लोककथाओ मे, जिनम किसी अद्भुत मार्ग का होना या दैवी शक्ति की महिमा का प्रतिपादन होता है।

इन लोककथाओं का 'अन्त' कभी तो कथा के अवसान के सूचन से होता है, कभी उसके अवसान एव उस पर चिन्तन करने की अपेक्षा के विज्ञापन से, कभी मगल कामना से और कभी प्रतिपाद्य के उपदेश से। यथा—

(क) सौदागर घर चल आयल। छोटकी पुतोहिया के बडी असीस देलक, जे अप्पन धरमो बचौलक आ ससुर के जान भी। (धरम के जय)

(ख) खिस्सा गेलन वन में, सोंचऽ अप्पन मन में। (धोखा के वदला)

(ग) जैसन ओकर दिन फिरल ओयसन सबके फिरे। (राजा भोलन)

(घ) सौ के सवाई भल, वकि कुजडा के दूना न भल। (सेठ आउ कुजड़ा)

लोकगीत—मगही लोकगीत प्राय छोटे होते हैं, पर आकार की सक्षिप्तता के साथ ही उनमें भाव की एकताननता होती है। मगही लोकगीतो मे मुक्तक काव्य के कई गुण वर्तमान मिलते हैं। यथा—मुक्तक काव्य 'तारतम्य' के बन्धन से मुक्त रहता है और उसका प्रत्येक पद अपने मे पूर्ण होता है, ऐसा ही मगही लोकगीतों में भी होता है। गेयपदो (मुक्तको) की तरह मगही गीतों में सगीत तत्त्व प्रधान रहता है।

मगही लोकगीतों का आरम्भ प्राय 'वर्ण्य' प्रसग के स्पष्ट या साकेतिक निदेश से होता है। यथा—

(क) आज सुहाग के रात, चदा तुहू उगिहऽ।

(ख) पारहिं ऊपर कसैलिया एक बोयली।

'मध्य' मे इन लोकगीतो का विकास या तो वर्ण्य भाव के पुनरावृत्तिमूलक विस्तार से होता है या कथात्मक वर्णना का आश्रय लेकर। देवगीतों का कथात्मक वर्णना से ही विकास होता दीखता है। इन गीतो का 'अन्त' प्राय प्रतिपाद्य आकाक्षा, धर्म, घटना या परिणाम के सूचन से होता है।

लोककथा गीत—जैसा कि इनके नाम से स्पष्ट है, ये गीत तो होते हैं, पर इनमें कथा की प्रधानता होती है। इनका 'प्रारम्भ प्राय उस घटना के किंचित् विस्तृत विवेचन से होता है, जो सम्पूर्ण कथा-भाग का बीज रूप होता है। 'मध्य' में इन कथाओं का विकास चलता रहता है। 'अन्त' प्राय किसी कारुणिक अभिव्यक्ति से होता है, जो उसकी होती है, जो कथा के परिणाम का भोक्ता होता है।

लोकनाट्य गीत—वस्तुत ये 'लोकगीत हैं। 'नाट्य' विशेषण पद के प्रयोग का मुख्य कारण इनका इतिवृत्तात्मक एव कथोपकथन मे निबद्ध होना ही है। दूसरे ये विभिन्न अवसरो पर अभिनीत किए जाते हैं, अत इस दृष्टि से भी इनका नाट्यगीत कहलाना अर्थ-सगति रखता है। लोकनाट्य गीत दो रूपो मे होते हैं। प्राय ये कथोपकथनो मे होते हैं। विभिन्न पात्रों का, जो

प्राय दो से अधिक नहीं होते, इनमें अभिनय किया जाता है। यथा—'बगुली', 'जाट जाटिन' आदि लोकनाट्यगीत देखे जा सकते हैं। कुछ नाट्यगीतों में कथोपकथनों का अभाव होता है। सम्बद्ध पात्रों की मूर्तियाँ बीच में रख ली जाती हैं। उनसे सम्बन्धित इतिवृत्त महिलाओं का दो पक्ष दोनों ओर से गाता है। उदाहरणार्थ 'सामा-चकवा' नामक लोकनाट्यगीत को देखा जा सकता है।

ये नाट्यगीत वस्तुतः बहुत छोटे होते हैं—प्रायः छः पंक्तियों से लेकर बत्तीस पंक्तियों के। संवादों की संख्या प्रायः पाँच से लेकर तेईस तक होती है। ये संख्याएँ घट-बढ़ भी सकती हैं। इन लोकनाट्य गीतों का आरम्भ प्रायः किसी ऐसी घटना के वर्णन या उपदेश दान से होता है, जो उनके इतिवृत्त पक्ष को विस्तार देता है। उदाहरणार्थ—बगुली लोकनाट्य गीत में बगुली के रूठ कर जाने का कारण पूछा जाता है, जिसके फलस्वरूप कथा का विकास होता है। "जाट जाटिन' लोकनाट्य गीत का प्रारम्भ उपदेश दान से होता है। मध्य में कथा का विकास मात्र होता है। अन्त प्रायः पुनरावृत्तिमूलक होता है और कथा-समाप्ति का संकेत देता है।

लोकगाथा—लोकगाथा को लोकसाहित्य के अन्तर्गत 'महाकाव्य' का सा गौरव प्राप्त है। शास्त्रीय महाकाव्य के सभी लक्षणों का अन्वेषण इन लोकगाथाओं में नहीं किया जा सकता है, क्योंकि ये 'लोककाव्य' के अन्तर्गत हैं। पर वे चारित्रिक विशेषताएँ, जो 'मुक्तक' (गीत) एवं प्रबन्ध को एक दूसरे से पृथक् करती हैं, यहाँ भी वर्तमान होती हैं। उदाहरणार्थ 'लोकगीतों में जीवन के आंशिक रूप की ही अभिव्यक्ति हुई दीखती है, जबकि 'लोकगाथाओं' में जीवन का व्यापक रूप चित्रित होता दीखता है। इनके कथानक में विस्तार वैविध्य, प्रवाह एवं गाम्भीर्य, ये चारों तत्व वर्तमान होते हैं, जो शिष्ट साहित्य में भी 'महाकाव्य' की प्रधान शर्तें हैं।

महाकाव्य के लक्षणों को दृष्टिपथ में रखते हुए विचार करने पर स्पष्ट होता है कि लोकगाथाएँ सर्गबद्ध नहीं होतीं। वे प्रवाह शैली में प्रस्तुत की गई होती हैं, अर्थात् एक विशिष्ट शैली में प्रारम्भ होकर उनकी कथा का प्रवाह अन्त तक चलता रहता है। इनका प्रधान 'नायक' होता है, जो धीरोदात्त, गुणान्वित एवं पराक्रमी होता है। इनका कथानक प्रायः प्रख्यात सज्जनाश्रित होता है। इनका प्रारम्भ प्रायः नमस्क्रिया से होता है। बीच बीच में यत्र तत्र खलों की निन्दा एवं सज्जनों की प्रशंसा भी मिल जाती है। इनमें 'वीर', 'शृंगार' अथवा 'शान्त' रस प्रधान भाव से स्थित होता है एवं हास्य रसादि गौणभाव से। संध्या, सूर्योदय आदि के वर्णन आकस्मिक रूप से आते दीखते हैं।

उदाहरणार्थ **"लोरकाइन"** नामक मगही लोकगाथा को देखा जा सकता है। यह प्रवाह-शैली में प्रस्तुत लोक-महाकाव्य है। इसका नायक लोरिक है। यद्यपि वह क्षत्रिय नायक नहीं है, तथापि महाकाव्य के नायक के अधिकांश गुण उसमें वर्तमान हैं। नायकत्व की दृष्टि से उसे **"धीरललित"** माना जा सकता है। वह बलिष्ठ शरीर, सौंदर्य, पराक्रम प्रत्युत्पन्नमतित्व आदि विभिन्न गुणों से मण्डित है। 'लोरिक' की कथा लोक जीवन में प्रख्यात है। उसका प्रारम्भ देव वन्दना से होता है। (यद्यपि प्रस्तुत संकलन में यह अंश हटा दिया गया है।) बीच में यत्र-तत्र भले-बुरे की प्रशंसा-निन्दा भी मिल जाती है। रसदृष्टि से यह 'वीर रस प्रधान है एवं 'शृंगार' 'हास्य' तथा 'शान्त' रस इसमें गौण भाव से स्थित हैं। संध्या, सूर्योदय आदि के सचेष्ट भाव से

किये गये वर्णनों का इसमें अभाव है। वे आकस्मिक रूप में कहीं आ जाएँ तो आ जाएँ। इनका नामकरण नायक के चरित्र को प्रधान मान कर हुआ है।

मगही कहावतों, मुहावरों एवं पहेलियों की विवेचना आगे मगही के 'प्रकीर्ण साहित्य' के अन्तर्गत प्रस्तुत की जायगी।

ऊपर संकलित शिल्प विधियों में प्राप्त मगही लोक-साहित्य की भाव राशि का अनुमान लगाना कठिन ही नहीं असंभव है। क्योंकि लोक साहित्य की भाव दिशाएँ शिष्ट साहित्य की तरह सीमित और उचित अनुचित के भेदाभेद में आबद्ध नहीं होतीं, सामान्यतया जीवन का प्रत्येक साधारण एवं महत्वपूर्ण क्षण उसमें मूर्त हो गया दीखता है। जीवन में सुख दुःख, राग विराग आदि के क्षण हमेशा परिलक्षित होते रहते हैं। इन क्षणों में सामान्यतः मानव की भावनाएँ पूर्णतः संवेदनशील हो जाती हैं और हर्ष या शोक से पूर्ण नमागत उद्‌गारों के रूप में फूट पड़ती हैं। सुख दुःख के इन क्षणों की न तो सीमा हो सकती है और न उनका वर्गीकरण ही किया जा सकता है। वे अनन्त हैं और उनके रूप भी अनन्त हैं। प्रकृति सुषमा को देखकर मानव-मन जहाँ विमुग्ध होता है वहाँ उसकी भयंकरता से संत्रस्त भी होता है। दैनंदिन जीवन की बहुत सारी घटनाएँ आनन्द, शोक, विस्मय और क्रोधादि का उद्रेक करने वाली होती हैं। फिर सामाजिक परिवेश में भी कई घटनाएँ ऐसी आती हैं जो मानव मन को तरंगित और उसकी वृत्तियों को गतिशील करती हैं। ऐतिहासिक घटनाओं एवं राजनीतिक परिवर्तनों के विषय में भी यही बात कही जा सकती है। लोक-साहित्य की ये विशेषताएँ मगही लोक साहित्य में भी पूर्णतः वर्तमान हैं और उसमें अभिव्यंजित व्यापक जीवनानुभव के रूप में परिलक्षित होती हैं। सामान्यतया मानव जीवन का कोई भी पक्ष ऐसा नहीं है जो मगही लोक साहित्य में चित्रित होने से शेष रहा हो। यह अवश्य है कि इस चित्रण में हृदय की संवेदनाओं का ही एकछत्र साम्राज्य है और निर्गुण पदों को छोड़ प्रायः मस्तिष्क के चिन्तन से उद्‌भूत होने वाले चमत्कारिक तत्वों का वहाँ अभाव है।

मगही लोककथाओं में जो जीवनानुभव व्यक्त हुए हैं उनका सम्बन्ध मुख्यतः तीन से है—

१ उन स्थितियों के चित्रण से जो जीवन में किसी वस्तु या घटना के धार्मिक महत्त्व का प्रतिपादन करते हैं,

२ उन स्थितियों के चित्रण में जो जीवन के नैतिक प्रश्न के उत्कर्ष पर प्रकाश डालते हैं एवं

३ उन स्थितियों के चित्रण से जो जीवन के मनोरंजन पक्ष से सम्बन्धित हैं। इन तीनों के उदाहरण स्वरूप 'तिनिया के मनतम', 'राजा के जग' एवं 'डपोर शंख' शीर्षक लोककथाओं का अवलोकन किया जा सकता है।

मगही लोकगीतों में अभिव्यक्त जीवन का पाट बहुत चौड़ा है। इनमें जहाँ लोक-जीवन का सामान्य सामाजिक धरातल वर्तमान है वहाँ उनके विशिष्ट सम्बन्धों के सूक्ष्मातिसूक्ष्म विश्लेषण भी उपलब्ध हैं, जहाँ मगही जन जीवन के अंध विश्वासों एवं रूढ़ियों की अभिव्यक्ति मिली है, वहीं उसकी धार्मिक अवस्थाओं का भी चित्रण हुआ है।

मगही लोककथागीतों एवं लोकगाथाओं में मगह के सामन्ती जीवन के कटु-मधुर अनुभव सुरक्षित हैं। जीवन का व्यापक अनुभव इसकी कहावतों एवं मुहावरों में भी सुरक्षित है। लोकनाट्यगीतों एवं बुझौवलों का मुख्य सम्बन्ध मगह जीवन के मनोरंजन प्रसंग से ही है, वैसे लोकनाट्यगीतों में पारिवारिक जीवनानुभव की समृद्ध थाती सुरक्षित है।

मगही लोक-साहित्य का वर्गीकरण

श्रुति परम्परा से प्राप्त सम्पूर्ण मगही लोक साहित्य सामग्री के वैविध्य को दृष्टिपथ में रखते हुए इसका निम्नांकित प्रकारेण वर्गीकरण प्रस्तुत किया जा सकता है—

लोकगीत—लोकगीत लोककण्ठ से किस दिन किस क्षण फूटा यह बतलाना कठिन ही नहीं, आज असम्भवप्राय है। कहा जा सकता है कि जब से पृथ्वी पर मानव बसने लगा, तभी से उसके मुख से गीतों के बोल भी फूटने लगे। ये गीत उसके हर्ष विषाद जीवन-मरण आदि के साथ अभिन्न रूप से सुरक्षित होते रहे हैं। यह अवश्य है कि युग परिवर्तन के साथ आदिमानव के गीतों की बाह्य काया में भी परिवर्तन होती रही है पर उसके मूल भावों की व्यंजना में कोई अन्तर नहीं पड़ा है। नैसर्गिक भावावेश के क्षणों में फूटनेवाले इन लोकगीतों की धारा विविध भाषाओं में प्राप्त परम्पराओं के रूप में अद्यावधि प्रवाहित होती चली आ रही है। इसकी गति अविच्छिन्न है। यह अनन्त काल तक प्रवाहित होती रहेगी।

लोक गीतों की भारतीय परम्परा

हमारा प्राचीनतम लिखित साहित्य वेद है। उनके पारायण से ज्ञात होता है कि विविध संस्कारों के अवसर पर लोकगान होता था। ये लोकगान 'गाथाओं' के नाम से प्रसिद्ध थे।[2] **पालि जातकों** में कहानियों के बीच बीच में गाथाओं के व्यवहार मिलते हैं, जैसे कि आधुनिक भारतीय भाषाओं की अनेक लोककथाओं में आज भी देखा जा सकता है। जातक-गाथाओं के अध्ययन से प्रतीत होता है कि ये लोकगीतों के पूर्वरूप हैं। परवर्ती **महाकाव्य** तथा **पौराणिक** युग में भी हमें लोकगानों की विद्यमानता के प्रमाण मिलते हैं। आदिकवि वाल्मीकि ने अपनी "रामायण"

---

१ प्रस्तुत ग्रन्थ में इन्हीं वर्गों के अन्तर्गत मगही लोक साहित्य के कतिपय आदर्श नमूने प्रस्तुत किये गये हैं।

२. 'ब्राह्मण' और 'आरण्यक' ग्रन्थों में 'गाथाओं' का उल्लेख अनेक बार हुआ है।

में भगवान् राम के जन्म के अवसर पर गन्धर्वों के मधुर गान एवं नाचने-गानेवाले तथा बजाने वाले सूत, मागध एवं वन्दीजनों का उल्लेख किया है।[1] भागवतकार व्यासदेव ने भी श्री मद्भागवत में श्रीकृष्ण जन्म के अवसर पर रमणियों द्वारा सम्मिलित गान गाये जाने का वर्णन किया है।[2] बड़े होने पर भी श्रीकृष्ण व्रज की रमणियों के बीच स्वयं लोकगान गाते सुनते पाये जाते हैं।[3] इससे अनुमान होता है कि उस समय भी शुभ संस्कार एवं आनन्द विलास के अवसर पर लोकगीतों के गायन की प्रथा वर्तमान थी।

महाकवि कालिदास ने अपने 'रघुवंश' महाकाव्य में ग्रामीण स्त्रियों द्वारा महाराज रघु के यश गाये जाने का वर्णन किया है —

इक्षुच्छायानिषादिन्यस्तस्य गोप्तुर्गुणोदयम्।
आकुमारकथोद्‌घातं शालिगोप्यो जगुर्यशः ॥[4]

अर्थात् "ईख की छाया में बैठी हुई धान की रखवाली करनेवाली किसानों की पत्नियों ने सबकी रक्षा करने वाले उन रघु महाराज की शूरता, उदारता आदि गुणों से प्रकट हुए यश का जिसकी चर्चा किशोर और बालक तक करते थे, गान किया।

परवर्ती महाकवियों में 'किरातार्जुनीयम्' महाकाव्य के प्रणेता भारवि (६०० ई०)[5] एवं शिशुपालवधम् महाकाव्य के प्रणेता माघ (५५०-७०० ई०)[6] ने अपने महाकाव्यों में ऐसे वर्णन प्रस्तुत किये हैं—'धान के खेतों की रखवाली करती ग्रामीण वधुएँ इतनी मनोहर स्वर में गीत गाती थीं कि उन्हें (धान के पौधों को) खाने के लिए आये मृग-दल स्वर संगीत से विभोर होकर खाने की सुध बुध भूल जाते थे और यों ही खड़े रह जाते थे।"

प्राकृत युग में लोकगीतों की बड़ी उन्नति हुई। इसके प्रमाण राजा हाल या शालिवाहन के संग्रह "गाथासप्तशती" में मिलते हैं। इस संग्रह की अनेक गाथाएँ गीतिकाव्य के उत्कृष्ट नमूना के रूप में देखी जा सकती हैं[7]। अनेक स्थलों पर ऐसे प्रमाण मिलते हैं, जिसमें स्त्रियाँ

---

१ वाल्मीकिरामायण बालकाण्ड, श्लोक सं० १६-१७-१८।

२ भागवत दशम स्कन्ध।

३ भागवत दशम स्कन्ध।

४ रघुवंश सर्ग ४ श्लोक २०।

५ संस्कृत साहित्य की रूपरेखा पृ० ६२।

६ संस्कृत साहित्य की रूपरेखा पृ० ७२।

७ गेहिन्या महानसकर्ममसीमलिनितेन हस्तेन।
स्पृष्टं मुखमुपहसति चन्द्रावस्था गतं दयितः ॥

अर्थात् रसोई बनाते समय कालिख लगे हाथ से छूने के कारण कालिमा लगे गृहिणी के मुख को देख कर उसका स्वामी उसकी हँसी उड़ा रहा है—अहा ! अब तो चाँद में और तुममें कोई अन्तर ही न रहा !

अपनी थकान को हल्का करने के लिए श्रमगीत गाती हुई दीख पड़ती हैं। बारहवीं शताब्दी में प्रसिद्ध कवयित्री विज्जका ने धान कूटनेवाली महिलाओं का बड़ा ही मनहारी वर्णन प्रस्तुत किया है।[१] महाकवि श्री हर्ष ने स्त्रियों द्वारा जाता के साथ गाये जाने वाले गीतों का उल्लेख किया है।[२] अपभ्रंश काल भी लोकगीतों की परम्परा से समृद्ध है। उस समय के अनेक काव्य-ग्रन्थों में नाना प्रकार की गाथाओं का उद्धरण उपलब्ध होता है।

"भविसयत्तकहा" में ऐसी अनेक गाथाएँ उपलब्ध होती हैं। स्त्रियों द्वारा अनेक मंगलमय अवसरों पर गीत गाये जाने का उल्लेख कई मध्ययुगीन काव्य-ग्रन्थों में भी मिलता है। यथा—महाकवि तुलसीदास ने स्त्रियों द्वारा मनोहर स्वर में गीत गाये जाने का उल्लेख किया है।[३] श्री रामचन्द्र जी के विवाह के अवसर पर स्त्रियों द्वारा गाली गाये जाने का भी उन्होंने उल्लेख किया है।[४]

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि लोकगीतों की भारतीय परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और वह कभी विच्छिन्न नहीं हुई है। उसका नमार्गल प्रवाह आज भी उसी सरलता के साथ जारी

---

१ विलासमसृणोल्लसन्मुसललोलदोः कन्दली ।
परस्परपरिस्खलद्वलयनिः स्वनोद्‌बन्धुरा ॥
लसन्ति कलहुङ्कृति प्रसभकम्पितोरः स्थल-
त्रुटद्गमकसङ्कुलाः कलमकण्डनीगीतयः ।

अर्थात् धान कूटने वालियों का गाना बड़ा ही मनोहारी प्रतीत होता है। वे बड़ी सुन्दरता के साथ हाथ में मूसल लिए हुई हैं। मूसल के उठाने तथा गिराने के कारण चूड़ियाँ खनक रहीं हैं। उन चूड़ियों की खनक के साथ मिलकर वह गान और सुन्दर हो गया है। जब वे मूसल गिराती हैं, तब उस समय उनके मुख से हुंकारी निकल पड़ती है और वक्षस्थल कम्पित हो जाते हैं। वही गान की सुरभि बन कर छा रहा है।

२ श्री हर्ष नैषधीयचरित सर्ग २, श्लो० ८५।

३ चलीं संग लइ सखी सयानी।
गावत गीत मनोहर बानी॥

४. नारिवृन्द सुर जेंवत जानी।
लगीं देन गारी मृदु बानी॥

है।[1] "मगही लोकगीत" भी इसी समृद्ध परम्परा की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में प्रवहमान हैं।

मगही लोकगीतों का वर्गीकरण

अन्य भाषाओं की भाँति मगही लोकगीतों में भी विषय दृष्टि से एक वैविध्य व्यापक स्तर पर दीख पड़ता है। इसे दृष्टिपथ में रखते हुए डॉ० विश्वनाथ प्रसाद ने मगही लोकगीतों का निम्नांकित वर्गीकरण प्रस्तुत किया है[2]

१. संस्कार गीत—सोहर, मुंडन, जनेऊ, विवाह आदि।
२. गाथा गीत—राजा भरथरी, टोलन आदि।
३. ऋतु गीत—फगुआ या होली, चैता आदि।
४. व्यवसाय गीत—रोपनी-सोहनी के गीत, जँतसार, धोबियों के गीत आदि।
५. त्योहार या पर्वगीत—तीज, जितिया आदि।
६. भजन या स्तुतिगीत—प्रभाती, शीतला माता, निर्गुण आदि के गीत।
७. लीला गीत—झूमर, टोमरच आदि।
८. वर्गीय गीत—बिरहा, पँवड़िया के गीत आदि।
९. जोग टोना और मान के गीत—जैसे : सपविषआ के विष झाड़ने के गीत, भूत-प्रेत झाड़ने के गीत।
१०. विशिष्ट गीत—पिड़िया के गीत, पानी माँगने के गीत आदि।
११. लोरियाँ—बच्चों को सुलाने मनाने के गीत।
१२. बालक्रीड़ा गीत—बालमनोरंजन सम्बन्धी गीत।
१३. तीर्थ गीत—जगन्नाथपुरी, गंगा जी आदि के गीत।
१४. सामयिक गीत—रेलगाड़ी, नए आभूषण-फैशन सम्बन्धी, खादी, गांधी जी, स्वराज आदि सम्बन्धी गीत

---

१. लोकगीतों की इस प्रवहमान भारतीय परम्परा पर टिप्पणी करते हुए लोक-साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान प० रामनरेश त्रिपाठी ने कहा है—"वाल्मीकि, भागवतकार, वाजिक और तुलसीदास, इनमें से किसी ने यह नहीं बतलाया कि वे गीत कौन-से थे। अवश्य ही वे वही ग्रामीण गीत रहे होंगे, जो आज भी हैं। समय के अनुसार उन्होंने भाषा का जामा बदल लिया है। जैसे—हिन्दू लोग पहले पीताम्बर ओढ़ते थे, मुसलमानी राज में कुरता पहनने लगे और अब अंग्रेजी राज्य में कोट पहनते हैं। पर कपड़ों के अन्दर शरीर है हिन्दू का ही। इसी प्रकार गीतों का सिलसिला प्राचीनकाल से एक सा चला आ रहा है। भाव पुराने हैं, भाषा नयी है।—कविता कौमुदी — भाग-५।

२. "मगही संस्कार गीत"—निवेदन (पृ० ख)

मगही लोकगीतों का उपर्युक्त वर्गीकरण अपनी जगह सही और उपयोगी है। पर उसमें फैलाव अधिक आ गया है। उसके आलोक में ही इनका वर्गीकरण अधिक वैज्ञानिक रूप में या प्रस्तुत किया जा सकता है। वर्गीकरण का आधार उनके उद्देश्य विशेष का दृष्टिगोचर होने वाला प्रामुख्य है।

मगही लोकगीत

संस्कारगीत	क्रियागीत	ऋतुगीत	देवगीत	बालगीत	विविधगीत
सोहर, मुंडन, जनेऊ विवाह आदि	जँतसार रोपनी आदि	होली चैती आदि	पौराणिक देवता सम्बंधी, ग्राम देवता सम्बन्धी	लोरी, खेलगीत, चमचढ़ा आदि	झूमर, बिरहा, अलचारी, गोदना, निर्गुण, सामयिक आदि

मगही लोकगीतों के वर्ण्य

संस्कार गीत—मगही लोकगीतों के वर्ण्य विषय का हल्का संकेत उनके उपर्युक्त वर्गीकरण से ही मिल जाता है। मगही संस्कार गीतों की पृष्ठभूमि जहाँ पारम्परिक शास्त्रीय रूढ़ि विधानों से सम्पृक्त है, वहाँ लोक मंगल की भावना ने भी उनको व्यापकता प्रदान की है। 'संस्कारों' का भारतीय चिन्ताधारा में महत्वपूर्ण स्थान है। वे जीवन के विभिन्न अवसरों को महत्व एवं पवित्रता प्रदान करते हैं। वे इस बात पर जोर देते हैं कि जीवन के विकास का प्रत्येक चरण केवल शारीरिक क्रिया नहीं है। उसका सम्बन्ध मनुष्य की बुद्धि, भावना और उसकी आत्मिक अभिव्यक्ति से है। वे अनुपेक्षणीय हैं। यदि व्यक्ति इनके प्रति उदासीनता या अवज्ञा प्रदर्शित करने लगता है, तो फिर ये संस्कार उसकी तन्द्रा और अवज्ञा का निराकरण करते हैं एवं जीवन के विकास के क्रमों के महत्त्व का स्पष्टीकरण सामूहिक तथा सामाजिक स्तर पर करते हैं। संस्कारों के अभाव में जीवन की घटनाएं शरीर की दैनिक आवश्यकताओं और आर्थिक व्यापारों के समान अनाकर्षक, चमत्कारहीन और जीवन के भावुक संगीत से रहित हो जाती हैं। संस्कारों की एक विशेषता यह है कि उनके साथ मूल्य गर्भित विश्वास और विचार लगे रहते हैं। इन्हीं के लिए मनुष्य जीना चाहता है। इन संस्कारों से सम्बद्ध लोकगीतों में समाज और व्यक्ति की आशाओं आकांक्षाओं, जीवन की समस्त विचारधाराओं एवं गतिविधियों की अभिव्यक्ति को पूर्ण अवकाश प्राप्त होता है।

'सोहर'[1] में शिशु-जन्म से सम्बद्ध गीत गाये जाते हैं। ये गीत आनन्द-उछाह की भावनाओं से परिपूर्ण होते हैं। इसका एक कारण यह है कि सृष्टि में मानव के अमर होने और व्यापकता प्राप्त करने की बलवती कामना सन्तान की परम्परा द्वारा ही फलवती होती है। मगही सोहरों के वर्ण्य विषयों का क्षेत्र अति व्यापक है। पति-पत्नी के प्रेम-मिलन, गर्भ की स्थापना, गर्भिणी की विविध स्थितियों, शिशु जन्म एवं तत्सम्बन्धी उत्सव, प्रसूति के नैहर एवं ससुराल के आनन्द व्यवहार के सुन्दर विश्लेषण आदि इन सोहर गीतों में उपलब्ध होते हैं।

संस्कारगीतों में कुछ तो ऐसे होते हैं, जिनका आनुष्ठानिक महत्व होता है, और अनुष्ठान विशेष के साथ उनका गाया जाना अनिवार्य होता है। पर अनेक ऐसे होते हैं, जो अवसर विशेष पर सामान्य रूप से गाये जाते हैं। जहाँ तक मगही सोहर गीतों का प्रश्न है, इनका विशेष आनुष्ठानिक महत्व नहीं है। अधिकांश सोहर जन्म के प्रसंग में किसी भी अवसर पर गाये जाते हैं। कुछ ही सोहर ऐसे निकलेंगे, जिनका संबंध किसी विशेष

१ 'सोहर' शब्द की व्युत्पत्ति के मूल में संस्कृत का "शुभ" धातु माना जाता है, जिससे शोभन, शोभा आदि तत्सम शब्द बने हैं। हिन्दी में "सोहना", "सुहावना", भोजपुरी में "सोहल", मगही में "सुहाना", व्रज में "सोभर" आदि इसके तद्भव रूप हैं। इनका व्यवहार "अच्छा लगने एवं 'सुहावना लगने" के अर्थ में किया जाता है। "सोहर" जन्मोत्सव के अवसर पर गाये जाने वाले गीत हैं। अतः "सोहर" को बहुत शुभ एवं सुहावना मानना उचित ही है। उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों में "सोहर" के अन्य पर्याय भी प्रचलित हैं। यथा सोभर, सोहला, सोहिलो, सोभिलो, सोहिले आदि। संस्कृत के "शोकहर" शब्द से भी 'सोहर" की व्युत्पत्ति मानी जा सकती है। यथा—शोकहर सोअहर-सोहर। सन्तानाभाव के शोक को हरण करने वाले उक्त समय प्रसंग से ही इसका सम्बन्ध है। इसीलिए "सोहर" का एक पर्याय "मंगल" गीत भी है। यथा—मगही गीत की निम्नांकित पंक्ति में 'मंगल" का व्यवहार "सोहर" के लिए हुआ है—

आजु ललना के बधइया,
गावहूँ सखि मंगल हे।

'रामचरित मानस' में रामचन्द्र के जन्म के अवसर पर 'मंगल गीत' गाये जाने का उल्लेख महाकवि तुलसीदास ने किया है।—

गावहि मंगल मंजुल बानी,
सुनि कलरव कलकंठ लजानी।

यहाँ "मंगल" शब्द का व्यवहार "सोहर" के अर्थ में ही हुआ है"

मगध में पुत्र-जन्म के अवसर पर "नृत्य" के साथ "सोहर' गाये जाने की भी प्रथा है। "नृत्य-संयुक्त सोहर-गान" में भाग लेने वाले व्यवसायी कलाकार होते हैं। यथा—

(१) पँवरिया (२) बक्खो बखाइन और (३) खेलनी।

इनके "सोहर गीतों" में प्रायः भगवान रामचन्द्र के जन्म का उल्लेख रहता है यथा—

"सिरी रामचन्दर जलम लेलन चैत रमनवमी।"

यह पंक्ति 'टेक' के रूप में उनके गीत में प्रयुक्त होती है।

'अवसर' 'विधि' या 'अनुष्ठान' से है। यथा—प्रसववेदना, नारछटाई, सूती के स्नान, छठी, ओख अँजाई आदि विधियों से सम्बद्ध गीत। पर इन्हें भी अनिवार्य रूप से उसी अवसर विधिया अनुष्ठान के समय नहीं गाया जाता। सोहर गीत तो मंगलगान के रूप में जन्मोत्सव संबंधी सभी अवसरों, विधियों एवं अनुष्ठानों के समय सामान्य रूप से गाये जाते हैं।

"चूडाकरण संस्कार" हिन्दू समाज के सोलह संस्कारों में एक है। लोक जीवन में यही संस्कार 'मुण्डन' के नाम से प्रसिद्ध है। इस अवसर पर बालक के सिर के बाल प्रथम बार छीले जाते हैं। मुण्डन के समय मुण्डन सम्बन्धी गीत गाये जाते हैं। एक ओर पुरोहित निर्दिष्ट शास्त्रीय विधान मन्त्रोच्चार के साथ चलाते हैं, दूसरी ओर मुण्डन गीत चलते हैं। इन गीतों के वर्ण्य विषय मुंडन-सम्बन्धी विधि विधानों से भरे होते हैं। कहीं बालक मुंडन की कामना व्यक्त करते पाये जाते हैं, कहीं माता-पिता की ओर से यह कामना व्यक्त की जाती है। कहीं मुंडन के विधान को सम्पन्न करने के लिए माता-पिता विविध "पॅवनियों,' (ब्राह्मण, नाऊ, माली, कुम्हार बढ़ई, धोबी आदि) का आह्वान करते पाये जाते हैं, कहीं बदले में ये सभी नेग लेने के लिए आतुर दिखाई पड़ते हैं; कहीं परिजन "मुंडन' की निर्विघ्न समाप्ति के लिए देव-स्तुति करते दिखाई पड़ते हैं, कहीं ननदभावज के बीच "नेग" के प्रसंग पर मीठी चुटकियाँ चलती पायी जाती हैं और कहीं मुण्डन के मंगलमय होने के लिए टोने-टोटके के भावों की भली व्यंजनाएँ की जाती हैं।

शिशुजन्म के बाद तीसरा महत्त्वपूर्ण संस्कार "यज्ञोपवीत" (जनेऊ) का है। हिन्दू समाज में उपनयन संस्कार के अवसर पर शास्त्रीय विधि के अनुसार बालक को 'यज्ञोपवीत' धारण कराया जाता था। इस संस्कार के साथ एक आस्था जुड़ी होती थी कि जन्म से मनुष्य शूद्र होता है और यज्ञोपवीत संस्कार के बाद ही वह 'द्विज' बनता है[१]। फिर इस संस्कार के बाद ही बालक गुरु के पास विद्याध्ययन के लिए भेजा जाता था।[२] यह आस्था और परम्परा अद्यावधि चल रही है।

'वाल्मीकि रामायणम्' में भी राम के जन्म के अवसर पर गंधर्वों के गाने एवं अप्सराओं के नाचने का उल्लेख हुआ है। यथा—

जगु कलच गन्धर्वा ननृतुश्चाप्सरसो गणा।
देवदुन्दुभयो नेदु पुष्पवृष्टिश्च खात्पतत्॥
(वा० रा० बालकाण्ड—१८ १८)

मगध में पुत्र-जन्म के अवसर पर नृत्य संयुक्त-सोहर गान के आयोजन की प्रथा प्राचीन काल का ही अवशेष है। यह प्रथा अब क्रमश उठ रही है। इससे हमारा समाज इस प्रसंग में उपर्युक्त व्यवसायी जातियों द्वारा प्रदान किये जाने वाले लोक साहित्य के महत्त्वपूर्ण दाय से क्रमश वंचित हो रहा है।

१ जन्मना जायते शूद्र संस्कारात् द्विज उच्यते।

२ उपनीयते गुरुसमीपं प्राप्यते अनेनेति उपनयनम्।

मगध क्षेत्र में यज्ञोपवीत सस्कार या जनेऊ म शास्त्रीय विधि को बहुत प्रधानता दी जाती है। जनेऊ गीतों में इन विविध विधि विधानो का विस्तृत वर्णन उपलब्ध होता है। इनमें कहीं बालक जनेऊ धारण करने की इच्छा व्यक्त करता हुआ पाया जाता है और कहा माता पिता आदि उचित समय पर जनेऊ देने का आश्वासन देते देखे जाते हैं, कहा जनेऊ के लिए मण्डपाच्छादन के दृश्य और कार्यक्रमो का वर्णन होता है, कहा विविध "पँवनिएँ" जनेऊ के विधान मे भाग लेने के लिए आमन्त्रित होते देखे जाते हैं, कहा बालक ब्रह्मचारी वेश म सुसज्जित होता हुआ दिखाया जाता है कही भिक्षाटन करता हुआ विद्यार्जन के लिए काशी काश्मीर के यात्रा-पथ पर अग्रसर होता हुआ दिखाया जाता है। प्राय इन गीतों म विविध विधि विधाना के प्रति परिजनों की क्रियाओ एव प्रतिक्रियाओ का यथार्थ चित्र उपलब्ध होता है। इनम अधिकाश स्थलो पर बालक विशेष के स्थान पर *श्रीराम श्रीकृष्ण आदि पौराणिक व्यक्तियों के जनेऊ सस्कार का उल्लेख* किया जाता है। वस्तुत इनके नाम भर लिए जाते हैं अभिप्राय बालक विशेष से ही होता है। दूसरे शब्दों में 'विशेष का नाम लेकर सामान्य का ही बोध कराया जाता है। बहुत सभव है कि इन सास्कृतिक नामो को सबद्ध करने के मूल म यज्ञोपवीत कराये जा रहे बालक के प्रति मगल-कामना अन्तर्निहित हो।

जन्मोपरान्त परिलक्षित होने वाले इन सस्कारो के पश्चात् **"विवाह सस्कार"** सर्वाधिक प्रधान एव महत्त्वपूर्ण है। यह सस्कार ससार की सभ्य एव असभ्य सभी जातियों में बडे उत्साह के साथ सम्पन्न किया जाता है। जन्म मुडन जनेऊ आदि की ही भाति 'विवाह-सस्कार" मे भी दोनो *प्रणालियाँ चलती हैं*—(१) **वैदिक एव शास्त्रोक्त प्रणाली**। इसका सम्पादन पुरोहित कराते हैं। एव (२) **लौकिक प्रणाली**। इसके सम्पादन में प्रधान हिस्सा महिलाओ का रहता है। इसमे पुरुष लोग भी भाग लेते हैं यद्यपि स्त्रियो से उनका लौकिक आचार कम होता है। सख्या की दृष्टि मे लौकिक आचार वैदिक आचारो से बहुत अधिक हैं। वस्तुत वैदिक आचारो को धुरी माना जा सकता है, उस धुरी के चारो ओर लोकाचारो का सश्लिष्ट ताना बाना निर्मित होता है। प्रत्येक लोकाचार के साथ उससे सम्बद्ध गीत गाये जाते हैं। इन गीतो का आनुष्ठानिक महत्त्व होता है। पर इनके अतिरिक्त ऐसे गीतो की सख्या भी अनन्त है जिनमें किसी देवता के जीवन वर्णन द्वारा लोक जीवन का प्रतिनिधित्व हुआ है अथवा वर वधू के प्रणय सम्बन्धो एव अन्य *प्रसगो का सामान्य रूप में उल्लेख हुआ है। आनुष्ठानिक महत्व वाले गीत तो अनुष्ठान विशेष* के साथ अवश्य गाये जाते हैं पर सामान्य विवाह गीत विवाह म सभी अवसरो पर सामान्य रूप से गाये जाते हैं।

विवाह-गीतों को निम्नाकित वर्गो मे रखा जा सकता है—

(१) अनुष्ठान सबधी गीत,

(२) सामान्य गीत,

(३) सामान्य जीवन की झाकी देनवाले देवगीत

(४) देवगीत,

(५) विसर्जन।

(१) अनुष्ठान सम्बन्धी गीत—कहा जा चुका है कि अनुष्ठान सम्बन्धी गीतों का उतना ही महत्त्व होता है, जितना किसी शास्त्रीय विधि के साथ उच्चरित होने वाले मन्त्रों का। कारण, विविध अनुष्ठानों के अवसर पर उनसे सम्बद्ध गीतों का गाया जाना अनिवार्य होता है। इन अनुष्ठान गीतों में कहीं तो अनुष्ठान विशेष में किए जाने वाले कृत्यों एवं विधियों के साथ सामान्य पारिवारिक जीवन की झाँकियाँ मिलती हैं और कहीं अनुष्ठान विशेष का उल्लेख मात्र होता है। अनेक अनुष्ठान गीत टोने-टोटके के रूप में गाये जाते हैं और उनमें तत्सम्बन्धी वर्णन मिलते हैं। यथा—स्नान गीत, जोग के गीत आदि। बहुत से ऐसे अनुष्ठान गीत भी मिलते हैं, जिनमें कहीं अनुष्ठान विशेष की क्रियाओं का उल्लेख नहीं मिलता पर उनमें उत्कृष्ट मानवीय भावनाओं का निरूपण मिलता है। कुछ अनुष्ठान गीत ऐसे होते हैं, जो वर और कन्या के घर समान रूप से गाये जाते हैं, पर कुछ ऐसे होते हैं जो केवल वर के घर में अथवा कन्या के घर में गाये जाते हैं। इसका कारण यह है कि अनेक विधि विधान वर और कन्या के घर में सामान्य रूप होते हैं। परन्तु कई विधान ऐसे हैं, जो केवल वर के घर सम्पन्न होते हैं और कई केवल कन्या के घर सम्पन्न होते हैं। तदनुकूल ही दोनों के घर में गाये जाने वाले गीतों में अन्तर होता है।

२ सामान्य गीत—अनेक विवाह गीत ऐसे हैं, जो सामान्य रूप से विवाह के सभी अवसरों पर गाये जाते हैं। इनमें गार्हस्थ्य जीवन के बहुरंगे मनोरंजक चित्र प्रस्तुत किये जाते हैं। इनमें भावों के वैविध्य के साथ ही विभिन्न शैलियों की कोमल संयोजना भी दिखाई पड़ती है। सामान्य गीतों की भी तीन श्रेणियाँ मिलती हैं—(१) वे, जो वर और कन्या के घर में सामान्य रूप से गाये जाते हैं। इनमें दम्पति के मिलन की पृष्ठभूमि, नवमिलन, हास-परिहास, आनन्द-विनोद आदि से सम्बंधित भावनाओं के वर्णन को प्रमुख स्थान दिया जाता है। (२) वे, जो केवल वर के घर में गाये जाते हैं। इनमें करुण भावों की छाया नहीं दिखाई पड़ती। सर्वत्र संयोग-शृंगार, हास-परिहास, आनन्द उत्साह आदि के प्रसंगों की सुन्दरतम अभिव्यक्ति मिलती है। (३) वे, जो केवल कन्या के घर में गाये जाते हैं। इनमें मूल रूप से करुण भावधारा प्रवाहित रहती है। माता-पिता के लिए वर के चुनाव की समस्या, चुनाव होने पर दहेज की समस्या और फिर अन्ततः कन्या के विछोह की वेदना आदि के वर्णन से सारे गीत तरलित रहते हैं।

३. सामान्य जीवन की झाँकी देने वाले देवगीत—इस वर्ग के अन्तर्गत आने वाले गीतों में दैविक एवं लौकिक दोनों भावनाओं की व्यंजना मिलती है। इनमें एक ओर जहाँ किसी पौराणिक आख्यान एवं देवी-देवता के नामों का उल्लेख रहता है, वहाँ दूसरी ओर सामान्य मानवीय भावनाओं, विधि-विधानों, प्रथाओं-अनुष्ठानों आदि का उल्लेख रहता है। देवताओं के जीवन वर्णन द्वारा सामान्य लोक-जीवन की अभिव्यक्ति ही इन गीतों का प्रमुख उद्देश्य होता है।

(४) देवगीत—विवाह के अवसर पर अनेक ऐसे गीत गाये जाते हैं, जिनका उद्देश्य विविध देवताओं की स्तुति होता है। इन गीतों की भी दो श्रेणियाँ हैं—(१) प्रतिबन्धक अनुष्ठान गीत। इनमें उन प्राकृतिक शक्तियों एवं मानवी दुष्टताओं को प्रसन्न करने के लिए आमन्त्रित किया जाता है, जिनसे किसी न किसी रूप में अनुष्ठान में बाधा पहुँचने का भय रहता है। यथा-आँधी, पानी, बतास, चोटी, मक्खी, लड़ाई, झगड़ा आदि। (२) स्तुति गीत—इनमें विवाह आदि शुभ

संस्कारों की सफलता के लिए विविध देवताओं को आमन्त्रित किया जाता है । इस आह्वान का उद्देश्य यही है कि वे रक्षक बन कर मंगलित कार्यों का निर्विघ्न समाप्त होने दें । यथा—शिव, हनुमान, जगन्नाथ, सन्ध्या आदि ।

(५) विसर्जन गीत—वैवाहिक अनुष्ठानों के अन्त में विसर्जन गीत गाये जाते हैं। इन गीतों में वर वधू के लिए आशीर्वाद एवं मंगलकामनाएँ व्यंजित होती हैं । साथ ही इनमें देवताओं के प्रति धन्यवाद तथा गुरुजनों के प्रति बधाई की भावना अभिव्यक्त होती है ।

संस्कार गीतों में विवाह गीत के पश्चात् 'मृत्यु गीत' भी उल्लेख्य हैं । हिन्दुओं के षोडश संस्कारों में यह भी एक है । मृत्यु संस्कार में शास्त्रीय एवं लौकिक दोनों अनुष्ठान होते हैं, पर गीतों में इनका वर्णन नहीं होता । कारण, संभवतः यह है कि इनमें 'शोक' का भाव इतना गहरा होता है कि गीत प्रस्फुटित ही नहीं हो पाता । पर मृत्यु के अवसर पर गाये जाने वाले कुछ निर्गुण गीत अछूत वर्ण के लोगों में प्रचलित हैं । इन गीतों में आत्मा-परमात्मा का मिलन, प्रिया प्रियतम के संबंध के लौकिक दृष्टान्तों द्वारा कराया गया है । इनमें संसार से विदाई का दृश्य अत्यन्त कारुणिक रूप में प्रस्तुत हुआ है । कहीं जाने वाली आत्मा का विषाद नहीं दर्शाया गया है । प्रायः प्रियतम-मिलन के लिए ससुराल रूपी बैकुंठ जाती आत्मा उत्कंठित और प्रसन्न दीख पड़ती है । सद्‌गुरु सच्ची राह दिखाते हुए पाये जाते हैं । प्रायः सभी गीतों में कबीरदास या अन्य सन्त कवि का उल्लेख सद्‌गुरु के रूप में होता है ।

क्रियागीत—मगही लोकगीतों का दूसरा प्रमुख वर्ग "क्रिया गीत" (Action song) का है । क्रिया गीत वे हैं जिन्हें किसी 'क्रिया' के साथ गाया जाता है । इन गीतों के उद्देश्य दो हैं—

(१) क्रिया करते समय शरीर में थकान का अनुभव न होने देना तथा

(२) क्रिया के साथ मनोरंजन करते चलना । इस वर्ग में मुख्यतः तीन श्रेणियों के गीत उपलब्ध होते हैं—

क. जँतसार

ख. रोपनी और

ग. सोहनी

इन तीनों गीत श्रेणियों में करुण रस की प्रधानता होती है । मगही में जँतसार गीतों की संख्या बहुत है, पर रोपनी-सोहनी के गीतों की संख्या कम । इसका कारण यह है कि रोपनी-सोहनी के अवसर पर भी 'जँतसार' गीत बहुलता से गाये जाते हैं । वर्ण्य विषय की दृष्टि से भी तीनों में बहुत अधिक सादृश्य है ।

'जँतसार'—का अर्थ होता है "जाँते का गीत" । चक्की या जाँता चलाते समय जो गीत गाये जाते हैं, उन्हें 'जँतसार' कहते हैं । इनमें पीसनेवालियों के मन को प्रेम, करुणा और उदारता में भिगो कर कुटुम्बियों के अपव्यवहार के कारण पैदा हुए विक्षोभ को निकालने की चेष्टा भरी रहती है । इन गीतों में शृंगार-वर्णन का अभाव नहीं होता, फिर भी नारी-हृदय की वेदना, कसक, टीस आदि की व्यंजना प्रधानतया वर्तमान रहती है । करुण रस के प्रायः सभी प्रसंग इनमें वर्णित होते हैं । पुत्रहीना वंध्या, विरहा, विरहिणी, उपेक्षिता आदि सभी नारी-वर्गों

की मनःस्थिति का चित्रण इन गीतों में बड़ी सहजता से होता है। 'जँतसार' के इन गीतों में छोटी-छोटी कथाएँ धागे में फूलों के समान गुँथी होती हैं। ये गीत उत्तेजक नहीं होते, बल्कि बहुत कोमल, मधुर, और चिरस्थायी प्रभाव छोड़ने वाले होते हैं। रात्रि के पिछले प्रहर में जाँते की घर्-घर् स्वर के साथ मिलता हुआ नारी-कण्ठ-स्वर बड़ा ही मधुर प्रतीत होता है।

'रोपनी' के गीत धान रोपते समय गाये जाते हैं। इन गीतों के गाने में भी जँतसार गीतों की भाँति थकान को विस्मृत करने एवं मनोरंजन करते हुए लगन के साथ काम करने की भावना सन्निहित रहती है। धान रोपने का कार्य प्रायः मुसहर, चमार आदि जातियों की स्त्रियाँ करती हैं। ऊपर से प्रायः वर्षा होती रहती है, धान के खेतों में पानी भरा रहता है, चारों ओर हरियाली और कीचड़ का दृश्य छाया रहता है। ऐसे समय में ये महिलाएँ 'धनरोपनी' करती हुई गीत गाती हैं। 'रोपनी' का कार्य घर से बाहर खेत में होता है। अतः स्त्रियाँ इन गीतों में प्रायः ऐसे ही प्रसंगों को प्रस्तुत करती हैं, जिनमें पुरुष स्त्री से छेड़-छाड़ करता है और स्त्री उसे फटकारती है। इसके अतिरिक्त वे इन गीतों में नारी हृदय के अनेक सुकुमार भावों को भी उनकी वेदना और गार्हस्थ्य जीवन की विविध अनुभूतियों के साथ व्यक्त करती हैं।

'सोहनी' के गीत खेतों में उत्पन्न व्यर्थ की घासों और पौधों को काट कर अलग करने के समय गाये जाते हैं। खेतों से व्यर्थ की घासों और पौधों को काट कर अलग निकालने को ही 'सोहनी' कहते हैं। इस वर्ग के गीतों की एक विशेषता यह होती है कि ये प्रायः सक्षिप्त कथानकों के साथ होते हैं। इनका आकार अन्य गीतों से बड़ा होता है। इसी कारण से इनको 'कथागीतों' के वर्ग में भी रखा जा सकता है। मगही 'कथागीत' में 'चनिया या 'भागवत' आदि नायिकाओं से जो सम्बद्ध गीत हैं, वे सोहनी के अवसर पर भी गाये जाते हैं। 'सोहनी' के गीतों में सास-बहू का परस्पर दुर्भाव वर्णित है, तो कहीं पति का पत्नी के प्रति अविश्वास; कहीं स्वेच्छाचारी शासकों की बर्बरता का चित्रण है, तो कहीं विदेशी शासक मुगलों के द्वारा भारतीय नारी के सतीत्वहरण का और इन भ्रष्टाचार लिप्त शासकों से अपने सतीत्व की रक्षा के प्रयास वर्णित हैं। रसात्मक दृष्टि से जँतसार के गीतों की ही नाईं ये बड़े कारुणिक होते हैं।

ऋतुगीत— मगही लोकगीतों का तीसरा प्रमुख वर्ग ऋतुगीतों का है। विविध ऋतुओं में भिन्न भिन्न शैली के गीत गाये जाते हैं। इनमें तदनुरूप भाव-परिवर्तन भी पाया जाता है। यथा— वसन्त ऋतु में **'होली'** और **'चैती'** गाये जाते हैं और वर्षाऋतु में **'बरसाती'** और **'कजली'**। **'होली'** गीत होली पर्व के अवसर पर गाये जाते हैं, जो फागुन महीने में पूर्णिमा परिवा को मनाया जाता है। इस महीने के नाम पर ही इस अवसर पर गाये जाने वाले गीतों की दूसरी संज्ञा **'फाग'** या **'फगुआ'** भी है। 'होली' के इन गीतों में पारस्परिक सम्मिलन, मैत्री, हर्ष उल्लास और मस्ती को अभिव्यंजित करने वाले भावों की ही प्रधानता होती है। राग-रंग का चित्रण तो पूरे गीत में छाया होता है। इस क्रम में लौकिक अथवा देव-चरित्रों के माध्यम से एक ही प्रकार की भाव व्यंजना एवं कार्य-व्यापार प्रदर्शित किए जाते हैं। कहीं लौकिक पात्राएँ एवं पात्र अबीर-गुलाल के साथ रास रंग में रत दिखाई पड़ते हैं, तो कहीं राधा-कृष्ण सोल्लास फाग खेलते दृष्टिगोचर होते हैं, कहीं शिव और गौरी के बीच 'होरी' मची दीखती है, तो कहीं राम

और सीता होली के रंग में रंगे दिखाई पड़ते हैं। इन सभी में शृंगार भाव को ही प्रमुखता दी जाती है। रंग गुलाल के साथ शृंगार का इन गीतों में अपूर्व सामंजस्य दिखलाया गया है। इनमें कहीं स्वकीया का प्रेम दर्शाया गया है, तो कहीं परकीया का। पर सर्वत्र उल्लास एवं हर्ष से संवलित भावों को ही प्रश्रय दिया गया दीखता है। 'होली' के इन गीतों को गाने की दो विधियाँ प्रचलित हैं—

१ पहली विधि, जिसमें गायक एक दल बना कर ढोल कभी या खरताल के साथ मस्ती में झूम झूम कर गाता है।

२ दूसरी विधि जिसमें अगुआ के गवैये दो दलों में विभक्त होकर बैठ जाते हैं। एक व्यक्ति के हाथ में ढोलक रहता है और कुछ अन्य लोगों के हाथ में 'झाँझ' या 'झाल'। कुछ लोग जोड़ी लेकर भी बजाते हैं। दोनों दलों में एक एक अगुआ होता है और गेय संवाद शैली में 'होली' का गायन चलता रहता है।

'चैती' गीत मगही में चैत मास में गाये जाते हैं। इन गीतों में वसन्त की मस्ती तथा उमंग से भरी रंगीली भावनाओं का अनोखा सौंदर्य अंकित होता है। इनमें माधुर्य एवं रसमयता का अद्भुत सम्मिश्रण द्रष्टव्य है। यह चैत मास भी विचित्र है। प्रारंभ से अन्त तक इसमें चतुर्दिक पर्वों, उत्सवों एवं मेलों का आयोजन होता रहता है।

'चैती' गीत दो प्रकार के होते हैं—

क घाटो चैती एवं

ख साधारण चैती।

'घाटो' चैती के गायक दो दलों में विभक्त हो जाते हैं। गीत के साथ ढोल और झाल बजाये जाते हैं। पहला एक दल एक पंक्ति गाता है, तो दूसरा दल उसके 'टेक' पद को उच्च स्वर में बल देता जाता है। इस प्रकार 'घाटो' चैती के गायन में प्रत्येक दल को किंचित् विराम मिल जाता है। पहला दल जिस स्वर से गाता है, दूसरा दल उससे उच्च स्वर में 'टेक' पद गाता है। जब गाने का अन्त होने लगता है, तब गाने वाले उच्चतम स्वर का प्रयोग करने लगते हैं। गवैये और श्रोता, दोनों का जोश पराकाष्ठा पर पहुँच जाता है। फिर एकाएक गाने की समाप्ति होती है। 'साधारण चैती' को या तो केवल एक गायक ढोल और झाल के साथ गाता है या एक समूह बना कर कई एक गायक एक साथ गाते हैं।

'चैती' के इन गीतों में प्रेम के विविध स्वरूपों की भाव-भरी व्यंजनाएँ सम्पन्न हुई हैं। इनमें संयोग शृंगार को विशेष स्थान मिला है। कहीं चैत मास में अनुभूत आलस्य का वर्णन हुआ है, तो कहीं राधा कृष्ण एवं गोपियों के प्रेम-सम्बंधों का विश्लेषण किया गया है, कहीं राम-सीता का आदर्श दाम्पत्य प्रेम दर्शाया गया है, तो कहीं पति-पत्नी का प्रेम-कलह और मिलन विद्रोह वर्णित हुआ है, कहीं राम और उनके भाइयों के बीच का नैसर्गिक स्नेह दिखलाया गया है, कहीं स्वकीया और परकीया प्रेम के विविध रूप दर्शाए गये हैं। चैती गीतों में प्रायः लघु कथानकों के माध्यम से ही उपर्युक्त भाव-व्यंजनाएँ सम्पन्न हुई हैं?

'चेती' गाने की एक विशेष शैली होती है। इस वर्ग के गीत की प्रत्येक पक्ति के प्रारंभ मे 'हो रामा' का प्रयोग होता भी है और कभी नहीं भी होता है। 'घाटो' और 'साधारण' दोनों चैती मे ऐसा सामान्य रूप से होता है। दूसरी पक्ति के प्रथम दो पदो की पुनरावृत्ति उस पक्ति के गायन की समाप्ति पर ि रि की जाती है। ये दो पद 'टेक' पद का काम देते हैं।

'बरसाती' मे पावस ऋतु मे गाये जाने वाले गीत सम्मिलित हैं। ये **'बरसाती'** **'बारहमासा' 'छौमासा' 'चौमासा'** और 'कजरी' के नाम से प्रसिद्ध हैं। इन गीतो में विविध मासों के प्राकृतिक सौन्दर्य-वर्णन के साथ मानवीय भावनाओं का प्रकृत चित्रण भी किया जाता है। सामान्यत मगही 'बरसाती' गीतो म गार्हस्थ्य जीवन की विविध अनुभूतिया के चित्र एव नारी के दिव्य सतीत्व को प्रस्तुत करने वाले वर्णन उपलब्ध होते हैं। मगही 'बारहमासा' गीतो में प्राय विप्रलभ शृगार के वर्णन से ही प्रधानता मिली है। इस कारण इनमें बुद्धितत्त्व की अपेक्षा रागात्मक तत्त्व की ही प्रमुखता रहती है। बारहमासो मे से प्रत्येक मास का वर्णन क्रम मे किया जाता है। साथ ही प्रत्येक मास की रूप रेखा सक्षेप मे दी जाती है। इनमे जिन उपकरणो से ऋतु वर्णन की योजना की जाती है, वे प्रचलित एव सर्वानुभूत होते हैं। विरहिणी उन्ही को लेकर अपने प्रवासी प्रियतम का स्मरण करती है। प्राय लोक प्रचलित बारहमासों का प्रारभ आषाढ मास से होता है, यद्यपि इसके लिए कोई निर्धारित नियम नही है। ऐसे 'बारहमासो' का भी अभाव नही है, जिनका प्रारभ चैत से या अवसर के अनुसार होता है। वर्षा ऋतु मे छौमासा या चौमासा गीत भी गाये जाते हैं। छौमासा मे प्राय छ महीनो की अनुभूतिया का उल्लेख होता है और चौमासा मे प्राय चार महीनो की अनुभूतियो का। इनमे कही नायिका की विरहानुभूतियो का वर्णन होता है, कही गार्हस्थ्य जीवन की विविध अनुभूतिया पर प्रकाश डाला जाता है। पारिवारिक जीवन के विविध सबधी पति-पत्नी सास बहू, ननद भावज, पिता पुत्री भाई-बहन आदि का सुन्दर विश्लेषण इन गीतों में मिलता है।

सावन-भादो मास म मगही-क्षेत्र में **'कजरी'** या कजली' गाई जाती है। 'कजली' गीतो के साथ झूला का अनिवार्य सबध प्रतीत होता है। कारण झूला झूल कर इसके गाने की प्रथा प्राय समस्त मगह क्षेत्र म प्रचलित है। सावन भादो मे मन्दिरो में भगवान को भी झूला झुलाया जाता है। इसे 'झूलन' कहते हैं। 'झूलन' देखने के लिए इन महीनों में मन्दिरों मे भक्तो की भीड लगी रहती है। झूला के साथ गाये जाने के कारण 'कजली' गीत बडे ही कर्ण-मधुर हो जाते हैं। प्राय किसी बडे बाग मे या खुले मैदान मे या नदी तट पर किसी सघन वृक्ष की डाली म डोरी लगा उस पर पीढा डाल कर झूला बना लिया जाता है। कुछ लोग झूले पर बैठ होते ह और कुछ खडे होकर पेग मारते होते हैं। सभी झूला झूलते हुए सम्मिलित स्वर में 'कजली' गाते हैं। किसी स्थान पर दल बना कर ढोल के साथ भी कजली गाने की प्रथा है।

वर्ण्य विषय की दृष्टि से 'कजरी या 'कजली' मे सयोग एव वियोग शृगार के चित्ताकर्षक वर्णन मिलते हैं। ऋतु-शोभा मे वर्षा वर्णन को प्रधानता दी जाती है। वर्षा के साथ विरहिणी के आँसू मिल कर वातावरण को पूर्ण करुणा सिक्त बना देते हैं। डा० ग्रियर्सन ने कहा है—

"इन गीतों का वातावरण करुण रस से पूर्ण है, यद्यपि इनमें विभिन्न भावनाएँ और भाव पाये जाते हैं। "कजरी में गार्हस्थ्य जीवन के विविध पदों की झाँकियों के साथ सामयिक विषयों का भी उल्लेख रहता है।

देवगीत—मगही लोकगीतों का चौथा महत्त्वपूर्ण वर्ग 'देवगीतों' का है। 'देवगीत' दो अवसरों पर गाये जाते हैं—(क) किसी संस्कार के अवसर पर एवं (ख) किसी पूजा, व्रत-त्योहार के अवसर पर। संस्कार गीतों का सांकेतिक अध्ययन हम पिछले पृष्ठों में कर चुके हैं। पूजा, व्रत-त्योहार आदि के अवसर पर गाये जाने वाले गीतों को दो उपवर्गों में बाँटा जा सकता है—(क) सामान्य देवगीत, जो किसी भी पूजा, उत्सव, व्रत आदि के समय मांगलिक दृष्टि से गाये जाते हैं। इनका अनुष्ठानिक महत्त्व नहीं है। (ख) विशेष देवगीत, जो किसी पूजा, व्रत, त्योहार आदि के अवसर पर अनिवार्य रूप से गाये जाते हैं। इनका आनुष्ठानिक महत्त्व होता है।

मगध में जिन देवताओं की पूजा होती है, वे दो श्रेणियों में बाँटे जा सकते हैं—१. पौराणिक देवता, जो परम्परा से पूजित होते चले आ रहे हैं और जिनके नाम के साथ अनेक पौराणिक इतिवृत्त जुड़े हुए हैं। यथा—शिव, पार्वती, गणेश, राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, कृष्ण, रुक्मिणी, राधा, सूर्य, विधाता, गंगा, नाग, सन्ध्या, दुर्गा देवी आदि। इन देवताओं के साथ अन्य पात्रों के नाम भी जुड़े हुए हैं जिनकी गणना देवपात्रों में ही होती है—यथा-राजा दशरथ, जनक, कौशल्या, सुमित्रा, कैकेयी, भरत, शत्रुघ्न, लवकुश शबरी, वासुदेव, नन्दा, देवकी, यशोदा प्रद्युम्न, गोपी, राधा, आदि। इन देवी-देवताओं से सम्बद्ध गीत समस्त भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में कतिपय रूपान्तरों के साथ प्रचलित हैं। इनके इतिवृत्त भी सर्व ज्ञात हैं।

२. ग्राम देवता, जिनके सम्बन्ध में कोई पौराणिक आख्यान, अभी तक ज्ञात न हो सका है, पर जो विविध मांगलिक अवसरों पर श्रद्धा से पूजित होते हैं। ग्राम देवताओं की संख्या काफी बड़ी है। इनमें कतिपय प्रमुख हैं—रामठाकुर, बन्दी मनुख, परमेसरी और सोखा-सोखाइन आदि। ये गृहदेवता हैं, कारण ये कुलदेवता' के रूप में गृहस्थों के घर में विराजमान रहते हैं। मगध के प्रत्येक गृहस्थ के घर में एक अलग कोठरी रहती है, जिसे 'देओता घर' या 'सिराघर, कहा जाता है। इसी में 'देवता' रहते हैं। प्रत्येक जाति या परिवार में अपनी-अपनी परम्परा के अनुसार किसी विशेष कुलदेवता को मान लिया जाता है। तथा—किसी के देवता रामठाकुर होते हैं, किसी के बन्दी, किसी के मनुस आदि। प्रत्येक गृहस्थ के 'सिराघर' में उपर्युक्त देवताओं में से किसी एक की 'पिंडी' रहती है, इसे 'सिरापिंडी कहते हैं। कुलदेवताओं से अलग ग्रामदेवताओं में अन्य प्रमुख हैं—गोरैया बाबा, डिहवाल गोरैया, चूहरमल, बख्तार बाबा, बाबा-साहब, बरहम बाबा, दरगाही पीर, डाक बाबा, अगिनमाई, दखिनाहा-बाबा, कोयला वीर, फूल डोक, पंचदेवता भैरो बाबा, ढेलवागोसाईं, पटन देवी, राम बाबा, महारानी मइया, महारानी-बिधिन आदि।

वर्ण्य विषय की दृष्टि से विचार किया जायगा तो मालूम होगा कि सामान्य देवगीतों' में प्रायः देव देवी के माहात्म्य का ही वर्णन किया जाता है। यह देवस्तुति विविध रूपों में की जाती है। कहीं देवता के दिव्य रूप एवं गुणों की प्रशंसा की जाती है, कहीं देव मन्दिर के सौन्दर्य का बखान होता है। कहीं देवता की अवज्ञा करने से जीव दण्डित होते हुए देखे जाते हैं, कहीं उनकी

भक्ति, पूजा, अर्चना आदि से वे सुख समृद्धि पाते हुए दीख पड़ते हैं और वहीं देव पीठ की रक्षा एवं स्वच्छता में संलग्न दीख पड़ते हैं। पूजार्चन के मूल में भगवान से सुख सम्पत्ति तथा पारिवारिक वृद्धि पाने की आकांक्षा रहती है। इन आकांक्षाओं की सुन्दर व्यंजना इन देवगीतों में होती है।

"विशेष देवगीतों' का आनुष्ठानिक महत्त्व होता है, ऐसा कहा जा चुका है। मगध क्षेत्र में अनेक व्रत त्योहार मनाये जाते हैं। यथा-असाढ का बासऔरा, तीज, कर्मा धर्मा, जितिया, गोधन छठ आदि। इन अवसरों पर गाये जाने वाले इन गीतों में सबद्ध व्रत त्योहारों के माहात्म्य आदि का वर्णन होता है।

बालगीत—मगही लोकगीतों का पाँचवाँ महत्त्वपूर्ण वर्ग 'बालगीतों' का है। इस वर्ग में वे गीत आते हैं, जिससे किसी न किसी रूप में बाल मनोरंजन होता है। मनोरंजन भी दो प्रकार का होता है—(क) शुद्ध मनोरंजन, जिसका उद्देश्य मात्र मनोरंजन होना है एवं दूसरा सोद्देश्य मनोरंजन, जिसका उद्देश्य मनोरंजन के साथ कुछ सीख देना भी होता है। इस तथ्य को दृष्टिपथ में रख कर मगही बाल-गीतों का निम्नांकित वर्गीकरण प्रस्तुत किया जा सकता है—

क. लोरियाँ
ख. पालने के गीत
ग. शिशु-गीत
घ. खेल के गीत
ङ. शिक्षाप्रद गीत
च पहेलियाँ और ढकोसले।

'लोरियों' के अन्तर्गत उन गीतों को लिया जा सकता है, जिन्हें बच्चों को गोद में लेकर सुलाने के समय गाया जाता है। ऐसे गीतों में 'चाँद मामा' का बार-बार उल्लेख होता है। माता सब के साथ इन गीतों को गाती है। 'पालने के गीत' लोरियों के ही दूसरे रूप होते हैं। बच्चे रोयें नहीं तथा उन्हें नींद आ जाये, इसलिए उनकी माता उन्हें पालने में सुला कर झूला झुलाती हैं। इस समय वह गीतों को भी गाती जाती है। इन गीतों में से एक का कुछ अंश इस प्रकार है—

बबुआ रे, तूँ कत्थी के ?
ककड़ी के दुसा के ?
चोआ चनन के पुरिया के।
मइया हउ लवँगिया के।
बाबू जी जफरवा के।

शिशु-गीतों में हम उन लोकगीतों को ले सकते हैं, जो लोरियों एवं पालने के गीतों के अन्तर्गत नहीं आते। इन गीतों में मनोरंजन की प्रधानता होती है। यथा—

चान मामू, चान मामू हँसुआ द !
से हँसुआ काहे ला ? घसवा गढ़ावेला ?
से घसवा काहे ला ? गोरुआ खिलावेला ?
से गोरुआ काहे ला ? गोबरा पुरावेला ?
से गोबरा काहे ला ? गेहुँमा सुखावेला ?

और इसी प्रकार यह गीत आगे बढ़ता जाता है। मगही लोक साहित्य में खेल के गीतों का भंडार अत्यन्त समृद्ध है और वह जन जीवन की व्यावहारिक चेतना की विभिन्न दिशाओं की ओर संकेत करता है। साधारणतया एक वर्ष से लेकर बारह चौदह वर्ष तक के बच्चों की गतिविधि की इनमें बड़ी ही मनोहर झाँकी मिलती है। छोटे बच्चों के मनोरंजन गीतों में "घुघुआ मनेरिया" से शुरू होने वाले गीत का बड़ा महत्व है। बड़े बच्चे छोटे बच्चों को पैरों की सुपलियाँ जोड़ कर उन्हीं पर बिठा लेते हैं। और पैंगे मारते नीचे से ऊपर एवं ऊपर से नीचे ले जाते हैं। इसके साथ ही वे "घुघुआ मनेरिया" वाला गीत भी गाते रहते हैं। गीत गायन की इस प्रक्रिया में जहाँ उनका मनोरंजन होता है, वहाँ शारीरिक व्यायाम भी होता रहता है। 'तार काटो तरकुल काटो' वाला गीत भी कुछ इसी प्रकार का है जो मगध क्षेत्र में सर्वत्र प्रचलित है। पहेली बुझाते हुए गाये जाने वाले खेल-गीतों का भी बड़ा महत्व है। इससे जहाँ बच्चों में जिज्ञासा का आविर्भाव होता है, वहाँ उनकी परिष्कृत बुद्धि का भी परिचय मिलता है। जैसे—एक गीत में एक लड़का जाता हुआ पूछता है—किसकी टाँग लम्बी होती है? किस पक्षी के पर उजले होते हैं? कौन पेट के बल चलता है? हृदय में किसकी आँख छिपी होती है? दूसरा लड़का गाता हुआ जवाब देता है कि गरुड़ की टाँगें लम्बी होती हैं। बगुले के पर उजले होते हैं। साँप पेट के बल चलता है और बछुआ की आँखें हृदय में छिपी रहती हैं। गिनती सीखने के लिए जो गीत प्रचलित हैं, वे भी बड़े सार्थक और उल्लास का संचार करने वाले हैं। यथा—

गन फकीरा राम, दो राम जी के नाम।
गन फकीरा दू त दूजे के चाँद॥

ये गीत जहाँ बालकों का मनोरंजन करते हैं वहाँ उनके लिए बहुमूल्य सीखें भी प्रस्तुत करते हैं। खेल-खेल में ही बच्चों का ज्ञान राशि समृद्ध हो जाता है।

बच्चे अपना मनोरंजन अनेक बार पहेलियों से करते हैं और कभी-कभी मुहावरेदार उक्तियों से भी करते हैं। इनमें प्रायः जन जीवन के मनोरंजक पहलुओं की समीक्षा रहती है। इसमें गप्पें मारना, रोब गाँठना, ख्याली पुलाव पकाना, कंजूसी और अनाहूत मेहमानी निभाना आदि सभी शामिल हैं। जैसे, निम्नांकित पंक्तियों में "कंजूसी" और माम न माम में तेरा मेहमान पर छींटाकशी की गई है—

सुक्ख धान सँझ ले आवऽ तीन बिहान ले,
मोर चटिया[1] पेनवे धाव, छौ महीना मे उतरे ताव,
हम पहुँना[2] दुर्जोधन नाँव,[3] बरस रोज ले घर ना जाऊँ॥

पहेलियों के विभिन्न रूप होते हैं। बड़े बच्चों के लिए जो पहेलियाँ होती हैं, वे जरा कठिन होती हैं। कई एक तो गणित का सुन्दर चमत्कार छिपाए होती हैं। उनमें जहाँ उनका मनोरंजन होता है वहाँ उनकी बुद्धि की भी परख होती है। एक पहेली का सारांश है—

'चार मन्दिर हैं। चारों के आगे चार पोखर हैं। उनके जल में धोने पर फूल दूने हो जाते हैं। एक पुजारी कुछ फूल लेकर गया और चौथे मन्दिर में चढ़ाने पर एक फूल भी नहीं बचा। तो वह कितने फूल लेकर चला था।

---

१. खड़ाऊँ, जूता। २. मेहमान। ३. नाम।

मध्यम अवस्था के बच्चे छोटी एवं सरल पहेलियाँ बुझाते हैं, जिनमें कुछ संकेत लिए हुए होते हैं और कुछ बूझना होता है। कुछ में संगीतात्मक ध्वनियाँ बहुत अधिक होती हैं, जो बड़ी ही कर्णप्रिय होती हैं। जैसे—

एक चिरैया पट ओकर पंख दूनो पट।

ओकर खलरी उजार, ओकर माँस मजेदार॥ (केला)

विविधगीत—

मगही लोकगीतों का छठा महत्त्वपूर्ण वर्ग "विविधगीतों" का है। विविध गीतों में झूमर बिरहा, अलचारी, गोदना निर्गुण एवं सामयिक गीत को सम्मिलित किया गया है।

"झूमर" का अर्थ है 'झूमना' या 'झूम कर नाचना'। महिलाएँ झुण्ड में खड़ी होकर झूम-झूम कर "झूमर गाती हैं। ये गीत किसी भी शुभ संस्कार या आनन्दमय अवसर पर गाये जाते हैं। ये गीत मानो रस के कलश होते हैं। रस का संबंध भावों से है और झूमर गीतों की सर्वप्रमुख विशेषता है—उनकी भावात्मकता। इन गीतों में शृंगार रस के संयोग पक्ष में यह भावात्मकता उल्लास, आनन्द आदि के रूप में अभिव्यक्त होती है तो वियोग पक्ष में प्रिय-मिलन की कामना, विरहजनित वेदना, व्याकुलता आदि की विवृत्ति के रूप में।

"बिरहा गीत" कारुणिक शैली में गाये जाते हैं, इससे इनका हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यों नाम से बोधित होता है कि 'बिरहा' विरह के गीत हैं, पर इनमें संयोग पक्ष की भी झाँकियाँ मिलती हैं। सच पूछा जाये, तो इनमें प्रेम के सभी रूपों की झाँकियाँ मिलती हैं। इनके अतिरिक्त धार्मिक आस्थाएँ, नारी की सन्तान कामना गार्हस्थ्य जीवन के विविध चित्र आदि भी इन बिरहा गीतों में मिलते हैं। बिरहा' गीत विवाहादि शुभ संस्कारों के अवसर पर प्रायः प्रतिद्वन्द्विता के साथ गाये जाते हैं। दो दलों के लोग आमने सामने बैठ कर एक के बाद एक बिरहा गाते हैं। जो दल अंत में आगे गाने में असमर्थता प्रकट कर देता है वह पराजित मान लिया जाता है। उपर्युक्त अवसरों के अतिरिक्त कृषक गण खेतों में काम करते हुए, मजदूर लोग घास छीलते हुए, चरवाहे पशुओं को चराते हुए, बलगाड़ी वाले आधी रात में सड़क पर बैलगाड़ी हाँकते हुए 'बिरहा गीत गाते जाते हैं। कारुणिक शैली में गाये जाने के कारण ये हृदय पर गहरा असर डालते हैं। 'बिरहा' में प्रायः गीत की चार कड़ियाँ होती हैं। अत्यन्त छोटे होने के कारण ये रस के छींटे भर दे पाते हैं। इनके गायक सामान्यतया 'पुरुष' होते हैं और गायन की एक भिन्न शैली ही होती है।

'अलचारी' गीत की एक शैली है, जिसमें या तो लाचारी की स्थिति का उल्लेख होता है या व्यंग्यात्मक, विनोदात्मक एवं हास्यरसात्मक शैली में पत्नी की श्रेष्ठता एवं पति की हीनता दिखलायी जाती है। कहीं कहीं विशुद्ध प्रेम प्रसंग भी वर्णित मिलते हैं। ये भाव व्यंजनाएँ कभी शिव पार्वती के माध्यम से की जाती हैं और कहीं अन्य पात्रों के माध्यम से। 'गोदना' के गीत गोदहारिने सूई चुभा कर गोदना गोदते समय गाती हैं। गोदते समय गोदाने वाली को बड़ा कष्ट होता है। ये गीत उसका ध्यान दूसरी ओर विकेन्द्रित कर सूई के दंश को धीमा कर देते हैं। अब तो नहीं, पर हाल हाल तक गोदना को मगह-क्षेत्र में सौंदर्य का एक साधन माना जाता था। गोरे अंगों पर काले काले गोदने उन्हें बहुत प्रिय लगते थे। फिर कुछ दिनों पूर्व हिन्दू

स्त्रियों के लिए 'गोदना अनिवार्य माना जाता था। यह धर्म का एक अंग ही बन गया था। गोदना गीता के मूल म उपर्युक्त उद्देश्यों के अतिरिक्त शृंगार भावना भी निहित थी।

'निर्गुण' गीतों में अलौकिक तत्त्व चिन्तन को प्रधानता दी जाती है। विश्व क्या है? इसका निमाता कौन है? जीवात्मा को प्रेरित करने वाली शक्ति कौन सी है? आदि जिज्ञासाओं की विशद चर्चा इन गीतों में मिलती है। इन गीतों के गायक प्राय साधु-फकीर होते हैं। ग्रामीण जनता नहीं। अत विश्व के प्रति अनासक्ति भाव ईश्वर के प्रति अनुराग तथा ससार के साथ मोह के परित्याग के उपदेश इन गीतों म भरे मिलते हैं।

'सामयिक गीत से तात्पर्य उन अत्याधुनिक मगही लोक गीतों से है, जिनपर नवयुग की छाप मिलती है। इनमे नवीन आभूषण नूतन फैसन नये शासक एव उनकी नीति आदि का उल्लेख हुआ है। इनके अतिरिक्त इनमे देश मे जगी राष्ट्रीय चेतना की लहर, स्वराज्य के महत्त्व विदेशी शासन सत्ता एव उसके अत्याचार पराधीनता के कारण विश्वयुद्ध आदि की भी अच्छी अभिव्यक्ति हुई है।

मगही लोकगीतों की भावधारा

यदि मगही लोकगीतों का भावात्मक विभाजन किया जाये तो संक्षेप में निम्नांकित वर्ग प्रस्तुत किए ज सकते हैं—

१ लोक जीवन का सामाजिक धरातल
२ प्रेम सम्बन्धों के विश्लेषण
३ मार्मिक प्रसग
४ धार्मिक आस्थाए
५ जड चेतन का समन्वय।

१ लोक जीवन का सामाजिक धरातल

मगही लोकगीतों में लोक जीवन का सामाजिक धरातल बड़े ही पुष्ट रूप मे व्यक्त हुआ है। कारण कि लोकगीत लोक-जीवन का ही स्वर है। सामान्य जन जीवन की झाँकी जैसी लोकगीतों में मिलती है वैसी महाकाव्यों में नहीं क्योंकि महाकाव्य निश्चित परिपाटी पर चलते हैं। उनके नायक को तो धीरोदात्त ही रहना है। भला वे महलों को छोड़ टूटी मड़ैया में कैसे रह सकेंगे। शिष्ट कवियों की एक निश्चित लकीर होती है जिसके वे फकीर बने रहते हैं। पर लोक कवि जन जीवन की एक इकाई होता है, जिसमे अभिव्यक्ति की स्वाभाविक क्षमता होती है। उस अभिव्यक्ति म वही कुछ आ पाता है जो उनके जीवन में होता है—और वह अच्छा भी हो सकता है, बुरा भी। लोक कवि पुरुष एव नारी दोनों के मनोजगत् से अपनी जानकारी प्रकट करता है। उसकी अनुभूति की पैनी पकड़ अद्भुत है। वह अपनी अनुभूति को सजाने एव सबल बनाने के लिए वायवीय कल्पनाओं एव निराधार उड़ानों को प्रश्रय नहीं देता। वह उन्हीं वस्तुओं

को ग्रहण करता है, जो उनके दैनान्दन जीवन के परिवेश में आती है। उदाहरणार्थ—मगही का एक छोटा गीत चित्र प्रस्तुत है—

जलवा में चमकऽ हई चिल्हवा मछलिया,
रैनिया चमऽकई तरवार।
सभवा में चमकई सामी के पगड़िया,
हुलसऽ हई जियरा हमार॥

अर्थात् 'जल में जिस प्रकार चल्हुवा मछली चमकती है रात्रि में जिस प्रकार पैनी तलवार चमकती है, वैसे ही सभा में मेरे स्वामी की पगड़ी चमक रही है, जिसे देख देख मेरा जी हुलस रहा है।"

यह एक नारी का कथन है। अपने स्वामी को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में खूब बढ़ चढ़ कर देखने सुनने की अभिलाषा प्रत्येक नारी का बड़ा स्वाभाविक रूप से होती है। पारस्परिक स्नेह बंधन में यह भावना व्याप्त रहती है। उपर्युक्त पंक्तियों से यह कितनी सम्पूर्णता के साथ ध्वनित होती है। इस गीत में उपमाएँ कितनी सार्थक है। 'चिल्हवा' अपनी प्रतीकात्मक योजना के अनुसार उसके स्वामी के स्वस्थ स्फूर्तिमय शरीर की ओर संकेत करती है एवं 'तरवार' वीरत्व की ओर। 'हुलसऽ हई' शब्द सात्विक प्रसन्नता का बोध कराता है, जो परमानन्द सहोदर होती है।

मगध की नारी की आकांक्षा अभिलाषाओं को जानने का सबसे अच्छा माध्यम यहाँ के लोकगीत ही है। कारण कि लोकगीतों के सृजन में अधिकांश देवियों का ही हाथ होता है। ये आकांक्षाएँ अभिलाषाएं विवाह, पुत्र प्राप्ति सतीत्व रक्षा, वैभव प्राप्ति आदि सभी से सम्बद्ध होती है। इस क्रम में जिन लोकगीतों में अतिशयोक्ति की व्यंजना होती है, उसमें बड़ा ही चमत्कार आ जाता है। जैसे—

पिया पिया रटि के पियर भेलइ देहिया,
लोगवा कहइ कि पाडु रोग।
गाँमा के लोगवा मरमियो न जानइ,
भेलइ न गवनवा मोर॥

अर्थात् 'पिया पिया रटते रटते मेरी देह पीली पड़ गई, परन्तु लोग इसका कारण पाडु रोग बतलाते है। मर्म की बात क्या जाने कि इसका मूल कारण अब तक "गवनवाँ मोर' न होना ही है।

इन मगही लोकगीतों में घरेलू जीवन की बड़ी ही विशद् अभिव्यक्ति मिलती है। कहीं सास बहू के कर्कश सम्बन्ध आते होते हैं, तो कहीं भाई-बहन का उत्कट पारस्परिक प्रेम। कहीं माँ का वात्सल्य प्रेम छल छला आया है, तो कहीं भावज-ननद का परिहास। इनमें कहीं-कहीं ऐसे चित्र भी मिलते हैं, जो करुणा से आप्लावित होते हैं। जैसे—बाल विधवा का विलाप

उदाहरणार्थ एक गीत में लड़की पूछती है—"माँ तुमने सबकी शादी कर दी पर मेरी कब करोगी ?" इस पर माँ का उत्तर है—

"तोहरो बियहली गे मैना बाले जब पनमाँ
तोहरो बियहुआ मरिये गेलउ रे कि ॥

बचपन मे शादी और उस अबोधावस्था में ही पति की मृत्यु का संवाद पाकर बेचारी की क्या दशा हुई होगी उसकी अभिव्यक्ति शक्ति के बाहर है। अन्त में रुआँसी होकर वह कहती है—

"हमरा बियहुआ मइया मरिए जे गेलन,
उनकर चैलियो दे बतलऽइए रे कि ॥

—"ऐ माँ ! मेरे स्वामी तो मर ही गये। अब क्या सोचना ? पर उनकी चिता कहाँ सजी थी, उसे ही जरा बतला दे।" माँ दुख के साथ उत्तर देती है—

सावन भदउआ के अलउ बूढ़ी धधिया।
ओकरे में गेलउ चैलिया दहिये रे कि ॥

—"प्यारी बेटी पिछले सावन-भादो मे जो बाढ़ आयी थी, उसी में उनकी चिता बह गई। यह सुन कर बेटी को ऐसा लगा, जैसे उसकी छाती फट जायेगी। उसने स्वामी के दर्शन तक न किए, मिलन की कथा तो दूर रही। रोते रोते बोली—

रोइए रोइए मैना मइया से बोललइ।
अगे चैलिया दहि गेलन धरतिया न कि ॥

—"प्यारी माँ चिता तो बह ही गई, पर वह धरती तो नहीं बही, जिस पर चिता सजी थी ?"

अन्तिम पंक्ति मे कितनी पीर और पातिव्रत्य की भावना सजोयी है, कहने की आवश्यकता नहीं।

लोककवि ने उन चित्रों को भी अंकित करने में संकोच नहीं दिखलाया है, जो सुन्दर नहीं कहे जा सकते। मगही गीतों मे सौतियाडाह, सास बधू के कटु सम्बन्ध, ननद भावज की प्रतिद्वन्द्विता तथा छलना आदि के अनेक चित्र उपलब्ध हैं। इन गीतों में मागधी जनता के आर्थिक पक्ष का भी विश्लेषण बड़े ही सुन्दर रूप मे हुआ है। इस परिच्छेद में आने वाले मगही गीतों में और भी कई छवियाँ नजर आएँगी। यथा—

"कहाँ गेले सोमर ? चोरी करे बाबू !
मारो खैलें सोमर ? बड़ी मार बाबू !
दबकले न हल सोमर ? दीया बरलक बाबू !
भगलें न हल सोमर ? सब छेंक लेलक बाबू !
फिन जयमें सोमर ? लत छुटलइ बाबू !"

उपर्युक्त गीत में सबसे पहले तो उनका नाटकीय संवाद हमारा मन मोह लेता है। फिर एक घटना विशेष के प्रत्येक अंग का जितना विश्लेषण हुआ है, उसका क्या कहना। साथ ही जन साधारण की दैन्य स्थिति का भी बड़ा ही करुणापूर्ण संकेत मिलता है।

जन-जीवन में फैलती राष्ट्रीय चेतना का द्योतन भी मगही लोकगीतों में हुआ है। भारत के इतिहास-निर्माण में मगध का महत्त्व सर्वविदित है। स्वातंत्र्य भावना की जो नयी लहर चली, उसने मागधी जनता को खूब प्रभावित किया। "जाँत के गीतों" में इनकी बड़ी ही मर्म-स्पर्शी झाँकी मिलती है। एक गीतांश प्रस्तुत है—

हम तो टिकुवा गढ़ायब, ओ पर जयहिन लिखायब
हम तो नेकलेस गढ़ायब ओ पर जयहिन लिखायब ॥

रीति-रिवाजों एवं प्रथाओं के विश्लेषण के लिए तो ये गीत अद्भुत हैं। जन-मन अपने मूल रूप में प्रशिक्षित नहीं होता। वह नाना लोक परम्पराओं और अन्ध विश्वासों से आक्रान्त होता है। मागधी समाज में विवाह के अवसर पर वर के द्वारा दहेज माँगने की प्रथा प्रचलित है। लोकगीतों में इसके अनेक चित्र उपलब्ध होते हैं यथा—

दूलहा मलीन हैं काहे मन मैल है।
दुलहा मलीन है, घड़िया के वास्ते,
घड़िया भी देवइ, चैनमा भी देवइ ॥

परिस्थिति विशेष की जैसी सूक्ष्म व्याख्या मगही लोकगीतों में मिलती है, वैसी महाकवियों के लिए भी दुर्लभ है।

प्रेम सम्बन्धों के विश्लेषण

यौन सम्बन्धों का विश्लेषण अन्यान्य लोकगीतों की तरह मगही लोकगीतों में भी खूब हुआ है। इनमें शृंगार के सहज-स्वाभाविक चित्र मिलते हैं। यथा—

"फूल लोढ़े गेली ससुर फुलवरिया,
बगिया में पियवा अइलन हमार।
एक खोईंछा लोढ़ली, दूसर खोईंछा लोढ़ली,
बगिया में फुलवा देलन छितराय।"

—मैं फूल तोड़ने के लिए ससुर जी की फुलवारी में गयी थी कि वहीं मेरे 'पिया' आ गये। एक 'खोईंछा' फूल मैंने तोड़ा, फिर दूसरा 'खोईंछा' तोड़ा कि प्रियतम ने 'खोईंछा' खोल कर उपवन में सारे फूल बिखेर दिए। शृंगार रस का कितना सरस स्वाभाविक चित्रण है। यों तो इस प्रकार प्रेम-सम्बन्धों का विश्लेषण करने वाले चित्रों का सब प्रकार के गीतों में प्राधान्य है, पर विवाह के गीत, विशेष कर कोहबर के गीत, बधागीत एवं ऋतु गीतों में विशेष रूप से पाये

जाते हैं। कोहबर के गीतों में प्राय नव विवाहित दम्पति के हास परिहास चित्रित होते हैं। नवेली वधू के भावों का वर्णन लोक कवि बड़े मनोयोग से प्रस्तुत करता है। उदाहरणार्थ एक मगही गीत का भावार्थ प्रस्तुत है। वधू अपने पति से कह रही है—मै तो इलायची के फूल लूँगी, मैं तो लवंग के फूल लूँगी। 'पति पूछता है—' मैं उसे पाऊँगा कहाँ ?' "वधू कहती है—"प्यारे। पंछी का रूप धर कर बाबा जी की फुलवारी मे चले जाना और फूल ले आना। भौंरे का रूप धर कर चले जाना और रस चूम कर ले आना।' वर चला गया। उसने एक फूल तोड़ा, फिर दूसरा फूल भी। इतने में वेष बदल कर उसका साला पहुँच गया। उसने लवंग की "गाछ" में उसे बांध दिया और सोने की छड़ी से अपने 'जीजा' को मारने लगा। पति ने रोते हुए अपनी प्रिया को पत्र लिखा—"प्राणप्यारी प्राणों के लाले पड़ गये है। लवग के 'गाछ' मे बाँध दिया गया हूँ, जरा अपने भाई को पत्र भेज कर छुड़ा दो न" हसते हुए वधू ने पत्र लिखा—"ऐ माली ' अपने चोर को छोड़ दो। उसे सोने की छड़ी से मत मारो।"

वर-वधू के शृंगार चित्रों के अलावा, अन्य लोकगीतों के समान ही मगही मे भी प्रेमी-प्रेयसी के प्रणय सम्बन्धों का विश्लेषण करने वाले बहुत मे गीत मिलते हैं। काव्य में इसके दो पक्ष मिलते हैं—संयोग एव वियोग। मगही मे ऐसे बहुत गीत मिलते हैं, जिनमे सयोग एवं विप्रलंभ शृंगार की स्वाभाविक एव मर्मस्पर्शी अभिव्यक्तियां हैं। सयोग का एक चित्र ऊपर प्रस्तुत किया गया है। विप्रलभ शृंगार के चित्रों में विरह सम्बन्धी भावनाएँ मुखरित हो उठी हैं। उनमें वह कृत्रिमता नहीं है, जो प्राय महाकाव्यों में दीख पड़ती है। विरहिणी के उच्छ्वास, उसकी तड़प, उसकी सम्पूर्ण वेदना इनमे साकार हो उठी है यथा—एक विरहणी कहती है—

"जहिया से पिया मोरा गेलऽ तू विदेसवा,
बलमुआ हो ! तोरा बिन अँखियो न नींद।
जहिया से पिया मोरा गैलऽ तू विदेसवा
बलमुआ हो, कइलों न सोरहों सिंगार।
कहियो न सजौलीं हम फुलवा सेजरिया।
बलमुआ हो सपना भे गेल मोरा नींद।"

कितना सात्विक प्रेम है। उसे इसका अफसोस होता है कि काश ! वह जान पाती कि उसका प्रियतम परदेश चला जायेगा, तब तो किसी भी हालत में उसे जाने नहीं देती—

"एही हम जनिती पियवा, जयथिन परदेसवा हो,
बाँधती हम रेसम के डोर।
रेसम वधनमा पिया टुटिए फाटिए जयतइ
बाँधती हम अँचरा के कोर।

अब तो प्रतीक्षा ही प्रतीक्षा है। उसकी घड़ियाँ भी विरहिणी के लिए असह्य हो रही हैं। प्रिय से अब तक कुछ संदेशा तक नहीं आया है। इससे रह-रह कर उसका हृदय अंदेशों के होले में डोलने लगता है। वह स्वयं संदेशा भेजने को व्याकुल है, पर क्या करे? कैसे भेजे—

कथिए फारि-फारि कोरा कगदवा पिया,
कथिए केरा मसिहान हे।
कथिए चीरि-चीरि कलमा बनाई पिया,
कथिए लिखी हुई बात हे।।"
आँचर फारि-फारि कोरा कगदवा प्यारी,
नयने कजरवा मसिहान हे।
अंगुरी चीरि-चीरि कलमा बनाई प्यारी
लखी न देहु दुई बात हे।"

नायिका कहती है—क्या फाड़ कर कागज बनाऊँ? स्याही कहा से लाऊं? क्या चीर कर कलम बनाऊँ? बताओं न कैसे दो टूक बातें लिखूँ? सखी उत्तर देती है— आंचल फाड़ कर कागज बना ले। नयनों में लगे काजल की स्याही घोल ले और अंगुलिया चीर कर कलम तैयार कर ले, और फिर दिल की सारी बातें लिख।

३. मार्मिक प्रसंग

जीवन में कुछ ऐसी परिस्थितियाँ आती हैं, जब हमारे मनोविकार पूर्णतः गतिशील होते हैं। काव्य में इन्हीं मनोविकारों को 'स्थायी' भाव एवं 'व्यभिचारी' भाव की संज्ञाएँ दी गई हैं। इन भावों की गतिशीलता के परिवेश में सब तरह के अवसर आते हैं। लोकगीत इन्हीं भावों की शाब्दिक काया है। अतः उनमें हमारी चेतना को स्पर्श करने की पर्याप्त शक्ति है। उदाहरणार्थ 'बाँझपन' को लीजिए। हिन्दू-समाज में 'सन्तान' का बड़ा महत्त्व है। मगही लोककवि कहता है कि कोई बाँझ स्त्री पुत्र-प्राप्ति के लिए एक जगह खड़ी होकर, सूर्यदेव की प्रार्थना करने लगी। पास ही बिल में बैठी नागिन ने कहा—जरा दूर जाकर 'सूरुज बाबा' को प्रणाम करो। कहीं तुम्हारी छाया पड़ने से मैं भी बाँझ न हो जाऊँ। इसे सुन कर बेचारी करुणार्द्र हो उठी।

बेटी की विदाई भी ऐसे ही मार्मिक प्रसंगों में है। बेटे की तरह उसका भी जन्म होता है। माँ-बाप बड़े प्यार से उसका लालन-पालन करते हैं। पर, एक दिन वह पराई हो जाती है। बिछुड़ते समय उनके हृदय की जो दशा होती है, सो तो वही जानते हैं। इसी प्रसंग का वर्णन राजस्थानी लोकगीत 'कोयलड़ी' में होता है, जिसमें बेटी की विदा के समय परिवार की स्त्रियाँ आँसुओं में डूबी हुई जाती हैं—

"ओ मेरी हरे-भरे वन की कोयल! तू सबको उदास कर कहाँ चली? 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' में कालिदास ने इस दृश्य का बड़ा ही मर्मस्पर्शी चित्र खींचा है। पढ़ते वक्त कौन सहृदय नहीं रो उठेगा? महर्षि कण्व कहते हैं—

"यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया
कण्ठः स्तम्भितबाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम्
वैकल्यं मम तावदीदृशमहो स्नेहादरण्यौकसः
पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः ।"

सीता की शादी हो रही है। कन्यादान का प्रसंग है। व्यामोह, विकलता और चिन्ता के कारण राजा जनक की बड़ी ही करुण दशा हो चली है। लोककवि कहता है—

धर-धर कँपथिन भूप जनक जी, जुगल नयन ढरे नीर हे।
केहि विधि दान करब हम सिय के चित न रहत मोर धीर हे।

बेटी की विदा के समय गृहस्था को जो मार्मिक व्यथा सहनी पड़ती है, उसे मागधी लोककवि ने निम्नांकित पंक्तियों में मानो और भी मूर्त कर दिया है। शब्दों के गागर में उसने वेदना का सागर भर दिया है—

गउनमा के दिनमा धरायल, गउना नगिचायल हे।
सखी करथिन चतुरइया, बाबू के फटलई करेजवा,
रे जैसे भादों काँकर, मइया के ढरे नयना लोर,
रे जैसे भादों ओरी चुए।।

गौने का दिन निश्चित हो गया है। सखियाँ मिल कर प्यारी सहेली की विदाई की तैयारी कर रही हैं। पर बाबू की छाती बिदा के समय फटी जा रही है, जैसे भादों में ककड़ी फट जाती है। मैया के नयनों से झर झर आँसू झरते हैं जैसे भादों में ओरी (ओलती) से पानी गिरता है।

४- धार्मिक आस्थाएँ

हम भारतीयों का सम्पूर्ण जीवन धार्मिक आस्थाओं से ओतप्रोत है। लोकगीतों में इनका व्यापक स्वरूप दृष्टिगोचर होता है। संस्कार, पुनर्जन्म, देवी देवता आदि के गीत इन्हीं में अन्तर्हित हैं। जन्म से मरण तक षोडश संस्कारों का विधान है। इन संस्कारों के पीछे मंगल एवं कल्याण की भावनाएँ ही काम करती हैं। लोकगीतों में इन संस्कारों का यही स्वरूप प्रकाशित होता है। प्रत्येक संस्कार अवसरविशेष से सम्बन्धित है और उक्त अवसर पर गाये जाने वाले लोकगीतों में इन संस्कारों की बड़ी मार्मिक झाँकियाँ मिलती हैं।

'हाल' की 'गाथा सप्तशती' में इस परम्परा के कई एक स्थलों पर सुन्दर संकेत मिलते हैं। भागवतकार ने भी इसका उल्लेख किया है। वाल्मीकीय रामायण के बालकाण्ड के १२ वें अध्याय का नौवाँ श्लोक एवं रघुवंश के तीसरे सर्ग का १८ वाँ श्लोक भी इसी ओर संकेत करता है। संस्कार गीतों में मुख्यतया प्रसंगानुकूल रीति रिवाज, उल्लास, हर्ष आदि का विश्लेषण होता है। शृंगार का संयोग पक्ष इनका मुख्य वर्ण्य विषय है। बच्चे का जन्म हो जाने के बाद मागधी नारियाँ प्रसूतिगृह में बैठ जाती हैं और गाती हैं —

"अजी दादा लुटावे अनधन सोनमा,
अरे दादी लगावे रेसम के फुदना,
पुरइन पातो से निकले गोपाल ललना ।"

उक्त अवसर पर परिवार के सदस्यों की मनवैज्ञानिक स्थिति का बड़ा ही सूक्ष्म विश्लेषण इन गीतों में मिलता है। यहां एक बात ध्यान में रखने लायक है—वह है पुत्र जन्म के प्रति माता पिता का आकर्षण। शायद इसका मूल कारण यह है कि पुत्र द्वारा वंश परम्परा की रक्षा होती है। वह माता पिता की वृद्धावस्था में अवलंब एवं मरण पश्चात् श्राद्धादि धर्मविहित कर्म सम्पादन करने वाला होता है।

जन्म के साथ ही विवाह संस्कार के प्रति मागधी लोकगीतों का अत्यधिक झुकाव दीख पड़ता है। विवाह के क्रम में उपस्थित होने वाले प्रत्येक विधि-विधान का ये उल्लेख करते हैं। इनके गीतों में एक मनोहर प्रसंग तब आता है जब वह दरवाजे पर पहुँचता है। मुख्य द्वार पर कुछ नारियाँ हाथों में अक्षत पान एवं दीप धूप सुवासित थाल लिए खड़ी रहती हैं। अगल बगल के छज्जे स्त्रियों से खचाखच भरे रहते हैं। अजीब समां होता है। प्रसन्न चेहरों पर उल्लास चमकता है। पटाखों की आवाज वातावरण में जोश पैदा करती है और उठती रहती है थरथरानी, सिहरन भरी एक लय एक ताल पवन तरंगों में थिरकती गीतों की सुमधुर झंकार—

नदिया किनारे नैया लायो रे, झँपकि बूँदा बरसे।
बाबू मोरा है अलबेला रे नजरियो ना लागे ॥

देवी देवताओं के गीत भी भावना परिवेश में आते हैं। इन गीतों में प्रायः राम कृष्ण, महादेव तुलसी, शीतला गंगा आदि के रूप गुणों का उल्लेख होता है। इस प्रसंग में कुछ बातें विशेष द्रष्टव्य हैं। राम एवं कृष्ण जो परमेश्वर के अवतार माने जाते हैं लोकगीतों में सामान्य जन का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके रूप उनके प्रेम आदि में जन जीवन ही मुखर होता है। यथा—

जनक दुलारी, गेलन फुलवारी
ले ले सखियन दस संग।
चम्पा चटक चमेली तोडलन,
चीर गुलाबी रंग।
भले रघुनाथ के दीठ पडल ॥

कितना सुन्दर गीत चित्र है। एक अन्य गीत में कृष्ण के माध्यम से सामान्य जीवन का हास-परिहास अति सुन्दरता से व्यक्त किया गया है—

"छोटे मोटे ग्वालिन देखन बड सुन्दर,
चली अयलन दहिया बेचन हो रामा।
इ पारे मथुरा उ पारे गोकुला,

बीचे ठइयाँ कान्हा धयलन बहियाँ हो रामा ।
छोड़ू छोड़ू कान्हा रइया, हमरो अँचरवा,
पड़ो जयतो, दही के छिटकवा हो रामा ।
तोरा लेखे अगे ग्वालिन दही के छिटकवा,
मोरा लेखे अतर गुलबवा हो रामा ।

महादेव से सम्बद्ध गीतों में अद्‌भुत रस का पूर्ण परिपाक हुआ है । यथा—

मथवा जे अइले महादेव, बड़े-बड़े जट हे ।
कंधवा जे अइले महादेव, बघिनी के छाल हे ॥
परछे बाहर भेलन सासु हे मदारन ।
गोहुमन सप्पा छोड़ले फुफकार ॥
भला सासु भला गेलऽ हे डेराई ॥
तोरा लेखे अहे सासु गोहुमन साँप ।
मोरा लेखे अहे सासु गज माता हार ॥

जड चेतन का समन्वय—

मगधी लोकगीतों में जड़त्व में चेतनता के आरोप के अनेक उदाहरण मिलते हैं । मगध की जनता के लिए गंगा एक सामान्य नदी नहीं, एक देवी[1] है, जिसमें दुखों को दूर कर सुखों से भरपूर करने की पूरी शक्ति है । उसका रूपायन एक नारी के रूप में होना है, जो माँगों में टिकुली 'साटनी' है, ओढनी ओढती है एवं नाक में नथ पहनती है । चारों घाटों के बीच खेलती रहती है । कितना सुन्दर रूप खड़ा किया गया है । इसी प्रकार 'शीतला'[2] भी एक देवी के रूप में वर्णित एवं चित्रित हुई हैं । गीतों में 'शीतला देवी' का उल्लेख प्राय उनकी सात बहनों के साथ होता है । सब के रूप, प्रकृति, रुचि एवं महिमा का गीतों में विस्तृत वर्णन होता है ।

अलौकिक तत्त्वचिंतन प्राय उन लोकगीतों में मिलता है, जिसे फकीर गाते चलते हैं । ब्रह्म क्या है ? विश्व को किसने बनाया ? जीवात्मा को कौन प्रेरित करता है ? आदि जिज्ञासाओं की विशद् चर्चा उनमें मिलती है । उन लोकगीतों के अध्ययन से पता चलता है कि उनमें जो भावनाएँ संजोयी गई हैं, वे प्राचीन परम्परा से प्रभावित हैं । यह प्रभाव उनमें किस प्रकार आया, कहना मुश्किल है । उदाहरण के लिए एक मगही गीत प्रस्तुत है—

साधो लोक से पराइ, गुन गाइ गाइ बहुरी न आवइ एना ।
ककरे बले विषया में, लगाई पेसल मनमा,
कउन जे ढुलकावे, उत्तम जोड़ी में परनमा ।

---

१ देखिए इसी संग्रह में गंगा-सम्बन्धी गीत ।
२. देखिए इसी संग्रह में शीतला-देवी-सम्बन्धी गीत ।

ककरे बले अँकुरइ, कठ मे वचनमा,
कउन देव देलक मोरा कान अउ नयनहाँ ।
कनमों के कान साधो, मनमो के मनमा,
वचनों के वाक से, उ परनमों के परनमा ।
अँखियो के आँख, भिन्न भिन्न रूप धारी,
ओकर प्रतापे आहो में रहे सनचारी ।

स्पष्ट है कि उपर्युक्त पंक्तियों पर कठोपनिषद् के निम्नांकित मंत्रों का प्रभाव है —

केनेषितं पतति प्रेषित मन, केन प्राण प्रथम प्रैति युक्त।
केनेषिता वाचमिमा वदन्ति चक्षु श्रोत्र क उ देवो युनक्ति ॥
श्रोत्रस्य श्रोत्र मनसो मनो यद् वाचो ह वाच स उ प्राणस्यप्राण
चक्षुषश्चक्षु रतिमुच्य धीरा, प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति ॥

लोकगीतों के माध्यम से जन जीवन का एक और पहलू सामने आता है—वह है प्रकृति से उसका तादात्म्य सबंध। लोकगीतों म प्रकृति से मानवीय सम्पर्क की जितनी सरल एव सरस व्याख्या मिलती है उतनी अन्यत्र दुर्लभ है। यह स्वाभाविक ही है। कारण लोकगीत मानवसमाज की उन श्रेणियों मे ज्यादा गूंजते हैं जिन पर आधुनिक सभ्यता का प्रकाश बहुत कम पड़ा है।

मगही लोककथा गीत

वस्तुत ये लोकगीत ही हैं पर इसमें कथातत्त्व की प्रधानता होती है। इन लोककथा गीतों का प्रारभ प्राय उस घटना के किंचित विस्तृत वर्णन से होता है जो सम्पूर्ण कथा भाग का बीजरूप होता है। मध्य म इन कथाओ का वर्णनात्मक विस्तार चलता रहता है। अत प्राय कारुणिक अभिव्यक्ति से होता है। यह कारुणिकता उस पात्र के आश्रित होती है, जो कथा के परिणाम का भोक्ता होता है।

उदाहरणार्थ एक-दो मगही लोककथागीतों को देखा जा सकता है। एक की नायिका है—**'दौलत'**[1] जिसके जीवन का कारुणिक अवसान पिता के धार्मिक अधविश्वास के आवर्त में होता है। कथा का सारांश यों है—एक राजा ने पोखरा खुदवाया, जिसमें पानी नहीं आया। ज्योतिषियों ने कहा—"पोखरे म पानी तभी आ सकता है, जब आप अपनी कन्या दौलत का बलिदान दगे।" राजा ने हजाम भेज कर छल से अपनी विवाहिता कन्या दौलत को बुलवाया। जैसे ही वह पिता की ड्योढ़ी पर पहुँची, माँ ने कहा—'बेटी! हाथ में सिंदूर का सिनोरा लो और पोखरा पूज कर घर में आओ।' दौलत जैसे ही पोखरा पूजने को प्रविष्ट हुई कि उसमें पानी आने लगा। क्रमश पानी उसके पैर, ठेहुना, कमर, गर्दन को छूता लिलार की टिकली तक पहुँच गया। वह आर्त्तनाद करती रही, पर किसी ने उसे नहीं बचाया। अन्त में वह डूब गई। पुत्री के इस निष्करुण बलिदान के बाद सचमुच पोखरा पानी से लबालब भर गया।

---

1 देखिए इसी सग्रह में पृ० ९१ ९२ तक।

दोलन के इस कथागीत के अनेक प्रतिरूप भारत के विविध क्षेत्रों में मिलते हैं ।[1] कथा-प्रधान इस गीत में 'नरबलि प्रथा' में सामान्य जन की आस्था का तत्त्व हमारा ध्यान आकृष्ट करता है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखने पर पता चलता है कि "नरबलि-प्रथा" का उल्लेख प्राचीनतम भारतीय साहित्य वेदों तक में सुरक्षित है। परवर्ती वैदिक साहित्य में शुनःशेप की बलि की पूरी कहानी है । वरुण आर्य देवता है, फिर भी नर-बलि लेने के लिए आग्रहशील है। आर्य ऋषियों के समक्ष पूरे अनुष्ठान के साथ बलि होने जा रही है। शुनःशेप आर्य अजीगर्त का पुत्र है। अजीगर्त स्वयं अपने पुत्र की बलि देने को प्रस्तुत है ।[2]

एक दूसरा मगही कथागीत है जिसकी नायिका 'चंपिया' है। यह सामन्तशाही के प्रतीक राजा की लावण्य लिप्सा में अपने सतीत्व की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करती है कथा का सारांश यों है— अद्वितीय सुन्दरी चंपिया पोखरा से स्नान करके वहीं अपने लम्बे केश झाड़ने लगती है। राजा नारायण सिंह की दृष्टि उस पर पड़ जाती है और वह मुग्ध हो जाता है । वह चंपिया के भाई गंगाराम के बुलाकर चंपिया की माँग करता है। गंगाराम के इनकार करने पर राजा उसे बंदी बना लेता है। चंपिया की भाभी चंपिया के रूप की भर्त्सना करती है और कहती है— 'तेरे रूप के कारण ही मेरे स्वामी बाँधे गये।' चंपिया मर्माहत होकर भाई को छुड़ाने का निश्चय कर लेती है। वह गोद के बालक को भाभी को देकर सोलहों शृंगार के साथ राज-दरबार पहुँच कर भाई को छुड़वा देती है। स्वयं राजा के साथ महल की ओर चलती है। राह में चंपिया के पिता का बनवाया पोखर है। जब डोली पोखर के पास पहुँचती है, तो वह प्यास का बहाना करके, राजा से अनुमति लेकर पोखर पर पहुँचती है। वहीं पानी पीने के क्रम में

---

१ (क) श्री रामनरेश त्रिपाठी ने "सीतापुर" में निम्नांकित आशय का कथागीत पाया था— राजा अजीत सिंह के एक कन्या हुई, जिसका नाम दौलत देवी रखा गया। राजा ने बारह वर्ष तक तालाब खुदवाया, पर पानी न निकला। ज्योतिषियों ने कहा— "पोखरे को दौलत बेटी का बलिदान चाहिए।" दुःखी राजा ने अपनी सतवन्ती रानी से सारी बातें कहीं। पति की प्रतिष्ठा रक्षा के लिए अपनी प्राण-प्यारी पुत्री की बलि के लिए रानी तैयार हो गई। सारी सभा के सामने दौलत के बलिदान के साथ ही, पोखरा पानी से भर गया। पुत्री बलिदान में विह्वल राजा को रानी ने ही आश्वासन दिया— 'तुम्हारी बेटी ने तुम्हारा नाम रख लिया।"

(हमारा ग्राम साहित्य - पृ० १६४-६६)

(ख) श्री श्याम परमार ने इसी प्रसंग को 'बालाबऊ' के गीत में प्रस्तुत किया है। यह गीत मालवा में, विशेष रूप से मध्यभारत के शाजापुर, देवास और उज्जैन जिले के गाँवों में गाया जाता है। इससे मिलता-जुलता एक दूसरा कथा-गीत निमाड़ी में प्रचलित है।

(भारतीय लो० सा० पृ० १४८-६४)

(ग) ब्रजभाषा की "ओघ द्वादशी" की कहानी से भी उपर्युक्त कहानियों की समानता है। (डा० सत्येन्द्र "भारतीय साहित्य" : वर्ष ३, अंक ३ - जुलाई १९५८)

२. वाजसनेयी संहिता में नर-बलि का उल्लेख है। श्री राजेन्द्र लाल मित्र ने सन् १८७५ के "जर्नल आव एशियाटिक सोसायटी" में "भारत में नर-बलि" शीर्षक निबंध लिखा था। इसमें उन्होंने स्थापनाएँ की थीं कि प्राचीनकाल में हिन्दू अपने देवताओं को नर-बलि देने में सक्षम थे। ऋग्वेद का शुनःशेप का मंत्र नर-बलि अथवा पुरुषमेध यज्ञ से ही संबद्ध है।

आत्म-बलि-दान कर लेती है।[१]

उपर्युक्त मगही लोककथा गीत के विभिन्न रूपान्तर अन्य भारतीय लोकभाषाओं में मिलते हैं।[२] इन कथागीतों से मध्ययुगीन सामाजिक स्थिति एवं 'सतीत्व' आदि हिन्दू नारी आदर्शों पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

उपर्युक्त कथागीतों के सम्बन्ध में कुछ तथ्य द्रष्टव्य हैं। प्रायः इनका गायन वर्षा ऋतु में होता है। जब वर्षा होने में विलम्ब होता है, तब स्त्रियां अर्धरात्रि के पूर्व एकत्र होकर करुण स्वर से इन्हें "ठोने" के रूप में गाती हैं। उनका इस सम्बन्ध में विश्वास होता है कि उनके करुण स्वर से बलिदान के गीत गाने पर इन्द्र भगवान प्रसन्न होकर जल की वर्षा अवश्य करेंगे। ऐसी अनेक कथाएं भारतीय एवं विदेशी साहित्य में उपलब्ध होती हैं, जिनमें किसी आकांक्षा की पूर्ति या देवी देवता के क्रोध को शान्त करने के लिए 'नर बलि' का उल्लेख मिलता है। कुछ दिनों से 'नर बलि' की प्रथा उठ गई है। पर, अभी भी परम्परा के रूप में यह जन-विश्वास चल रहा है कि यदि बलिदान की कहानी दुहरा दी जायेगी, तो मानसिक रूपेण वास्तविक बलिदान हो जायेगा और देवता प्रसन्न होकर कामना पूर्ण अवश्य करेंगे।

मगही लोकनाट्य गीत

'गीत' और 'नाट्य' का सम्बन्ध प्राचीन काल से चला आ रहा है। मगही में ऐसे अनेक गीत हैं, जो गेय होने के साथ ही अभिनेय भी हैं। मूलतः ये लोक के गीत हैं, इसलिए इनमें लोकजीवन विशेषतः नारी के जीवन के विविध व्यापारों का वर्णन मिलता है। फिर उन्हीं का विभिन्न हर्ष उल्लास के अवसरों पर अभिनय किया जाता है। इन विशिष्ट प्रकार के (लोकनाट्य) गीतों का क्रम प्रश्नोत्तर शैली में निम्नांकित ढंग से चलता है—

स्त्रियों का एक दल मिल कर गाता है—

---

१ इस कथागीत का एक अन्य मगही प्रतिरूप भी मिलता है। इसमें चनिया के स्थान पर 'भागवन' का वर्णन मिलता है। इसमें वह ओसारे पर नहीं, झरोखे पर बैठी सोने की कंघी से केश झाड़ती दीख पड़ती है। रूप लोभी राजा नारायणसिंह के स्थान पर एक मुगल शासक "मिर्जा रसिया" है। भाई गंगाराम के स्थान पर होरिलसिंह है। अन्य कथा प्रसंग पूर्ववत् हैं।

२. श्री रामनरेश त्रिपाठी ने इस गीत के कई प्रतिरूप प्रस्तुत किए हैं। यथा बिहार में पाये जाने वाले गीत की नायिका है—'भागवन'। भाई है—'होरिलसिंह।' दुर्जन है 'मिरजा रसिया'। फैजाबाद से प्राप्त गीत में नायिका है—'कुसुमा' पिता 'जिउधन' है, लुटेरा—'मिर्जा' है। बलिया से प्राप्त गीत में बहन 'कुसुमा' है, भाई 'गंगाराम' है एवं लुटेरा 'मिरजा' है। इसी वर्ग के एक अन्य गीत में नायिका 'कुसुमा' है और लुटेरा 'भोजमन' है, शेष घटनाएँ मिलती-जुलती हैं।

[कविता कौमुदी—भाग—५ पृ० ३६८—३८१]

"कहवाँ से रूसले कहाँ जा हऽ हे बगुलो ?

नाट्यगीत की नायिका 'बगुली' अपने दल के साथ उत्तर देती है—

"ससुरा के रूसल नहिरा जा ही हे दीदिया।"

—इसी प्रकार आगे की पंक्तियों का साभिनय उच्चारण किया जाता है।

सामान्यतया इन लोकनाट्य गीतों की भाषा सरल, स्वाभाविक और अकृत्रिम होती है और भावों का प्रेषण सहज भाव से सम्पन्न होता है। इनके रंगमंच खुले मैदान, घर के आँगन, खलिहान, परती खेत, बाग-बगीचा, पथ, मन्दिर या ग्राम के चौपाल होते हैं। स्वभावतः इन पर पर्दे का व्यवहार नहीं होता, न रंगमंचीय सजावट होती है। अभिनय भी वैयक्तिक भावनाओं का प्रकाशक नहीं होता है। प्रायः समूह, जाति अथवा समाजविशेष की भावनाएँ ही सामूहिक अभिनय के रूप में व्यक्त होती हैं। जहाँ तक पात्रों का प्रश्न है, पुरुषों के नाटक में केवल पुरुष पात्र ही भाग लेते हैं और स्त्रियों के नाटक में केवल स्त्रियाँ ही भाग लेती हैं। आवश्यकतानुसार अपने नाटक में पुरुष स्त्रियों की भूमिका में स्त्रियोचित वेश-भूषा के साथ उतर आते हैं और स्त्रियाँ पुरुषों की भूमिका में पुरुषोचित वेश-भूषा के साथ उतर आती हैं। स्त्रियों के नाटकों के विषय सीमित होते हैं। वे प्रधानतः पारिवारिक जीवन के विविध पक्षों, सम्बन्धों एवं गार्हस्थ्य जीवन की विविध अनुभूतियों को व्यक्त करने योग्य कथानक चुनती हैं, जब कि पुरुषों के नाटकों में सामाजिक कथानकों के अतिरिक्त पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक कथानकों को भी स्थान दिया जाता है। जहाँ तक इन नाटकों के दर्शकों का प्रश्न है, स्त्रियाँ अपने नाटकों में पुरुषों के लिए प्रतिबन्ध रखती हैं। स्त्रियों के नाटकों की दर्शिका स्वयं स्त्रियाँ ही होती हैं, जब कि पुरुषों के नाटकों में ऐसा कोई प्रतिबन्ध नहीं होता। उनके नाटक स्त्री-पुरुष समान रूप से देख सकते हैं।

मगही-क्षेत्र में स्त्रियों द्वारा अभिनीत होने वाले 'लोक नाट्यगीत' अनेक हैं, जो अद्यावधि *लोककंठ में ही बसे हैं। इन पंक्तियों की लेखिका ने इस वर्ग के चार नाट्यगीतों का संकलन-संपादन किया है।* वे ये हैं—

(क) बगुली

(ख) जाट-जाटिन

(ग) सामा-चकवा

(घ) डोमकच

'बगुली' में गार्हस्थ्य धर्म की मर्यादाओं पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। इस नाट्यगीत के आरंभ में 'बगुली' एक लालची वधू के रूप में प्रस्तुत होती है। उसकी इस प्रकृति की सभी महिलाएँ आलोचना करती हैं। बगुली रुष्ट होकर नैहर भागना चाहती है। दूसरे दृश्य में बगुली नदी-तट पर मल्लाह से उस पार नैहर पहुँचाने की प्रार्थना करती होती है। मल्लाह उस पार पहुँचाने के मूल्य में उससे कोई न कोई आभूषण ठगना चाहता है। पर, वह इस पर

राजी नहीं होती। अन्त में वह दस्वा 'यौवन' मगता है, जो एक कुलीन वंश की महिला के लिए अदेय है। यही वजुली की चेतना को गहरी ठोकर लगती है। उसे घर की सीमाओं को लाँघने के कुफल का ज्ञान हो जाता है और वह घर लौट आती है। शेष नाट्य गीतों में भी गार्हस्थ्य जीवन के सम्बन्ध में कोई न कोई सीख मिलती है। ये सीख सरल कथानक पर आधारित है। यथा—"जाट-जाटिन" में "जाटिन" नहर के दम्भ पर व्यंग्य करना दिखाता है, पर जाट उस गार्हस्थ्य जीवन की सफलता की कुंजी "विनय" की सीख देता है। "सामा-चकवा" में भाई-बहन के पवित्र स्नेह सम्बन्ध की मर्मस्पर्शी व्यंजना हुई है। डोमकच का अभिनय घर के घर पर बारात के चले जाने के बाद रात्रि में होता है। सस्ता उद्देश्य मनोरंजन है पर मूलतः इसमें पुरुषों से प्रायः सूने घर के सरक्षा (चौकसी) का भाव निहित होता है।

मगध क्षेत्र में पुरुषों द्वारा अभिनीत होने वाले नाट्य विभिन्न पर्व त्योहारों के अवसर पर सम्पन्न होते हैं। कतिपय उल्लेख्य नाट्य हैं—स्वांग, नौटंकी रामलीला, रासलीला बिदेसिया आदि। स्वांग को लोकधर्मी नाट्य परम्पराओं में विशेष महत्त्व प्राप्त है। इसमें शृंगार-प्रवृत्तियों को बहुत छूट मिली होती है। हास्य की भी प्रधानता रहती है। स्वांग करने-वाले की वेशभूषा ऐसी होती है कि हँसी आये बिना नहीं रह सकती। विषय का चुनाव भी हास्य प्रधान होता है। स्वांग बना कर लोग विविध स्थानों में घूमते हैं। इनके पात्रों के साथ बहुत लोगों की टोली चलती है। स्वांग का अभिनय विशेष कर होली, सतुआनी आदि के अवसर पर होता है। 'नौटंकी' स्वांग का ही एक भेद है। इसमें भी शृंगार तथा हास्य की प्रधानता होती है। 'रामलीला' में रामचरित मानस की कथा के आधार पर राम की विभिन्न लीलाओं का अभिनय किया जाता है। कौशल्या सुमित्रा, कैकेयी सीता आदि नारी पात्रों का अभिनय भी पुरुष ही करते हैं। दशहरे के अवसर पर रामलीलाएँ अधिक प्रदर्शित की जाती हैं। रासलीला में गोपियों के साथ ब्रज में कृष्ण लीलाएँ दिखलायी जाती हैं। ये लीलाएँ प्रायः नृत्य गान संयुक्त होती हैं। 'बिदेसिया' बिहार का विख्यात लोकनाट्य है। इसका कथानक प्रेम प्रसंग एवं सामाजिक समस्याओं के संदर्भ को लेकर चलता है। विशेषकर सामाजिक कुरीतियों पर इसमें करारी चोट की जाती है।

मगही लोकगाथा[1]

सामान्य स्वरूप

मगही लोकगाथाओं का भंडार विशाल एवं अपार समृद्धियों से परिपूर्ण है। पर ये रत्न यों ही मार्ग में बिखरे नहीं मिलते। उनकी खोज करनी होती है, समुद्रों का अतल छानना होता है

१ विविध भाषाओं में 'लोकगाथा' की भिन्न भिन्न संज्ञाएँ हैं—

	भाषा या बोली	नाम
(क)	गुजराती	कथा गीत / पवाड़ा।
(ख)	राजस्थानी	गीतकथा / पवाड़ा।
(ग)	ब्रज	प्रबन्ध गीत / पमारा।
(घ)	महाराष्ट्री / छत्तीसगढ़ी	पँवाड़ा।
(ङ)	मालवा	पवाड़ो

और रानी की अंधेरी गहराइयां मापनी होती हैं। मगही लोकगाथाओं का विपुल भंडार भी सर्व समक्ष आ सके इसके लिए सोत्साह लगन एवं परिश्रम की जरूरत है। अपने सीमित सामर्थ्य एवं प्राप्त सुविधाओं के बल पर इन पंक्तियों के लेखक ने जो कतिपय मगही लोकगाथाओं का संकलन किया है उसकी कुछ सामान्य विशेषताएं यों प्रस्तुत की जा सकती हैं।

मगही लोकगाथाओं के रचयिता प्राय अज्ञात हैं। उनके जन्म मरणादि का विवरण तो दूर नामोल्लेख आदि का ज्ञान भी असंभव है। ये लोकगाथाएं लोक में परम्परा से पलती रही हैं अतः इनके प्रामाणिक मूलपाठ का अभाव है और वह स्वाभाविक भी है। कारण, अपने रचयिताओं के हाथों से निकल कर जब ये लोकगाथाएं समाज की थाती बन गई होंगी, तो कालान्तर में उनके रूपाकृति एवं भाषा में अनेकानेक परिवर्तन अपरिहार्य हो गये होंगे। यही कारण है कि इन लोकगाथाओं के पाठान्तर सहज भाव से दृष्टिगोचर हो जाता है। लोरिकाइन, 'गोपीचंद' कुंअर विजयी आदि भी गाथाएं उत्तर भारत के प्राय सभी क्षेत्रों में अति लोकप्रिय हैं। अतः यह कह सकना कठिन है कि किस क्षेत्र में प्रचलित लोकगाथा का पाठ प्रामाणिक है।

सभी मगही लोकगाथाएं गेय हैं। उनकी अपनी संगीत पद्धति है। जो भी लोकगाथा होती है, उसके साथ वैसा ही वाद्ययंत्र बजाया जाता है। यथा—वीररसात्मक लोकगाथाओं के साथ ढोल बजाया जाता है। गायक का स्वर ऊंचा होता है। योगियों द्वारा गायी जाने वाली लोकगाथाओं की संगत सारंगी से बैठती है। उनके स्वर करुण एवं शान्त होता है। यह संगीत गाथाओं के श्रवण से उत्पन्न वाले प्रभाव को गंभीर बनाने में अपना महत्वपूर्ण एवं अपरिहार्य योगदान रखता है। यही कारण है कि बिना संगीत के गाथा सुनने का कुछ मूल्य नहीं रह जाता। संगीत के साहचर्य से ही गाथाओं का अपेक्षित प्रभाव पड़ता है।

विस्तार की दृष्टि से मगही लोकगाथाएं प्राय बड़ी हैं। कुछ अनेक ऐसी हैं जिनका विस्तार महाकाव्य से कम नहीं है। उदाहरणार्थ 'लोरिकायन' को देखा जा सकता है। कथानक की इस विशालता के कई कारण हैं। एक तो यह कि इनमें विविध पात्रों के जीवन का सांगोपांग वर्णन होता है। दूसरा यह कि लोकगाथा के निर्माण में संपूर्ण समाज का सामूहिक योगदान रहता है। प्रत्येक व्यक्ति उसमें कुछ न कुछ जोड़ता जाता है। इस प्रकार नवीन कथानकों के जुड़ाव से कालान्तर में गाथाओं की आकृति विशाल हो जाती है। अपनी विशालता के बाद भी मगही

(च)	अंगरेजी	पापुलर सांग / बैलेड।
(छ)	भोजपुरी / मगही	लोकगाथा / पंवारा।

मगही में 'पँवाड़ा' शब्द 'पँवरिया' नामक विशेष जाति से संबंध रखता है। 'पवरिया' लोग भाड़ या नर्तक जाति के अन्तर्गत आते हैं। ये लोग पुत्र जन्म, विवाह आदि शुभ संस्कारों के अवसर पर अपने यजमान के यहां पहुंचकर पवारा गाते हैं। इनके गीतों में 'सोहर' 'भ्रमर तथा राजा पुरुषोत्तम की प्रशस्ति की प्रधानता रहती है। इनका गान नृत्य से सम्बन्ध रखता है। गान और नृत्य के साथ तुरही, घंटी और ढोलक भी बजाये जाते हैं।

लोकगाथाएं अपने रचयिताओं के व्यक्तित्व से अप्रभावित हैं। ऐसा लगता है कि सभी वर्गों के पात्रों एवं सभी प्रकार की घटनाओं तथा परिस्थितियों के चित्रण के बाद भी उनकी दृष्टि हमेशा स्वयं में तन्मय रही है और उनका मन मुख्यतः लोकानरीक्षण एवं लोक संवेदना में ही रहा है। स्थानीयता का पुट इनमें भरपूर है। प्रायः मगह समाज में प्रचलित सभी संस्कार, पूजा पाठ व अन्य धार्मिक विश्वास का इनमें सम्पूर्ण भाव में प्रवेश दीखता है। इसके बावजूद इनमें नयी दृष्टि में उपदेशात्मक अथवा प्रचारात्मक प्रयास का अभाव पाया जाता है। यह अन्य बात है कि अप्रत्यक्ष रूप से इनमें शुभाशुभ, मानापमान के प्रति प्रेम तथा भक्ति, कर्तव्यनिष्ठा, साहस, शौर्य, प्रेम, मित्रता आदि के सन्देश भरे हैं। पर रचयिता का लक्ष्य उपदेशात्मक नहीं है। यत्र-तत्र शिक्षाएं अगर मिलती भी हैं तो वह तटस्थ है। शिल्प तत्त्व की दृष्टि से इन लोकगाथाओं में अलंकरण का अभाव दृष्टिगोचर होता है। ये सही अर्थ में लोक-काव्य (Poetry of Folk) हैं। आदिम मानव हृदय की अनुभूति एवं स्वाभाविक उद्गार की अत्यन्त सरलता एवं आत्मीयता में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति ही यहाँ प्रधान है। लोकगाथाओं का अज्ञात कवि शब्दबद्ध साहित्य रचने का अपना आधार बना कर नहीं चलता है। यह अन्य बात है कि स्वाभाविक रूप में कुछ अलंकार रस-तत्त्वादि का समावेश उनमें दीखता है। वस्तुतः उनका प्राण तत्त्व उनकी सहज अभिव्यक्ति की स्वाभाविकता, सादगी, सरलता, सात्त्विक अनुभूति एवं नैसर्गिक प्रवाह में सन्निहित होता है।

मगही लोकगाथाओं का वर्गीकरण

लोकगाथाओं का वस्तुविषयक वर्गीकरण का विषय[1] को ही आधार बनाना समुचित है। इससे यह सरलता से ज्ञात हो जाता है कि किस गाथा में कौन भावना प्रमुख है। अतः विषय की दृष्टि से मगही लोकगाथाओं को निम्नांकित वर्गों में प्रस्तुत किया जा सकता है—

१. वीरकथात्मक लोकगाथाएँ
२. प्रेमकथात्मक लोकगाथाएँ
३. रोमांचकथात्मक लोकगाथाएँ
४. योगकथात्मक लोकगाथाएँ, और
५. अलौकिक शक्ति प्रधान लोकगाथाएँ।

मगही की वीरकथात्मक लोकगाथाओं के रूप में आल्हा, लोरिकायन, कुँअरविजयी छतरी घुघुलिया आदि को देखा जा सकता है। 'आल्हा' लोकगाथा के नायक आल्हा

---

१. मगही लोकगाथाओं के वर्गीकरण के लिए दो आधार अपनाए जा सकते हैं — (१) आकार एवं (२) विषय। 'आकार' की दृष्टि से मगही में दो प्रकार की गाथाएँ मिलती हैं लघु एवं वृहत्। 'लघु' गाथाओं को लोकगाथागीत की संज्ञा दी गई है और उन पर पहले विचार भी हो चुका है। वृहत् गाथाएँ महाकाव्य के समान विराट हैं। एक-एक गाथा का सम्पूर्ण वर्णन में महीनों का समय लग सकता है। यथा—लोरिकायन, कुँअरविजयी आदि।

उदाहरण है। इसमें दोनों वीरों के बावन युद्धों का वर्णन है। दोनों ने युद्धों में अद्वितीय वीरता दिखलाई है। प्रत्येक लड़ाई का कारण विवाह है। इस गाथा में अनेक राजाओं एवं स्थानों के वर्णन आये हैं, पर उनमें पृथ्वीराज चौहान, जयचन्द, परमाल, महना आदि मुख्य हैं। प्राय: बरसात के दिनों में टोलकों पर आल्हा गाया जाता है। जनविश्वास है कि इसके गाने से पानी बरसता है। यद्यपि 'आल्हा खण्ड' बुन्देली लोकगाथा है, तथापि मगही क्षेत्रीय प्रभावों के साथ यह मगध क्षेत्र में पर्याप्त लोकप्रिय है। 'लोरिकायन'[1] में अहीर जाति के अद्वितीय वीर एवं लोरिक के अद्भुत वीरचरित एवं उत्साहवर्द्धक जीवन गाथा का वर्णन है। 'लोरिकायन' अहीरों का जातीय काव्य है जिसे वे अपने यहाँ के सभी मांगलिक एवं शुभ कार्यों के अवसर पर बड़े प्रेम, उत्साह और श्रद्धा से गाते हैं। राम गाथा 'रामायण' के अनुकरण पर इस काव्य का नामकरण 'लोरिकायन' हुआ है। मगही में इसकी सत्ता 'लोरकी' या 'लोरकायन' है। "कुँअरविजयी"[2] में अलौकिक वीरता सम्पन्न कुँअरविजयी के रासलिक गाथा एवं उत्साहपूर्ण जीवन गाथा का वर्णन है। इसी भाँति "छतरी दुसाधवा"[3] में जन्म से ही दैवी कृपापात्र क्षत्रिय राजा घुघुलिया के अद्भुत पराक्रम एवं उदात्त जीवन-गाथा का वर्णन है।

प्रेमकथात्मक वर्ग में मगही की वे लोकगाथाएँ रखी जा सकती हैं, जिनमें केन्द्र भाव के रूप में 'प्रेम' प्रतिष्ठित है। मगही में निम्नांकित प्रेम प्रधान लोकगाथाएँ वर्तमान हैं— रेसमा, शोभानायक, सारंगा सदाबिरिछ, राजा ढोलन आदि। "रेसमा"[4] लोकगाथा की नायिका रेसमा ही है। इसमें उसके निर्व्याज एवं सच्चे प्रेम का मर्मस्पर्शी चित्र प्रस्तुत किया गया है। "शोभानायक" लोकगाथा का नायक शोभान नायक स्वयं ही है। यह व्यापारी वर्ग का है। इसमें युद्ध या रोमांच का दृश्य कहीं नहीं आता। सम्पूर्ण गाथा में शोभानायक और उसकी पत्नी के विरह और प्रेम का ही सुन्दर निरूपण हुआ है। 'सारंगा-सदाबिरिछ' का नायक सदाबिरिछ है और नायिका सारंगा। ये दोनों सहपाठी थे। इसी बीच उनके हृदय में परस्पर प्रेम अंकुरित हो गया। पर बाधा यह थी की सारंगा एक राजा की बेटी थी और सदाबिरिछ एक साधारण नागरिक का बेटा था। फिर सारंगा विवाहिता थी और सदाबिरिछ अविवाहित था। प्रेम मार्ग में अनेक कठिनाइयाँ आती हैं, पर अन्त में दोनों प्रेमियों का मिलन हो जाता है। इस गाथा में दोनों के प्रेम, प्रेम पथ की बाधाओं एवं अन्तिम मिलन का अत्यन्त मर्मस्पर्शी चित्रण हुआ है। 'राजा ढोलन' में राजा ढोलन की प्रेमकथा वर्णित है। इनका विवाह बाल्यकाल में ही "मंगा" नामक कन्या से हो गया था, पर अनेक बाधाओं के कारण चिर काल तक दोनों

---

१ "लोरिकायन" के कई प्रतिरूप मगध क्षेत्र में उपलब्ध होते हैं। पर इनमें एक प्रतिरूप को ही लिपिबद्ध करने का अवसर मुझे मिल सका है। इस पर इसके गायक का कहना था कि वह अति संक्षेप में लिख रहा है। इस सम्बन्ध में उक्ति प्रचलित है— 'सात काड रमायन, अनगिनत काट लोरकायन'। देखिए—इसी संग्रह में पृ० १००—१३-।

२ देखिए—पृ० १६२—१७०।

३. देखिए—पृ० १४४—१५३।

४. देखिए पृ० १५४—१६१।

का मिलन न हो सका। बचपन में ही विवाह हो जाने के कारण दोनों को अपने परिणय-बंधन की जानकारी तक न थी। बड़े होने पर जब दोनों को पता चला तब मिलन के लिए प्रयत्न करने लगे। अन्त में टोनन ने मार्ग की सारी बाधाएं नष्ट कर डाली और अपनी पत्नी का द्विरागमन कराया। सारी गाथा प्रेम और विरह से परिप्लावित है।

रोमांच कथात्मक लोकगाथाओं के उदाहरण स्वरूप सती बिहुला, सोरठी आदि मगही लोकगाथाएं रखी जा सकती हैं। 'सती बिहुला' लोकगाथा की नायिका बिहुला है, जिसके सतीत्व की महत्ता सम्पूर्ण गाथा में प्रतिपादित की गई है। इसका सतीत्व उसी श्रेणी का है जिस श्रेणी का सती सावित्री का था। अपने सतीत्व के बल से वह अनेक अलौकिक कृत्य सम्पादित करती है। यथा— पत्थर के चावलों से भात सिझाना, पत्थर की मछलियों को तल कर सिझा लेना आदि। वह अपने अखंड सतीत्व के बल से अलौकिक शक्ति सम्पन्न देवी के रूप में प्रतिष्ठित हो जाती है, जो अपने पति बाला लखन्दर को सर्प दंश से मृत्यु के बाद, सदेह स्वर्ग जाकर जीवित लौटा लाती है। बिहुला की सारी गाथा रोमांचकारी घटनाओं से परिपूर्ण है। इस गाथा का सम्बन्ध बंगाल के 'मनसा सम्प्रदाय से माना जाता है। बंगाल में बिहुला देवी की पूजा का व्यापक प्रचार भी है। मगध क्षेत्र में प्रायः नागपंचमी के दिन बिहुला की गाथा गायी जाती है। जनविश्वास है कि इस दिन इस गाथा को सर्प भी बड़े अनुराग से सुनते हैं। इसे गाते समय यदि सर्प दिखाई पड़ जाये तो उसे देवता समझ कर मारा नहीं जाता है। "सोरठी" लोकगाथा की नायिका सोरठी ही है, नायक बिरिजभार है। सोरठी का जन्म एक राजा के घर में होता है, पर एक द्वेषी ब्राह्मण की सलाह से उसका पिता उसे एक काठ की पेटी में बंद कर गंगा में बहा देता है। एक कुम्हार सोरठी को नदी से छानता और उसे पालता है। इसी अलौकिक कृपा से गरीब कुम्हार राजा हो जाता है। बाद में घटना चक्र में पड़ कर वह अपने असली पिता के पास पहुँचती है, जहाँ गोरखनाथ के शिष्य बिरिजभार से उसका प्रेम हो जाता है। बिरिजभार अनेक साधनाओं एवं तपों के बाद गुरु गोरखनाथ की कृपा से उसे पाता है। अन्त में दोनों में विवाह हो जाता है। इस गाथा में दोनों नायक नायिका दिव्य एवं अलौकिक शक्ति-सम्पन्न हैं। सारी कथा रोमांचकारी घटनाओं से पूर्ण है। यथा—सोरठी के स्पर्श से काठ के सन्दूक का स्वर्ण मञ्जूषा में परिणत हो जाना, बिरिजभार का कई बार मृत्यु की गोद में सोने पर भी जीवित हो जाना, अनेक पात्र पात्रियों का सदेह स्वर्ग जाना आना इन्द्र से मिलन एवं अप्सराओं का धरती पर आगमन आदि।

योगात्मक वर्ग में वे गाथाएँ आती हैं, जिनमें योग एवं वैराग्य की कथाएँ वर्णित होती हैं। मगही में ऐसी दो गाथाओं की जानकारी मुझे मिली है— १) **राजा भरथरी** और (२) **राजा गोपीचन्द**। **"राजा भरथरी"** की गाथा के नायक स्वयं राजा भरथरी (भर्तृहरि) ही हैं। इनकी गणना नवनाथों में होती है। इनका सम्बन्ध उज्जैन के राजवंश से था। इनकी पत्नी का नाम **सामदेई** था और बहन का नाम **मैनावती**। 'मैनावती' गोपीचन्द की माता मानी जाती हैं। इस प्रकार गोपीचन्द राजा भरथरी के भांजे ठहरते हैं। भरथरी ने गुरु गोरखनाथ का शिष्यत्व ग्रहण कर राज्य का परित्याग किया था। इनकी गाथा में प्रधानतः भरथरी और रानी सामदेई की कथा वर्णित है। गुरु के आदेश पर भरथरी अपनी पत्नी सामदेई

को "मा" कह कर भिक्षा मांगते हैं। इस समय का दोनों का संवाद बड़ा मर्मस्पर्शी है। इस गाथा में नाथधर्म के व्यावहारिक पक्ष की बड़ी सुन्दर व्यंजना हुई है।" राजा—गोपीचन्द[1] की गाथा में गोपीचन्द के वैराग्य का मर्मस्पर्शी वर्णन हुआ है। ये भी नवनाथों में एक हैं, जिनका नाथ सम्प्रदाय में बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनकी माता जलन्धरनाथ की शिष्य थीं और कहा जाता है कि माता के ही आग्रह पर गोपीचंद ने युवावस्था में वैराग्य धारण किया था। पर गोपीचन्द की गाथा के मगही प्रान्तर में माता मैनावती सामान्य माताओं की भाँति मातृसुलभ कोमलता एवं करुणता से ओत प्रोत दिखाई देती है। वे पुत्र को वैराग्य ग्रहण करने से रोकती हैं, और न रुकने पर रोती है। गोपीचन्द के वैराग्य के समस्त प्रसंग बड़े कारुणिक हैं। माता मैनावती और बहन बिरना से गोपीचन्द का संवाद बड़ा मर्मस्पर्शी उतरा है। योगात्मक वर्ग के अन्तर्गत आने वाली गाथाओं के गायक "जोगी जाति" के लोग होते हैं, जो "सारंगी" पर इन्हें गाते हैं। गोपीचन्द के नाम पर इस सारंगी का नामकरण 'गोपीचन्द' हो गया है। ये जोगी इन योगात्मक लोकगाथाओं को ऐसी करुण शैली में गाते हैं कि श्रोता पर उनका मार्मिक प्रभाव पड़ता है और वे अश्रुसिक्त हो उठते हैं।

अलौकिक कथातत्त्व प्रधान लोकगाथाओं में अब तक एक ही लोकगाथा का पता इन पंक्तियों की लेखिका को चल सका है। यह लोकगाथा है "नेटुआ दयाल सिंह"। नेटुआ दयाल सिंह ही इस लोकगाथा के नायक और नटुआ जाति की विभूति हैं। ये देवी के बड़े भक्त थे, जिसके फलस्वरूप उनमें अलौकिक शक्ति आ गई थी। इनका अपना मकान "भंडोरा" था पर विवाह बचपन में ही "बंगरी शहर" में हो गया था। युवक होने पर ये अपनी पत्नी धनिया की बिदाई कराने गये। मार्ग में अनेक बाधाएँ आईं। बंगरी शहर में तो इन्हें जादू के युद्ध' का सामना करना पड़ा। पर इन पर देवी का इष्ट होने से सर्वत्र इन्हें विजय प्राप्त हुई। अन्त में ये अपनी पत्नी को विदा करा घर ले आये। इस सम्पूर्ण गाथा में अनेक अलौकिक तत्त्वों का समावेश है।

मगही लोककथा

सामान्य-परिचय

मगध की जनता का जीवन ग्राम्य गल्पों से ओत प्रोत है। बालक होश संभालते ही नानी दादी से शिक्षाप्रद और मनोरंजक कथाएँ सुनना आरंभ करते हैं। इनके माध्यम से उनका चरित्र निर्माण होने लगता है। कुछ बड़े होने पर वे नाना दादा के चौपालों में कथा कहानियों का वही सिलसिला देखते सुनते हैं। इसके बाद वयस्क होने पर तो वे स्वयं कथाओं के भण्डार हो जाते हैं। गृहदेवियां भी मांगलिक अवसरों पर कथा-कहानियाँ सुनती सुनाती हैं। इस प्रकार मौखिक परंपरा में ये कथाएँ सुरक्षित होती चली आ रही हैं।

मगध के लोक-जीवन में इन कथाओं का बड़ा महत्त्व है। किसी घटना या परिस्थिति के समर्थन या विरोध के अवसर पर ये बहुत काम आती हैं। इनमें मात्र कल्पना की उड़ान नहीं हृदय की वास्तविक अनुभूतियां संचित हैं। सुख के क्षणों में ये हार्दिक अनुरंजन करती हैं, पर

१. देखिये पृ० १३६-१४४।

हैं वे जनों में इनसे नीति, और धैर्य आदि के सन्देश भी मिलते हैं। मगही जनता को अपने पूर्वजों से मौखिक परम्परा के रूप में प्राप्त ये कथा वैभव सर्वदा माहात्म्य से उसे सम्बद्ध बनाये रखने में समर्थ हैं।

मगही कथाओं के स्रोत—

मगध क्षेत्र ही क्यों, सम्पूर्ण भारतवर्ष का कहानियों का देश कहा गया है। यहां लोक कहानियों की साहित्यिक अभिव्यक्ति की एक अविच्छिन्न परम्परा दिखाई पड़ती है। विश्व साहित्य का प्राचीनतम ग्रन्थ वेद हैं। उसके कितने ही अंश कहानी के रूप में हैं।[1] संस्कृत के अनेक आख्यानक और आख्यायिकाएँ ऋग्वेद संहिता में बीजरूप में आरंभ होकर उपनिषदों, निरुक्त, बृहद्देवता, कात्यायन सर्वानुक्रमणी और पुराणों में हा । इड पाए जाते हैं। पौराणिक युग में पौराणिक कथाओं के प्रसार और विस्तार का परिणाम यह हुआ ये कथाएं मायिक हो गई। इनके सादृश्य पर अनेक दन्त कथाएं गढ़ी जाने लगीं, जिनने परवर्ती कथा साहित्य को बहुत प्रभावित किया। इसका प्रमाण यह है कि समस्त परवर्ती संस्कृत कथा ग्रन्थों में पशु पक्षी, देव दानव, नदी-पहाड़, पेड़ पौधे आदि समस्त चराचर सजीव चरित्र के रूप में आये हैं। देवकथाओं की इस शैली का व्यापक प्रभाव बाद जातक कथाओं में देखने में आता है। संस्कृत के प्राप्य कथा ग्रन्थों में वृहत्कथा, कथा सरित्सागर, बैताल पंचविंशतिका, शुकसप्तति, सिंहासन द्वात्रिंशिका पंचतंत्र और हितोपदेश में नायक रूप से यही शैली अपनाई गई है। ये कथा-संग्रह भारतीय कथा साहित्य के स्तंभ हैं। इनके आधार पर अनेक कथाएँ गढ़ी गईं। विद्वानों का अनुमान है कि हिन्दी-भाषी प्रदेशों में जितनी भी दंतकथाएँ और लोककथाएँ प्रचलित हैं; उनके मूल स्रोत उपर्युक्त कथा संग्रह ही हैं। मगही भी हिन्दी की एक विभाषा है, अतः स्वभावतः इन्हीं स्रोतों से उसे भी दंतकथाओं और लोककथाओं का विपुल वैभव मिला है।

मगही लोककथाओं का वर्गीकरण

जहांतक मगही लोककथाओं के वर्गीकरण का प्रश्न है, इसमें कई कठिनाइयां सामने आती हैं। कारण ये अभी तक मौखिक परम्परा में ही वर्तमान रही हैं। इनका कोई प्रामाणिक संग्रह अद्यावधि प्रकाशित नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में इन पंक्तियों की लेखिका के अध्ययन का मुख्य आधार मगही लोककथाओं का निजी संग्रह है। इनकी मूल प्रवृत्तियों एवं वर्ण्य विषय को दृष्टिपथ में रखते हुए इन्हें निम्नांकित वर्गों में विभक्त किया जा सकता है—

---

१. वैदिक कहानियाँ हिन्दी में प्रकाशित।

मगही लोक-कथाएँ
१ उपदेशात्मक
२ व्रत त्योहार संबंधी
३ सामाजिक
४ मनोरंजन संयुक्त
५ प्रेमात्मक
६ काल्पनिक
७ साहस पराक्रम सं०
८ पौराणिक
धर्म विषयक
नीति
भाग्य
दुर्जन
बुद्धि
जाति संबंधी
मित्र—प्रेम—विग्रह सं०
परिवार सं०
पुरुष सं
स्त्री सं०
अभिप्राय प्रधान
शुद्ध मनोरंजन प्र०
हास्य प्रधान
इतिहास पुरुषाश्रित (अवदान)
अनैतिहासिक पुरुषाश्रित
पारिवारिक
प्रेमी प्रेमिका सं०
अलौकिक

वर्ग से भी हीन होते हैं। 'बुद्धि विषयक'—कथाओं में बुद्धिबल के सामने शारीरिक बल को सर्वदा पराजित दिखाया जाता है। इस वर्ग की कथाओं में अनेक बार केन्द्रीय भाव से बुद्धिबल प्रतिष्ठित दिखाई देते हैं और उन्हीं के आसपास कथा का ताना बाना बुना होता है। उदाहरणार्थ "राजा भोलन"[1] 'नारी की चतुराई'[2] आदि लोककथाएँ देखी जा सकती हैं।

व्रत त्योहार संबंधी कथाएँ

धर्म और व्रत का बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसी कारण भारत के अन्य भागों की भाँति मगध-क्षेत्र में भी व्रत का चरम महत्व प्राप्त है। व्रत तीन प्रकार के होते हैं— नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य। 'नित्य व्रत' का अनुष्ठान आवश्यक माना जाता है। यथा—एकादशी व्रत। 'नैमित्तिक व्रत' किसी निमित्त (कारण या अवसर) को लेकर किया जाता है। यथा—चान्द्रायण व्रत। काम्य व्रत किसी विशेष कामना की सिद्धि के लिए किया जाता है यथा—सोमवार व्रत, जितिया व्रत, गोधन व्रत आदि। मगध में ये तीनों प्रकार के व्रत प्रचलित हैं।

व्रतोत्सवों के पीछे अनेक दृष्टियाँ काम करती हैं। यथा—आत्मशुद्धि, परमात्मा चिन्तन, ऋतु उत्सव आदि। पर सामान्य लोक-जन 'व्रतों' के धार्मिक, सामाजिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक, पौराणिक महत्वों का विवेचन विश्लेषण किए बिना ही परम्परा के कारण उन्हें धारण करते चलते हैं। युग युगान्तर से अमुक व्रत किये जाते रहे हैं, अमुक पर्वोत्सव मनाया जाता रहा है, अमुक अनुष्ठान किए जाते रहे हैं, ये ही भावनाएँ प्रेरणा शक्ति बन कर व्रत त्योहारों की ओर उन्हें प्रवृत्त करती रही हैं।

व्रत-त्योहारों के अवसर पर केवल गीत ही नहीं गाये जाते, कथाएँ भी कही जाती हैं। इन कथाओं का आनुष्ठानिक महत्त्व होता है। इनकी वाचिका प्रायः महिलाएँ होती हैं। कथाओं से सम्बद्ध कुछ व्रत निम्नांकित हैं—

जितिया, भैया दूज, अनन्त चौदस, छठ, शीतला, अष्टमी आदि। इन व्रतों से सम्बद्ध कथाओं में उनका माहात्म्य दर्शाया जाता है। यथा—जितिया[3] व्रत के माहात्म्य से किसी स्त्री का पुत्र विपत्ति में पड़ कर भी निकल आता है, भैया दूज[4] के व्रत के माहात्म्य से कोई स्त्री अपने प्राणप्रिय भाई को मृत्यु के कराल गाल से निकाल लेती है। इसी प्रकार अन्य व्रत कथाओं में व्रतों को नियम पूर्वक करने के कारण महिलाएँ अपने प्रिय जनों की रक्षा में समर्थ होती देखी जाती हैं।

प्रायः सभी व्रत कथाओं का अन्त इस मंगल वाक्य से होता है- "जैसन उनकर दिन फिरल, ओयसहीं सबके दिन फिरे।"

सामाजिक कथाएँ

समाज व्यक्ति-समुदाय का ही नाम है। पर व्यक्ति को समुदाय के रूप में संगठित हो कर 'समाज' का रूप लेते-लेते हजारों वर्ष लग गये। इस बीच न जाने कितने परिवर्तनों ने समाज की

1 पृ० १६-२१। 2. पृ० ४-६।
3. पृ० ८-६। 4. पृ० १०-११।

रूप रेखा संवारी। पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिवर्तन निरन्तर बढ़ते उत्तरदायित्वों एवं जटिल होते कार्य व्यापारों का था। उन्हीं के सम्भालने की चिन्तन प्रक्रिया में वर्ण-व्यवस्था का जन्म हुआ। *इस वर्ण-व्यवस्था ने कालान्तर में अनेक उपजातियों एवं वर्गों का जन्म दिया,* जिनके स्वभाव-संस्कार व्यापार आदि एक दूसरे से निरन्तर भिन्न होते चले गये।

इन सारी विभिन्नताओं में भी व्यक्ति-सत्य वर्तमान था। वह यह कि समाज के प्रधान अंग रूप दो ही थे—पुरुष और नारी। प्रकृति से ही नारी ने गृह भार संभाला, पुरुष ने बाहर का भार। प्रारम्भ में दोनों ही मुक्त थे, दोनों ही मुक्ति-कामी। पर बाद में गृहस्थी की जटिलताएँ बढ़ती गई और वे नारी को निरंतर जकड़ती चली गई। दूसरी ओर पुरुष उत्तरदायित्वों का यथा-साध्य निर्वाह करता हुआ भी गृह के बाहर स्वच्छन्द होने से सस्वारत निरन्तर स्वतन्त्र प्रकृति का होता चला गया। एक ऐसी भी स्थिति आयी कि दोनों के अधिकारों एवं जीवन निर्वाह स्वरूपों में पर्याप्त भिन्नता आ गई और उससे अनेक समस्याएँ उठ खड़ी हुई। बहु विवाह समस्या, विमाता की समस्या, विधवा की समस्या आदि सभी ही अनन्य समस्याओं में से कुछ हैं। फिर मानव प्रकृति में भी एक प्रवृत्ति वैभिन्य दृष्टि गोचर नहीं होता। उसके कारण भी समाज को नई नई अनुभूतियों के संदर्भ हमेशा प्राप्त होते रहे।

'सामाजिक वर्ग' में आनेवाली मगही लोक कथाओं में उपर्युक्त सभी समस्याओं पर प्रकाश पड़ता है। दूसरे शब्दों में इन लोककथाओं के माध्यम से मगध जनपद की लोक-चेतना के सामाजिक विकास का इतिहास पढ़ा जा सकता है। अतः इन पर किंचित विस्तार से विचार आवश्यक है। *अध्ययन की सुविधा के लिए इस वर्ग की लोककथाओं को निम्नांकित उपवर्गों में बाँटा जा सकता है—*

(क) जाति संबंधी
(ख) मित्रों के प्रेम और विग्रह संबंधी
(ग) परिवार संबंधी
(घ) स्त्री संबंधी
(च) पुरुष संबंधी

जाति सम्बन्धी लोक कथाओं में विभिन्न जातियों के स्वभाव संस्कार व्यापार आदि पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। यथा—ब्राह्मण[1]। ये दो प्रकार के मिलते हैं—(१) पंडित, जो अपने प्रकृत गुणों के कारण राज दरबार में उचित सम्मान पाते हैं। और मूर्ख, जो वास्तव में उत्तम गुण सम्पन्न नहीं होने पर विद्वत्ता का भ्रम उत्पन्न करके जीविका चलाते हैं। कभी-कभी उनकी कलई खुल जाती है, वे धोखा भी खाते हैं। क्षत्रिय[2]—ये प्रायः राजा होते हैं। इनके भी दो वर्ग दिखाई पड़ते हैं—(१) न्याय परायण, कार्यप्रिय, दानी राजा एवं (२) रसिक, शिकार-प्रेमी, बहु विवाह प्रेमी राजा। कथा-चक्र में दोनों प्रकार के राजाओं के स्वभाव-चरित्र का पूर्ण विश्लेषण होता है। कायस्थ[3] ये अपनी चतुराई के कारण प्रसिद्धि-प्राप्त करते देखे जाते हैं।

१, पृ० २२-२३, पृ० ६-७। २ पृ० २४, पृ० १६-२१। ३. पृ० १२-१३।

बनिया[1] ये अपने व्यापार प्रेम एवं प्रकृति की भीरुता का परिचय देते देखे जाते हैं। इसी प्रकार कहा कुम्हार-कुम्हारिन की गरीबी और प्रकृति की उदारता पर प्रकाश पड़ता है तो कहीं कुंजड़े[2] के दीन व्यवसाय पर, कहीं नाऊ जाति की धूर्तता, एवं यजमानवृत्ति के दर्शन होते हैं, कहीं सोनार की लोभी प्रवृत्ति के इन लोककथाओं में। कोई जाति छूटी नहीं है, जिनका आलोचनात्मक विवरण इनमें प्राप्त न होता हो। मित्रों के प्रेम और विग्रह-संबंधी कथाओं में उनके प्रेम और विग्रह के विविध रूप दृष्टिगोचर होते हैं इनमें केवल मनुष्य ही नहीं, पशु-पक्षी एवं अन्य अचेतन पदार्थ भी पात्र रूप में आये हैं। जो प्रेम निस्वार्थ भाव, परस्पर सहयोग की प्रवृत्ति एवं सेवावृत्ति पर आधारित होता है, वह स्थायी होता है। इसके विपरीत होने पर संघर्ष की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। और कभी कभी तो मित्रता[3] टूट जाती है। परिवार-संबंधी—कथाओं में सास पतोहू ननिनी-ननद सातों के द्वेष[4] विमाता के अत्याचार,[5] नारी की कुटिलता[6] आदि से संबद्ध समस्याओं का बड़ा ही सश्लिष्ट चित्रण मिलता है। परिवार की अपनी समस्याएँ हैं। कारण 'परिवार' केवल व्यक्तियों का समूह नहीं है, वहाँ अनेक इकाइयाँ मिल कर एक होती हैं और अनेक व्यक्तिगत कामनाएं तथा मान्यताएं परिवार के आदर्शों के सामने हटानी पड़ती हैं। परिवार में स्त्री पुरुष ही रहते हैं, पर वे विविध संबंधों में बँधे होते हैं, यथा एक पुरुष किसी का पुत्र किसी का पिता, किसी का पति आदि रहता है। एक ही स्त्री किसी की पुत्री किसी की पत्नी, किसी की माता आदि होती है। सभी सम्बन्धों के बीच परस्पर साहाय्य भाव से परिवार में सुख शान्ति और समृद्धि रहती है। उसके विपरीत परिवार में विग्रह आने लगता है। मगही की लोककथाओं में उपर्युक्त प्रत्येक वर्ग एवं परिस्थितियों के यथार्थ चित्र उपलब्ध होते हैं।

मनोरंजन प्रधान लोक कथाएँ

इस वर्ग की कथाओं का प्रमुख उद्देश्य है— मनोरंजन करना। इन्हें भी तीन उपवर्गों में विभक्त किया जा सकता है—

(क) अभिप्राय-प्रधान

(ख) शुद्ध मनोरंजन-प्रधान

(ग) हास्य-प्रधान

अभिप्राय-प्रधान—लोककथाओं में मनोरंजन के साथ कुछ उपदेश के भाव निहित रहते हैं।[7] प्रायः ऐसी कहानियाँ पशु पक्षी या अचेतन पदार्थों से सम्बद्ध होती हैं। संस्कृत साहित्य में 'पंचतंत्र' एक ऐसी ही कहानी पुस्तक है, जिसकी रचना राजकुमारों को राजनीति की शिक्षा देने के लिए हुई थी। इन कहानियों के पात्र पशु पक्षी थे और इनमें कुछ न कुछ अभिप्राय सन्निहित थे। डॉ॰ सत्येन्द्र ने पशु-पक्षी संबंधी साभिप्राय सभी कहानियों को "पंचतंत्रीय कहानी"

---

१ पृ० ६ १० । २ पृ० १२ । ३. पृ० १-२ । ४. पृ० २०-६ । ५. पृ० १५-१७ ।
६. पृ० २७-२८ । ७ पृ० १७-१९ ।

कहा है।[1] पशु-पक्षी संबंधी पंचतंत्रीय कहानियाँ इतनी लोकप्रिय हुईं कि पाश्चात्य देशों के अनेक विद्वानों ने उन पर कार्य किया है।[2]

शुद्ध मनोरंजन-प्रधान—कथाओं में प्रायः पात्र पशु-पक्षी होते हैं। पंचतंत्र में शुद्ध मनोरंजन युक्त कहानियाँ भी उपलब्ध होती हैं। कुछ कथाओं के पात्र तो पेड़ पौधे नदी आदि अचेतन पदार्थ भी हैं। हास्य प्रधान—कथाओं में भी जड़-चेतन दोनों ही प्रकार के पात्र दीखते हैं, जो विशुद्ध हास्य की सृष्टि का प्रयास करते नजर आते हैं।

प्रेमात्मक कथाएँ

इस वर्ग की कथाओं को निम्नांकित तीन उपवर्गों में बाँटा जा सकता है—

(क) पारिवारिक प्रेमकथाएँ

(ख) सामान्य प्रेमकथाएँ

(ग) अलौकिक प्रेमकथाएँ

पारिवारिक प्रेमकथाओं[3]—में माता-पुत्र, पति पत्नी, भाई-बहन, मित्र मित्र एवं अन्य परिजनों आदि के पारस्परिक प्रेम आदि का वर्णन होता है। सामान्य प्रेमकथाओं—में किसी प्रेमी द्वारा नाना बाधाओं को पार कर अपनी प्रेमिका को पा लेने का साहसिक आख्यान होता है। अलौकिक प्रेमकथाओं—में अलौकिक तत्वों की प्रधानता होती है। इनमें प्रायः असामाजिक प्रेम-कामनाएं प्रश्रय पाती दीखती हैं। दोनों के प्रणय बंधन में सर्वदा के लिए बँध जाने की संभावनाएँ उपलब्ध होती हैं। पर दोनों विह्वलता में मार्ग की कठिनाइयाँ झेलते रहते हैं। मगही में "सारंगा सदाबिरछ" की प्रेम कथा इसी वर्ग की है। इसमें सदाबिरिछ कितनी बार मरता और पुनः मंत्रबल से जीवित हो जाता है।

काल्पनिक लोककथाएँ

इस वर्ग की लोककथाओं में कल्पनाशीलता की प्रधानता स्पष्टतया परिलक्षित होती है। इन लोककथाओं की घटनाओं में कार्य कारण संबंध का प्रायः अभाव होता है। प्रायः इनमें असम्भव घटनाएँ ही घटती पायी जाती हैं। यथा—कोई मर कर फूल का पौधा बन जाता है किसी राक्षस प्राण के विशेष पिंजड़े में बंद मिलते हैं, कोई परी अपने दिव्य सौन्दर्य से मानव को पराभूत करती पायी जाती है, कोई भूत-प्रेत अपने कुकृत्यों से मानव को आतंकित करता पाया जाता है कोई देवदूत आशा के संदेश लेकर आकाश से उतरता दिखाई देता है और कभी पशु पक्षी, जीव जन्तु, पेड़ पौधे मानव के सहायक बनते पाये जाते हैं। इस वर्ग की कथाओं की संख्या बहुत बड़ी है।

---

१. ब्र० लो० सा० अ०—पृ० ४८६।

२. मैक्डानल लिखित "इंडियाज पास्ट एंड प्रेजेन्ट" श्री गौरांग बनर्जी लिखित "हेलेनिज्म इन एन्शियेन्ट इंडिया" के अध्याय १४ में "फैबिल्स एण्ड फोकलोर" तथा श्री एच० एच० विल्सन कृत "ऐसेज आन सब्जेक्ट्स कनेक्टेड विद् संस्कृत लिटरेचर" प्रथम तथा द्वितीय भाग।

३. पृ० २६—३०।

साहस-पराक्रम की लोककथाएँ

इस वर्ग की लोककथाओं में प्रायः किसी वीर नायक के चरित्र का उल्लेख रहता है। इन्हें भी दो उपवर्गों में रखा जा सकता है—(१) इतिहास-पुरुषाश्रित एवं (२) अनैतिहासिक पुरुषाश्रित। प्रथम उपवर्ग में राजा विक्रमादित्य, राजा भोज, राजा भरथरी और राजा गोपीचन्द आदि की कहानियाँ आती हैं। इन राजाओं में वीरता के अतिरिक्त अन्य गुण भी हैं जिनके कारण इन्हें प्रसिद्धि मिली है। यथा—महाराज विक्रमादित्य और राजा भोज वीर होने के अतिरिक्त दानशील, दयालु एवं विद्वान सम्राट थे। राजा भरथरी एवं गोपीचन्द में अन्य गुणों के अतिरिक्त वैराग्य भाव को प्रधानता मिलती है जिसके कारण ये विख्यात हुए। **द्वितीय उपवर्ग** में किसी भी काल्पनिक राजा या उसके पुत्र या वीर पुरुष की वीरता एवं उसके अलौकिक कृत्यों का उल्लेख होता है। इस वीर पुरुष प्रायः बड़े बड़े भयंकर राक्षसों, दुर्जनों एवं भूत प्रेतों को अपनी शक्ति और बुद्धि से पराजित करते देखे जाते हैं। ये अपने अपूर्व शौर्य के सहारे इच्छित फल प्राप्त करते पाये जाते हैं।

पौराणिक लोककथाएँ

प्रायः देवी देवताओं से सम्बद्ध लोककथाएँ इसी वर्ग में आती हैं। इनमें उनके अलौकिक कृत्यों के वर्णन के साथ पौराणिक घटनाओं का उल्लेख भी होता है। यथा—"समुद्र मंथन की कथा की"[1] "भगवान के विविध अवतारों की कथा आदि।[2] कुछ देवपात्र मानव के कार्य कलापों में विशेष सहायक होते पाये जाते हैं। इनके संबंध में अनेक काल्पनिक धारणाएँ इन कथाओं में व्यक्त होती हैं। देव पात्रों में विशेष उल्लेख्य शिव पार्वती और बिध विधाता हैं। **शिव-पार्वती**—प्रायः रात्रि में साहेश्य विचरण करते देखे जाते हैं। यात्रा के क्रम में पार्वती के हठ करने के कारण शिव को अनेक बार दीन दुखिया की सहायता करनी पड़ती है, सौभाग्यवती, पुत्रहीना को पुत्रवती तथा दरिद्र को धनी करना पड़ता है। **बिध-विधाता**—ये प्रायः शिशु की छठी के दिन भाग्य लिखने के लिए रात में विचरण करते दृष्टिगोचर होते हैं। राह में बिध की जिद पर विधाता को अनेक अलौकिक कृत्य सम्पादित करने पड़ते हैं। यथा—दीन दुखिया का भीषण संकट से उद्धार, मृतकों एवं निर्जीव में प्राण प्रतिष्ठा आदि। इन कथाओं में देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा, पूज्यभाव एवं विश्वास की व्यंजना की जाती है।

उपर्युक्त वर्गों की लोककथाओं के अतिरिक्त, शैली की दृष्टि से कतिपय मगही लोककथाओं को एक भिन्न वर्ग में रखा जा सकता है। वह है—

---

१. अनन्त चतुर्दशी के पर्व में थाली में दूध लेकर स्त्री हीलते हैं। पुरोहित और स्त्री में वार्ता चलती है। पुरोहित पूछता है—'का मथइ हऽ ?' स्त्री जवाब देती है—छीर समुन्दर (क्षीर समुद्र)। पुरोहित पुनः पूछता है— केकरा खोजइ हऽ ?' उत्तर—"अनन्त देवता के" । पुरोहित—"पयलऽ' ? स्त्री—'हाँ, पयलीं।'

२ रामावतार, कृष्णावतार, नृसिंह अवतार की कथाएँ।

क्रम सम्बद्ध लोककथाएँ

इस वर्ग की कथाएँ दो उपवर्गों में विभाजित हो सकती हैं—(क) साधारण लघु छंद कथाएँ एवं (ख) क्रम-सम्बद्धित लघु छंद कथाएँ —इनमें इनकी विशेषताएँ यों प्रस्तुत की जा सकती हैं—

इनमें विशेष गतिक्रम दृष्टिगोचर होता है। प्रायः लघुवृत्त का उपयोग होता है। कथा की पुनरावृत्ति होती चलती है। कथा का प्रभावशाली अंश छंदोबद्ध होता है। इनमें जिज्ञासात्मक विलक्षणता सन्निहित होती है। पूर्व कथित अंशों की पुनरावृत्ति, कहानियों की रहस्यता आदि बालसुलभ मनोवृत्ति के अनुकूल होती है। संक्षेप के भाव से आधार एक बात को छोटे प्रभावपूर्ण शब्दों में कहने का भाव प्रबल होता है।

साधारण लघुछंद लोककथाओं—के उदाहरण रूप में 'अभला'[1] शीर्षक लोककथा रखी जा सकती है। इसमें बहुत दूर तक कुछ ही छंदोबद्ध पंक्तियों की पुनरावृत्ति होती रहती है। क्रम-सम्बद्धित लघुछंद कथाओं के उदाहरण रूप में खूँटे में खूँट का दाना पान वाले सुग्गे की लोककथा देखी जा सकती है, जो क्रमशः बढ़ई, राजा, रानी, सांप, लाठी, आग, समुद्र, हाथी और चींटी के पास पहुँच कर अपनी फरियाद सुनाता है और अपना काम न कर देने वाले को दंडित करने की प्रार्थना करता है। अन्त में चींटी को उस पर दया आ जाती है। वह मदद करने को तैयार हो जाती है फिर तो सारा छंद क्रम उलट जाता है। चींटी के भय से हाथी, हाथी के भय से समुद्र और इसी क्रम से सभी भय से सुग्गे का काम करने को तत्पर हो जाते हैं। सुग्गे का लक्ष्य पूरा हो जाता है और वह दाल लेकर फुर्र हो जाता है। यह लोककथा मगध क्षेत्र के समान ही अन्य क्षेत्रों में भी प्रचलित है।

मगही का प्रकीर्ण लोकसाहित्य

प्रकीर्ण साहित्य के अन्तर्गत मगही कहावतें, मुहावरों और पहेलियों को स्थान दिया गया है। सामान्यतया मगही लोकसाहित्य में अन्तर्भुक्त समस्त सामग्री के इस संक्षिप्त विवेचन क्रम में यह नीति अपनायी गई है कि जिनका स्वतंत्र वर्ग सम्भव था, उनका अध्ययन स्वतंत्र वर्ग के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। पर कुछ ऐसे साहित्यरूप हैं, जो एक दूसरे से अत्यन्त सम्बद्ध हैं। यथा—कहावत या लोकोक्ति, मुहावरे और पहेलियाँ। ये तीनों एक दूसरे से बहुत निकटता रखने वाले लोकसाहित्य भेद हैं, यद्यपि इनमें प्रत्येक का अपना महत्त्व है। इनकी निकटता को दृष्टिपथ में रखते हुए इन्हें एक ही वर्ग 'प्रकीर्ण' में रखा गया है।

मगही कहावतें

मगही कहावतों का जन्म कब हुआ—सहसा इस प्रश्न का उत्तर देना बड़ा कठिन है। इतना अवश्य कहा जा सकता है कि इन कहावतों का जन्म लेखनकला के उद्भव और विकास के बहुत पूर्व ही हो चुका था। कहावत के प्रयोग वैदिक-साहित्य, जातक कथा एवं अन्य प्राचीन भारतीय साहित्य में दृष्टिगोचर होते हैं। सच पूछा जाए, तो कहावतें जगती

---

[1] पृ० ०२

पौधों की भाँति उस धरती की उपज होती हैं, जहाँ की बोली में उनका निर्माण होता है। इन कहावतों की अपनी महिमा होती है। इनमें ओजस्वी प्राणधारा सचित होती है, जो सहज ही किसी को भी प्रभावित कर लेती है।

अन्य भाषाओं की कहावतों की भाँति मगही कहावतों में भी कम से कम और चुने शब्दों का प्रयोग होता है। सक्षिप्तता सारगर्भिता एव सप्राणता—ये तीन बड़े गुण इन कहावतों के सहज धर्म के रूप में उपलब्ध होते हैं। इनका सांस्कृतिक-सामाजिक अध्ययन की दृष्टि से असीम महत्त्व है। कारण कहावतें लोक की सम्पत्ति होती हैं और इसीलिए किसी क्षेत्र-विशेष की अथवा किसी वर्ग-विशेष की आदिम प्रवृत्तियों एव सामाजिक परम्पराओं को जानने में पथ—प्रदर्शक का काम करती हैं। इनसे जनता की आन्तरिक एव व्यावहारिक विचार धाराओं को जानने में भी बहुत दूर तक सहायता मिलती है। यह भी अविवादास्पद है कि बड़े बड़े साम्राज्य नष्ट हो जाते हैं, पर कहावतें रह जाती हैं। वास्तव में कहावतें 'सिद्ध" हो चुकी होती हैं, अर्थात् उनमें सत्य का अश प्रमाणित या प्रकट हो चुका होता है और सत्य मरता नहीं है अमर होता है।

साकेतिक रूप मे 'वस्तु' बन कर आये 'विषय' की दृष्टि से मगही कहावतें विभिन्न प्रकार की हैं। यथा—सामाजिक, कृषि और प्रकृति सबधी, व्यग्यात्मक, ऐतिहासिक, स्थान-सबधी, कथात्मक आदि। सामाजिक कहावतों—का दायरा बहुत बड़ा है। इसके अन्तर्गत जाति सबधी, नारी-पुरुष, विवाह और लोकाचार-सबधी अनन्त कहावतें उपलब्ध होती हैं। ये कहावतें भी दो प्रकार की होती हैं सामान्य तथा विशेष। सामान्य वर्ग में आने वाली वे कहावतें हैं, जिनसे किसी सार्वकालिक या सार्वदेशिक सत्य की अभिव्यक्ति होती है। ये कहावतें काल परिवर्तन की गति से पूर्णत अप्रभावित रहती हैं।[1] विशेष वर्ग में वे कहावतें आती हैं, जिनके विषय का क्षेत्र सीमित होता है। उनका आधार भी लोकानुभव होता है, पर वह सीमित निरीक्षण पर आधारित होता है। मगही की जाति-सम्बन्धी कहावतें इस विशेष वर्ग के अन्तर्गत ही आती हैं। इनसे विविध जातियों की दुर्बलताओं, उनके विषय में अन्यों के खरे अनुभव, उनके स्वभाव संस्कार पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है।[2] नारी सबधी कहावतों मे

---

१ (क) काम भेल, दुश्मन गेल, वैरी भेल बैद।

(ख) नींद के आगु खरहर का ?
भूख के आगु बासी का ?

२ (क) गाय आउ बराहमन (ब्राह्मण) के घुमले पेट भरे हे।

(ख) जहँ रजपूत, हुआ बात मजगूत (मजबूत)।

(ग) घर घर नाच तीन जन
कायथ, बैद, दलाल।

(घ) केतनो अहीर पढ़े पुरान
लोरिक छोड़ न गावे गान।

(ङ) बनिया रीझे तो हस दे।

(च) सौ चोट सोनार के, एक चोट लोहार के। आदि।

नारी-जीवन के विविध पहलुओं एवं उनकी विशिष्ट रुचि एवं प्रकृति का परिचय मिलता है।[1] इसी तरह पुरुष संबंधी कहावतों में उनके पद की पारम्परिक सम्मान भरी धारणा एवं उनकी प्रकृति की अच्छी व्यंजना मिलती है।[2] विवाह संबंधी कहावतों में वर कन्या की विवाह की उम्र आदि की चर्चा मिलती है।[3] सामान्य लोकाचार से संबद्ध कहावतों में समाज विशेष के विश्वास, परम्पराओं पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।[4]

मगही की कृषि एवं प्रकृति संबंधी कहावतों में कृषि एवं कृषकजीवन की अनुभूतियाँ सरक्षित मिलती हैं।[5] इनके अतिरिक्त इस वर्ग की कहावतों में प्रकृति के विषय रूप, विभिन्न पशु-पक्षियों के गुण स्वभाव आदि की अच्छी झाँकी मिलती है। शिक्षा एवं नीति सम्बन्धी कहावतों में मगह लोक-जीवन में प्रचलित सूक्तियाँ सम्मिलित हैं, जो उन्हें सीख देने के लिए प्रचलित हुई सी प्रतीत होती हैं। इनमें जीवन का खरा अनुभव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है।[6] व्यंग्यात्मक कहावतों में उपहास की भावना भरी होती है, पर यह उपहास दृष्टि विध्वंसात्मक न होकर आलोच्य व्यक्ति में वर्तमान दोषों को दूर करने के लक्ष्य से सन्नद्ध होती है।[7] ऐतिहासिक

---

१ (क) बेटी पराया, घर के सोभा हे।
(ख) लड़की गाय हे, जौन खूँटा पर बाँध दऽ।
(ग) हे घरनी घर सोभे हे ना घरनी घर रोवे हे।
(घ) मइया के जीउ गइया ऐसन, पूता के जीउ कसइया ऐसन।
(ङ) बिना बोलाये मत जाहु भवानी, न मिलती तोरा पीढ़ा पानी। आदि।

२ (क) घीउके लड्डू टेढ़ो भल।
(ख) पुरुष आउ पहाड़ दूरे से लउके हे।

३. कन्या बारह, वर अट्ठारह।

४ (क) अहारे बेहवारे लाज न करे।
(ख) कमाय लंगोटी वाला, खाय टोपी वाला।
(ग) काठ गढ़ले चिक्कन, बात गढ़ले खस्खड़।

५ (क) उत्तिम खेती, मद्धम बान।
निखिद चाकरी, भीख निदान।
(ख) धान, पान नित असनान।

६ (क) उदन्त घोड़ी, दुदन्त गाय।
माथे भस गोसइयाँ खाय।

७. (क) आप रुप भोजन, पर रुप सिंगार।
(ख) चाल चले सादा कि निबहे बाप दादा।
(ग) जादे नीबू मल्ले से तित्ता हो जा हे।

८. (क) आगे बनिया, पाछे सेठ।
(ख) ऊँच बड़ेरी, खोखर बास।
(ग) अधरा आगे रोवे, अपन दीदा खोवे।
(घ) जयसन खाय अन्न, ओयसन हो जाय मन।

कहावतें सपूर्ण भाव मे एतिहासिक नही है। उनके ऐतिहासिक होने का आधार मात्र इतना ही है कि वे भारतीय ऐतिहासिक घटनाओ एव व्यक्तियो अथवा तथ्यों से सबद्ध है।[1] यह सम्बद्धता अप्रामाणिक एव सदिग्ध भी हो सकती है। स्थान सबधी मगही कहावतों मे स्थान विशेष की किसी खास विशेषता अथवा विशेषताओ की ओर सकेत मिलता है।[2]

मगही मे कुछ कहावते ऐसी भी है जिन्हें हम 'कथात्मक' कह सकते हैं। यों तो प्राय सभी कहावते ऐसी होती हैं कि उनके उद्भव के पीछे किसी 'घटना' का हाथ अवश्य होता है, पर इस वर्ग की कहावतो को देखते ही उनके मूल मे निहित कथा झलकने लगती है। कथा प्राय किसी विशेष घटना से जुड़ी होती है। यह घटना जीवन के किसी भी पक्ष से सबधित हो सकती है।[3] उपर्युक्त वर्ग के अतिरिक्त भी कुछ ऐसी कहावते बच ही जाती हैं, जो सामान्य जन विश्वास धार्मिक आस्था विशिष्ट सामाजिक विचारधारा आदि की अभिव्यक्ति से सम्पन्न होती है।[4] सामान्यतया एक ही प्रसग पर बहुत सी कहावतें उपलब्ध नहीं हैं पर जो हैं, वे किसी सत्य तथ्य या मान्यता का उद्घाटन करती हैं।

मगही-मुहावरे

'मुहावरे' कहावतो से ज्यादा दूर नही है। अन्तर इतना ही है कि 'कहावतें' जहाँ वाणी के अलकार बन कर सर्व समक्ष आती हैं, वहा मुहावरे उसकी प्राण शक्ति बन कर। सामान्य वाक्यव्यवहार और मुहावरे मे कुछ स्पष्ट अन्तर है। सामान्य वाक्यव्यवहार का उद्देश्य कथा का सम्प्रेषण मात्र होता है, जब कि मुहावरो का उद्देश्य कथा को अत्यन्त सशक्त ढग से अनुभूत कराना होता है। यही कारण है कि मुहावरो मे एक विशिष्ट प्रकार की सांवेगिक तीव्रता एव सामाजिकता मिलती है। सांवेगिक तीव्रता से तात्पर्य कथन की उस प्रभाव क्षमता से है, जो राग द्वेष-उत्साह मात्सर्य-वात्सल्य अवसाद आदि की भावानुभूतियों से व्युत्पन्न होती है। इस सांवेगिक तीव्रता के अभाव मे मुहावरा की प्राणवन्तता जाती रहती है। इसी तरह सामाजिकता से तात्पर्य मुहावरा मे दीख पड़ने वाली शब्दो की मितव्ययिता से है। इसके अभाव मे मुहावरा की जातीयता ही समाप्त हो जा सकती है। यानी उक्त स्थिति मे 'सामान्य वाक्य रचना' एव 'मुहावरे' में कोई

---

१ (क) अनकर धन पर विक्रम (विक्रम) राजा।
(ख) कहाँ राजा भोज कहा गगुआ तेली।

२. पूरब के बरधा, उत्तर के नीर।
पच्छिम के घोडा, दक्खिन के चीर॥

३ (क) कोयरिन के बेटी राजा घर गेल, तो बैगन के टेंगन कहे है।
(ख) असकताहा गिरलन कुइयाँ म, कहलन हिएँ भल है।

४ (क) ओकर माय खरजितिया कयलकइ हल।
(ख) खिचडी के चार इयार।
घी, पापड, दही, अचार॥
(ग) माने त देओता, न तो पत्थर।
(घ) दूधे-पूते इसल भरल रहऽ।

अन्तर ही नहीं रह जाता है। मुहावरों के उद्भव के मूल में उपर्युक्त दो ही तत्त्व सक्रिय रहते हैं। इन दोनों ही तत्त्वों की दृष्टि से मगही मुहावरे बेजोड़ हैं।

सशक्त अभिव्यंजना शक्ति और गम्भीर अर्थ वैभव की दृष्टि से स्पृहणीय एवं अत्यन्त समृद्ध मुहावरों का विपुल भाण्डार मगही भाषा में सुरक्षित है। शक्ति के विग्रह रूपों की भांति ये मुहावरे समस्त मगह लोक-जीवन में प्राप्त हैं और उनसे स्फुरित होकर इसका वाङ्मय शरीर अहर्निश स्फार परिलाभ करता रहता है। उपर्युक्त उद्देश्य सिद्धि के अतिरिक्त ये मुहावरे मगह लोक-जीवन के सांस्कृतिक पर्यालोचन की भी सामर्थ्य प्रदान करते हैं। सामान्यतया सांस्कृतिक धार्मिक पौराणिक ऐतिहासिक राजनीतिक या सामाजिक कोई भी पहलू ऐसा नहीं है, जिस पर ये मुहावरे प्रकाश न डालते हों।

जैसा कि कहा जा चुका है मगही मुहावरों का कोष अत्यन्त समृद्ध है। मानव के अंग उपांग, भाव विचार, गति विधि, क्रिया अनुभूति, घर गृहस्थी प्रकृति कृषि इतिहास पुराण व्रत त्योहार आदि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जिनसे सम्बद्ध मगही मुहावरे उपलब्ध नहीं होते हों। ऐसी स्थिति में उन्हें वर्गों की सीमा में विभाजित करना एक दुस्तर कार्य है। या अध्ययन की सुविधा के लिए इन्हें निम्नांकित वर्गों में विभाजित किया जा सकता है—

क मानव शरीर सम्बधी	ञ ऐतिहासिक तथ्य सम्बधी
ख मानव मनोभाव सम्बधी	त प्राचीन कथा सम्बधी
ग घर-गृहस्थी सम्बधी	थ खेलकूद सम्बधी
घ सामाजिकपरम्पराओं सम्बधी	द हास्य व्यंग्य सम्बधी
ङ प्रकृति कृषि सम्बधी	ध शकुन विचार-सम्बन्धी
च पशु पक्षी सम्बधी	न भूत प्रेत सम्बधी
छ कला शिक्षा व्यापार सम्बधी	प रोग-उपचार सम्बधी
ज राजनीति-कचहरी कानून सम्बधी	फ कला कहानी सम्बधी
झ आर्थिक परिस्थिति सम्बधी	ब आशीर्वाद सम्बधी

मानव शरीर सम्बधी मगही मुहावरे सिर आँख, कान नाक, आदि सभी अंगों से सम्बधित मिलते हैं। इस वर्ग के मुहावरों में अभिव्यक्ति का प्रवेग स्पृहणीय मात्रा में होता है।[1] मानव मनोभाव सम्बधी मुहावरों में मानव की आकृति प्रकृति स्वभाव संस्कार आदि का अच्छा संकेत मिलता है। ये मुहावरे विभिन्न मन स्थितियों की श्रेष्ठतम सटीक अभिव्यक्ति करते हैं।[2] घर गृहस्थी सम्बधी मुहावरों में पारिवारिक अनुभवों की थाती सुरक्षित दीखती है।[3] अपने सम्भाव्य जीवन निर्वाह के नित्य आवश्यक उपकरणों एवं साधनों को हम व्यवहार में लाते हैं, उनका भी उन पर स्पष्ट प्रभाव दीखता है।[4]

---

१ सिर नवा के चलना। दीदा के पानी टरकना। मोछ पर ताव देना। कान के पातर होना।

२ लाल पियर होना। करेजा मसकना। हहास करना। लहालोट होना।

३ आग लगा के तमासा देखना। खा पका डालना। हाँडी में छेद करना।

४ सिक्हर टूटना। चिराग-गुल करना। कुर्सी देना। डेरा डालना। सान चढ़ना।

सामाजिक परम्पराओं से संबद्ध मुहावरों में व्यक्ति-समाज अपने मनोभावों को स्पष्ट और ओजपूर्ण शैली में व्यक्त करने के लिए अपने रीति रिवाजों, धार्मिक आस्थाओं, प्रथाओं एवं आचार-व्यवहारों से शक्ति संचय के प्रयास करता दीखता है।[1] प्रकृति कृषि संबंधी मुहावरे मुख्यतया कृषक जीवन के अनुभवों पर आश्रित दीखते हैं ।[2] भारत कृषि प्रधान देश है। मगह क्षेत्र तो अपनी समृद्ध कृषि-परम्परा के लिए और नामी है । ऐसी स्थिति में मगही में भी प्रकृति-कृषि संबंधी मुहावरों का बाहुल्य स्वाभाविक ही है। पशु-पक्षी भी प्रकृति के अन्तर्गत ही आते हैं। इनसे संबद्ध मुहावरों का होना भी परम स्वाभाविक ही है।[3] कला-शिक्षा-व्यापार आदि से सम्बद्ध मुहावरे व्यक्ति विशेष के प्रशमनीय अथवा प्रशमनीय कलात्मक-अकलात्मक प्रयासों एवं प्रवृत्तियों की सांकेतिक मीमांसा भी उपस्थित करते हैं।[4] राजनीति कचहरी और कानून-संबंधी मुहावरों में तत्संबद्ध अनुभवों की थाती सुरक्षित होती है।[5] आर्थिक- परिस्थिति से संबद्ध मुहावरों में व्यक्ति विशेष की आर्थिक परिस्थिति के ह्रास, आशा, लाभ, पूँजी, अर्थोपार्जन की लालसा एवं दौड़ धूप आर्थिक प्रलोभन से प्राप्त हीनता, क्रय विक्रय आदि की अभिव्यक्ति होती है। ऐतिहासिक तथ्य संबंधी मुहावरों में किसी इतिहास प्रसिद्ध व्यक्ति के प्रभावक चारित्रिक गुणों का संकेत होता है।[7] प्राचीन कथा-संकेतों से सम्बद्ध मुहावरों में कथात्मक अंश का तो अभाव होता है, पर उसको घेरे रहने वाली घटना का सर्वाधिक प्रभावोत्पादक मनोभाव अथवा कार्य व्यापार इनमें अभिव्यंजित होता है।[9]

खेल-कूद-संबंधी मुहावरों में सरलता के साथ-साथ भाव-गंभीरता भी मिलती है। प्राय वे मानव प्रकृति की चतुराई अथवा कुटिल प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालते हैं।[8] हास्य व्यंग्य संबंधी मुहावरे जहां प्रसंग विशेष पर व्यवहृत होकर लोगों का मनोरंजन करते हैं,[9] वहां कुत्सित एवं विकृत प्रवृत्तियों तथा गुणों पर अधिक चोट भी करते हैं।[10] शकुन विचार में सम्बद्ध मुहावरे व्यक्ति की शकालु एवं धर्म भीरु प्रवृत्ति पर आश्रित हैं।[11] इसी तरह भूत प्रेत संबंधी मुहावरे व्यक्ति के जादू-टोने टोटके में विश्वास एवं उनसे परिचालित जीवन शैली पर प्रकाश डालते हैं।[12] विभिन्न

१ बिरादरी से बाहर होना। बीड़ा उठाना। घंट घड़ियाल बजाना। अरदासिया लगाना।
२ भपसी लगना। कदू बकड़ी होना। गुल्लर के फूल होना। जड़ खोदना।
३. छान पगहा तोड़ाना। बैल होना। रंगल सियार होना। कुइयाँ के मेढक होना।
४ अपन राग अलापना। आवाज बैठना। गोल नाथना। दलाली करना।
५ रामराज होना। मियाद पुराना। कागज के राज होना। जेहल काटना।
६ भाग चरचराना। कंचन बरसना। खोटा पैसा होना। चांदी काटना। हाँथ सकड़ियाना।
७. हमीर के हठ होना। बुध भगमान होना। चन्द्राशोक होना। नादिरसाह होना।
८ नारद मुनि होना। मन के सीता होना। रावन होना। चौरासी के चक्कर खाना।
९. कच्ची गोटी न खेलना। पासा फेंकना। गोटी लाल होना। पैंतरा बदलना।
१०. पोपना फुलाना। बजला भगत होना। बनर घुड़की देखाना।
११ मिरगा माहुर होना। नून-तेल लगाना। बिरो बोकरना।
१२. दही के टीका लगाना। राई नोन निहुछना। जोग करना।
१३. देह पर देओता आना। फूँक मारना। भूत झाड़ना। मसान जगाना।

रोग तथा उपचार संबंधी मुहावरे संबंधित प्रयासों के प्रारंभ या सफलता का द्योतन करते हैं।[1] बहुधा वे मनोभावों के क्षेत्र में भी प्रवेश कर जाते हैं।[2] कथा कहानी से सम्बद्ध मुहावरा के मूल में कोई न कोई हल्की फुल्की कथा का संकेत छिपा होता है।[3] इन मुहावरों के प्रयोग से ही इनके मूल में छिपी कथाएँ श्रोता के सम्मुख नाच उठती हैं। बहुधा ये मुहावरे वर्ग विशेष के संस्कार-स्वभाव का प्रकृति विशेष की ओर संकेत करते हैं।[4] आशीर्वाद सम्बंधी मुहावरे तो मगह क्षेत्र के वृद्ध जनों के मुख से झड़ने वाले फूल हैं जो विभिन्न अवसरों पर शुभ कर्मों के शीश पर अभिवर्षित होते हैं।[5]

मगही पहेलियाँ

'राग' और 'कौतुक' प्रियता मानव मन की प्रधान वृत्तियाँ हैं। रस शास्त्रीय दृष्टिकोण से विचार करने पर पता चलेगा कि शृंगार एवं हास्य रस के मूल में राग भावना ही रही है। प्रथम में यदि राग भावना का भावना प्रधान उदात्त एवं गंभीर रूप प्रकट होता है तो द्वितीय में उसका सरल, व्यावहारिक एवं अगम्भीर स्वरूप स्पष्ट होता है। इसी तरह अद्भुत रस की धारणा के मूल में कौतुक प्रियता ही सक्रिय मिलती है जिसे शास्त्रीय आचार्यों ने विस्मय के नाम से पुकारा है। पहेलियों का तात्विक विश्लेषण करने पर स्पष्ट होगा कि उनके उद्भव के मूल में ये दो प्रधान तत्त्व ही सक्रिय रहते हैं, अर्थात् मनोरंजन एवं कौतुक प्रियता।

पहेलियों के उद्भव एवं विकास की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। सम्भवत जिस दिन *मानव ने होश सम्भाला होगा, अपनी उपर्युक्त दोनों वृत्तियों के वशीभूत हो कर पहेलियों का आविष्कार* भी किया होगा। जहाँ तक लिखित साहित्य में प्राप्य परम्परा का प्रश्न है वैदिक साहित्य से ही यह परम्परा प्रवाहमान दीखती है। आत्मा परमात्मा के स्वरूप सम्बन्ध के विश्लेषण के रूपकात्मक ढंग से आये उसके कई मंत्र पहेलियों से कम सौन्दर्यपूर्ण नहीं हैं।

---

१ घाव भर जाना। अग्निमाय निकलना।

२. टीस मारना। समाज में घुन लगना।

३ चौबेजी होना। छपोरसंख होना।

४. कन्टाहा बराहमन होना। सटरिंग होना।

५. दूधे पूते बनल रहना। सगिया होना। माँग भरा रहना कोख जुगाना।

६. द्वा सयुजा सुपर्णा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्य पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति॥

(मुण्डकोपनिषद्, तृतीय मु० प्र० ख० १)

अर्थात् 'दो पक्षी हैं जो एक साथ रहने वाले हैं परस्पर सखाभाव रखते हैं और एक ही वृक्ष का आश्रय लेकर रहते हैं। उनमें एक तो पीपल (वृक्ष) के फल को खा रहा है और दूसरा न खाता हुआ केवल देखता है।' उपर्युक्त चित्र में पीपल वृक्ष 'प्रकृति' है भोक्ता पक्षी 'जीवात्मा' है और द्रष्टा पक्षी 'परमात्मा'।

परवर्ती लौकिक संस्कृत साहित्य में भी पहेलियाँ बड़ी लोकप्रिय रही हैं और न केवल संस्कृत लोक साहित्य अपितु शिष्ट साहित्य में भी उनका महत्त्व स्वीकार किया गया है।[1] संस्कृत पहेलियों की परम्परा पालि साहित्य में भी प्रवहमान होती दीखती है।[2] मगही पहेलियाँ उपर्युक्त सुदीर्घ परम्परा में ही विचारणीय हैं। वैसे भी अर्थ गौरव मनोरंजन और बुद्धि परीक्षा के साधन की दृष्टि से पहेलियों का बड़ा महत्त्व है और इस दृष्टि से मगही लोक-साहित्य स्पृहणीय मात्रा में समृद्ध है।

सामान्य रूप से मगही पहेलियों में निम्नलिखित विशेषताएँ दीख पड़ती हैं—

क सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति

ख बुद्धि-चातुर्य का कलात्मक प्रयोग

ग मनोरंजन का पुट

घ. ग्रामीण जीवन की झाँकी, एवं

ङ रसात्मक अनुभूति का संस्पर्श।

दिन भर के परिश्रम के बाद रात्रि में भोजनोपरान्त कृषक अपने बाल गोपाल के साथ ग्राम के चौपाल में बैठता है। यहाँ मनोरंजन के अन्य साधनों के साथ 'बुझौवल' का भी कार्य क्रम चलता है। बुझौवल यह क्रम तब तक जारी रहता है, जब तक कोई उसका उत्तर देता जाता है। बुझौवल बुझाने का खेल हार जीत के खेल के समान ही होता है। जब कोई बुझौवल का उत्तर देने में असमर्थ हो जाता है, तब वह हारा हुआ मान लिया जाता है। अपने को बुद्धिमान एवं कुशाग्र मेधा सम्पन्न समझने वाले लोग भी बहुधा बुझौवल के कौतूहल मिश्रित अर्थ गौरव के सामने सिर झुका देते हैं। मनोरंजन का यह कार्यक्रम तब तक चलता रहता है, जब तक सभी थक कर सो नहीं जाते। आधुनिकता के प्रसार प्रचार के साथ-साथ यह प्रवृत्ति लुप्त होती जा रही है।

---

१ अपदो दूरगामी च साक्षरो न च पण्डितः।
अमुखः स्फुटवक्ता च यो जानाति स पण्डितः॥

अर्थात् 'उसे पैर नहीं होते, फिर भी वह दूर दूर तक चला जाता है। वह साक्षर है, पर पण्डित नहीं है। उसे मुख नहीं है, फिर भी वह सारी बातें साफ-साफ कह देता है। जो उसे जानता है वह पण्डित है। इस संस्कृत पहेली का उत्तर है, 'पत्र'।

२ हन्ति हत्थेहि पादेहि मुखं च परिसुम्भति।
स वे राजा पियो होति कं तेनमभिपस्ससीति॥१॥
अक्कोसति तथाकाय आगमं चस्स इच्छति।
स वे राजा पियो होति कं तेनमभिपस्ससीति॥२॥

अर्थात् "वह हाथों और पैरों से मारता है, चेहरे पर भी चोट पहुँचाता है, फिर भी वह प्रिय है। हे राजा तुम उसे क्या समझते हो? वह उसे जी भर कर बुरा भला कहती है और फिर भी चाहती है कि उसका आगमन होता रहे, कारण वह प्रिय है। हे राजा तू उसे क्या समझता है? आदि

[म० जातक, छठी जिल्द, पृ० ३७०-३७२]

मगही भाषा में पहेलियों का इतना समृद्ध भांडार है, पर इनका निर्माता कौन है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो सकी है। श्री रामनरेश त्रिपाठी ने कुछ बुझौवल 'सवासी खेरे' के घासीराम के नाम से दिए हैं।[1] श्री रामाज्ञा द्विवेदी ने अयोध्या के पास के अरोंडा स्थान के राज्यवंश के सबल सिंह के नाम से कुछ अवधी की पहेलियों का प्रचलन बतलाया है।[2] हिन्दी में अमीर खुसरो और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की पहेलियाँ और मुकरियाँ मिलती हैं। मगही पहेलियों के रचयिता अभी तक अन्धकाराच्छन्न हैं और इनका परिचय-ज्ञान शोध का विषय बना हुआ है।

सामान्यतया मगही पहेलियों का क्षेत्र इतना व्यापक है कि उन पर सम्यक् दृष्टिपात् किये बिना उनको वर्गीकृत करना सम्भव नहीं दीखता है। विषय संकलन की दृष्टि से मगही पहेलियाँ निम्नांकित वर्गों में विभाजित की जा सकती हैं—

क. खेती-सबंधी
ख. भोज्य पदार्थ-संबंधी
ग. घरेलू वस्तु-संबंधी
घ. प्राणी-संबंधी
ङ. प्रकृति-संबंधी
च. शरीर-संबंधी
छ. प्रकीर्ण

खेती-संबंधी पहेलियों में मुख्यतया वे आती हैं, जिनका संबंध कृषि अथवा कृषि की उपज के अन्तर्गत विभिन्न फसलों से होता है।[3] उद्देश्य प्रधानतया मनोरंजन होता है। भोज्य पदार्थ-संबंधी पहेलियाँ प्रधानतया भोजन के विभिन्न पदार्थों और, अंडा, ताड़ी, केला, नारियल, गोलमिर्च, अन्य मसाले, भात रोटी, शकरकंद, मूली, कटहल आदि से संबंधित होती हैं। इनका उद्देश्य मुख्यरूपेण कौतुक-सर्जन होता है।[4] घरेलू वस्तुओं से संबंधित पहेलियों का मुख्यरूपेण नाता गृहस्थी के सामान यथा चाकू, खटिया, चिलम, ढोलक, चलनी, ढकी, बढ़नी, सूआ, चूल्हा, ताला,

---

१. ह० ग्रा० सा०—पृ० २८०।
२. हिन्दु० भाग २, अंक १—पृ० २६८।
३. क. एक छौरा के नहिए टेढ़। (बूँट)
   ख. एक छौरा के पेटवे फटल। (गेहूँ)
   ग. करिया बिलाई के हरियर पुन्छ। (ताड़)
   घ. तनी गो डिबिया में लाल-लाल बिटिया। (मसूर)
४. क. एक घड़ा में दू रंग पानी। (अंडा)
   ख. एक गाँव में ऐसन देखली, बानर दूहे गाय।
   छालो काट के बीग देलक, दही लेलक लटकाय॥ (पासी) (ताड़ी)

दीपक मुड़ पेन्द आदि से दृष्टिगोचर होता है।[१] इनका उद्देश्य हास्य एवं कौतुक की सृष्टि ही होता है। प्राणी सम्बन्धी पहेलियों की विषय-वस्तु—आदमी, जूं, बेंग, बाघ, गिरगिट, मच्छर, चींटा, बिच्छू, जोंक, खटमल आदि पर आधारित होती हैं। इनमें जिज्ञासा का भाव प्रबल होता है। प्रकृति सम्बन्धी पहेलियों का सम्बन्ध प्रकृति के विभिन्न उपादानों से होता है।[३] ये प्रायः किसी प्रिय दृश्य को अपने गर्भ में छुपाये होती हैं। शरीर सम्बन्धी पहेलियाँ शरीरांग नाक, जीभ, आंख, ओंठ, अंगूठा, अंगुलियां आदि पर आधारित रहती हैं।[४]

प्रकीर्ण वर्ग से तात्पर्य उन पहेलियों के वर्ग से है जो उपर्युक्त दो वर्गों में समाविष्ट नहीं हो पाता। इनका सम्बन्ध विविध विषयों से दीख पड़ता है। इन्हें निम्नांकित उपवर्गों में रखा जा सकता है—

क हथियार आकार गाड़ी रेल आदि से सम्बन्धित[५]

ख गणित तथा प्रश्न—पाठन से सम्बन्धित[६]

ग प्रश्न एवं उत्तर से सम्बन्धित[७]

---

१ क आधा धुपा आधा छइयां।
बलवे ने हानि बनवइया ॥ (खटिया)

ख दू खड़ा एक पट अक्कर सबा हाथ के सर।
मारे फटाफट पूछऽ तऽ का ह ? (ढेंकी)

२ क करिया ही हम करिया ही
करिया वन म रहऽ ही,
ललका पानी पीअऽ ही। (ढील या जूं)

ख चादिलपुर म चोरा हाल नुनी ख पकड़ायल।
तरहत्थी पर हाजिर हाल नह पर पिटायल ॥ (जूं)

३ उमन क फूल कोइ चूमऽ न हइ।
भरभर गिरइ कोइ चुनऽ न हइ ॥ (वर्षा की बूंद)

४ एन्न गेला आन्न चली, जौ गेली रूनझुना।
बत्तीस गो पैरवा देखली एक्के गो पर पत्ता। (जीभ)

५ उठ त भनभन बज त बैठ त फहराय।
दिन भर लाठा निउ मारे अपन कुछ न खाय ॥ (जाल)

६ चार आना बकरी आठ आना गाय।
चार रुपया भैंस बिकाय, बीस रुपया बासे जीऊ ॥
(३ भैंस १५ गाय, २ बकरी)

७ प्रश्न—बरसा बरसे रात में, भीगल सब वनराय।
घड़ा न डूबल लोटिया पंछी पियासल जाय ॥

उत्तर—ओस पड़ल हल रात म भीगल सब वनराय।
घड़ा न डूबल लोटिया, पंछी पियासल जाय ॥

घ पौराणिक उपाख्यानों से सबधित[४]
ङ जीवन-दर्शन से सबधित[५]

उपर्युक्त विवेचन में मगही के स्पृहणीय पहलिका साहित्य की हल्की झाँकी मिल जाती है।

मगही लोक-साहित्य में साहित्यिक सौंदर्य

सामान्य विवेचन—लोक साहित्य में साहित्यिक सौंदर्य का अन्वेषण एक दुस्तर कार्य है, कारण सामान्यतया 'लोकसाहित्य' एव 'शिष्ट साहित्य' के पार्थक्य का आधार ही कलात्मक सौंदर्य का अभाव या सद्भाव होता है। पर अनगढ व्यक्तियो द्वारा निर्व्याज भाव से गढे गये लोकसाहित्य मे भी 'कलात्मक सौंदर्य का सर्वथा अभाव नही होता। कारण सौंदर्य भावना' मानव जीवन की एक सात्विक एव शाश्वत वृत्ति है और यह अप्रशिक्षित व्यक्तियो के जीवन म भी परिपुष्ट भाव से प्रतिफलित रहती है। यही कारण है कि उनके अपरिपक्व मस्तिष्क पर सहज ही द्रवित हो जाने वाले हृदय से फूटे उद्गारो मे भी विशिष्ट प्रकार का सौंदर्य होता है। इस सौंदर्य म उस कृत्रिम कलात्मकता का अभाव अवश्य होता है, जो शिष्ट साहित्य म सायास या सचेष्टता के फलस्वरूप उद्भूत होती है, परन्तु जहाँ तक साहित्य के चरम लक्ष्य 'रसपरिपाक' का सबध है, लोकसाहित्य शिष्ट साहित्य से अधिक सक्षम होता है।

हम जिसे साहित्यिक सौंदर्य कहते हैं उसके दो स्थूल विभाग किये जाते हैं—भावपक्ष एवं कलापक्ष। भावपक्ष में वर्ण्य वस्तु के स्वरूप एवं भावगत सौंदर्य पर विचार किया जाता है एव कलापक्ष में उसकी सम्प्रेषणीयता को प्रभावशाली बनाने वाले रूपात्मक तत्वो (Formal element) पर।

लोक साहित्य की भावराशि का अनुमान लगाना कठिन है। शिष्ट साहित्य की तरह उनकी भावदिशाए सीमित एव उचित अनुचित के भेदोपभेद मे आबद्ध नही होती। साधारणतया जीवन का प्रत्येक क्षण उनमें मूर्त हो उठता है। जीवन म सुख दुख राग विराग आदि के क्षण हमेशा आते रहते है। इन क्षणो म मनुष्य की भावनाए पर्याप्त वेगशील हो जाती है और हर्ष एव शोक में परिपूर्ण हो नसगिक उद्गारो के रूप म फूट पड़ती है। सुख दुख के इन क्षणो की न तो सीमा ही कूती जा सकती है और न उनका वर्गीकरण ही किया जा सकता है। वे अनन्त हैं और उनके रूप भी अनन्त है। प्राकृतिक सुषमा को देख कर जहाँ मानव मन विमुग्ध होता है, वहाँ उसकी भयकरता से सत्रस्त भी होता है। दैनिक जीवन की बहुत सारी घटनाए आनन्द शोक विस्मय, अरु कम्पादि का उद्रेक करने वाली होती है। फिर सामाजिक परिवेश म भी कई घटनाए ऐसी आती हैं जो मानव मन को तरलित एव उसकी वृत्तियों को गतिशील कर देती हैं। ऐतिहासिक घटनाओ एव राजनीतिक परिवर्तनो के विषय में भी यही बात कही जा सकती है।

---

४ दू बेकती मिलि बाइस कान।
(रावण और मदोदरी)

५ कोमल नार पिया सग सूतल, अग म अग मिलाय
पिया बिछुड़ते देखि के, सग सती होई जाय॥
(बत्ती और तल)

लोकसाहित्य में सर्व-सामान्य रूप से पायी जाने वाली इस विशेषता की बाँकी झाँकी मगही लोक साहित्य में भी मिलती है। सामान्यतया मानव जीवन का कोई भी पक्ष ऐसा नहीं है, जो मगही लोकसाहित्य में चित्रित होने से शेष रहा हो। यह अवश्य है कि यहाँ हृदय की संवेदनाओं का ही एकच्छत्र साम्राज्य है, निर्गुण पक्ष को छोड़ शेष में प्रौढ मस्तिष्क के फलस्वरूप उद्भूत होनेवाले चामत्कारिक तत्त्वों का नहीं।

मगही लोककथाओं में जो जीवनानुभव व्यक्त हुए हैं, उनका संबंध मुख्यतः तीन से है—(क) उन स्थितियों के चित्रण से जो जीवन में किसी वस्तु या घटना के धार्मिक महत्त्व का प्रतिपादन करते हैं। (ख) उन स्थितियों के चित्रण से जो जीवन के नैतिक पक्ष के उत्कर्ष पर प्रकाश डालते हैं। (ग) उन स्थितियों के चित्रण से, जो जीवन के मनोरंजनपक्ष से संबंधित हैं। इन तीनों के उदाहरणस्वरूप क्रमशः "धरम के जय" एवं "डपोर सख" शीर्षक लोककथाओं का अवलोकन किया जा सकता है।

मगही लोकगीतों में अभिव्यक्त जीवन का पाट बहुत चौड़ा है। इनमें जहाँ लोकजीवन का सामान्य सामाजिक धरातल वर्तमान है, वहाँ उनके विशिष्ट संबंधों के सूक्ष्मातिसूक्ष्म विश्लेषण भी उपलब्ध हैं। जहाँ मगही जन-जीवन के अंधविश्वास एवं रूढ़ियों की अभिव्यक्ति मिली है, वहाँ उनकी धार्मिक आस्थाओं का भी चित्रण हुआ है, जहाँ उनके शोक एवं विषाद मुखरित हैं, वहाँ उनके जीवन का मनोरंजन पक्ष भी चित्रित हुआ है।

मगही लोकगाथागीतों एवं लोककथाओं में मगह के सामन्ती जीवन के कटु-मधुर अनुभव सुरक्षित हैं। जीवन का व्यापक अनुभव इसकी कहावतों एवं मुहावरों में भी सुरक्षित है। लोक-नाट्यगीतों एवं बुझौवलों का मुख्य संबंध मगह जीवन के मनोरंजन पक्ष से ही है, वैसे लोकनाट्यगानों में पारिवारिक जीवनानुभव की समृद्ध थाती सुरक्षित है।

मगही लोकसाहित्य में मनोवैज्ञानिक तत्त्व

लोकसाहित्य 'सामान्य लोक' का 'साहित्य' है, अतः इसकी कोई भी अभिव्यक्ति तबतक लोकोन्मुख नहीं हो सकती, जब तक उसमें लोक व्यापिनी "सामान्यता" न हो। इस लोकव्यापिनी सामान्यता का आधार मनोवैज्ञानिक होता है, अतः लोकसाहित्य में मनोवैज्ञानिक तत्त्व अनिवार्य रूप से वर्तमान होते हैं। मगही लोकसाहित्य में इस मनोवैज्ञानिकता के दो रूप मिलते हैं—(क) व्यक्तिनिष्ठ मनोवैज्ञानिकता एवं (ख) समष्टिनिष्ठ मनोवैज्ञानिकता।

व्यक्तिनिष्ठ मनोवैज्ञानिकता के तीन स्तर मिलते हैं। (क) प्रथम स्तर—यह वह स्तर है जिसे हम आदिम मानव के 'मानस' का 'अवशेष' कह सकते हैं। इस स्तर से अनुप्राणित मगही लोकसाहित्य में हमें एक ऐसी लोकचेतना के दर्शन होते हैं जिसमें कार्य कारण-संबंध से रहित विश्वास परम्परा का प्रभुत्व है। इस विश्वास रखने के परिणामस्वरूप ही वह अपने चतुर्दिक विभिन्न उपादानों में एमी 'शक्तियों' के दर्शन करता है, जो रुष्ट हो जाने पर उसे ('लोक' या 'सामान्य जन' को) अपार हानि पहुचा सकती हैं और प्रसन्न हो जाने पर मनोकामनाएँ भी पूरी कर सकती हैं। लोकमानस इन शक्तियों को हमेशा प्रसन्न रखना चाहता है और इसके लिए विभिन्न लोकगीतों में विभिन्न 'अनुष्ठानों' के

विधानात्मक सकेत उसने प्रस्तुत किए हैं। किसी वस्तु के स्पर्श करने या खाने से अथवा किसी के वरदान से सन्तान का होना या किसी के स्पर्श से अथवा रक्त की बूँदों से पीडित के प्राणों की प्रतिष्ठा आदि से सबंधित विश्वास ऐसे ही हैं।

(ख) द्वितीय स्तर—यह वह स्तर है, जिसमें "प्रथम बौद्धिक उन्मेष' की झाकी मिलती है। कार्य-कारण- सबध के तार्किक ज्ञान का इसमे भी सर्वथा अभाव है, पर कल्पना का आश्रय लेकर उसकी पूर्त्ति का प्रयास स्पष्ट है। यही कारण है कि प्रथम स्तर के लोकसाहित्य मे जहां अधविश्वासों एव भयमूलक रूढियो मे परिपूर्ण नीरस पुनरुक्तियो की प्रधानता होती है वहां इस द्वितीय स्तर के लोकसाहित्य में अद्भुत वार्त्ताओं, असभव सघटनाओ एव विषम परिणामो की।

(ग) तृतीय स्तर--यह स्तर "भावमयी अभिव्यक्ति" का है। इसमे मनोवेगो की प्रधानता होती है, जिनके मूल में हर्ष या विषाद का उद्रेक होता है। सामान्य चित्रण इन्हीं की पृष्ठभूमि के रूप मे आते हैं। इस स्तर के लोकसाहित्य मे रागात्मक चित्रण की प्रधानता स्पष्ट दीख पड़ती है।

समष्टिनिष्ठ मनोवैज्ञानिकता—'व्यष्टि' से 'समष्टि' का निर्माण होता है। दोनों में आधाराधेय सबध है। एक के अभाव मे दूसरे की सत्ता शेष नहीं रह जाती। अत लोक-साहित्य में प्रतिफलित "व्यष्टिनिष्ठ मनोवैज्ञानिकता" एव "समष्टिनिष्ठ मनोवैज्ञानिकता" मे कोई तात्त्विक अन्विति ही न हो, ऐसी बात नहीं। फिर भी 'सामूहिक मानस व्यक्ति-मानस से किंचित् भिन्न होता है। व्यक्ति एकाकी रूप मे जिन बातो की अभिव्यक्ति मे—वह अभिव्यक्ति 'वाचिक' हो या 'कायिक'—लज्जा या मर्यादाहीनता का अनुभव करता है, उन्हें ही सामूहिक स्तर पर निर्भीकता के साथ व्यक्त करता हुआ आनन्द का अनुभव करता है। यथा—होली या विवाह के अवसर पर की जानेवाली अनेक अश्लील अभिव्यक्तियो को देखा जा सकता है। यह उदाहरण 'व्यक्ति-मानस "एव "सामूहिक मानस' के अन्तर को स्पष्ट करने भर के लिए प्रस्तुत किया गया है, वैसे इसका यह तात्पर्य नहीं कि प्रत्येक सामूहिक अभिव्यक्ति अश्लील ही होती है।

सामान्यतया कोई अभिव्यक्ति निम्नाकित परिस्थितियो में सामूहिक अभिव्यक्ति का स्वरूप ग्रहण करती है—

(क) कोई गीत अपनी लय के कारण सामूहिक अभिव्यक्ति का स्वरूप ग्रहण कर लेता है।

(ख) कोई गीत अपनी उदात्त भावनाओ के कारण सामूहिक अभिव्यक्ति मे परिणत हो जाता है।

(ग) कोई गीत अपनी उद्दीपक शृगार भावना के कारण "सामूहिक अभिव्यक्ति" की श्रेणी में चला आता है। सामूहिक गीतों में 'वस्तु' की दृष्टि से कोई कथा भाग भी स्वीकार कर लिया जाता है।

मगही लोकसाहित्य में आदर्श स्थापन की प्रवृत्ति

आदर्श-स्थापन की प्रवृत्ति यद्यपि शिष्ट साहित्य मे सचेष्ट भाव के साथ मिलती है, तथापि लोकसाहित्य में भी उसका सर्वथा अभाव नहीं होता। लोकसाहित्य का स्रष्टा भी एक

"सामाजिक प्राणी" होना है और अपने सामाजिक परिवेश में जीवन की गरिमा का मूल्यांकन करने वाले प्रतिमानों से अनायास भाव से परिचित होना है। अपने "चरित्रों" को वह जहाँ अधिक से अधिक लोकोन्मुख रूप में प्रस्तुत करता है, वहाँ उनमें लोक सामान्य के धरातल पर मान्य "आदर्शों के स्थापना की नैसर्गिक प्रवृत्ति भी स्पष्ट झलकती रहती है। इस आदर्श-स्थापन के लिये अवसर घटना क्रम या की योजना से प्राप्त होते हैं। इस दृष्टि से स्त्री चरित्रों में सतीत्व, कुलमर्यादा, प्रेमपर बलि होने का भावना, भाई के लिए त्याग, वात्सल्य आदि के आदर्शों की स्थापना का सहज स्वरूप दीखता है इसी तरह पुरुष चरित्रों में पितृभक्ति, मित्र प्रेम, पर दु:खकातरता, उपकार भावना साहस, आपत्ति में धैर्य, प्रत्युत्पन्नमतित्व, स्वामिभक्ति आदि के आदर्श का शील रूप में स्थापन मिलता है। इससे जहाँ चरित्रों में विविधता के दर्शन होते हैं, वहाँ वे अधिक सूक्ष्म गंभीर एवं प्रभावशाली भी हो जाते हैं।

मगही लोकसाहित्य में 'प्रकृति'

मनुष्य का 'प्रकृति' के साथ अविच्छिन्न और सनातन संबंध है। जन्म लेते ही वह प्रकृति के दर्शन करता है और इसी के दर्शन करते हुए वह आँखें भी मूँदता है। उसकी 'मनन शीलता' का विकास भी इसी प्रकृति के साहचर्य से होता है। साधन रूप से हर्ष और विषाद होते हैं। प्रकृति के प्रतिपल व्यापारों को देख कर वह आनन्दोल्लास से भर-भर उठता है। पर ऐसे दृश्य भी आते हैं, जो उसे 'भय' और 'विषाद' से परिपूर्ण कर देते हैं। 'प्रकृति' के संदर्भ में उसकी यह स्थिति द्रष्टा' और 'भोक्ता' की होती है। इस स्थिति में प्रकृति चेतना विभूषित सजीव प्राणी के रूप में उपस्थित होती है। मनुष्य इस प्रकृति को अपने 'हर्ष' में हर्षित और 'विषाद' में 'खिन्न' होते पाता है। साहित्य में इन दोनों रूपों में प्रकृति के दर्शन होते हैं। पर 'शिष्ट साहित्य' एवं 'लोकसाहित्य' के प्रकृति चित्रण में कुछ अन्तर है।। यह अन्तर वही है, जो दोनों के निर्माताओं में है। शिष्ट साहित्य का साधक जहाँ 'संस्कार' की कृत्रिमता से आच्छन्न होने के कारण 'प्रकृति' का किंचित् तटस्थ भाव से साक्षात्कार कर पाता है वहाँ लोकसाहित्य का सर्जक सहज नैसर्गिक होने के कारण स्वयं 'प्रकृति' के अत्यन्त समीप होता है। लोकसाहित्य में प्रकृति का 'आलम्बन' एवं 'उद्दीपन' विभावों के रूप में चित्रण मिलता है, पर इसमें जो मर्मस्पर्शिता मिलती है, वह शिष्ट साहित्य में अपवादतः ही मिल पाती है। मगही लोक-साहित्य के प्रकृति चित्रण में भी यह मर्मस्पर्शिता पर्याप्त मात्रा में वर्तमान है।

मगही लोकसाहित्य में प्रकृति चित्रण का वह रूप, जिसमें उसके सर्जक की स्थिति तटस्थ 'द्रष्टा' एवं भोक्ता' की है, अत्यन्त विस्तृत एवं वैविध्यपूर्ण है। प्रकृति के विभिन्न उपादानों का विभिन्न प्रसंगों में बड़ी तन्मयता के साथ वर्णन किया गया है। प्रकृति के चेतन स्वरूप का चित्रण भी मगही लोक साहित्य में पर्याप्त मात्रा में हुआ है। मागधी जनता के लिए 'गंगा' एक सामान्य नदी नहीं, एक 'देवी' है जिसमें दुःखों को दूर कर सुख लाने की पूरी क्षमता है। उसका रूपाख्यान भी एक नारी के रूप में होता है, जो माथ में टिकुली साटती है, ओढ़नी ओढ़ती है और नाक में नथिया पहनती है। अन्यत्र 'सूर्य' को भी एक ऐसे देवता के रूप में चित्रित किया गया है, जो सोने की खड़ाऊँ पहनते हैं और हाथ में सोने की छड़ी रखते हैं। भक्तजन उन्हें

उपहार देकर मनोवांछित फल पाते हैं। 'छठ' के अवसर पर गाये जाने वाले गीतों में 'सूर्य' के इस स्वरूप की मर्मस्पर्शी झांकी मिलती है। पशु-पक्षी भी 'प्रकृति' के अन्तर्गत ही आते हैं। मगही लोकसाहित्य में ये दो रूपों में चित्रित मिलते हैं—(क) सामान्य रूप में, जहां इनका उल्लेख प्रसंगवशात् अपेक्षानुसार होता है। (ख) असामान्य रूप में, जहां इनमें मानवीय चेतना के पूर्ण दर्शन होते हैं और ये तदनुकूल सक्रियता दिखलाते हैं।

मगही लोकसाहित्य में रस-परिपाक

'रस' का सम्बन्ध हृदय से है। सहृदय सामाजिक के हृदय में जो रत्यादि स्थायिभाव संस्कारों के रूप में चिरसंचित होते हैं, वे ही विभाव, अनुभाव एवं संचारिभावों के संयोग से रस-रूप में परिणत हो जाते हैं।[1] लोक-साहित्य में हृदयपक्ष एवं भाव संवेगों की प्रधानता होती है, बुद्धि-पक्ष या तो अत्यन्त गौण होता है अथवा पूर्णतः शून्य। बौद्धिक चमत्कार वहाँ भले न मिले, पर हृदय से सम्बद्ध रस परिपाक की जो रुचिरता इसके सर्जन में मिलती है उसका लोक-साहित्य के सर्जक में अभाव सा होता है। फिर भी लोक साहित्य में विभाव अनुभाव एवं संचारीभावों का अन्वेषण संभव है।[2] लोकसाहित्य की यह सामान्य विशेषता मगही लोकसाहित्य में भी वर्तमान है।

मगही लोकसाहित्य में लोककथा, लोकगीत, बालक-खेलगीत, लोकनाट्यगीत एवं लोकगाथा-ये सभी सम्मिलित हैं। मगही लोककथाओं में प्रायः शृंगार करुण शांत एवं हास्य रसों का परिपाक मिलता है। उदाहरणार्थ क्रमशः 'राजा भरथरी', 'अमला', 'विश्वास के महात्मा' एवं 'ढपोर सख' शीर्षक लोककथाओं को देखा जा सकता है। रस परिपाक विशेषतः मगही लोकगीतों में मिलता है।' रौद्र 'एवं वीभत्स' का छोड़ कर प्रायः सभी रसों का परिपाक दीख पड़ता है। इनमें भी शृंगार एवं करुण रसों की प्रधानता स्पष्ट है। यहां विस्तृत विवेचन का अवकाश नहीं है, अतः शृंगारादि रसों के दो तीन प्रतिनिधि उदाहरण भर दिये जा रहे हैं —

क. फूल लोढे गेली ससुर फुलवरिया,
वगिया में पियवा अइलन हमार।
एक खोंइछा लोढली, दूसरे खोंइछा लोढली,
वगिया में फुलवा देलन छितराय॥

—(शृंगार रस)

---

१. विभावानुभावेन व्यक्तः संचारिणा तथा।
रसतामेति रत्यादि स्थायिभावः सचेतसाम्॥

२. इस विषय में डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय का कथन है—"लोकसाहित्य में रस की प्राप्ति ही नहीं होती, प्रत्युत यह रस से ओतप्रोत होता है। परन्तु 'रस' की सृष्टि के लिए जिन विभाव अनुभाव और संचारियों की आवश्यकता होती है, उनका इसमें अभाव होता है।' (लोकसाहित्य की भूमिका, पृ० १६०) हम इस कथन से सहमत नहीं हैं। कारण लोकसाहित्य में भी शृंगारादि रसों के प्रसंग में नायक

(ख) जहिया से पियवा मोरा गैल छूटूँ बिदेसवा,
बलमुआ हो मोरा निन अखियों न नाद ।
बलमुआ हो कइलीं न सँवरहों सिंगार ॥
कहिया न सनौली हम फुलवा सेजरिया,
बलमुआ हो सपना भे गेल मोर नींद ॥
(विप्रलम्भ शृंगार)

(ग) गवनमा क दिनवा धरायल
गउना नगिचायल हे ।
सब रखी करथिन चतुरइया ।
बाबू के फटलइ करेजवा,
रे नसे भादो झँझर ।
मइया क टरे नयना लोर
रे नसे भादो आरो धुए ॥
(करुण)

(घ) फोड़बइ मैं सखा चुड़िया
फाड़बइ हम चोलिया
धरबइ नागिनिया भेस ॥
(स्मरण विप्रलम्भ)

(ङ) ये ही समधा के मुँहमा कसन लगऽ हइ ?
जैसन बानर के मुँहमा आयसन लगऽ हइ ।
जैसन लंगूर के मुँहमा अयसन लगऽ हई ।
ये ही समधी के दढ़िया कैसन लगऽ हई ?
जैसन फेदवा के झोंटवा ओयसन लगऽ हई ।
(हास्य)

नायिका, रमणीय प्रकृति, हर्ष विषाद, अश्रुपात, चिन्तादि की चर्चा होती है। और इनके सद्भाव में लोकसाहित्य में भी 'विभाव' (आलम्बन —नायक नायिका, उद्दीपन प्रकृति के रमणीय दृश्य), अनुभाव (अश्रुपातादि) एवं संचारि भावों (चिन्तादि) का अभाव बतलाना अनुचित है। यह सहज संभव अवश्य है कि लोकसाहित्य के अन्तर्गत रस परिपाक में ये सभी रसांग सर्वत्र परिपुष्ट रूप में न हों।

(च) साधो लोक में पराइ, गुन गाइ गाइ बहुरी न आवइ एना।

ककरे बले विरिया में, लगइ पेमल मनमा,

कउन जे टुलवावे, उत्तिम जोड़ी में परनमा,

ककरे बले अँकुरइ कंठ में बचनमा,

कउन देव देलक मोरा कान अउ नयनमा।

कनमों के कान साधो मनमों के मनमा।

बचनों के बाक से, उ परनमों के परनमा।

अँखियो के आँख, भिन्न भिन्न रूप धारी।

ओकरे प्रतापे ओही में रहे सनचारी।

साधो, ओकरे दरस ओट टारी जीवन मुकुती पवाइ एना॥

(शान्त)

मगही लोकगीतों में शृंगार रस के प्रसग मुख्य रूप से विवाह, कोहबर एवं ऋतु सबधी गीतों में मिलते हैं। विवाह एवं कोहबर सबधी गीतों में सभोग शृंगार के चित्रण की प्रधानता होती है एवं ऋतु गीतों में विप्रलम्भ शृंगार के चित्रण की। 'कोहबर' के गीतों में प्रायः नवविवाहित दम्पति के हास परिहास का चित्रण मिलता है। नवेली वधू के मनोभावों का वर्णन बड़े मनोयोग से किया गया दृष्टिगोचर होता है।

मगही लोकगीतों में वर वधू के जो शृंगार चित्र मिलते हैं उनमें गार्हस्थ्य जीवन को पृष्ठाधार बनाया गया है। रीतिकालीन कवियों की तरह उत्तरदायित्व विहीन शृंगार चित्रण यहाँ शायद ही कहीं मिले। इसमें आये सभी चित्र लोकोन्मुख एवं उद्देश्य की दृष्टि से गार्हस्थ्य जीवन की पूर्णता के साधक हैं।

शिष्ट साहित्य के काव्य में नायिका भेदों के निरूपण में जैसी गहरी अभिरुचि के दर्शन होते हैं, उसका लोककाव्य में सर्वथा अभाव है, जो स्वाभाविक ही है। नायक-नायिका के मूल अवान्तर भेदों की तो कथा ही वृथा है। पर नायक नायिका-भेद निरूपण का आधार भी 'सामान्य सामाजिक जीवन" ही है, जिससे लोकरुचि भी सम्बद्ध रहता है। मगही का लोकभाव भी 'मगह क्षेत्र' के 'सामान्य जन जीवन' के सहज सम्पर्क से वचित नहीं है अतः मगही लोकगीतों में यत्र तत्र स्थूल रूपेण नायिका-भेदों के दर्शन भी हो जाते हैं। यथा—'स्वकीया एवं परकीया' दोनों ही के चित्र मगही लोकगीतों में उपलब्ध है। 'स्वकीया' में भी 'मुग्धा'[१] 'मध्या' एवं 'प्रगल्भा' इन तीनों

१ "पहिल पहर रानी बीतल, इनती मिननी करथिन हे।
लेहु बहुए सोने के सिन्होरवा, तो उलटि पुलटि सेचइ हे।"
""अप्पन सिन्होरवा परभु जी बहिनी के दीहइ हे।
पच्छिम मुँहे उपले जो चाम, तइयो न उलटि सोयबो हे।"

मुग्धा लज्जा के आधिक्य के कारण प्रथम रात्रि में पति की ओर मुख करके सोने को तत्पर नहीं होती।

के चित्र अस्त व्यस्त रूप में प्राप्त होते हैं। इन्हीं भेदों की दृष्टि से भी विभिन्न नायिका भेदों के दर्शन मगही लोकगीत में होते हैं। यथा—'खण्डिता'[1] प्रोषितभर्तृका[2], 'विरहोत्कंठिता' एवं कलहान्तरिता[3] आदि के सरस चित्र बाहुल्य के साथ वर्तमान हैं।

मगही में श्रृंगार रस के पश्चात् सर्वाधिक व्यापक एवं गंभीर परिपाक करुण रस का ही दृष्टिगोचर होता है। *मगही लोकगीतों में करुण-रस परिपाक के सुपरिचित प्रसंग हैं—*

(क) कन्या की विदाई

(ख) वन्ध्या की पीर

(ग) वैधव्य का शोकोद्गार

(घ) अंध विश्वासों के परिणाम स्वरूप
सम्भव हुए कारुणिक प्रसंग

(ङ) सामन्तशाही से प्राप्त उत्पीडन आदि।

इन सभी में कन्या की विदाई का प्रसंग बड़ा ही मार्मिक होता है। बेटे की तरह बेटी का भी जन्म होता है, पालन पोषण होता है, पर एक दिन वह पराई हो जाती है। बिछुड़ते समय उसके परिजनों की जो दशा होती है, वह किसी भी सहृदय को रुला दे सकती है। अन्य प्रसंग भी करुण रस से आप्लावित करने वाले ही हैं। 'करुण' के साथ 'करुणविप्रलम्भ' का परिपाक भी मगही लोकगीतों में दृष्टिगोचर होता है। हास्य रस के प्रसंग विभिन्न सामाजिक सबधों के परिवेश में अवकाश पाते हैं। ये सामाजिक सबध हैं— पति पत्नी, देवर भाभी, भाभी-ननद, साला-बहनोइ, सरहज नन्दोइ, समधी समधिन, आदि के। 'वीर रस' का परिपाक मगही लोकगीतों में अपेक्षाकृत कम मिलता है। वस्तुत इसकी प्रधानता मगही लोकगाथाओं में मिलती है। 'शांत रस' का परिपाक मगही के देवविषयक एवं निर्गुण-सबधी लोकगीतों में मिलते हैं।

---

१ गंगा असननिया चललन दुलरइता दुलहा हे।
बास लेलन कदमियाँ तरे हे।
सूत गेलन मलिनिया कारे हे।
पान के पनवट्टा ले ले धनि खड़ा भेलन हे।
लेहु परभु पान के बिरवा हे।
देखि के मलिनिया कोरे नइहरवा चललन हे।

२ जहिया से पिया मोरा गलऽ तूँ विदेसवा।
बलमुआ हो, तोरा बिनु अँखियो न नींद।
बलमुआ हो, कइली न सोरहो सिंगार॥

३. "भोर भेलइ हे पिया भिनसरवा भेलइ हे,
उठु न पलंगिया से काइलिया बोलइ न।।'
"कोइलिया बोलइ गे धनी कोइलिया बोलइ ना।"
देहिं ना पगड़िया हम कलकतवा जैबइ ना॥'
"कलकतवा जैबइ हो पिया, कलकतवा जैबऽ ना,
बाबा के बोला के हम नैहरवा जैबइ ना॥

मगही लोकसाहित्य में अलंकार-योजना

सौंदर्य-भावना एक शाश्वत एवं सार्वजनीन भावना है। प्रशिक्षण के परिणाम स्वरूप उसके स्वरूप दृष्टिकोण में अन्तर दृष्टिगोचर हो सकता है, पर तात्विक दृष्टि से लोकसाहित्य एवं शिष्ट-साहित्य की अभिव्यक्ति में झलकनेवाला सौंदर्य एक ही होता है। इस 'सौंदर्य' के परिणाम स्वरूप ही कोई काव्य ग्राह्य हो पाता है।[1] यह सौंदर्य ही अलंकार है।[2] अलंकार मूलक इस 'सौंदर्य' का अन्वेषण लोकसाहित्य में भी सहज संभव है। मगही लोकसाहित्य में यह 'सौंदर्य' स्पृहणीय मात्रा में वर्त्तमान है।

उदाहरणार्थ मगही लोककथाएं आदि देखी जा सकती हैं। लोककथाएं गद्य-प्रधान होती हैं और गद्य का प्रधान लक्षण वर्णनात्मक एवं विचारात्मक होता है, भावात्मक होना कम। पर लोककथाओं का गद्य हृदय पक्ष प्रधान लोककवियों की अभिव्यक्ति का माध्यम होने के कारण साथ साथ भावात्मक भी होता है। बीच बीच में आने वाले पद्यात्मक संवादों से भी यही सिद्ध होता है। मगही लोककथाओं में 'भावात्मकता प्रचुर मात्रा में है, जिसके परिणाम-स्वरूप उनका गद्य आलंकारिक हो गया है। पर अलंकारों के प्रयोग वैविध्य का वहाँ अभाव है, जो सचेष्टता के अभाव में स्वाभाविक है। जिन अलंकारों का प्रचुर प्रयोग हुआ है, वे हैं—अनुप्रास, वक्रोक्ति, उपमा, रूपक, एवं तुल्ययोगिता। यथा—

(क) सहल गुने देहवा कटर-मटर बोलऽ हइ,
पटर-पटर बोलऽ हइ।
(वृत्त्यनुप्रास)

(ख) जब तों मरमे करमऽ, तब हम बच के रहम की ?
(काकुवक्रोक्ति)

(ग) नोकरवा देखे है तो सूरज के जोत नियन कननरकी।
(उपमा)

(घ) कथा में पंडित जी कहलथिन कि राम के नाम
लेवे वाला भौसागर से तर जाहे।
(रूपक)

(ङ) हम चाही एगो मच्छी, एगो सूप आउर एगो छूरी।
(तुल्ययोगिता)

मगही लोककाव्य में शास्त्रीय अलंकारों के प्रायोगिक रूप प्रचुर मात्रा में वर्त्तमान हैं। इनमें प्रमुख अलंकार हैं—उपमा, मालोपमा, रूपक, सांगरूपक, उत्प्रेक्षा, दीपक, प्रतिवस्तूपमा,

१. काव्यं ग्राह्यमलङ्कारात्—काव्यालं सू० वृ० १। १। १
२. सौन्दर्यमलंकार—काव्यालं सू० वृ० १। १। २

पर्यायोक्ति एव लोकोक्ति आदि । मगही लोककाव्य में सर्वाधिक पाया जाने वाला अलकार 'उपमा' ही है और विशेषकर मगही लोकगीतों में उसके बडे ही मार्मिक उदाहरण मिलते हैं ।[1] मालोपमा के सुन्दर प्रयोग लोकगीतों के शृगारिक वर्णनो म मिलत हैं विशेषकर सभोग शृगार के प्रसगो में किसी तरुणी के नवयौवन के वर्णन म।[2] रूपक अलकार का प्रयोग प्राय उन्ही प्रसगों में मिलता है, जिन प्रसगो में उपमा का।[3] पारिवारिक प्रसगो म यत्र-तत्र 'सागरूपक' के बडे ही मधुर प्रयोग मिलते हैं—

सास ससुर हथी गगाजलिया

साला सरहज कमलफूल ह ।

अर्थात् सास-ससुर गगा की जल राशि के समान हैं और साला सरहज उसम विकसित कमल-फूलों के समान

कितना सुन्दर और सारगर्भित चित्र है। एक सुभग सारप्रवाह का दृश्य नयनों के सम्मुख साकार हो उठता है। गगा जल उपमान का प्रयोग साभिप्राय है अत यहाँ परिकर' अलकार भी है। उपर्युक्त दोनों अलकारो का क्षीर-नीर न्याय सवलित परस्पर मिश्रित स्थिति के कारण यह 'सकर' अलकार का उदाहरण भी माना जा सकता है ।

'दीपक' अलकार का प्रयोग सामाजिक वर्णनो के क्रम म प्राय दीख पड़ता है। 'दीपक' का सबध 'दीपन' से है और जहा इसका लक्षण घटित होता है वहा स्वभावत उल्लास प्रसग चित्रित होता है। यथा—

जलवा मे चमकइ चिल्हवा मछलिया,

रैनिया चमकइ तरवार ।

सभवा में चमकइ सामी के पगड़िया,

हुलसऽ हइ जियरा हमार ॥

यहाँ प्रस्तुत (स्वामी की पगड़ी) एव अप्रस्तुतों (चिल्हवा मछली तथा विद्युत्) का संबध एक ही धर्म 'चमकना' मे स्थापित किया गया है, अत।'दीपक' अलकार है । 'तरवार' या 'तलवार'

---

१ बाबू के फटलइ करेजवा,
    रे जैसे भादो कॉकर ।
मइया के ढरे नयना-लोर,
    रे जैसे भादो ओरी चुए ॥

२ जैसे चिक्कना पीपर के पतवा,
ओयसने चिक्कना घीऊ ।
ओयसने चिक्कना गोरी के जोबना,
पिया के ललचइ जीऊ ॥

३, अँखिया दुलहिन के आमि के फँकवा ।
नकवा सुगवा के नाक हे ।

विद्युत् का अप्रस्तुत पद है और मात्र अप्रस्तुत के कथन से 'अतिशयोक्ति' अलंकार की भी योजना हो गई है। ये दोनों अलंकार उपर्युक्त छन्द में तिलतण्डुल भाव से स्थित हैं, अतः संसृष्टि अलंकार भी है।

'देहलीदीपक'[1] 'अतिशयोक्ति'[2] 'उत्प्रेक्षा'[3] अप्रस्तुत प्रशंसा[4] (सारूप्यनिबंधना)[5] प्रतिवस्तूपमा[6] लोकोक्ति[7], पर्यायोक्ति[8] आदि के भी बड़े ही सरस प्रयोग मगही लोककाव्य में मिलते हैं। मगही के विशुद्ध लोककाव्य की कौन कहे, इसकी कहावतें[9], मुहावरे[10] और पहेलियों[11] तक आलंकारिक सौन्दर्य से समन्वित हैं।

---

१ बाबा के हइ रे धानी फुलवरिया
जुहिया फुलल कचनार।
घोड़वा चढ़ल आवइ दुलरइता दुलहा,
जुहिया लोढ़इ रुचनार॥

२ बगिया में ऐलन दुलरइता मरवा हे।
इलयची के डरवा भारा बाँधि ढेलन हे॥
सोरगन सटिया सरवा मारी ढेलन हे॥

३ का हथी सीता हे सुरुज के जोतिया,
का हथी चान के जोत हे॥

४ मालिन के अँगना कमइलिया के गछिया
रने बने कमरल डार हे।
घर के बाहर भेलन दुलरइता दुलहा,
तोड़ऽ हइ कमइलिया के डार हे॥

५. 'सारूप्यनिबंधना' अप्रस्तुत प्रशंसा को ही 'अन्योक्ति' अलंकार भी कहते हैं।

६ पीपर के पतवा फुलगिया डोले,
अब जिया डोले रे ननदो,
तोहर भइया रे बिनु॥

७ टिकवा भेलइ अपना,
से सुगवा भेलई सपना,
पिया भेलई डुमरी के फूल॥

८ चिड़ियाँ बियाए चिरमुनियाँ,
गया मइया तो बियाये रेत
उरहुर के फुलवा चढ़ैवइ देवी मइया,
बाँझ के अँचरवा देव॥

९ (क) मइया के जीऊ गइया ऐसन
पूता के जीऊ कमइया ऐसन। (उपमा)
(ख) जेने सुरुज उगे हे, तेन्हीं आदमी गोड़ लागे हे।
(अप्रस्तुत प्रशंसा)
(ग) ऊ बड़ा गरल गरई हे। (अतिशयोक्ति) आदि

१० (क) औरी बौरी करना। (वृत्त्यनुप्रास)
(ख) मोती झरना। (अतिशयोक्ति) आदि

११. (क) जब मारइ तो जी उठे,
बिन मरले मर जाय। (विरोधाभास)

(ख) करिया ही हम करिया ही,
करिया बन में रहऽ ही।
ललका पानी पीअऽ ही। (मानवीकरण)

अन्य शास्त्रीय तत्त्व

अन्य शास्त्रीय तत्त्व रीति और गुण है। शास्त्रीय दृष्टि से 'रीतियाँ' तीन हैं—वैदर्भी, गौडी एवं पांचाली। वैदर्भी समासहीन, सरल एवं प्रवाहयुक्त होती है; गौडी ठीक उसके विपरीत अत्यन्त जटिल, लम्बे समासों वाली तथा पांचाली दोनों के मध्यस्थित। 'रीति' की दृष्टि से सम्पूर्ण मगही लोकसाहित्य वदर्भी रीति में ही माना जायेगा। कारण सामान्य है। लोकसाहित्य में क्या गद्य और क्या पद्य-दोनों से समास योजना कोसों दूर होती है किन्तु दोनों सहज और सरल प्रवाह-युक्त होती है।

शास्त्रीय दृष्टि से गुण तीन हैं—माधुर्य, ओज और प्रसाद। माधुर्य गुण संभोग शृंगार, करुण रस, विप्रलम्भ शृंगार एवं शान्त रस में क्रमशः अधिक होता है। इसमें कोमल वर्णों की प्रधानता होती है एवं समास का अभाव होता है। ओज गुण वीर रस, वीभत्स रस एवं रौद्र रस में क्रमशः अधिक होता है। इसमें कठोर वर्णों की प्रधानता होती है, लम्बे समासों की योजना होती है एवं रचना औद्धत्यपूर्ण होती है। प्रसाद गुण सभी रचनाओं एवं रसों में वर्तमान हो सकता है। इस गुण के व्यंजक वे शब्द हैं, जो श्रवणानन्तर ही अर्थ का बोध करा दें।

उपर्युक्त दृष्टि से विचार करने पर मगही लोकसाहित्य में तीनों गुणों का सद्भाव दीखता है। 'ओज' गुण की स्थिति गुणात्मक रूप से ही है, रूपात्मक नहीं। 'रूपात्मक स्थिति' से तात्पर्य उसके बाह्य लक्षणों से है। यानी जहाँ 'ओजगुण' वर्तमान भी है वहाँ कठोर वर्णों के प्रयोग, लम्बे समासों की योजना एवं औद्धत्यपूर्ण रचना का पूर्णतः अभाव दृष्टिगोचर होता है। 'माधुर्य' एवं प्रसाद' मगही लोक काव्य में गुणात्मक रूप से तो मिलते ही हैं, उनके बाह्य लक्षण भी घटित होते पाये जाते हैं। नीचे इनके कतिपय उदाहरण प्रस्तुत किए जाते हैं—

(क) जैसे चिक्कन पीपर के पतवा
ओयसने चिक्कना घीऊ।
ओयसने चिक्कना गोरी के जोवना
पिया के ललचइ जीऊ। (माधुर्य)

(ख) ओही घड़ी बैलवा बोलइ अघोरी के सभे जवान हो राम।
सुनऽ हलिअइ कि गउरा में बड़ा-बड़ा वीर हइ पहलवान हो राम।
एतना जे बोलिया सुनऽ हइ लोरिकवा मनियार हो राम।
मरवा में बैठले मारऽ हइ गरजवा लोरिक हो राम।
सुनऽ हिं न सुन अघोरिया के बड़ा बड़ा वीर जमान हो राम।
(ओज)

(ग) नदी किनारे गूलर के गछिया,
छैला तोड़े गोरी खाय,
छैला जे पूछे दिल के बतिया
गोरी के जिउआ लजाय॥
(प्रसाद)

मगही लोक-साहित्य में छन्द-योजना

लोकसाहित्य में छन्द तत्व का अन्वेषण सहसा विरोधाभास-सा प्रतीत होता है, क्योंकि लोक-कवि न तो छन्द शास्त्र का अध्ययन ही सम्पन्न किए होता है और न छन्द निर्वाह की उसे विशेष चिन्ता ही होती है। लोककाव्य तो हर्ष विषाद के क्षणों में उसके कण्ठ का फूटा स्वाभाविक उद्‌गार होता है।

पर छन्द का प्राण 'लय' है और 'लय' एवं 'तुक' मिल कर एक अर्थ में 'छन्द' की सृष्टि करते हैं। पर 'तुक' छन्द का अनिवार्य तत्त्व नहीं है। अतः छन्दों का अन्वेषण लोक साहित्य में भी संभव है। मनुष्य स्वभाव से ही रागात्मक वृत्ति वाला होता है और राग का ही मुखर रूप 'लय' है। चूँकि यह छन्द स्पन्दन समग्र सृष्टि में व्याप्त है,[1] अतः अशिक्षित मानव की अनगढ़ उक्तियों में भी वह स्वाभाविक ढंग से अवतरित हो जाता है।

छन्द की परिभाषा देते हुए डॉ० पुत्तूलाल शुक्ल ने कहा है—'छन्द वह वैखरी ध्वनि है, जो प्रत्यक्षीकृत निरन्तर तरंग भंगिमा से आह्लाद के साथ भाव और अर्थ की अभिव्यंजना कर सके।'[2] इस कसौटी पर मगही लोकगीतों लोकनाट्य गीतों, लोकगाथाओं को कसने पर हम पाते हैं कि उनमें छन्द-तत्त्व वर्त्तमान हैं।

विशेषतः मगही लोकगीत आकार-प्रकार की दृष्टि से विभिन्न रूपों में मिलते हैं। यथा- सोहर, बिरहा, जंतसारी, ऋतुगीत, देवगीत भूमर, कजरी, गोदना, लहचारी, लोरी, मनोरंजन गीत आदि। अपने अपने आकार-प्रकार के साथ इनकी छन्द-योजना का अपरिहार्य सम्बंध है।

नीचे उपर्युक्त में एक दो छन्दों का किंचित् विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत कर विवेच्य प्रसंग को समाप्त किया जाता है। 'सोहर' शब्द संस्कृत पद 'शोकहर' से व्युत्पन्न माना जाता है—शोकहर→सोअहर→सोहर। अतः इसका व्युत्पत्तिगत अर्थ हुआ—वे गीत, जो शोक हर लें। इसकी व्युत्पत्ति के मूल में 'शुभ' धातु है जिससे 'शोभन', 'शोभा' आदि तत्सम एवं 'सोहना', 'सुहावना' आदि तद्‌भव रूप निःसृत हुए हैं।

'सोहर' छन्द एक विशेष राग में गाये जाते हैं। 'सोहर' का साहित्यिक प्रयोग महाकवि तुलसीदास जी के 'रामलल्लानहछू' में मिलता है। इसके प्रत्येक चरण में २२-२२ मात्राएँ होती हैं। पर लोकगीतों में मात्रा-प्रयोग के इस नियम के पालन का अभाव दीखता है, जो स्वाभाविक है, क्योंकि लोकगीत तो लोककवि के नसर्गिक भावोच्छ्वास ही हैं।[3] 'भावोच्छ्वास' कभी तो दीर्घ होता है और कभी स्वल्प भी। इसी तरह इन 'सोहर' छन्दों में कभी तो मात्राएं २२ से

---

१. दिनकर—हिन्दी कविता और छन्द पारिजात (फरवरी १९४६)

२. आधुनिक हिन्दी काव्य में छन्द योजना, पृ० २१।

३. 'लोकगीत' जंगल के फूल की तरह वातावरण में उत्पन्न होते हैं और उसी वातावरण में इनका विकास भी होता है। वे छन्दविधान के बंधनों से परे होते हैं। डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय लो० सा० की भूमिका,—पृ० २१३

बहुत अधिक होती हैं और कभी उसी के आसपास रह जाती है। दूसरे 'सोहर' के विभिन्न चरणों में दृष्टिगोचर होने वाली मात्रा मत्री की इस कमी का गायन के समय ह्रस्व दीर्घ-उच्चारण-पद्धति[1] का आश्रय लेकर समान कर लिया जाता है। कारण उनकी लयात्मक एकता सभी चरणों में एकरस एवं अक्षुण्ण होती है। डॉ० विश्वनाथ प्रसाद ने इसीलिए 'सोहर' को 'तालवृत्त' माना है।[2] जिसमें लयबद्ध बलाघात पूर्ण इकाइयाँ ही महत्त्वपूर्ण होती हैं। उदाहरणार्थ—

पल/ना/ बड/ठल हथ/महा/देवो/मा/च या ग/उरा/दइ/हि
हम/रा पु/नर ना कैसा/र पु/तर/कइसे/पा/यन/हे।

उपर्युक्त उदाहरण में 'सोहर' की दो पंक्तियों को ११ तालखण्डों में नियोजित किया गया है। मात्रा गणना की दृष्टि से ये तालखंड विभिन्न मात्राओं वाले हैं पर प्रत्येक ताल खंड के गायन में ली जाने वाली काल मात्रा समान है। रुचि भेद के अनुसार उपर्युक्त पंक्तियों को अन्यान्य तालखण्डों में भी नियोजित किया जा सकता है, पर प्रत्येक स्थिति में लयात्मक संगीत विद्यमान रहेगा।

'सोहर' नाम से जो मगही लोकगीत मिलते हैं, उनमें पर्याप्त छन्दोवैचित्र्य दीख पड़ता है। 'तालखण्डों' अथवा मात्राओं के नियोजन की दृष्टि से न केवल उनके चरण वैचित्र्यपूर्ण हैं, बल्कि उनके चरणों का कलात्मक आयोजन भी परस्पर स्वतन्त्र है।

'बिरहा' डॉ ग्रियर्सन के अनुसार वर्णिक छन्द है। इसके प्रथम एवं तृतीय चरणों में १६-१६ (६ + ४ + ४ + २) एवं द्वितीय तथा चतुर्थ चरणों में क्रमश ११ (४ + ४ + ३) एवं १२(४ + ४ + ४) वर्ण होते हैं। पर डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय द्वारा इसके विभिन्न चरणों में वर्णों का संख्यात्मक विधान किंचित् भिन्न है। उनके अनुसार इसके प्रथम एवं तृतीय चरणों में १६-१६ वर्ण होते हैं और द्वितीय तथा चतुर्थ चरणों में १०-१० वर्ण।[3]

'बिरहा' के विषय में डॉ० ग्रियर्सन का यह वक्तव्य ध्यातव्य है—"पढ़ते समय ये बिरहे शायद ही छन्द के नियमों के अनुसार मिलें, जब तक हम यह याद न रखें कि बहुत से दीर्घ स्वर पढ़ते समय लघु कर दिए जाते हैं। इनमें कभी-कभी कुछ ऐसे भी व्यर्थ के शब्द होते हैं, जो छन्द के अंगभूत नहीं होते।" नीचे एक-दो उदाहरण दिए जाते हैं—

---

१. "ह्रस्व दीर्घ उच्चारण पद्धति" से तात्पर्य लोकगीतों के गायन में सहज भाव से परिलक्षित होनेवाली वह पद्धति है, जिसके सहारे काल-मात्रा की पूर्ति के लिए ह्रस्व मात्रा का दीर्घ या दीर्घ मात्रा का ह्रस्व सा उच्चारण किया जाता है।

२. वस्तुतः 'सोहर' एक तालवृत्त है, जिसका माप-दण्ड पृथक्-पृथक् मात्राएँ और वर्ण नहीं, वरन् लयबद्ध बलाघात पूर्ण इकाइयाँ ही हो सकती हैं। इन्हीं इकाइयों की आवृत्ति से 'राग' की सृष्टि होती है। प्रत्येक आवर्तक बलाघात पर ताल पड़ता जाता है। ये ताल समान रागात्मक मात्राओं द्वारा नियन्त्रित रहते हैं, जिससे प्रत्येक इकाई की उच्चरित अवस्थिति समतोलक बनी रहती है।—डॉ० विश्वनाथ प्रसाद
मगही संस्कारगीत, पृ० ५१-५२।

३. लोकसाहित्य की भूमिका, पृ० २१५।

(क) नन्हेंपन से भौं/जी लगलइ पिरितिया—१६ वर्ण

टूट के बो/लल तो न/हिं जाये—११ वर्ण

हमरा ता/हरा छुट/तइ पिरि/तिया कवां(भोजी)— १५ वर्ण

(कि) दुइ मे ए/क तो मार/जाये—१०वर्ण

(ख) पिया पिया रटि के पि/यर भेलइ देहिया—१५ वर्ण

लोगवा क/हइ कि पा/डु रोग—११ वर्ण

गॉमा के लोगवा मऽ/ऽरमियो न जानइ—१६ वर्ण

भेलइ न/गओनमा/मोर—१० वर्ण

इसी तरह अन्य छन्दों का भी विश्लेषण प्रस्तुत किया जा सकता है।

प्रथम अध्याय

मगही की लोक कथाएँ

प्रथम अध्याय

मगही की लोक-कथाएँ

नालंदा[1]

अभला

एगो राजा हला आ एगो डोम के बेटा हला। दुनो सिकार खेले लगलन। राजा के बेटा कहलका कि जे हारे से, अप्पन बहिन के दे। राजा के बेटा हार गेल। डोम के बेटा जीत गेल। डोम माँगे लगल, राजा के बेटा के बहिन। राजा के बेटा माय से कहलका—'गे माय हम जाही सिकार खेले। अभला बहिन दिया[2] खाये भेजा दीहे।'

राजा गेला। बहिनी खइया लेके गेला। डोम के बेटा पानी में[3] डुबकी मरले बैठल हलइ। ओकर हाँथ में कमल के फूल हलइ। फूल उप्पर मुँह हलइ, अपने छप्पल[4] हलइ। अभला माँगलक—'भइया, हमरा कमल के फूल दऽ।' भाई कहलथिन—'जरी सन[5] पानी है, अपने ले आवऽ।' बहिन पानी में हेललखिन फूल लावे ला।

बहिनी कहलखिन—छुपती पनिया लगलो जी भइया,
तइयो न पैलूँ कमल के फूल।

भाई कहलन— आउ जो बहिनी, आउ जो।

अभला कहलक— ठेहुना पनिया लगलो जी भइया,
तइयो न पैलूँ कमल के फूल।

भाई— आउ जो बहिनी, आउ जो।

अभला— कम्मर पनिया लगलो जी भइया,
तइयो न पैलूँ कमल के फूल।

भाई— आउ जो बहिनी, आउ जो।

अभला— छाती पनिया लगलो जी भइया,
तइयो न पैलूँ कमल के फूल।

भाई— आउ जो बहिनी, आउ जो।

अभला— मुँह कौर पनिया लगलो जी भइया,
तइयो न पैलूँ कमल के फूल।

भाई— आउ जो बहिनी, आउ जो।

---

१ पटना जिला के अन्तर्गत। २ द्वारा। ३ में। ४ छिपा हुआ। ५ थोड़ा-सा।

अफ़ला— सिरा के सेनुरा धोवैलइ जी भइया,
तइयो न पैलूँ कमल के फूल।

भाई— आउ जो बहिनी आउ जो।

डोमा अफ़ला के लेके पनिये में बैठ रहलइ।

तब ओकर माय बाप खोज करे लगलइ। भाई गेलइ घर धुर[1] के, तो माय बाप खोज करथिन। अफ़्फ़ा एगो सुग्गा पोसलक हल। ऊ सुगवा गेलइ उहके पोखरिया पर। ऊ कहे लगलइ—

अफ़ला गे, तोरा माय कानऽ हउ,
तोरा बाप कानऽ हउ,
तोरा पढ़ल सुगवा सेउ कानऽ हउ,
तोरा गुरु परोहित सब कानऽ हउ,
तोरा टोला पड़ोसिन सब कानऽ हउ।

अफ़ला बोलल—

सुगवा रे, गोड़ा बाँधल हउ,
हथा[2] छानल हउ,
भइया हारल हउ,
डोमा जीतल हउ।

सुगवा जाके कहलकई कि अफ़्फ़ा हइ पोखरिया में।
मइया-बप्पा गेलइ सवारी पर। सुगवा फिनु बोललइ—
अफ़ला गे, तोरा मइया कानऽ हउ……।

अफ़ला कहलक—

गोड़ा बाधल हउ,
हथा छानल हउ,
भइया हारल हउ,
डोमा जीतल हउ,
छतिया पर पाथर परल।

अफ़ला के निकाले ला, जन-जन लगाके पनिया उपछावल गेलइ। सोना के मचिया पर बैठल हलइ अफ़ला। माय-बाप ओकरा लेके चल गेलइ।

राजगृह[3]

राजा के बेटी कुम्हार घर

एक ठो राजा हला। ऊ सात गो बिआह कैलका। सातो माउग के बालबच्चा नइँ होवऽ हलइन। राजा दुखित होके बाहर चल गेला। जाते-जाते पहुँचला एगो आम के बगइचा में।

---

१ लौट (कर)। २. हाथ। ३. पटना जिला के अन्तर्गत।

पेड़वा तर बैठ के तपे लगला। एगो बरहामन ऐलखिन। उ पुछलथिन—काहे एँतना तपस्या कैले हऽ। राजा कहलथिन—'हम सात गो मेहरारू कर चुकलूँ हँऽ। सातो के बालबच्चा नइँ होबऽ हे।' बरहामन कहलथिन—'हिएँ के डेना लीजिए। पेड़वा में मारिए। सात गो आम गिरेगा। सातो औरत के खिला दीजिये।'

सात गो आम गिरलइ। त उ सातो अम्मा[१] सातो मोगी के देलकइ। त उ छगो[२] तो खैलकइ बकि छोटकी के देलकइ तो कहलकइ कि हम ठोंर[३] करऽ ही। कोठिया-कनइवा धर दऽ। धर देलथी राजा। एगो सौतिनिया ओकर हिस्सा अम्मा चोरा के खा गेलइ, आ अँठिया ओकरे पर धर देलकइ। चौकड़ा देके, हाँथ-मुँह धो के छोटकी गेल खाय। देखे तो अँठिया हे। 'के खा गेल हमर अम्मा?' 'हम की जाने गेलियो कि के खैलको।'

बेचारी की करो? अँठिए चाट गेन। ओकर गरभ रह गेलइ। आउर केकरो न रहलइ।

दिनवाँ ओकर आवल जा हलइ। राजा जाय लगलथी अपना काम पर। त छोटकी कहलकइ कि तूँ तऽ चलल जा हऽ। ऐसन-ऐसन हिआँ के हाल हे। के काम देत? राजा कहलथी कि घंटी टंगवा दे हियो। बालक होय के घरी ऐतो, घंटी बजा दीहऽ। सुन के आ जैबो।

सौतिनियाँ फुट्ठो-फुट्ठो घंटिया बजा दइ। राजा आथी, घुर आथी। जब दुखवा होय लगलइ, तब राजा ऐबे न करखिन। सौतिनियाँ के पूछे हे कि हमरा दुख होवे हे, कइसे बैठ के बिआईं? सौतिनियाँ कह देलकइ कि कोठिया में मुरिया[४] समा दे, आ एन्ने देहिया रख। एन्ने बुतरुआ गिरतउ। बेचारी के लड़की भेलइ। सौतिनियाँ ले भागलइ, आउ हुआँ ईंटा-खपटा धर देलकइ। ओकर मुरी अपनी कोठिए में हे।

एक पेटी में माल-जाल देलकइ, एक पेटी में बुतरुआ के बन्द कलकइ, कुम्हरा के ओंवा में फेंक अइलइ। तब रानी के मुरिया निकालकइ। आ कहलकइ—'देखे ने खपटा चिपटा भेलउ हे।'

कुम्हरा गेल आँवाँ तरे काम करे। बुतरुआ पेटिया में कनलइ। त कुम्हरा कहऽ हइ, कुम्हैनियाँ के—देखहिं, उ काँची तो पेटिया में कानऽ हइ। कुम्हरा देखे हे—तो बड़ा सुन्दर लड़की! आ एक पेटी में माल-जाल। कुम्हैनियाँ से कहकइ कि चल एकरा पोसम। मालो-जाल मिल गेलउ।

ओकरा पोसलक। लड़किया हो गेलइ सरेख[५] दस बारह बरिस के। राजा भेजका कुम्हैनियाँ हीं नफरवा के कि बासन[६] मगले आओ। गेनइ माँगे। कुम्हैनियाँ कहकइ—गे बेटी, राजा के आज फेन लेवेला ऐलइ बसना। काढ के दे देहीँ। राजा के बेटी काढ के देवे ऐलखिन। नफरवा बसना नइँ उठैलकइ। लड़किए देख के मिजाज होस[७] आ गेलइ। नफरवा राजा के कहलकइ कि—एक ठो कुम्हरा के कंचन कुँआरी नियन लड़की हइ। हम बसना नइँ लेलियो। खाली कइ ऐलियो।

राजा के पाप आ गेलइन मन में कि लड़किया से सदिये कर लीं। राजा कहलखिन कि जो, ओकरा पकड़ के लाव तो! कुम्हरा गेल। राजा कहलथिन—तोरा हीं लड़की कहाँ से हउ, ऐसन सुधर[८]? कहाँ से लौले है? कुम्हरा कहलकइ—सरकार, लड़की अपने घर में पैदा लेलक हे, कहाँ से लाम! राजा कहलन जरी हमरा ला के देखा दे। कुम्हरा कहलक—सरकार मार दऽ, चाहे

---

१ आम। २ छः। ३. नोपना। ४. सिर। ५ बड़ी। ६ बर्तन। ७ आश्चर्य चकित (हो गया)। ८ सुन्दर।

काट दऽ। हमरा घर चल के देख लऽ। हम नइँ लेवो हियाँ। राजा गेलथी देखे। राजा कहलखिन—ए कुम्हार, हम लड़किया से सादी करबउ।

राजा घर में जाके मरवा छप्पर कर लेलका। बरहामन बिघ बेओहार करे लगला। लड़कियो के ले गेलइ कुम्हरा। जब चुटकी [१] उठवे लगऽ हथ, तो लड़किया बोलऽ हइ,—

विलसिन मिसिर तोहें पंडित जी
बाप बिआह न करिए जी।

बप्पा पूछऽ हइ—लड़किया की बोले हे? फेन चुटकिया उठैलथिन। लड़किया ओह बतवा बोलइ।

तब लड़किया कपड़ा लत्ता सब फेंक देलक। उ कहलक—तूँ बाप, हम बेटी। बिआह कैसे हमरा से करऽ हऽ? सब खिस्सा कह देलक कि छओ माय हमरा ई हाल कैलक हे। राजा कानऽ हथ। लड़की देखऽ हथ आ पछतावऽ हथ। फेन लड़किया के गोदी में बैठा लेलन।

राजा छओ माउग के काट के तरहरा भर [२] देलका। ओही मौगी, राजा आ बेटी राज-पाट करे लगला।

बेगमपुर [३]

धरम के जय

एगो राजा हलन आ एगो सौदागर। ऊ चले लगलन सौदागरी करे लगि। उनका चार गो बेटा हलइन आ चार गो पुतोह। चारो से पुछलन—तूँ सब ला काका लैमोऽ? बड़की कहलकइन—हमरा ला कुछ पढ़ही पुरहा सनस लेल्हे अइहऽ। मझली बोललइन—हमरा ला गलवा के जड़उआ हरवा लेल्हे अइहऽ। सझली कहलन—हमरा लागि लाह के लगनी अउर पित्तर के कगनो लेल्हे अइहऽ। छोटकी मगावे हे कान के कनतरकी।

त ऊ बानिज करे गेलन। तीनों ला सब कुछ ले चुकलन, बकि छोटकी ला न लेलन। जब नाओ पर चढलन, त इयाद पड़लइ। त फिनु घुर के गेलन। लच्छ रुपया में कनतरका खरीदलन। घर घुरलन तो सब के चीज दे देलन। छोटकी के देलन कनतरका।

अब तीनों गोतिनियाँ गोचर करे अपना—हाय, हमनी मुरुख हली जे कनतरका न मगैली। सबसे चतुर है छोटकी। एत्ता रुपेया के एत्ता बढ़ियाँ हीरा के गहना मगा लेलक। सझली बोलल—एकरा हमनी गगा नहाय ले चलम। अपने कनतरका भोरा जैतइ।

चारो मिल के गगा जी में खूबे छौंपा छौंपी खेललक। कनतरकी गगा जी में गिर गेल। घर आयल तो देखे, कनतरकी न हे। ऊ अन्न-पानी तेयाग के कोठरी में पड़ गेल।

एगो राजा के नौकर घोड़ा नहावे गेल गगा में। घोड़वा पानी में चकचम देख के आगु बढ़वे न करे। नौकरवा दखे हे, तो सूरुज के जोत नियर कनतरकी। उठा के कम्मर में खोंस लेलक।

---

१ सिन्दुर। २ काट कर गड्ढे में डाल (दिया)। ३ पटना सिटी (पटना जिला)।

फिनु राजा के दे देलक आ सब हाल कह देलक। राजा सोचलक—जेकर कनतरकी सूरूज के जोत ऐसन हे, ऊ अपने कैसन होइत। कइसे मिलूँ एकरा से। राजा एगो कुटनी बुढ़िया के बोलौलक। एगो चगेरी में अनमोल चूड़ी भरवा देलक आ कहलक—तूँ घरे घर पेन्हाबे जो। आ पता लगा के लाओ। बुढ़िया महल्ले-महल्ले पुकारे—बेटी पतोह! चूड़ी पहिनऽ, चूड़ी!

तीनों पुतोह पहेनलक, छोटकी ऐवे न करलक। बड़की बोललक—छोटकी के कनतरका भुला गेलउ हे, ऊ न पेहेनतउ। तूँ मना के पेहनैमें, तो पेन्हाओ। बुढ़िया बूझ गेल। उ कहलक—बउआ, कनिआँ कहाँ सुतल हथुन? हम मना के पेहना देम। बुढ़िया छोटकी के मनावे हे—उठऽ कनियां! चूड़ी पेन्ह। हम कनतरका तोरा दिला देम, एगो राजा पैलकवऽ हे। उ खुसी खुसी चूड़ी पेहेन लेलक। बुढ़िया सब बात राजा के कहलक। राजा ओकरा बोलावे ला भेजलक। छोटकी बोले हे—हम भितरिया आदमी ही। कइसे जाम कनतरकी लावे। बुढ़िया से राजा सम्बाद भेजलक—हम अपना महल से उनका कोठरी तलक, तल्ले तल्ले सुरंग खोदाम आउर दुन्नों तरफ दीआ जलायम। छोटकी आवे ला राजी हो गेल।

सुरुंग बन गेल। छोटकी हीरा मोती से सिंगार-पटार करके चलल मिले ला। पहुँचलक तो देखे हे राजा के हाथ में अप्पन कनतरका। ऊ झपाक से ले लेलक। झोंका-झोंकी में ओकर मोती-मूँगा टूट के फैल गेलउ। राजा सोचलक—रानी के सिंगार टूट गेल, उ गोस्सा हो जैतन। डरे ऊ बटोरे लगल आ बटोरे में भुला गेल। छोटकी धीरा धीरी करते आउ दीया बुझाते अप्पन कोठरी में पहुँचल। राजा के मुँह ठिसुआ गेलक।

राजा पुलिस भेज के सौदागर के बोलौलक। आउ बुझउअल बुझौलक कि जे न बुझबऽ, तो हम भक्सी झोंका देमोभ। जे बूझ देबऽ, तो तूँ हमरा भक्सी झोंका दीहऽ। राजा बुझावे हे—

तल्ले तल्ले सुरूग खोदैली
राहे राहे दीप जलैनी,
दरख चदन न पैली।

सौदागर कइसे बूझे। भक्सी झोंके के तइयारी हो गेल। सौदागर कहलक—अब तो राजा जी हमरा मरना हइए हे। एक दफे लइकन फइकन के देखे के हुउम मिल जाग। हुकुम मिल गेल।

सौदागर घर आयल, तो अन्न जल न खाये। सब खिस्सा घर में कहलक। छोटकी पुतोहिया पुछलक—कौन बुझउअल है बाबू जी? सौदागर सुनैलक। छोटकी पुतोहिया जबाब सिखैलक—

तल्ले-तल्ले सुरूग खोदैली,
राहे-राहे दीप जलैली,
मोती-चुनते अकिल गँवैली,
दरख-चदन न पैली।

सौदागर जाके राजा के बुझउअल बूझ देलकइ। राजा के आँख खुल गेलइ कि न हम मोती चुनती हल, न उ भागत हल। राजा कहलकइ—हम हार गेली। हमरा भक्सी झोंकवा दऽ।

त ऊ लड़की सोचे है कि ई तो हमरो से वदमास हे। बाप रे। ई तो एतना रा बात पर वर्करिए के मुआ देलक आ सुप्पे[1] के टाँय-टॉय कयला लागि कुटी-कुटी कर देलक। ऐसन न कि हमरो काट देवे।

ओही दिन ऊ लड़की अपना दिल में सब सोंच के सुधर गेल। फिर उनका भाइ बोलावे गेलइन। त कहलन पहुन जी[2] जाय दऽ। त कहलन कि अच्छा लिया जा। जब जरूरत होइ, त हम लिआ आम। तब ऊ नइहर आयल। आ सब हीं घुम-घुम के जाय लगउ। ऊ सब से बोलें-बतियाये लगल। त ऊ गाँव के लोग कहे लगल कि कनुनियों के छउँरी बिहुनी[3] सुधर गेलइ ससुरार जाय से। बापरे कयसन वढ़ियों से बतिआवे हे। देखऽ नऽ, पहिले मुनसारी में जा हली, त सबसे लड़ जा हलइ। अब कैमन सुधर गेलई। डर ऐसने चीज हे। बिगड़लो आदमी बन जा हे।

खुसरूपुर नवादा[4]

जितिया के महातम[5]

एगो हलन चूल्हो अउर एगो हलन सियारो। दुनो हलन बहिन। चुल्हो करऽ हलन जितिया। चुल्हो के सात बेटा हलइन। अउ सियारो के एको गो ना। सियारो कहलन—दीदी, हमहू जीतिया वरत करम, तो हमरो लड़कन फड़कन होई। चूल्हो कहलन कि करऽ। चूल्हो भी सहलन सियारो भी सहलन। सियारो भोर में उर्दा-मुर्दा, अरी-मरी लाके, आ केमारी दन करके कटर मटर खा रहलन हे। तो चूल्हो कहलन—कौची कटर मटर खाहीं सियारो ? सियारो बोललन—सहल गुने देहवा कटर-मटर बोलऽ हइ, पटर पटर बोलऽ हइ। देखऽ हथन चूल्हो केमारी खोल के, तो कटर-मटर मुर्दा खा रहलन हें। अब तो इ होइए गेल।

सियारो कहलन कि हमरा बहिन के सात बेटा है आ हमरा एको न। हम सबके मार देम। तो सात गो लड्डू जहर के बना के लैलन, आउ सातो के दे देलन। जहर के लड्डू खा-उ के कहलन— सलाम मौसी, सलाम मौसी। सियारो सोचलन—जहर के लड्डू देली, तइयो न मरल। फेन सातो बेटा उनकर सुतल हलन। सातो बेटा के एक तरफे से मूरी काट देलन। आ सातो मूरी उठा के ले गेलन। तो कहलन— ले गे वहिन, सातो बउआ लागी, सात गो फेदा देवे ऐली हे।

उधर से विध आ विधाता आ रहलन हल। विध कहलन – जेकर एगो बेटा मरे है, तो कैसन सुफा है, आ जेकर सातो पड़ल है, ओकरा कैसन सुफात। उ विधाता से कहलन कि सातो के उठा दऽ। विधाता कहलन— चलऽ। यही कहे है कि औरत जात के नाक न रहे, तो गंदा चीज खाये। विध कहलन— ना, जब तलक तूँ ना उठा के जैबऽ, तब ले हम न जाम। विधाता कनगुरिया चीर के अमइमरित दे देलन आउ राम-राम कहलन। तो सातो उठ के खड़ा हो गेलन।

---

१. सूप को ही। २ दमाद के लिये प्रयुक्त। ३ एक गाली। ४ पटना जिला के अन्तर्गत। ५ पुत्र की कल्याण कामना के लिए किया जाने वाला एक व्रत।

फेनु सातो अपन माय के कहे गेलन कि माय बड़ी भूख लगल है। माय कहलन— मौसी सतफेदा दे गेलउ है, से सातो भाई लेलऽ। तो ऊ सा-उ के फिन कहलन— सलाम मौसी। तब सियारो कहलन— कि अब का करूँ? जहर के लड्डू देली, तब न मरल। आ मूरी काट देली, तब न मरल। अब का करूँ।

तब सुन के दुनियाँ संसार के आदमी कहलन— हे भगमान, जैसन उनकर दिन फिरल, ओयसने दुनियाँ संसार के दिन फिरे।

सेवदह[1]

डरपोक बनिया

बनिया सब सुभाव के कमजोर होवा हइ[2]। जरी जरी सा बात में डेरा जा हइ। पुराना जमाना में ऐसने एगो बनिया रहऽ हलइ। तहिया न रेल हलइ न तार। ओकरा एगो दोसर सहर में जाय के हलइ। सहरवा के रसतवा जंगल में हो के जा हलइ। उ बेचारा डेराल[3] करऽ हलइ कि राह बाट में कोई चोर-डाकू मिल जात, त धनमों छिन लेत अउ जानों मार देत। बाकि लालच बुरा बलाय होवऽ हे। कोई रोजगार के काम स बेचारा जा रहल हल। रुक्कत हल कइसे! से गुने[4] बेचारा चललक[5]।

रस्तवा में जा रहल हल बाकि चोरवा के डर ओकर जी में घुसल हल। जरीक्को[6] सा पत्ता खड़खड़ा हलइ कि बेचारा बनिमा के जी सूख जा हलइ। ऐसने आदमी के कहल जा हेय कि—डरपोक जे होवऽ हे, से मउअत के पहेलऽ ही मर जाहे। संजोग से सोझे[7] से दु गो घोड़सवार देखाइ पड़लइ। बनिमा समझलक कि अब जान गेल। अब तो डोंकू मिलल। जब घोड़-सवरबन जरी नगीच अलइ, त बनिमा झुक के सलाम कैलकइ, आउ डेराल पुछलकइ—"हे सरकार, तूँ किधीर[8] जैबऽ?" घोड़सवरबन ओहे जगह के नाम बतैलकइ, जहाँ बनिमा के जाए के हलइ। फेन उ पुछलकइ—तोहनी सब काहेला जा रहलऽ हऽ। घोड़सवरबन कहलकइ— हमनी सब राजा के सिपाही ही। अब बनिमा के ढाढस होलइ। कहलकइ—हे हजूर, हमरो अपना साथे लेले चलऽ। रसता खतरनाक हे। चोर डकैत के बड़ी डर हे। हम्मर जाने सुक्खल जा हे। घोड़सवरबन कहलकइ—"हमनहीं सबके साथ की डर हउ। चल।

१ ग्राम-सेवदह; सबडिवीजन-बाढ; थाना बख्तियारपुर; जिला—पटना। २ 'इ' की ध्वनि 'य' के निकट सुनाई पड़ती है। ३ भयभीत होता। ४ इस कारण से। ५ चला। ६ ज़रा भी। ७ सामने। ८. किस ओर।

एँन्ने ओन्ने घोड़सवरवन चलऽ हलइ, अउ क्षितिरा में सहुकरवा। थोड़े दूर पार करे के बाद सोझे से तीन गो असवार[1] ऐते देखाइ पड़लइ। बनिमा थरथरा के कहे लगलइ—अब डकुअन आ गेलइ। अब जान नऽ बचत। एगो घोड़धवरबा कहलकइ—'अरे एँतना काहे ला डेरा हँ। हमनहीं सब के पास हथियार हउ। एगो के खतम कैले बिना न छोड़बइ। दोसर सिपहिया कहलकइ—त एगो के मउअत हमरा हाँथ से समझ। सहुकरवा कहलकइ—तोहँनहीं सब तो दू गो के मार देबऽ, बाकि तेसरका हमरा मार देत।

गाँव—नेहुसा[2]

गोधन* के महातम

एगो भाँट हललइ आउ एगो भाँटिन। भँटवा के इयार हलइ जुलहवा। दुन्हुँ गोहूँ उपजावऽ हलइ। जोलहवा के पुड़िया साफ होवइ आउ भँटवा के मैला। भँटिनियाँ अप्पन मेदवा[3] के पुड़िया अप्पन साँप इयार के खिलावऽ हल। भँटवा आउ जुलहवा बतियाये कि—दुन्हुँ अदमी के पुड़िया दू रकम होवऽ हे, से की बात हकइ। भँटवा सब्भे बतिया भँटिनियों से कहलकइ। भँटिनियाँ कहलक अप्पन सँप्पा इयरवा से कि—हम्मर मरद सफका गेहुँआ खोजऽ हको। से तों ओकरा काटब्हो कि मर जाये? सँप्पा कहलकइ कि—हाँ।

भोर पहर भँटवा काम पर गेलइ। हुँआँ जुनवा उतार के रख देलकइ। सँप्पा जुतवे में समा गेलइ। दुपहरिया के पेन्हे घड़ी जुतवा झड़लकइ, तो सँप्पा गिर गेलइ। ओकरा मार के ऊ कनेलिया के पेंड़वा में टाँग देलकइ। घुर के घर चल एइलइ। अप्पन मउगी से बोललइ कि—देखऽ, आज हम बड़ी भाग से बच गेलियो हऽ। सब्भे खिस्सा कह देलक। मेहरुआ के हदँपट्ठी समा गेलइ। चललइ पानी के बहाने कनेलिया तर। देखलकइ मरल—टँगल। ऊ ओकरा घर लाके, सात खुदडी[4] करके ठौरे-ठौरे छिपा देलकइ। रात खनी मरदवा से बुझौलक बुझोअल। आउ कहलक—जे नइँ बूझे उ तरहरा गदाय। बुझौलकइ—

> पी के पी मारे, कनैल गाछ टाँगे
> सात गुड़िया, कुछ जूड़ा,
> कुछ कोची, कुछ पिड़सीरी,
> कुछ सिघोरा, कुछ पौआ,
> कुछ दीया, जरे सारी राति॥

---

1 घोड़सवार। २ पो० आ०—चेरो, सबडिवीजन—बाढ़, जिला—पटना। ३ मैदा।
४ गुड़िया, टुकड़ा। * भाई दूज का पर्व, जो कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाया जाता है।

मरदवा बूझ नईं सकलइ। अप्पन मौगी से कहलकइ--आज गोधन के दिन हकउ। हम्मर दइया[1] टीका काढले होतउ। घुर के ऐवउ, तो, तों मार दीहे। बहिनी घर गेलइ, तो ऊ टीका काढलस्इ[2]। फिनु ऊ सब्भे खिस्सा कह देलकइ। बहिनी बोललकइ--जब तों मरमें करमS, तब हम बर्च के रहम की! तोरा साथे चलवउ। मारे के होतइ, तो दुन्हुं के मार देतइ।

चलते-चलते रात भे गेलइ। दुन्हु कुरखेत में डेरा डाल देलक। भयवा सूत गेलइ। बहिनी के फिकिर से नींद नईं अइलइ। कुरखेतवा में सुप्पा, बढनियां, चौकी, बेलना, सिलौटी लोढा सब्भे अप्पन मलकिनियों के खिस्सा बतिया हलइ। एगो कइलकइ--हम्मर मलकिनियों बड़ सुघड़िन हकइ। काम-ऊम करके हमरा अप्पन मना से रख्ख दे हकइ। भँटिनियाँ के सुप्पा-चलनियाँ कहSहइ--हम्मर मलकिनियाँ बड़ सैतान हक्कइ। हमरा से काम ले के बीग दे हइ। ओकर चालो-चलन खराब हक्ो। सॅप्पा से फँसल हलइ। अब धोखा से अप्पन मरदवा के मारे के उपाय कैलके हS। चलिनियाँ बोलSहइ कि--हम्मर मलिकवा दइया हीं गोधन टीका लेवे गेले हS। जब बहिनी हीं से अइतइ, तब मार करके तरहरवा में गड़ देतइ। सब्भे खिस्सा बहिनी सुन लेलस्इ।

बहिनी पूछS हक्कइ भौजइया से कि--की बुझौता हक्उ? हमरो से बुझा ले। बुझवउ तो नहीं एँ। मारना तो तोरा हइए हउ। दुन्हुं भयवा-बहिनी के संघे मार दीहें। भउजइया बुझौलक्इ। नन्दिया ओकर केसिया पकड़ के एगो खुखड़ी निकाल देलकइ। फिनु सब्भे ठइयाँ से निकाल के जमा कर देलक्इ। भँटिनियाँ हार गेलइ। ओकरा तरहरा खना के गाड़ देलक्इ। फिनु ओही भाइ, ओही बहिन। दुन्हूं सुख से रहे लगलइ।

ग्राम-दौलतपुर[3]

करनी के फल

एगो कुइयाँ में एक ठो बाघ गिरल हलइ। एक ठो पंडित जी के पियास लगलइ। तब ऊ ओही कुइयाँ पर गेलथीन। कुइयाँ में बाघ गिरल देख के घबड़ा गेलन। बघवा पंडित जी से कहलकइन कि--हमरा निकाल देवS, तो हम तोरा बहुत धन देम। ऊ ओकरा निकाल देलन। जब बघवा ऊपर आयल, तब पंडित जी से कहलक कि--हमरा बड़ी भूख लगल हे। हम तीन-चार दिन से न खइली हे। से हम तोरा खा जाम। पंडित जी कहलन कि--देख भाइ, हम तोरा निकालली हे, तूँ हमरे उल्टे खायल चाहS हें। चल इंसाफ करावे।

दुन्हों इंसाफ करावे चललन। चलते-चलते एक ठो सियार मिलल। ऊ कहलक--पंडित जी तूँ कहाँ जा रहलS हे। पंडित जी कहलन कि--हे भाइ, इनका हम कुइयाँ में से निकलली हे

---

१ बहिन। २. गोधन के बाद भाई को टीका लगा कर मिठाई, बजरी, फल आदि खिलाने की क्रिया।

३. डाकखाना--मसौढी, जिला-पटना। ग्राम दौलतपुर मसौढी से चार मील पश्चिम है।

आउर इ हमरा खायल चाहऽहन। तूँ इंसाफ कर दे। सियार कहलक कि हम कुछ न समझइत हीओ। कैसे बाघ कुंइयाँ गिरल हलन आउर कइसे तूँ उनका निकल लऽ। इ चल के देखावऽ। तब न इंसाफ करबो।

बघवा सुन के कुइयाँ में कूद गेल। पंडित जी फिनु निकाले लगलन। तब सियरवा कहलक कि—पंडित जी अबऽहियों तो भागऽ। तब पंडित जी जान बचाके भाग गेलन। बघवा के अप्पन करनी के फल मिलल।

गया[1]

सेठ आउ कुँजड़ा

कहीं पर एगो सेठ हल। उनके पड़ोस में एगो कुंजड़ा हल। दुनों अप्पन-अप्पन रोजगार करऽ हलन। रोज दिन कुंजड़िनियाँ सेठाइन से बतियावे कि आज हमरा दू रुपिया के साग-मुरइ में चार रुपेया तरल। तोरा सेठ जी केतना कमलथुन[2] ? सेठाइन कहलन—उ तो पइसा-अधेला के नफा बतलावऽहथ।

ऐसहीं रोज दिन साँझ के साँझ चले लगल। कुंजड़िन रोज दूना नफा बतावे, आउ सेठाइन अधेला पइसा। एक दिन सेठाइन, सेठ से कहलन—तूँ रोज दिन अधेला पइसा नफा बतावऽ हऽ। आउ कुंजड़िनियाँ दुगुना बतावे हे। ई पर सेठ जी कहलन कि तू का जाने गेलऽ। जे अधेला पइसा बचत, तो हजार रुपिया के पूँजी में केतना बच गेल। का उ तोरा से जादा कमा हइ। ठीके कहलक हे—

सौ के सवाइ भल, बाकि गजड़ा के दूना न भल।

जहानाबाद[3]

लाला जी के धुरतइ

एगो लाला जी हलन। उ बड़ा गरीब हलन। उन कर पड़ोसे में एगो राजा हलन। एक दिन ललाइन जी कहलन—इ तरह से कब तलुक काम चलत। कभी भरपेट खाय पीयला भी न होय। इ पर लाला जी कहलन—"सुन हमरा अगर दू रुपैया के भी नौकरी मिल जाये, तो तोरा हम पाँच सौ के साड़ी बिहाने होके पेन्हायर। राजा अपन कोठा से लाला जी के बात सुनइत हलन। उ राजा से कहके बिहाने लाला जी के दू रुपैया के नौकरी दिला देलन। लाला जी के हुकुम मिलल कि तूँ रात के तरेगन गिनिहऽ। देवान जी के चौरस्ता पर पियादा लेके बैठे के हुकुम मिलल्हइन।

---

१. गया जिला। २. कमाया। ३. जिला गया के अन्तर्गत।

लाला जी चौरस्ता पर बैठ गेलन पियादा संगे। जउन मकान से तरेगन न जनाय, ओकर मालिक के पेयादा से बोलावथ। ओकरा ऐला पर कहथ—भाइ, तोरा मकान से तरेगन न जनाये। मकान तोड़ दऽ। इ पर मकान मालिक सब घबडाथ। लाला जी के घुंसखोरी चले लगल। उ माले-माल भे गेलन। बिहाने भेन अपना औरत के पाँच सौ रुपैया के साड़ी पेन्हौलन। रानी इ बात राजा से कहलन। राजा लाला जी के काम बदल देलन। राजा कहलन—देवान जी, तूँ समुन्दर के हल्का[१] गिनिहऽ।

लाला जी पियादा संग समुन्दर के किनार पर गेलन। उहाँ डेरा-तंबा पड गेल। जब कोई जहाज आवे, तो लाला जी पियादा भेजवा के रोकवावथ। सौदागर के बोला के कहथ–राजा के। हुकुम से जुआर गिनाइत हे। जहाज के आवे से हल्का खराब हो जायत। से तूँ जहाज रोक दऽ सौदागर घाटा के डर से घूँस देवे लगलन। लाला जी मालेमाल हो गेलन। लाला जी के झोपड़ी के जगह कोठा सोफा बन गेल। राजा जी के मालूम भेल, तो लाला जी के फिनु काम बदललन। उनका घोड़ा के लीद जाँचे के काम मिलल।

लाला जी रोज बिहने घोड़ा के लीद अस्तबल जाके जोखावत। जे दिन कोई घोड़ा जादे लीद दे, तो लाला कहथ—भाइ, तूँ घोडा के जादा दाना काहे दे हे। जउन घोड़ा कम लीद दे, ओकर बदे कहथ—भाई, घोड़ा के दाना कम काहे दे हे। इ तरह से लाला जी के घूसखोरी चले लगल। लाला जी आउ मालेमाल हो गेलन। राजा के खबर भेल। उ तंग भे गेलन। लाला जी से उ सब बात पुछलन। लाल जी सारा खिस्सा कह देलन।

कउआकोल[२]

बाघ के मउअत

एगो जंगल में एगो बाघ रहऽ हलै। वहैं पर से कुछ दूर हट के एगो गाँव हलै। ऊ बसतिया पर गोवार[३] बहुत रहऽ हलै। गोवरवन सब बकरी बहुत पालऽ हलै। बघवा ओकर बकरिया के बचवा के रोज मार-मार के ले भागऽ हलै। इकरा से गोवरबन बड़ी दुख में रहऽ हलै।

एक दिन सब मिल के बघवा के मारे लेल सोचलकै। सब अप्पन हाथ में एक-एक गो तलवार ले लेलकै। आउ जंगलवा के तरफ चले लगलै। जहाँ पर बघवा रहऽ हलै, हुआँ पर पहुँच गेलै। सब देखऽ है कि बघवा सुतल हे। बघवा के बिजुन केकरो जाए के साहस नै पड़लै। तब ओकरा सब ढेला से मारे लगलै। तइयो नै बघवा उठै। तब सब बूझ गेलै, कि बघवा के कोई मार देलकै हे। तब सब हुआँ पर पहुँच लै, तो देखै है कि बघवा पहिले मे मर गेलै।

---

१. लहर।

२. कउआकोल ग्राम, नवादा सब डिवीजन (जिला—गया) का एक थाना है। यह स्थान नवादा से ७ मील पूर्व है।

३. ग्वाला।

मिसिरबिगहा[1]

धोखा के फल

एक ठो नउआ हले। उ अपना घरे के रोजे[2] रोसकट्टी[3] करा के लावऽ हले, आ उ भाग जा हले। एक दिन जब लावे गेल त औरतिया कहलक कि हम खीर तीन साफ खैबो, तो जैबो, न तो न जैबो। नउआ कहलक—से चल भाइ, तीनों साफ खेइहें। मौगी के माय कहे—से अब न जाय देवो। तहिना से हम्मर लछमी तोरा किहाँ[4] गेल हे। आज तक खीर न खैलक हे। नउआ बोलल—खीर ला रुसल हे। चले घरे, खूब खीर खात।

टिप्पणी—विरहिणी के हृदय में विचित्र आलोडन हो रहा है। उसके प्राणों में रह-रह कर कसक उठ रही है। आह ! वह जानती कि प्रिय परदेश चला जायेगा, तो रेशम की डोर में बाँध रखती। पर रेशम के कोमल तन्तु का बन्धन शिथिल होता है। वह टूट जा सकता है। वह तो उसे स्नेहाचल के कोर में बाँध रखती !

[१७]

सन्दर्भ—विरह कातर पत्नी को भौतिक सुख के साधनों से प्रसन्न करने का पति-द्वारा असफल प्रयास

टिकवा मेलई अपना, से सुखवा मेलई सपना,
पिया मेलई डुमरी के फूल[१] ॥१॥

---

१ गूलर का फूल, डुम्मरि (स० उदुम्बर)

होवे देहु, होवे देहु डुमरी के फूल,
जहरवा घोरि पिवई नैहरवा ॥२॥
काहे लागि अहे धानी जहरवा घोरि पीवऽ,
तलविया हम भेजबो रे नैहरवा ॥३॥
काहे लागि अहो साधु तलविया हुईं भेजबऽ,
सुरतिया कहाँ पयबो रे नैहरवा ॥४॥

टिप्पणी—विरहिणी का प्रियतम गूलर का फूल हो गया है। आभूषण देकर विरहाग्नि शान्त करना चाहता है। वह यह नहीं जानता कि उसके बिना सुख स्वप्न हो गया है। जाने दो, हो प्रियतम गूलर का फूल! यह मायके जाकर माहुर (जहर) पी लेगी। प्राणों की तड़पन सदा के लिये शान्त कर लेगी। स्वामी सन्देशा भेजता है, '*प्रिय क्यों प्राण दोगी? नैहर में रुपये भेज दूँगा।*' भला, कितना भोला प्रियतम है! नैहर में रुपये तो भेज देगा, पर वहाँ सूरत कहाँ पायेगी! प्राणों में शीतलता प्रिय-दर्शन से आयेगी, धन से नहीं!

[१८]

सन्दर्भ—बाल-विधवा कन्या का करुण विलाप

बेटी—बारह बरिस गे मैया, बितलइ उमरिया रामा हो।
हमहुँ जे मैना रहली कुआँरिए रे कि ॥१॥
सबके बिअहले गे मैया लरिका अबोधवा,
हमहुँ जे मैना रहली कुआँरिए रे कि ॥२॥
माँ—तोहरा बिअहली गे मैना बाले जब पनमा[1] रामा हो,
तोहरो बिअहुआ मरियो गेलउ रे कि ॥३॥
बेटी—हमरा बिअहुआ गे मइया मरिए जब गेलन,
उनकर चैतियो[2] देहि बतलाय रे कि ॥४॥
माँ—सामन भदउआ के मैना, अलउ बूढ़ी धधिया रामा हो,
ओहि में उनकर चैतिया दहिए गेलउ रे कि ॥५॥
रोइए-रोइए गे मैना मैया से बोलइ रामा हो,
अगे चैतिया बहि गेलइ धरतिया न कि ॥६॥
ओहि ठइयाँ[3] जैबइ मइया, बनबइ सतवन्तिया,
ईए हमर चितवा दीहें रचइए रे कि ॥७॥

टिप्पणी—मैना ने माँ से पूछा—तुमने सबकी शादी कर दी, पर मेरी कब करोगी? मा ने सकरुण कहा—बेटी, जब तू अबोध थी तभी तेरी शादी कर दी थी। तेरा स्वामी मर गया। मैना की आँखों में सावन की बरसात उमड़ आई। उसने कहा—मां, मेरे स्वामी तो

---

१ बचपन में। २. चिता। ३ स्थान।

मर ही गये। पर, उनकी चिता कहाँ सजी थी, सो तो बता दे। मा ने कहा—सावन भादो में भयंकर बाढ़ आई थी, उसमें उनकी चिता बह गई। मैंना को लगा, उसकी छाती फट जायेगी। हाय! उसने स्वामी के दर्शन तक न किये, सामीप्य तो दूर रहा। अत में जब सती का कर्म निभाना चाहा, तब वहाँ भी निराशा मिली। पर उसने हिम्मत न छोड़ी। रोते-रोते वह बोली—प्यारी मा, चिता तो बह ही गई, पर वह धरती तो नहीं बह गई, जिस पर चिता सजी थी! वहीं मेरी चिता भी सजा देना।

[१६]

सन्दर्भ—पति-पत्नी का प्रेम कलह वर्णन

बहे के तो पुरवा रामा, बहि गेलइ पछिया रामा।
बहि गेलइ ना उजे, अजबी वेयरिया रामा।
ताहि तले ना, प्रभु सेजिया डसौले रामा ॥१॥
निनिया के भरमल प्राभु, बहियाँ ओलखौलन।
टूटि गेलइ ना उजे, अजबी हरउआ रामा।
टूटि गेलइ ना उजे, गजमोती के हरउआ रामा ॥२॥
लट धुनि रोवे रामा, सँमरो तिरियवा रामा।
से टूटि गेलइ ना उजे अजबी हरउआ रामा ॥३॥
चुप होहु, चुप होहु, समरो तिरियवा रामा।
हम लाइ देबो ना उजे, अजबी हरउआ रामा ॥४॥
कहाँ गेलऽ, किय मेलऽ, साँमरो तिरियवा रामा।
से लेइ लेहु ना, सँवरो अजबी हरउआ रामा ॥५॥
छोटी ननदिया रामा, बड़ि ए बिजुलिया रामा।
लोकी लेलन ना उजे, गज मोती के हरउआ रामा ॥६॥

टिप्पणी—पुरबइया पवन बहना चाहिये था, पर बह गया पछिया पवन। इससे वातावरण में विचित्र उन्माद भर गया। पछिया हवा में पलग डाल कर स्वामी सो गये, तो उनकी बाँहें नींद के भ्रम में मेरे हार से उलझ गई। मेरे गले का गजमोती का हार टूट गया। प्रियतम ने फ़िर नया हार लाने का आश्वासन दिया। पर छोटी ननद बिजली सी चचल है। आज गज-मोती का अजीब हार आया भी, तो उसने बीच में ही लोक लिया!

[२०]

सन्दर्भ—नायिका द्वारा ससुराल का कष्ट-वर्णन

सासु देलन गेहुमाँ, ननद देलन चँगेरिया[1]।
गोतनी बैरिनियाँ भेजे जतसरिया।
रगड़ि-रगड़ि गेहुमाँ पिसलूँ रे दइया ॥१॥

---

[1] टोकरी।

सासु माँगे रोटिया, ननद माँगे टिकरी,
एक सेर मडुआ रगड़ि-रगड़ि पिसलूँ,
ओहु बौना देलक उदवसवा रे दइया ॥२॥
सासु माँगे रोटिया, ननद माँगे टिकरी।
ओहु बौना माँगे परसनमा रे दइया ॥३॥
बौना के जलमल टेंगरा[1] से पोठिया,[2] +
ओहु दे हइ बडी उदवसवा रे दइया ॥४॥

टिप्पणी—निष्ठुर सास ने गेहूँ पीसने को दिया, निर्मम ननद ने चंगेरी दी। बैरिन गोतनी का क्या कहना! उसने तो लाकर जाँता ही पकड़ा दिया। महीन कर-कर के गेहूँ पीसने में आधे प्राण तो चले गये। वह काम अभी समाप्त भी नहीं हुआ। सास ने रोटी माँग दी, और ननद ने टिकरी माँग दी। उसपर से फिर एक सेर मडुआ रगड़-रगड़ कर पीसा, तो बौना पति उदवास दे रहा है। उसे परसन पर परसन चाहिए। बौना के बाल-बच्चे कैसे होंगे—टेंगरा और पोठिया जैसे तुच्छ। वे भी अनेक रूपों में कष्ट देते हैं। अब पूरे प्राण जाने पर हैं।

५. ऋतुगीत

होली

[२१]

सन्दर्भ—फागुन का शृङ्गारः रंग-गुलाल

फागुन महिनमाँ, आयल सुदिनमाँ
देवरवा भिंगावइ चुनरिया ॥१॥
पटना सहरवा से आवइ रंगरेजवा,
रगवा डुबावइ जोबनमा ॥२॥
टिकवा गढ़ावे सैंया, झुमरा गढावे,
देवरवा गढ़ावइ बेसरिया[3] ॥३॥
बजुवा गढावे सैंया, झबिया गढ़ावे,
देवरवा गढावइ मिकरिया ॥४॥

---

१. एक प्रकार की मछली, जिसके शरीर में तीन काँटे होते हैं; यहाँ शिशु के अर्थ में प्रयुक्त है। २ छोटे आकार की मछली विशेष; यहाँ शिशु से अभिप्राय है। ३. नथ।

+ हास्यात्मक व्यंग्य की योजना की गई है। खीझ भरे शब्दों में भुक्तभोगिनी, अपनी व्यथा खोल कर रख देती है, पर उसके क्षोभ-प्रकाशन का ढंग कुछ ऐसा है कि बरबस हँसी आ ही जाती है।

कंगना गढ़ावे पिया, पहुँची गढ़ावे
देवरवा गढ़ावइ करधनियाँ ॥५॥
रंग नहीं डार देवरा, अबीर नहीं डार,
भींजी गेलइ सजली[1] जगनियाँ[2] ॥६॥

टिप्पणी—फागुन का मधुर मास! देवर हृदय का उल्लास छिपाये तो कैसे? भावज की चुनरी रंग में बोरकर अपने मन की रंगीनी दिखा रहा है। पटने का अलबेला रंगरेज जो ठहरा! नायिका पर अनुराग की वर्षा हो रही है। एक ओर तो उसका प्राणप्रिय टीका-झुमका आदि गढ़ा रहा है, दूसरी ओर देवर बेसर और सिकरी देकर मन चुरा रहा है। चुलबुल नायिका के मन की रस भरी उलझन को कौन समझे?

होली

[२२]

सन्दर्भ—कन्हैया और गोपी का गुलाल विलास

कन्हैया न माने, नयनमा में डारे गुलाल ॥टेक॥
मत डारऽ रंग कान्हा, अँखिया पिराये[3]।
हो गेल सारी चुनरिया लाल ॥१॥
कन्हैया न माने, नयनमा में डारे गुलाल॥
जाय कहम हमहु जसोदा अगनमा।
देखऽ अप्पन कन्हैया के चाल ॥२॥
कन्हैया न माने, नयनमा में डारे गुलाल॥

टिप्पणी—रसलोभी कन्हैया ने गोरी की आँखों में गुलाल डाल दिया। भला उसे क्या मालूम उसकी आँखों के डोरे लाल हो रहे हैं! प्रेम की पीर सता रही है उसे! उसने तो उसकी चुनरी भी लाल कर दी। यह अवश्य यशोदा के आगन में जाएगी और कन्हैया की रंग-रेली का भेद खोल देगी।

होली

[२३]

सन्दर्भ—रस-लोलुप पंछी

नकबेसर[4] कागा ले भागा।
सइयाँ अभागा ना जागा॥
नकबेसर कागा ले भागा।
उड़ि-उड़ि कागा कदम पर बैठल॥
जोबना के रस ले भागा।

१. रसपूर्ण। २. यौवन। ३. पीड़ा होती। ४. नथ।

टिप्पणी—कौआ उसका नकबेसर ले उड़ा, पर उसके प्रियतम की नींद न टूटी ! अनुराग से दिया गया नकबेसर गया तो गया, वह पक्षी तो उसके यौवन का रस भी ले उड़ा। और प्रियतम को अभी भी खबर न हुई !

होली

[२४]

सन्दर्भ—परकीया की मान रक्षा।

चले के तो रहिया, चलली डुरहिया,
से गड़ि गेलइ ना,
केओड़बा[1] के कँटवा, से गड़ि गेलइ ना ॥१॥
के मोरा कँटवा निकालतइ ननदिया,
से केहि मोरा ना,
से हरतइ दरदिया, से केहि मोरा ना ॥२॥
देवरा मोरा काँटा निकालतइ ननदिया,
से पिया मोरा ना,
से हरतइ दरदिया, से पिया मोरा ना ॥३॥

टिप्पणी—बेराह चलने से गोरी काँटों में जा उलझी। उसके पैर में केतकी का काँटा आ चुभा। अब उस काँटे को निकाले तो कौन ? फिर पीड़ा कौन हरे ? उसका प्यारा देवर उसे कष्ट में देख ही कैसे सकता है ? वह काँटा तो निकालकर ही छोड़ेगा। फिर प्रियतम अपने कोमल परस से उसकी पीर हर लेगा।

चैती

[२५]

सन्दर्भ—कुसुम लोढ़नेवाली मुग्धा की आकांक्षा।

कुसुमी लोढन हम जायब हो रामा !
राजा केर बगिया !
मोर चुनरिया सैंया तोर पगड़िया
एकहि रंग रंगायब हो रामा !

टिप्पणी—गौरा राजा के बाग में कुसुम लोढने जाएगी। एक अभिलाषा उसके मन में चिरकाल से पलती आ रही है—वह और उसका प्रियतम एक रूप एक प्राण हो जाएँ ! अत वह इतने फूल लोढकर लाएगी कि उसकी साड़ी और प्रियतम की पगड़ी एक कुसुमी रंग में रंग जाएगी।

१. केतकी।

चैती

[२६]

सन्दर्भ—कैकेयी को खीझ भरा उपालम्भ ।

राम जी के बनमा पेठौलऽ हो रामा !
कठिन तोर जियरा ॥१॥
बसिहैं न अवधा नगरिया हो रामा !
जैहैं जहाँ राम के बसेरवा ॥२॥
मरियो न गेलइ केकइया निरदइया
जारे मुख कठिन वचनमा ॥३॥
राम लखन बिनु सुन्ना हो रामा !
नागिन लोट हइ भवनमा ॥४॥

टिप्पणी—पापाणी कैकेयी का हृदय विदीर्ण क्यों नहीं हो गया ? कैसे उसने उनके प्राणप्रिय राम को वन भेज दिया । भला राम के बिना इस नगरी में कौन रहेगा ! धन्य है वह वन जहाँ राम का बसेरा है ! अयोध्या का विशाल रामभवन आज सूना है । वहाँ नागिन लोट रही है । उस भयप्रद स्थान में कोई रह ही कैसे सकता है ! उनकी कामना तो राम के चरणों की सुखद छाया में रहने की ही है ।

बरसाती

[२७]

सन्दर्भ—कोयरिन का पति-प्रेम ।

मिरबा पर ले ले कोयरिन साग बैंगनमा,
चलि गेलइ राजा के दुआर हे ॥१॥
घर से बाहर भेलऽ राजा के बेटवा,
परि गेल कोयरिन पर डीठ[1] हे ॥२॥
आहि आहि कोयरिन हमरो महलिया,
हम लेबउ सगवा तोहार हे ॥३॥
एक हाथे अहो राजा सगवा जोखौलक,
दूसर हाथे अचरवा बिलमाय[2] हे ॥४॥
छोड़ छोड़ अहो राजा हमरा अँचरवा,
सैयां जोहत होइहैं बाट हे ॥५॥
हम नहीं छोड़बउ तोहरो अँचरवा,
तोहरो सुरतिया अनमोल हे ॥६॥

---

१ नजर । २ पकड़कर ठहरा लिया ।

तोहरो सुरति देखि नींद न आवे,
सूरति देखि मुरझाय हे ॥७॥
छोड़ू छोड़ू अहो राजा हमरो अँचरवा,
गोदी के बालक जोहिहें बाट हे ॥८॥
तोहरो से आला[1] राजा हमरो बिअहुआ,
जोहत होइहें कोयरिन के बाट हे ॥९॥
किय तोरा अगे कोयरिन संचवा के ढारल,
किय तोरा सुरति बहुत हे ॥१०॥
तोहरो सुरनिया मोरा हिरदा समायल,
अपनों सुरति मोहिं देहु हे ॥११॥
नहीं मोरा अहो राजा सँचवा के ढारल
नहीं मोरा सूरति बहुत हे ॥१२॥
माय जे बाबा फेर कोखिया जलमली,
सूरति देलक भगवान हे ॥१३॥

टिप्पणी—कोयरिन राजद्वार पर साग-भाजी बेचने पहुँची। विलासी राजा ने एक हाथ से सब्जी ली और दूसरे से आंचल थाम लिया। कामुक राजा ने कहा—प्यारी कोयरिन ऐसा बेसुध करने वाला रूप तुमने कहाँ पाया? क्या विधाता ने तुम्हें साँचे में ढाल कर बनाया है? तेरे अनमोल रूप ने मेरी नींद हर ली है। तू मेरी हो जा! सती कोयरिन बोली—ओ रस-लोलुप राजा! छोड़ मेरा आँचल! मेरा स्वामी तुमसे आला है। मेरा नन्हा-सा लाल बड़ा प्यारा है। वे मेरी व्याकुल प्रतीक्षा करते होंगे। भला मैं साँचे में ढली क्या हूँ! माँ-बाप ने मुझे जन्म दिया। ब्रह्मा ने मेरा रूप सिरजा है। तेरी प्रशंसा मुझे भरमा नहीं सकती।

छौमासा

[२८]

सन्दर्भ—कन्या की विदा वेला में परिजनों की भाव-व्यंजना

हवा वहे पुरबइया हे सजनी,
चिपरिनी[2] सुलगे आग हे ॥१॥
तिमिया के तेलवा रामा मथवा बँधौली,
केसिया गेलइ लटिआइ[3] हे ॥२॥
मथवा मइसे[4] गेली बाबा के पोखरवा,
सामी लिऔले लेले जाए हे ॥३॥
केइ रोवे गंगा दही[5] उमड़े,
केकर भींजतइ पटोर[6] हे ॥४॥

१. श्रेष्ठ। २. गोयठे पर। ३. केश में जटा पड़ना गया। ४. मल-मल कर साफ करने के लिए। गंगा में बाढ़। ६. वस्त्र।

केकर रोवे चरन धोती भीने,
ककरो नयनमा न लोर हे ॥५॥
बाबा के रोवे से गगा दही उमडे,
अम्मा के भींजलइ पटार हे ॥६॥
भइया के रोवे से चरन धोती भीजे,
भउजी नयनमों न लोर हे ॥७॥
कइ कहइ रामा नित उठ अइहऽ,
केइ कहे छौमास हे ॥८॥
केइ जे कह रामा काज परोजन,
कइ कहे दूर जाओ हे ॥६॥
अम्मा जे कहइ बेगी नित उठ अइहऽ,
बाबा कह छौमास हे ॥१०॥
भइया जे घहइ बहिनी काज पराजन,
भउजी कहइ दूर जाओ हे ॥११॥
किय तोरा भउजी नुनमा चोरौली,
किय तेल देलूँ ढरकाय हे ॥१२॥
किय तोरा भउजी रसोइया पइसी[1] झँस्लूँ,
काहे कहलऽ दूर जाओ हे ॥१३॥
नहीं मोरा ननदो नुनमा चोरौलऽ,
नहीं तेल देलऽ ढुलकाय हे ॥१४॥
नाहीं मोरा ननदो रसोइया पइसी झँस्लऽ,
बतिया करेजवा में साले हे ॥१५॥

टिप्पणी—पुरवैया हवा बह रही थी। चिपरी पर आग सुलग रही थी। उसके लम्बे केश तीसी के तेल से लटिया गए थे। वह बाबा के पोखरे पर नहाने गयी। इसी बीच विदा कराने के लिए उसका स्वामी आ पहुँचा। भला विदा की वला क्या ऐसी सहज है! कन्या की विदाई में माता पिता का हृदय विदीर्ण होने लगता है। उसके पिता के रोने से गगा में बाढ आ गई है। आँसुओ से माँ के वस्त्र भीज गए हैं। भाई के अश्रु से चरण की धोती भींग गई है। समस्त परिजना में एक भाभी ही है, जिसकी आँखों में एक बूँद आँसू नहीं। उलटे वह उसे जाने का सकेत दे रही है। गौरा ने पूछा—भौजी! तुम्हारी गृहस्थी में मैंने क्या बाधा डाली है? तुम मुझे घर से भेजने को आतुर क्यों हो? क्यों तुम्हारा हृदय आर्द्र नहीं होता? भाभी बोली—तुम मेरे घर की बाधा नहीं हो पर तुम्हारे वचन इतने कठोर कर्कश रहे हैं, जो मेरे हृदय म शूल की नाईं चुभ जाते रहे हैं। तुम्हारे जाने से मेरे हृदय को शाति मिलेगी।

---

[1] प्रवेश कर।

बारहमासा

[२६]

सन्दर्भ—वर्षान्त मे पिय-मिलन

प्रथम मास असाढ हे सखी साजी चलल जलधार हे।
एही पीरीति कारन सेत बंधौलन, सिय उदेस सिरी राम हे ॥१॥
सावन हे सखी, सबद सोहामन रिमझिम बरसई बूँद हे।
सब के बलमुआ रामा घर-घर होइहे, हमरो बलमु परदेस हे ॥२॥
भादो हे सखी रैन भयावन, दूजे अँधरिया के रात हे।
ठनका जे ठनकइ रामा, बिजुली जे चमकइ, से ही देखी जियरा डेराय हे ॥३॥
आसिन हे सखी, आस लगौली, आस न पूरल हमार हे।
आस जे पुरइ रामा, कुबरी सौतिनिया के, जे कंत रखलक लोभाय हे ॥४॥
कातिक हे सखी, पुन महीना, सब सखी करइ गंगा असनान हे।
सब कोई पहिनइ रामा, पाट पितम्बर, हम धनी गुदरी पुरान हे ॥५॥
अगहन हे सखी हरित सोहामन, चारो दिसा उपजइ धान हे।
चकवा चकइया रामा केलि करत हैं, सेइ देखि जियरा लोभाय हे ॥६॥
पूस हे सखी, ओस पडिए गेल, भींजी गेलइ लामी लामी केस हे।
जाड़ा जे छेदइ, मुई निअर राम, थर थर काँपइ करेज हे ॥७॥
माघ हे सखी बसन्ती महीना, बीती गेलइ जाड़ा के दिन हे।
पियवा मोरा सखी अबहु न आवे, कइसे कटइ दिन रात हे ॥८॥
फागुन हे सखी रंग सोहामन, सब सखी खेलइ गुलाल हे।
ओहि जे देखि देखि जियरा जे तरसइ, का पर डारूँ रंग हे ॥९॥
चैत हे सखी सब बन फुलइ, फुलइ गुलाब के फूल हे।
सखी सब फूलइ रामा पियवा के संग, हमरो फुलवा मलीन हे ॥१०॥
बैसाख हे सखी, पिया नहीं आयल, बिरहे कुहुकइ मोरा जीउ हे।
दिनमा जे बीतइ रामा रोवत-रोवत, कुहुकत बीतइ सारा रात हे ॥११॥
जेठ हे सखी आयल बलमुआ, पुरल मनमा के आस हे।
सारा दिना रामा मंगल गैली, रैनि गमौली[1] पिया संग हे ॥१२॥

टिप्पणी—आषाढ का प्रथम दिवस ! काले काले बादलों की उमड़ घुमड़ ! विरहिणी विकल है। हाय ! ऐसे समय में उसका प्रियतम दूर है। ऐसे काल में सीता के निकट पहुँचने के लिए राम ने समुद्र में भी बाँध बाँधा था। उसका परदेशी बड़ा निष्ठुर है। दिवस पर दिवस, मास पर मास कटते जाते हैं पर वह नहीं आता। सावन की रिमझिम आकर चली गई। भादो की भयावनी रात डरपा गई। आश्विन का शरत्सौन्दर्य मन को लुभाता चला गया। कातिक का पुनीत मास भी हृदय को पावन करता चला गया पर वह नहीं

[1] बिताया।

आया। अगहन में सारी सृष्टि हरियाली से भर गई। अनाजों से खेत सुनहले हो उठे। पूस के हिमकण दाँत कटकटा गए। माघ की बसन्ती हवा शरीर कण्टकित कर गई। फागुन के रंग-गुलाल ने तन मन को रससिक्त कर दिया। चैत में फूलों की भीनी मुसकान ने मन मे उदासी भर दी पर वह निर्मोही नहीं आया। अन्य रूपसियों का सौभाग्य-भृङ्गार, उल्लास विलास, हास-परिहास देखकर वह तरसती रह गई पर उसका परदेशी नहीं आया। अब तो वैशाख की चिलचिलाती धूप तनमन को झुलसा रही है। बिरहिणी के प्राणों की कुहुक प्रिय नहीं सुनता।

पर धन्य है जेठ मास। गौरी के मन की साध पूरी हुई। आज उसका परदेशी घर आया है। वह मगल गीत गा रही है। दिन और रात का उल्लास उसे आनन्द सागर में निमज्जित कर रहा है।

६. देव-गीत

[३०]

सन्दर्भ—गौरी का स्वप्न-दर्शन !

पुरइन पत्ता[१] पर सुतलन गौर देई, सपना देखलन अजगूत[२] हे।
ढोला परोसिन तोहिं मोरा गोतिन, सपना के करू न बिचार हे॥
मोरग देस बजन एक बाजे, किनकर होवऽ हई बिआह हे।
तोहूँ गौरा देई इन्द्रानी से गियानी[३], तोहूँ पतिवता के धिया[४] हे॥
मोरग देस बजन एक बाजे, सिवजी के होवहई बिआह हे।
किय महादेव चोरनी से चटनी, किय हम मुसली[५] भडार हे॥
- किय हम सेवा में चुकली, काहे कैल दुसरो बिआह हे।
नाही गौर देई चोरनी से चटनी, नाही तू ही मुसलऽ भडार हे॥
नाहीं गौर देई सेवा में चुकलऽ, भावी[६] कैलक दुसरो बिआह हे।
पेन्ह गौर देई इयरी से पियरी, करिलेहु सोरहो सिंगार हे॥
पेन्ह गौर देई इयरी से पियरी, सौतिन परिछि[७] घर लाहू हे।
बेटवा रहैतई पतोहिया परिछिति, सौतिन परिछलो न जाय हे॥
देवरा रहैतइ, गोतिनिया परिछिति, सौतिन परिछलो न जाय हे।
खोलियो मे देहु गौरा फटलि गुदरिया, पेन्हिलेहु लहरा पटोर[८] हे॥
करियो मे लेहु गौरा सोलहो सिंगार, सौतिन परिछि घर लाहू हे।
लेइयो मे लेलन गौरा टूटल कोलसुपवा, औ लेलन नाकट दीया हे॥
डड़िया[९] उघारि देखलन गौर देई, जैसे लगे बहिनि संझा हमार हे।

१. कमल का पत्ता। २ अजीब। ३ बुद्धिमती। ४ बेटी। ५ हटाया। ६ होनी। ७ परिछन (एक वैवाहिक विधि) कर। ८ परिधान। ९. डोली।

चौदह भुवन तुहूँ खोजल है बहिनि, वरो नहि मिललो तोहार हे ॥
देस पैस बहिनि वर नहि मिललो, होवे ऐलऽ सौतिन हमार हे।
चारो परगना बहिनि वर खोज ऐलूँ, कहूँ न मिले सिव-राम हे ॥
ऐसन असीस जब दीह गे बहिनि, जनम जनम अहिवात[1] हे।
तोहरा बलकवा खेलैवो गे बहिनी, होई जैवो दासी तोहार हे ॥
देस पइसी बहिनी गोवर कढवो करवो रसोइयाँ वेहवार है।
मगिया जुड़ै-जुड़ै[2] रहिअ गे बहिनी कोखिया से रहिअ बिहून[3] हे ॥
हमरो बलकवा खेलइह गे बहिनी, होई जैह दासी हमार हे।
देस पइस बहिनी गोवर कढीह, करिह रसोइयाँ वेहवार हे ॥
सिवजी के पास मत जइह गे बहिनी, सिवजी से रहिहऽ बिछोह[4] हे ॥

टिप्पणी—गौरी ने देखा—मोरग देश में बाजा बज रहा है और धूमधाम से किसी की शादी हो रही है। पर किसकी? मन का कौतूहल नाच उठा। जाकर पड़ोसिनों से पूछा—प्यारी बहनो! जरा विचारो तो, मैंने ऐसा सपना क्यों देखा? पड़ोसिनों ने कहा—भला तुम ठहरी पंडित की बेटी! तुम्हें यदि सपने का अर्थ नहीं सूझा तो हमें क्या सूझेगा? गौरी ने कहा—मैंने देखा कि मोरग देश में बाजा बज रहा है और शिवजी ने दूसरी शादी कर ली है। मैंने पूछा उनसे—आखिर मैंने कौन-सी भूल की? मैं चटनी हूँ! चोरनी हूँ! भंडार लुटा दिया है? कभी सेवा में चूकी हूँ? फिर आपने दूसरी शादी क्यों कर ली! शिवजी बोले—प्यारी! न तुम चोरनी हो न चटनी, और न तुम सेवा में ही चूकी। पर भावी को कौन रोक सकता है? जाओ, वस्त्राभूषण पहन लो और सौत को परिछ कर अन्दर ले आओ। गौरी परिछने पहुँची पर मन डूबा-डूबा था। पतोहू को परिछना होता या गोतनी को, तो जी में हुलास होता पर सौत को परिछना! धैर्य की कितनी कठिन परीक्षा थी! पास पहुँची तो उसने साश्चर्य देखा—सौत बनकर अपनी सगी बहन संध्या आयी थी। साश्रुनयन पूछा—बहन! क्या चौदहों भुवन में तुम्हें और कोई वर नहीं मिला जो मेरी ही सौत बनकर आयी? लज्जा कातर सन्ध्या बोली—बहन! मैंने कहाँ न ढूँढ़ा पर शिवराम तो एक ही हैं। उन्हें और कहाँ पाती! विश्वास करो बहन! मैं तुम्हारे बच्चे खेलाउँगी, चेरी होकर रहूँगी, गोबर काढूँगी और रसोई पकाऊँगी पर मेरा सौभाग्य मुझ से न छीनो। यही आशीर्वाद दो कि मेरी माँग जनम जनम तक भरी रहे। गौरी ने विह्वल हो कहा—बहन! मैंने सब सुना, सब स्वीकार किया। आशीर्वाद भी देती हूँ—तुम्हारी माँग जनम-जनम तक भरी रहे पर कोख सूनी रहे।

[३१]

सन्दर्भ—गार्हस्थ्य धर्म-पालन का माहात्म्य

पुरवा से ऐलइ आधी से पानी,
भींजि लगलइ उजे सिव के चदरिया।

---

१. सौभाग्यवती। २. माँग भरी (रहे)। ३. बाँझ (वन्ध्या)। ४. उपेक्षिता।

सिवा के भीजलइ झोली से पोथी,
गौरा सुन्दर पडलइ एको नहि बुन्दवा ॥१॥
कउनी तपस्या तूहूँ कईलऽ हे गौरा,
से तोरो पीठे पडलो एको नहि बुन्दवा।
सास नीपल[1] आगन नहीं धागली[2],
ननदी के कहली नहीं कछु बतिया ॥२॥

टिप्पणी—शिव पार्वती बाहर निकले ही थे कि पूरब से झमानिल का प्रकोप छाने लगा। बड़ी-बड़ी बूँदो की तड़ातड़ बौछार पड़ने लगी। शिवजी की चादर भींग चली, झोली पोथी भी पानी में फूल गई पर आश्चर्य कि गौरा को एक बूँद भी न छू सकी। शिवजी ने साश्चर्य पूछा—उमे! कौन सी तपस्या की थी तू ने कि तुम्हें पानी की एक बूँद भी न छू सकी! विहँसकर गौरी बोली—सास ने जिस आँगन को बड़े यत्न से लीपा-पोता था, मैंने उसे कभी नहीं धागा, न तीखे वचनों से ननद का ही हृदय दुखाया।

[३८]

सन्दर्भ—शिव-पार्वती की अनबन

अहो अहो गौरा देइ, सुनऽ नऽ बचन मोरा हे।
अहो गौरा हम करबो दोसरो बिआह,
तूँ बलैये से नऽ धिरजा बधवऽ हे ॥१॥
अजी अजी महादेव, सुनऽ नऽ बचन मोरा हे।
अहो सिव तूहूँ जब करबऽ दुसरो बिआह,
हम केकरा देखि धिरजा बन्धबइ हे ॥२॥
फेकरो कहलिया[3] सिव नहि मनलन,
ओहु जे चललन दुसरो बिआह करे,
सहानी मौरी[4] लड़ झूले[5] हे ॥३॥
आरे आरे कारा बदरा, तोरो देबउ लाल चदरा,
मोरा सिव चललन दुसरो बिआह करे,
आंधी पानी घेरि आवऽ हे ॥४॥
आंधी के अवकाल ऐलइ, पानी के झफसार[6] ऐलइ
सिव जी जे ठारे[7], मौरी धुरूमी[8] ऐलइन,
ओहारी तरे खड़ा भेलन हे ॥५॥
अहो अहो गौरा देइ, सुनऽ न बचन मोरा हे।
खोलऽ न गौरा सोबरन केमड़िया,
सहानी मौरी भींजी गेलइ हे ॥६॥

---

१ लीपा-पोता। २ पैरों की छाप से असुन्दर किया। ३ कथन। ४ सिर मौर। ५ झूले। ६. झमाझम (वर्षा)। ७ खड़ा। ८ भींग कर विरूप (हो गई)।

नहिं शिव हिम्राँ हइ दियया से बाती,
तूँहूँ खींचि लावऽ ओरी तर के सरइ,[1]
ओही पर सूति रहऽ हे ॥७॥
एक ता गरीब धियवा, दोसर कंगाल धियवा हे।
तिसरे में बाबा तोहर, हम्में हाथे बेची देलथु,
ठनगन[2] बतेक करबऽ हे ॥८॥
एक तो गरीब धियवा, दोसरे कंगाल धियवा हे,
तिसरे में हम हि सतभइया केरा बहिनी,
तो ठनगन बहुत करबो हे ॥९॥

टिप्पणी—शिवजी ने कहा—गौरा ! मैं तो दूसरी शादी करके रहूँगा। बलैये से तुमसे धीरज रखा जाय या नहीं रखा जाए। रुआँसी हो गौरा ने कहा—आप दूसरी शादी कर लेंगे तो मेरा क्या होगा ? कैसे जी सकूँगी मैं ? पर शिव जी ने किसी की बात नहीं मानी। वे ब्याह करने के लिये चल पड़े। सर पर रखी गौरी की लम्बी-लम्बी झालरें काँप रही थीं। गौरी से न रहा गया। उसने आकाश की ओर हेरकर प्रार्थना की—'ओ काले बादल! आओ और झूम झूम कर बरसो ! मैं तुम्हें लाल चादर दूँगी। देखो न, शिव जी दूसरी शादी करने चले हैं।' काले बादलों ने उनकी प्रार्थना सुन ली और झूम झूम कर बरसने लगे। शिवजी जो पूरी तरह भींगे तो भागे भागे अपने घरकी ओलती तल आ खड़े हुए। उन्होंने किवाड़ खटखटायी—प्यारी गौरा, द्वार खोलो। गौरी वगैरह सब भींग गई। क्या दूसरी शादी करूँगा ! भीतर से ही गौरा ने कहा—'प्यारे शिवजी ! कैसे खोलूँ ? न दीया है, न बाती और घना अँधेरा है। ओलती की बगल में ही छूछी खाट पड़ी है, खींचकर सो रहिए।' शिवजी को बड़ा गुस्सा आया—ओह ! इतना मान। एक तो तू गरीब की बेटी है और वह भी गरीब की क्या, कंगाल की। फिर तुम्हारे पिता जी ने तुम्हें मेरे हाथों बेच दिया और इसपर भी इतना गुमान ! गौरी कुनमुनायी—ठीक है, मैं गरीब ही नहीं, कंगाल की बेटी हूँ पर हूँ तो सात-सात भाइयों की प्यारी इकलौती बहन। फिर गुमान क्यों न करूँ ?

[३३]

सन्दर्भ—नैहर में अपमानित सती की रक्षा

डँड़िया[3] चढ़ल ऐलन गौरादेइ, बसहर[4] महादेव हे।
ए मिनती[5] स बोललन गौरा देइ, सुनऽ नऽ महादेव हे।
मिर केरर नैंहरवा बिआह, बजन एक बाजे हे ॥१॥
मिनती से बोलथा महादेव, सुनहुँ गौर देइ हे।
ताहरो नैहरवा भइया क बिआह, बजन एक बाजे हे ॥२॥
मिनती से बोलथी गौरा देइ, सुनऽ न महादेव हे।
अनी हम्मर भइया के बिआह, नैहर हम जायम हे ॥३॥

१ छूछी खाट (खरहरा)। २ गुमान। ३ पालकी। ४ बसहा बैल (नन्दी) ५. विनती।

मिनती से बोलथी महादेव, सुनऽ नऽ गौरा देइ हे।
गौरा बिन रे अदरवा के नैहर, सेहु नैहर कैसन हे ॥४॥
केकरो कहलिया गौरा नहि मनलन, नैहर चलि गेलन हे।
अरे न रे चीन्हे मइया से बाप, नहीं रे चीन्हे भइया भौजी हे ॥५॥
न रे चीन्हे कुल परिवार, नही रे चीन्हे नर लोग हे।
एक चीन्हलन गंगा बहिनी, गौरिया बहिनी ठरा हइ हे ॥६॥
ए दरप[१] से उठलन माय, गौरिया कुलवा नासल हे।
अरे जहाँ घिउआ के कुड जरे, गौरिया जरि छइया[२] हो जो ॥७॥
धजवा[३] चढ़ल ठारा महादेव, गौरा के जे छानी[४] लेलन हे।
बेरहि बेर तोरा बरजों[५]हे गौरा, बिन रे अदरवा के सेहु, मुह कैसन नैहर ॥८॥

टिप्पणी—पालकी पर चढ़ी सती अपने नैहर के पास से गुजरने लगी, तो बधावों की आवाज सुन चौंक पड़ीं। साथ में ही शिवजी थे। बड़े प्रेम से पूछा—प्यारे शिवजी, यह बाजा कहाँ बज रहा है? शिवजी बोले—तुम्हारे नैहर मे भाई की शादी है। सुनकर सती का मन मचलने लगा। सविनय बोलीं—नैहर में मेरे भाई की शादी है। मैं जाना चाहती हूँ। पर शिव जी ने राय न दी। भला बिना निमंत्रण के नैहर जाना कैसा! सती ने एक न मानी। वे चली ही गई। फिर तो अजीब दृश्य सामने आया। न माँ ने पहचाना न पिता ने, न भाई ने, न भौजाई ने, यहाँ तक कि घर में किसी ने नहीं! सिर्फ गंगा ने पहचाना। वह बोली—माँ! दीदी खड़ी हैं। इसपर तिनक कर माँ बरस पड़ी—छि। इसने तो कुल को मिट्टी में मिला दिया। अरी! खड़ी क्यों हो? जाओ न, घी की कड़ाही खौल रही है, उसी में कूद मरो। सती से अपमान न सहा गया और वे कूद पड़ीं। पर ध्वजा की नोक पर बैठे महादेव यह सब तमाशा देख रहे थे। गिरने के पहले ही उन्होंने सती को लोक लिया। वे बोले—कहा था न? बिन बुलाये नैहर जाना कैसा?

[३४]

सन्दर्भ—श्री राम द्वारा सीता का पाणिग्रहण

झिलीमिली कपड़ा पहिरि राजा जनक।
लिलि घोड़िया होलन असवार हे ॥१॥
हाथ में लेले राजा गोबरना के साट।
चलि भेलन राजा दरबार हे ॥२॥
एक कोस गेलन राजा दुई कोस गेलन।
तेसर कोस राजा दरबार हे ॥३॥
घाड़वा जे बाँधे राजा चनन केर गाछ।
बैठि गेलन चनन जुड़ि छाँह हे ॥४॥

---

१. अभिमान। २. राख। ३ ध्वजा। ४ छान (लिया)। ५ रोका।

अँगना बहरैते तोहूँ सलखो गे चेरिया।
राजा घर देहूँ न हँकार हे ॥५॥
ताही घर अगे चेरिया राम जी कुँआर।
मोरा घर सीता कुँआर हे ॥६॥
एक हाथ लेले चेरिया गगरा तम्हेडिया।
दोसर हाथे सिंहासन पीढा हे ॥७॥
पैर पखार ऽ राजा सिंहासन चढि बैठऽ।
कहऽ राजा कुल बेवहार हे ॥८॥
मोरा घर अगे चेरिया साता कुँआर।
तोहीं घर राम जी कुँआर हे ॥९॥
बोलाबऽ बराहमन दिनमा सोचाबऽ।
राम सीता करहूँ बिआह हे ॥१०॥
अगहन दिन राजा दिनमा, कुदिनमा।
आबे देहो जेठवा बैसाख हे ॥११॥
बराहमन बोलायब, लगन सोचायब।
राम सीता होयतो बिआह हे ॥१२॥
गाय केर गोबर राम जी, अगना नीपायब।
गज मोती चौक पुरायब हे ॥१३॥
चनन केरिय राम जी पिढिया बनायब।
राम सीता होयतइ बिआह हे ॥१४॥
होयलइ बिआह, रामजी कोहबर गेलन।
सीता लैलन अगुरी लगाय हे ॥१५॥
तिरिया जलम जब देलऽ हो नारायण।
कोखिया बढन्तु मोरा दीहऽ हे ॥१६॥
सासुरा में दीह राम जी अनधन लछमी।
नैहर सहोदर भाई हे।
जुग-जुग दीह ऽ अहिवात हे ॥१७॥

टिप्पणी—महाराज जनक ने मलमल कपडे पहने, हाथ में सोने की छड़ी ली। वे ठुमक-ठुमक कर चलनेवाली घोड़ी पर सवार हो महाराज दशरथ की राजसभा में पहुँचे। जनक जी ने सलखो दाई को पुकार कर कहा—जरा जाकर महल में कह दो कि जनक जी आए हैं। तुम्हारे भवन के यदि कुआँरे श्रीराम हैं तो मेरी भी कुआरी बेटी सीता है। दाई गागर में पानी और ऊँचा पीढ़ा लेकर बाहर आ खड़ी हुई। पैर पखारकर उसने जनक जी को बैठने के लिये कहा और कुशल मंगल पूछा। जनकजी ने कहा—चेरी! ब्राह्मण ... दिन रखवा लिया जाए फिर राम-सीता की शादी कर दी जाए। वह बोली— ...ो शादी के दिन नहीं। जेठ-बैशाख आने दीजिए। फिर तो गोबर से आँगन लीपूँगी ... । से सजाऊँगी। चन्दन के पीढ़े पर श्रीराम को बैठाऊँगी और सीता के

के साथ ब्याह रचाऊँगी। बाद ऐसा ही हुआ। शादी के बाद सीता के साथ श्रीराम ने कोहबर में प्रवेश किया। सीता ने नारायण से विनती की—हे देव! ससुराल में अन्न धन की वर्षा हो और नैहर में सहोदर भाई जनम ले। मेरा सौभाग्य हमेशा बना रहे। जब नारी रूप में जनम दिया है, तब सन्तान दे मेरी कोख की लाज भी रखना।

[३४]

सन्दर्भ—रावण द्वारा सीता का हरण

नदिया किनारे र दुइ रे बिरिछिया, एक महुआ एक आम हे।
ओहि तर उतरल दुइ रे मनुसवा, एक लछमन एक राम हे ॥१॥
राम जी ने चलतन बन के अहेरिया, सीता मड़इया[1] धैले द्वार हे।
रवनमा जे आयल जोगी भेस धरके, जोगिया के भिच्छा देले जा हे ॥२॥
अगना बहारइत सलगो गे चेरिया, जोगिया के भिच्छा देह आव हे।
चेरिया के हथवा हे ओरो चेरिआइन, जेहि दियाये सेइ भिच्छा देइ हे ॥३॥
तर ले ले सोनमा ऊपर तिल-चाउर, जोगिया के भिच्छा देवे जाये हे।
एक गोर एहरी, दोसर गोर देहरी, सीता रवनमा हर ले जाय हे ॥४॥
बरहीं बरिस पर राम जी जे अयतन, सीता मड़इया देखी सून हे।
ना देखूँ दियवा हो, ना देखूँ बाती, सीता मड़इया देखी सून हे ॥५॥
मैं तो ने पुछिलउ चकवा चकइया, एहि बाटे सीता देखले जाइत हे।
न देखीं सीता हे न देखी सीता, हमरा जे पेटवा के चिन्ता हे ॥६॥
ऐसन असीसवा तोरा देबउ रे चकवा, दिन भर जोड़ी रात के बिछोह हे।
ऐसन असीसवा तोरा देबउ रे चकवा, तड़पि तड़पि जीउ जाऊ रे ॥७॥
धोबिया जे धोवले गंगा रे जमुनवा, मुगरे चननमा केर गाछ हे।
मैं तो जे पुछिलउ धोबिया हो भइया, एहि घाटे सीता देखले जाइत हे ॥८॥
देखली मैं देखली मैं हाजीपुर हटिया, सीता रवनमाँ ले ले जाये हे।
ऐसन असीस तोरा देबउ रे धोबिया, फटलो गुदरिया नहिं भुलाये हे ॥९॥

टिप्पणी—नदी के किनारे आम और महुआ के दो वृक्ष। उनकी सघन छाया में दो महामानव उतरे—एक राम, दूसरे लक्ष्मण। राम गये अहेर खेलने। सीता घेरे से घिरी कुटिया के अन्दर थीं। प्रपंची रावण भिक्षा माँगने आया। सीता ने कहा—सलगो चेरिन! योगी को दान दे आ। रावण ने कहा—चेरी से भिक्षा नहीं लेना। दिलानेवाली खुद दे! भोली सीता स्वर्णथाल में तिल चावल लेकर भिक्षा देने चलीं। रावण सीता को हर कर ले गया।

---

१. घेरा। कुटिया।

बारह साल बाद ! राम अहेर से लौटे। देखा—कुटिया सूनी थी। व्याकुल हो चकवाक के जोड़े से पूछा—क्या तुमने मेरी प्रिया को इस राह जाते देखा है ? चकवे ने कहा—मुझे पेट की चिन्ता है। भला मैं क्या जानूँ तुम्हारी सीता मीता ! क्षुब्ध-हृदय राम ने अभिशाप दिया—दिनभर युगल जोड़ी साथ रहेगी पर रात में बिछोह हो जायगा। गंगा-यमुना के किनारे चंदन की डाल पर कपड़ा सुखाते धोबियों ने सीता का पता दे दिया। राम ने आशीर्वाद दिया। प्यारे भाई ! तुम्हें वर देता हूँ कि फटी गुदड़ी की बात भी तुम न भूलो !

[३६]

सन्दर्भ—शबरी की श्रीराम में प्रीति

सेवरी करऽ नऽ रे सगुनमा, आज गिरही राम जी अइहें ना ॥ टेक ॥

लमी-लमी केसिया सेवरी सड़क बहारऽ हथी,
एहि बटिये अइहन भगवान सेवरी के अगना ॥१॥

कुस के चटइया सेवरी झाड़ि झूड़ि बिछौलन,
एहि पर बैठिहन भगवान सेवरी के अगना ॥२॥

काठ के कठोलवा सेवरी, गंगा जल पनिया धैलन,
चरन पखरिहन[1] भगवान सेवरि के अगना ॥३॥

सेवरी के अगना में बैरिया के गछिया हे,
चीखी-चीखी खोनवा[2] लगावे सेवरि अगना ॥४॥

कच्चे कच्चे अहे सेवरि चीखी चीखी बीगी[3] देलन,
पकल-पकल खोनमा लगावे सेवरि अगना ॥५॥

सेहि गलिय अइहन भगवान सेवरि के अगना,
भोग लगइह भगवान सेवरि के अगना ॥६॥

टिप्पणी—

भावविभोर शबरी सोच रही है—आज जरूर श्रीराम आएँगे। यह अपने लम्बे केशों से पथ को बुहार साफ कर दे रही है। प्रेम से उसने चटाई बिछा दी है। आने पर श्रीराम उसी पर बैठेंगे। फिर वह काठ की कठोली में गंगा जी का पानी ले आयी है। आने पर श्रीराम उसी से पैर धोएँगे। आगन में बेर का पेड़ लहरा रहा है। वह बेर झाड़ रही है। कच्चे बेरों को वह फेंक दे रही है एवं चख-चख कर मीठे बेर एक ओर रख रही है। भगवान श्रीराम जब आएँगे, तब उन्हीं का भोग लगाएंगे।

---

१ धोयेंगे। २. दोना। ३ फेंक (दिया)।

[३७]

सन्दर्भ—श्री कृष्ण की रसिकता से तंग गोपी का उपालंभ

जब हि गोआरिन मटुका उठावे, बामे परि गेलइ छींक हे ।
अजी मचिया बैठल तुहूँ सासूजी, छींक के करूँ न विचार हे ॥१॥

छींक ओठन बहु छींक पेन्हन, छींक है सवार हे ।
अजी बीचे कदम तरे कान्हा जी मेटिहैं, ओहि रचिहें धमार हे ॥२॥

जब हिं गोआरिन कदम बीचे गेलन, कान्हा बसीया बजावे हे ।
खाइ लेबउ गोआरिन मीठ दहिया, फोड़ि देवउ सिर मटुक हे ॥३॥

जोबन लेइ गेंद खेलब, जैसे तिरिया हमार हे ।
खाइ लेहु किसनऽ मीठ दहिया, जनु तोडऽ सिर मटुक हे ॥४॥

सुन जे पइहें नन्द बाबा, तोहरो मारी दीहें हे ।
मारे के बेरी ग्वारिन बालक होयबो, नन्द लीहें उठाय हे ॥५॥

खाइ लेलन किसना मीठ दहिया, तोड़ि देलन सिर मटुक हे ।
जोबना लेइ किसना गेंद खेलइ, जैसे उनकर तिरिया हे ॥६॥

ओरहन देवे गेलन ग्वालिन बिटिया, सुनहु दसोदा[1] माता हे ।
तोहर किसना जे रचलन धमार, तोड़ि देलन सिर मटुक हे ।
खाइ लेलथुन मीठ दहिया, फोड़ि देलन सिर मटुक हे ॥७॥

हमरो जे किसना गोआरिन लड़का अबोधवा, झूलत हथि पलंग हे ।
अजी घरे जे हथुन माता लड़का अबोधवा, बाहर छैला जुआन हे ॥८॥

टिप्पणी—गोआरिन ने मटुका उठाया था ही कि छींक आ गई । उसने सभीत हो सास से पूछा—सास जी ! क्या आयी छींक ? जरा विचार तो कीजिये । उसने कहा—आज राह में कान्हा छेड़छाड़ करेगा तुमसे । गोपी कदम्ब के वृक्ष के नीचे पहुँची कि कान्हा की वंशी सुनाई पड़ी । कृष्ण ने कहा—अरी ग्वालिन, तेरा मीठा दही खा लूँगा, मटकी फोड़ दूँगा और छेड़ छाड़ भी करूँगा । गोपी ने समझाया—कान्हा दही खा लो ! मटकी मत फोड़ो । नन्दबाबा तुम्हें दण्ड देंगे । श्री कृष्ण के होठों पर मुस्कान खेल गई—अजी ओ ! जब वे मारने आयेंगे तो मैं बालक बन जाऊँगा । फिर तो वे मुझे गोद में उठा कर प्यार करेंगे ! कान्हा ने दही खाया ! मटुकी फोड़ी । गोपियों से छेड़खानी की । गोपी यशोदा को उलाहना देने गई—माँ ! कान्हा ने हमें बहुत तंग किया । भोली माँ यशोदा ने कहा—कहाँ मेरा नन्हा कान्हा ! कहाँ तुम ग्वालिनों की बातें । मेरा बच्चा तो पालने में झूल रहा है अभी ! चिढ़कर गोपी ने कहा—घर में बालक हैं पर बाहर छैला जवान !

---

1 यशोदा ।

[३८]

सन्दर्भ—शीतला देवी का प्रशस्ति-गीत

नीमियाँ के डलिया मइया लगलो हिन्डोरवा,
झुनी-झुनी मइया गावल गीत कि झुली-झुली ॥१॥
झिलुआ झुलइत मइया लगलो पियसवा,
से चली भेलन मइया मलिया केर बगिया ॥२॥

सुतल हे कि जागल हे मालिन केर बेटिया,
मोरा एक चुलु पनिया पिलाहूँ ॥३॥
कैसे में मइया पनिया पिलइयो कि,
मोरा गोदी मइया तोहरो बलकबा ॥४॥

बलका सुताहु मालिन सोनें के खटोलवा,
आ सोनें के मचोलवा, एक चुलु पनिया पिलाहूँ ॥५॥
बलका सुतौलन मालिन सोनें के खटोलवा,
से सोनें के मचोलवा, एक चुलू पनिया पिलउलन ॥६॥

जैसे गे मालिन हमरा जुड़उले, से,
तोरा बलकवा जुड़ाऊ, तोर पतोहिया जुड़ाऊ ॥७॥

टिप्पणी—नीम की हरी-भरी डाल पर झूला टाँगा गया है। माँ शीतला मन्द स्वरों में गीत गाती झूला झूल रही है। झूला झूलते-झूलते माँ को प्यास लग गई और वह मालिन के बगीचे में पानी पीने चली गई। उन्होंने अन्दर आते ही पुकार की–ओ मालिन की बेटी! सोयी हो कि जागी? एक चुल्लू पानी तो पिलाना? मालिन की बेटी बोली–ओ शीतला मैया। कैसे पानी पिलाऊँ? मेरी गोद में तो तुम्हारा ही बालक सो रहा है। शीतला बोलीं–मालिन! बच्चे को सोने के खटोले में सुला दो और मुझे एक चुल्लू पानी पिला दो। मालिन ने बालक को खटोले में सुला दिया और एक चुल्लू पानी पिला दिया। पानी पीकर शीतला माँ तृप्त हो गईं। उन्होंने आशीर्वाद दिया–मालिन! पानी पिलाकर जैसे तुमने मेरी छाती जुड़ायी, वैसे ही यह बालक तुम्हारी छाती जुड़ाए और तुम्हारी पतोहू तुम्हें तृप्त करे।

[३९]

सन्दर्भ—कुपित शीतला देवी से माँ की विनती

काहे के रे कँगिया सीतल मइया, काहे के रे काँप।
मचिया बैठल सातों बहिनी झारे लामी केस ॥१॥
सोने केर कँगिया सीतल मइया, रुपे के रे काँप।
मचिया बैठल सातों बहिनी झारे लामी केस ॥२॥

टूटी गेलइ कधिया सीतल मइया, टूटि गेलइ काँप।
कउने हाथे गढले रे सोनरा समगिया[1] लगऊ रे घून[2] ॥३॥

हाथ जोडी खडा भेलई सोनरवा के रे माई,
अबरी कसुरवा बकसु हे हमार सीतल मइया,
गढनइ सीतल मइया सोने के रे काँप ॥४॥

टिप्पणी—माँ शीतला अपनी सातो बहनो के साथ मचिया पर बैठी हैं। रुपहली काँप युक्त सुनहरी कगही से लम्बे-लम्बे केश झाड़ रही हैं। कगही इतनी कमजोर बनी है कि बीच में ही टूट जाती है। माँ शीतला क्रोध में सोनार को अभिशाप दे बैठली हैं।

भयकातर स्वर्णकार की माता शीतला देवी से विनती करती है—शीतला मैया! इस बार मेरे पुत्र को क्षमा कर दो। उसके प्राण बकस दो। मैं विश्वास दिलाती हूँ कि अब सोने की कगही में रुपहली नहीं, सुनहरी काँप गढ़ूँगी।

[४०]

सन्दर्भ—शीतला माँ के मंदिर का छवि-वर्णन

अहे किधिर हइ बाँस बँसवरिया,
किधिर हइ केदली बनमा हे ॥१॥

किधिर हइन मइया के मदिलवा,
देखन हम जायम हे ॥२॥

पुरुब हइन बाम बँसवरिया,
पच्छिम हइन केदली बनमा मे ॥३॥

दखिन हइन सीतल के मदिलवा,
देखन हम जायम हे ॥४॥

कैसन हइन बाँस बँसवरिया,
कैसन हइन केदली बनमा हे ॥५॥

कैसन हइन मइया के मदिलवा,
देखन हम जायम हे ॥६॥

हरियर हइन बाँस बँसवरिया,
सीतल हइन केदली बनमा हे ॥७॥

बड़ा सुन्दर मइया के मदिलवा,
देखन हम जायम हे ॥८॥

---

१ शरीर। २ कीड़ा विशेष।

[३८]

सन्दर्भ—शीतला देवी का प्रशस्ति-गीत

नीमियाँ के डलिया मइया लगलो हिन्डोरवा,
झुली-झुली मइया गावल गीत कि झुली-झुली ॥१॥

झिलुआ झुलइत मइया लगलो पियसवा,
से चली मेलन मइया मलिया केर बगिया ॥२॥

सुतल हे कि जागल हे मालिन केर बेटिया,
मोरा एक चुलु पनिया पिलाहूँ ॥३॥

कैसे में मइया पनिया पिलइयो कि,
मोरा गोदी मइया तोहरो बलकवा ॥४॥

बलका सुताहु मालिन सोने के खटोलवा,
आ सोने के मचोलवा, एक चुलु पनिया पिलाहूँ ॥५॥

बलका सुतौलन मालिन सोने के खटोलवा,
से सोने के मचोलवा, एक चुलू पनिया पिलउलन ॥६॥

जैसे गे मालिन हमरा जुड़उले, से,
तोरा बलकवा जुड़ाऊ, तोर पतोहिया जुड़ाऊ ॥७॥

टिप्पणी—नीम की हरी-भरी डाल पर झूला डाला गया है। माँ शीतला मन्द स्वरों में गीत गाती झूला झूल रही है। झूला झूलते-झूलते माँ को प्यास लग गई और वह मालिन के बगीचे में पानी पीने चली गई। उन्होंने अन्दर आते ही पुकार की—ओ मालिन की बेटी! सोयी हो कि जागी? एक चुल्लू पानी तो पिलाना? मालिन की बेटी बोली—ओ शीतला मैया। कैसे पानी पिलाऊँ? मेरी गोद में तो तुम्हारा ही बालक सो रहा है। शीतला बोलीं—मालिन? बच्चे को सोने के खटोले में सुला दो और मुझे एक चुल्लू पानी पिला दो। मालिन ने बालक को खटोले में सुला दिया और एक चुल्लू पानी पिला दिया। पानी पीकर शीतला माँ तृप्त हो गई। उन्होंने आशीर्वाद दिया—मालिन! पानी पिलाकर जैसे तुमने मेरी छाती जुड़ायी, वैसे-ही यह बालक तुम्हारी छाती जुड़ाए और तुम्हारी पतोहू तुम्हें तृप्त करे।

[३९]

सन्दर्भ—कुपित शीतला देवी से माँ की विनती

काहे के रे कंगिया सीतल मइया, काहे के रे काँप।
मचिया बैठल सातों बहिनी मारे लामी केस ॥१॥

सोने केर कंगिया सीतल मइया, रुपे के रे काँप।
मचिया बैठल सातों बहिनी मारे लामी केस ॥२॥

टूटी गेलइ कघिया सीतल मइया, टूटि गेलइ काँप।
कउने हाथे गढ़ले रे सोनरा समगिया[1] लगऊ रे घून[2] ॥३॥

हाथ जोडी खड़ा भेलई सोनरवा के रे माई,
अबरी कसुरवा बकसु हे हमार सीतल मइया,
गढ़बइ सीतल मइआ सोने के रे काप ॥४॥

टिप्पणी—माँ शीतला अपनी सातों बहनों के साथ मचिया पर बैठी हैं। रुपहली काँप युक्त सुनहरी कगही से लम्बे लम्बे केश झाड़ रही हैं। कगही इतनी कमजोर बनी है कि बीच में ही टूट जाती है। माँ शीतला क्रोध में सोनार को अभिशाप दे बैठती हैं।

भयकातर स्वर्णकार की माता शीतला देवी से विनती करती है—शीतला मैया! इस बार मेरे पुत्र को क्षमा कर दो। उसके प्राण बकस दो। मैं विश्वास दिलाती हूँ कि अब सोने की कगही में रुपहली नहीं, सुनहरी काप गढ़ूँगी!

[४०]

सन्दर्भ—शीतला माँ के मंदिर का छवि-वर्णन

अहे किधिर हइ बाँस बँसवरिया,
किधिर हइ केदली बनमा हे ॥१॥
किधिर हइन मइया के मंदिलवा,
देखन हम जायम हे ॥२॥
पुरुब हइन बाँस बँसवरिया,
पच्छिम हइन केदली बनमा म ॥३॥
दखिन हइन सीतल के मंदिलवा,
देखन हम जायम हे ॥४॥
कैसन हइन बाँस बँसवरिया,
कैसन हइन केदली बनमा हे ॥५॥
कैसन हइन मइया क मंदिलवा,
देखन हम जायम हे ॥६॥
हरियर हइन बाँस बँसवरिया,
सीतल हइन केदली बनमा हे ॥७॥
बड़ा सुन्दर मइया के मंदिलवा,
देखन हम जायम हे ॥८॥

१ शरीर। २ कीड़ा विशेष।

टिप्पणी—पूरब की बाँसवारी और पश्चिम के केदली वन से हटकर दक्षिण में माँ शीतला का सुन्दर भव्य मन्दिर है। बाँसों की हरियाली और केदली वन की शीतलता में मंदिर की शोभा अभिवृद्ध हो रही है। मैं उसे देखकर चिर सुख प्राप्त करूँगी।

[४१]

सन्दर्भ—पुत्र विहीना का गंगा जी से करुण निवेदन

गंगा मइया के ऊँची अररिया[१], तिवैया[२] एक रोवल हे ॥ टेक ॥

चुपु चुपु तिवइ, पटोरबे[३] लोर[४] पोछहु हे।
किए तोरा सासुर दुख, किय तोरा नैहर दुख,
किए तोरा कंत बिदेस हे ॥१॥

नहिं मोरा सासुर दुख, नहिं मोरा नैहर दुख,
नाहि मोरा कंत बिदेस, कोखिए[५] दुख रोबिला हे।
सात बलक गंगा मइया देलन, सातों हरि लेलन।
आठवें गरभ तेकरो भरोसा ना हे ॥२॥

चुपु चुपु तिवइ[६], पटोरबे लोर पोछऽ हे।
अपना के मारब, तोहरो जिलायब हे ॥३॥
नोनमा तेलवा पाई गंगा मइया,
गोदी के बलक्वा कैसे पायब हे ॥४॥

टिप्पणी—माँ गंगा के ऊँचे किनारे पर बैठी एक रमणी सिसक सिसक कर रो रही है और अपने छलकते आँसुओं को आँचल की कोर से पोंछती जा रही है। गंगा ने पूछा—प्यारी बहन! चुप रहो, चुप रहो! आँसुओं को पोछ लो। क्या दुख है तुम्हें? क्या ससुराल में कुछ दुख मिला? क्या नैहर में कुछ दुख मिला? क्या तुम्हारा प्रियतम परदेश गया हुआ है?

रमणी बोली—मुझे ऐसा कोई दुख नहीं। यदि कोई दुख है तो यही कि अब तक कोख सूनी है। गंगा मैया ने सात बच्चे दिये और फिर सातों को अपनी गोद में ले लिया। आठवाँ बच्चा मेरे गर्भ में पल रहा है। पर उसका भी क्या भरोसा?

गंगा बोलीं—प्यारी बहन! चुप रहो। आँसुओं को आंचल की कोर से पोंछ लो। मैं अपने बेटे की बलि देकर भी तुम्हारे बच्चे को जिला रक्खूँगी।

रमणी बोली—क्या यह संभव है? यदि नून-तेल होता तो वह सहज ही प्राप्य था पर गोद के लाल को खोकर पाना—उफ! कितना कठिन है!

---

१ अरार। २ स्त्री। ३ कपड़ा। ४ आँसू। ५. सन्तान। ६ स्त्री।

[४२]

सन्दर्भ—गंगा का गांभीर्य

ताबु भीजे ताबु डोर भींजे, मइया भीजै नौ सै लोग,
गंगा गहरी भरी ॥१॥

जगतारनी लहर मेवार[1],
गंगा गहरी भरी ॥२॥

दइया ठार अनजानु बाबू अरज करे, बहुआरो देई[2] लागे पाँव,
गंगा गहरी भरी ॥३॥

टिप्पणी—ओ माँ गंगे ! तू कितनी गहरी है, कितनी लहरी ! तुममें चंचल तरंगे उठ रही हैं। वे भव-सागर पार करानेवाली हैं। देवि ! स्वामी तुम्हारे तट पर खड़े तुम्हारी वन्दना कर रहे हैं। मेरा भी प्रणाम लो !

[४३]

सन्दर्भ—गंगा मैया की छवि-महिमा

मांगे गंगा जी के टिकवा सोभे,
बचवा अजब बिराजे गंगा मइया,
खेलती चौघटिया[3] ॥१॥

खेलती चौघटिया ओढ़ती ओढनियाँ
पेन्हती पियरिया गंगा मइया,
खेलती चौघटिया ॥२॥

नाको गंगा जी के नथिया सोभे,
झुलनी अजब बिराजे गंगा मइया,
पेन्हती पियरिया ॥३॥

गलों[4] गंगा जी के हँसुली सोभे,
सिकरी अजब बिराजे गंगा मइया,
खेलती चौघटिया ॥४॥

बाँहों गंगा जी के बजुआ सोभे,
कबिया अजब बिराजे गंगा मइया।
खेलती चौघटिया ॥५॥

समेटने वाली। २. बहू। ३. चारों घाट में। ४ गल्ले में।

आँगो[१] गंगा जी के पीरी[२] सोभे,
छपवा अजब बिरंगी गगा मइया,
ओढती ओढनिया ॥६॥

इसी प्रकार सभी आभूषणो और अगों के नाम के साथ पंक्तियों की आवृत्ति की जाती है।

टिप्पणी—गगा मैया की माँग पर मंगटीका कितना सुन्दर लगता है! उसमें जड़ी गोदी भी शोभ रही है। वे घाट घाट कलोल करती फिरती हैं। उन्होंने सुन्दर ओढ़नी ओढ़ी है। उन्होंने पीली साड़ी पहनी है। उनकी नाक में नथ बहुत सुन्दर लगती है। उनकी झुनकी की शोभा निराली है। बाँहों पर उन्होंने बाजूबन्द बाँध रखा है। उनका सुन्दर रूप विश्वमगल का सन्देश दे रहा है।

[४४]

सन्दर्भ—देव मन्दिर का माहात्म्य

देकुली[३] के आगे पाछे, नरियर गाछे,
उजे जाफ़र[४] लागि गेलो, डटहर[५] पान हे।
देकुलिया बड़ा सुन्दर ॥१॥

सेही पनमा खाथी कौन देवा
से ही पनमा खाथी परमेसरी देवा,
भींगी गेलइ बत्तीसो रग दाँत,
देकुलिया बड़ा सुन्दर ॥२॥

से ही सिठिया खाथी कौन बेटी
से ही सिठिया खाथी अनजानु बेटी,
जनमो जनमों अहिवात,
देकुलिया बड़ा सुन्दर ॥३॥

सभी देवताओ के नाम जोड़कर इस गीत की पुनरावृत्ति की जाती है।

टिप्पणी—देव मन्दिर का अद्भुत सौंदर्य है। उसके चतुर्दिक देव-पूजन में व्यवहृत उपादान लगे हैं। कहीं नारियल शोभा पा रहा है, कहीं जाफर! कहीं डंटल युक्त पान-पत्र लहस रहा है। सभी देवगण प्रसन्न चित्त पान खाते हैं। उनकी जूठन भक्त ग्रहण करते हैं। इससे उनके सुप्त सौभाग्य की वृद्धि होती है। धन्य है देव! तुम्हारे मन्दिर की शोभा!

---

१. अंगों में। २. पीत परिधान। ३. देव गृह। ४. एक फल, जो पान के साथ खाया जाता है। ५. डंटल युक्त।

[४५]

सन्दर्भ—भक्तों का देव पूजन

माइ, गगा जमुनमा केर चिकन मटिया,
ओहि मटिए निपलों रामठाकुर देव के पिढिया ॥१॥

ओहि मटिए निपलो बन्दीदेइ के चौरिया ।
माइ, नीप लैलों पोत लैलो, परोर लैलो भितिया ।
माइ, जिरवा छन्ने लागल हे सोबरना केमड़िया ॥२॥

माइ, ओहे मटिए निपलों हनुमान जी के चौरा ।
माइ, ओहे मटिए निपलों गोरैया देइ क पिढ़िया ।
माइ, ओहे मटिए निपलों मनुख देइ के पिढिया ॥३॥

माइ नीप लैलों, पोत लैलो, परोर लैलों भितिया ।
माइ, जिरवा छन्ने लागल हे सोबरना केमड़िया ॥४॥

माइ ओहि मटिए निपलो पाँचो देइ के चौरिया ।
माइ ओहि मटिए निपलों सब देव के पिढिया ॥५॥

माइ नीप लैलों, पोत लैलों, परोर लैला भितिया ।
माइ, जिरवा छन्ने लागल हे सोबरना केमड़िया ॥६॥

टिप्पणी—भक्तों की वृद्धि देव पूजन में है। गगा यमुना की पवित्र चिकनी मिट्टी से देवस्थान को साज सवार कर भक्त आन्तरिक सुख उपलब्ध करते हैं। आखिर हृदय की अगाध भक्ति का देवार्पण हो कैसे ?

[४६]

सन्दर्भ—भक्तों द्वारा सम्पत्ति के लिए देवार्चन

सोने के खड़उआ चढ़ि अयलन बन्दी देव,
हाथ सोबरन केरा साट हे ॥१॥

ओहि साटे मारम भगता, अनजानु भगता,
हमरा पहुरवा[१] देले जाहु हे ॥२॥

अपना पहुरवा देवा हुलसिय लेहु,
हमरा असीसवा देले जाहु हे ॥३॥

सम्पत्ति बाढ हे, साम्पत्ति बाढ हे,
बाढ़ हे कुल परिवार हे ॥४॥

---

१ समर्पण, भेंट ।

गौरैया देव, मानुस देव, शोखा देव और रामठाकुर देव के नाम जोड़ कर इस गीत की पंक्तियाँ दुहराई जाती हैं।

टिप्पणी—भगवान को भक्त से समर्पण चाहिए। प्रेमार्पण चाहिए। भक्त को भगवान से आशीर्वाद चाहिए। सम्पत्ति की वृद्धि हो, कुल परिवार समुन्नत हो—यही भक्त की अशेष कामना है। भगवान् और भक्त दोनों का प्रेम बंधन शाश्वत है।

सझा

[४७]

सन्दर्भ—सध्या पूजन

सझा जे बोलथिन माइ हे, केकरा घरे आयब[1] ॥टेक॥
बोलथिन अनजाने बारू, हमरा घरे आयब[2]।
बहुआरो[3] देई सझा गनौतन ॥१॥
साँझ देतन समौत[4], पराते देतन बाढन[5]।
माइ हे हम अप्पन घरे सझा मनायब ॥२॥

टिप्पणी—सध्या देवी ने पूछा—भला मैं किसके घर जाऊँ? गृहस्वामी ने कहा—मेरे घर! यहाँ बहू आरत्ता आत्रभगत करेगी, उत्सव मनाएगी।

सध्या देवी हमें प्रकाश देंगी। प्रभात की ज्योति हमें वृद्धि प्रदान करेगी। ओ माँ! मेरे घर ही सध्या देवी का उत्सव मनाया जाएगा।

कर्मा-धर्मा[6]

[४८]

सन्दर्भ—बहन द्वारा भाई के कल्याण के लिये व्रत

तोहरा नगर भइया केलवा सहत भेलबऽ।
ले ले अइहऽ हो भइया केलवा सनेसवा ॥१॥
हमरा नगर बहिनो केलवा महग भेलो।
छोड़ि देहु गे बहिनो करमा बरतवा ॥२॥
करमा बरत भइया छोड़लो न जाये।
न छोड़म हो भइया करमा बरतवा ॥३॥

सभी फलों एव वस्त्रों के नाम जोड़ कर इस गीत की आवृत्ति की जाती है।

---

१ आऊँगी। २ आएगा। ३ बहू। ४. प्रकाश। ५. वृद्धि। ६ यह पर्व भादो महीने में मनाया जाता है।

टिप्पणी—बहन—प्यारे भाई ! तुम्हारे शहर में केला खूब सस्ता मिलता है, लेते आना। वही सदेश होगा मेरे लिए !

भाई—बहन ! मेरे शहर में केला बहुत महगा मिलता है। यह कर्मा-धर्मा छोड़ो !

बहन—प्यारे भाई ! कर्मा धर्मा करना कैसे छोड़ दूँ ? तुम सदेशा दो, न दो बहन चिरकाल तक तुम्हारी कल्याण-कामना तो करती रहेगी !

जितिया[1]

[४६]

सन्दर्भ—गगा का भाई पर स्नेहाधिक्य

कँहवें से आवले लउहर कुमहर देओरा[2] हे गगाजल बहिनो।
कँहवें से आवले निरधन भाई हे गगाजल बहिनो ॥१॥
पुरुबे से आवले लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिनो।
पछिमें से आवले निरधन भाई हे गगाजल बहिना ॥२॥
कहमें बैठायब लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिनो।
कहमें बैठायब निरधन भाई हे गगाजल बहिना ॥३॥
अगने बैठायब लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिनो।
अँचरे बैठायब निरधन भाई हे गगाजल बहिनो ॥४॥
का ले खिलायब लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिनो।
का ले खिलायब निरधन भाई, हे गगाजल बहिनो ॥५॥
दाल भात खिलैबइ लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिनो।
दूधे खाडे पिये निरधन भाई हे गगाजल बहिनो ॥६॥
कँहवाँ सुतैबो लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिनो।
कँहवाँ सुतायब निरधन भाइ हे गगाजल बहिनो ॥७॥
अँगने सुतैबो लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिनो।
अँचरे सुतैबो निरधन भाई हे गगाजल बहिनो ॥८॥
का ले समोधबो लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिनो।
का ले समोधबो निरधन भाई हे गगाजल बहिना ॥९॥
टका ले समोधबो लउहर कुमहर देओरा हे गगाजल बहिना।
छोटकी ननदिया ले समोधबो निरधन भाई हे गगाजल बहिनो ॥१०॥

---

१ जितिया-व्रत आश्विन में कृष्ण पक्ष अष्टमी को किया जाता है। इस व्रत को पुत्र के मगल के लिए महिलाएँ करती हैं।

२ देवर।

घुरी-फिरी तान्ल लउहर कुसहर देअोरा हे गगाजल बहिनों।
घुरियो न ताके निरधन भाई हे गगाजल बहिनों ॥११॥
रोबइत जैतो लउहर कुसहर देओरा हे गगाजल बहिनों।
हँसइत जैतो निरधन भाई हे गगाजल बहिनों ॥१२॥

टिप्पणी—गगा बहिन ने देवर और भाई के स्वागत में कितनी भी भिन्नता की। पर विवाहित कन्या के लिये नैहर से अधिक ससुराल ही अपना होता है। आदर-सत्कार पाकर भी भाई पलट कर नही देखता। पर भाभी से निरादर पाकर भी देवर भाभी की रक्षा अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता है।

छठ

[४०]

सन्दर्भ—सूर्यदेव के आगमन की आकुल प्रतीक्षा

आन दिन उटलऽ सुरुज देव भोर भिनुसरवा।
आजु काहे लगौलऽ, सुरुज देव बड़ी देर हे ॥१॥
सगरो बरती ठाढ मेलन, लेहु न अरघिया।
सगरो बरती घाट अगोरलन, लेहु न अरघिया।
उगहु सुरुज देव, लेहु न अरघिया ॥२॥

टिप्पणी—सूर्यदेव! और दिन तो आप बडे सबेरे उठ जाते थे पर आज जागने में इतनी देर क्यों लगा रहे हैं? सारे व्रतधारी एकटक खडे हो निहार रहे हैं। आकर अर्घ्यांजलि स्वीकार कीजिए। हे सूर्यदेव! शीघ्र दर्शन दीजिए।

छठ

[४१]

सन्दर्भ—जगतारण नाव की अर्चना

काहे केर नैया रे मलहा, कथिए करुवार[1]।
कथिए भरल रे मलहा, नैया केर माँग ॥१॥
सोने के नैया रे मलहा, रूपे करुवार।
इगुर[2] भरल रे मलहा नैया केर माँग ॥२॥
कथिए बोमल रे मलहा, नैया गमरत रे जाय।
केलवे बोमल रे मलहा, नैया गमरत रे जाय ॥३॥

---

१ नाव के पाछ का मिकना हिस्सा। २ सिन्दुर।

सुपवे ग्रोभाय रे मलहा, नैया गमकत रे जाय।
काहे केर नैया

सभी फलो का नाम लेकर इस गीत को गाया जाता है।

टिप्पणी—ओ नाविक! तुम्हारी नाव किस चीज की बनी है और उसकी करुवार किस चीज की? फिर नाव में कौन सी चीज भरी है? ओ पूछनेवाले! नाव सोने की है और करुधार रूपा की। नाव में सिन्दूर भरा है। उस पर केला लादा हुआ है। वह सुवास फैला रहा है और नाव मन्द मन्द तिर रही है।

[५२]

सन्दर्भ—ब्रह्म स्वरूप की जिज्ञासा

साधो लोक से पराइ, गुन गाइ गाइ बहुरी न ग्रावर एना।

ककरे बले विषया में, लग्गइ पेमल मनमा,
कउन जे डुलकावे, उत्तम जेड़ी में परनामा।

ककरे बले अकुरइ, कठ में बचनमा,
कउन देव देलक मोरा कान अउ नयनमा।

कनमों के कान, साधो, मनमो के मनमा,
बचनों के वाक से, उ परनमों के परनमा।

अँखियो के आँख, भिन्न भिन्न रूप धारी,
ओकरे प्रतापे ओही में रहे सनचारी।

साधो, ओकरे दरस ओट टारी जीवन, मुकुती पवाइ एना॥

टिप्पणी—साधो! लोक से परे जो एक अनिर्वचनीय सत्ता वर्तमान है, उसका बार-बार गुणगान करो ताकि घूमफिर कर इस लोक मे न आना पड़े। अहा! कौन है वह, जो विषय-सभोग में मन को उत्प्रेरित करता है? कौन है यह, जो दम्पति युगल में गुणों का सचार करता है? किसके बल से कठ से बाली फूटा करती है? किसने हम सब को सुनने को कान और देखने को आँखें दी हैं? कौन वाणी की भी वाणी है? कौन प्राणों को भी धारण करनेवाला प्राणरूप है? कौन इन नयनों को ज्योति प्रदान करनेवाला नयनस्वरूप है? कौन इन भिन्न-भिन्न कोटिरूपों में दृश्यमान हो रहा है? किसका प्रताप इस सृष्टि के रूप में विकास पाकर फिर उसी म सिमट जा रहा है? साधो! वह एक ही है बस एक! उसीका ज्ञान चक्षुओं से दर्शन पाकर इस भौतिक जीवन से—आवागमन के बधन से—छुटकारा पाया जा सकता है?

[४३]

सन्दर्भ—विश्व प्रांगण में प्रेयसी जीवात्मा और प्रियतम ब्रह्म का सद्भाव

सतगुरु पियवा हो, हमर सुन्नर वर गंगा जमुनमा के धार हे।
अहे सुरत के डोरिया गगन बीचे लागल, लागल पिया से सनेह हे।
अहे मन मोर रसलन पिया रंगरसिया हे पूरुब जनमिया के नेह हे।
एक सखि पूछ हइ पिया के सनेहिया हे दोसर रे पूछई सतभाव हे।
कउन रंग हयुन तोहर पियवा हे सखिया सचेसच देहु न बताइ हे।
जे सखी रमलइ से ही बतलावे दोसर जानइ न भेद हे।
अनरूप हइ सखि हम पिया के मनरूप हइ पिया के रंग हे।
हम आउर पिया रहली लाली पलँगिया पुरुब जनम के नेह हे।
जब जब अहे सखी आलस आवइ तब पिया देथीन जगाइ हे।

टिप्पणी—सत्यरूप वह विश्वगुरु ही मेरा प्रियतम है। वह गंगा यमुना की धार की नाईं पावन एवं स्नेह-भरा है। उसके सौन्दर्य की किरणें रेशमी डोरों की नाईं आकाश की छाया में भूल रही हैं और मुझ (जीवात्मा) को उनके साथ एक बंधन में बाँधे हैं। वह मुझे बहुत मानता है। उससे मेरा जनम-जनम का नाता है। वह मुझे कभी नहीं भूलता। मेरे मान की सदा रक्षा करता है। मेरी सखियाँ (अन्य जीवात्माएँ) उसके बारे में जानना चाहती हैं। एक सखी पूछती है—आली! तुम्हारा प्रियतम तुमसे स्नेह करता है या नहीं! दूसरी सखी पूछती है—आली! वह कैसे विचार रखता है? कैसा है उसका रूप-रंग? देखो *सच-सच बताना।* पर मैं क्या बताऊँ? कैसे बताऊँ? अरे, उसके बारे में तो वही बता सकती है, जिसने उसके साथ खूब घुलमिलकर संयोग किया हो। भला, दूसरे को क्या पता! हे सखी! मेरे प्रियतम का स्वरूप अनिर्वचनीय है और उसका वर्ण! वह तो अपने मन में जैसा सोच लो फिर वैसा ही नजर आता है। मैं अपने प्रियतम के साथ लाल रंग के पलंग (अनुराग और मोहमयी सृष्टि पर कहा गया रूपक) पर रास करती रही। आखिर हमारा जनम जनम का नाता जो ठहरा। सखी जब-जब मैं अलसा जाती हूँ (माया के पाश में बँध जाती हूँ) तब-तब मेरा प्रियतम मुझे जगा दिया करता है (अन्तःकरण से प्रबोध करता है)।

७. विविध गीत

झूमर

(४४)

सन्दर्भ—विरहिणी की विषम वेदना

पीतर के कला पुरुनिया डोले, अब पिया डोले रे ननदो,
तोहर भइया रे बिनु ॥१॥

माँगो के टिकवा सेहु भला तेजम, पिया नहिं तेजम हे ननदो,
तोहर भइया रे बिनु ॥
पीपर के पतवा फुलुगिया डोले, अब जिया डोले रे ननदो,
तोहर भइया रे बिनु ॥२॥
नाको के नथिया सेहु भला तेजम, पिया नहिं तेजम रे ननदो,
तोहर भइया रे बिनु ॥
पीपर के पतवा फुलुगिया डोले, अब जिया डोले रे ननदो,
तोहर भइया रे बिनु ॥३॥

टिप्पणी—विरहिणी के प्राण पीपल के पत्ते की नाईं काँप रहे हैं। भला प्रिय के सम्मुख तुच्छ आभूषणों का क्या मोल! वह मगटीका तज सकती है। नाक का आभूषण भी त्याग सकती है। पर प्रियतम को कैसे तजे! प्रिय के बिना तो अब विरहिणी के दिन भी नहीं कट रहे हैं।

झूमर पूर्वी

(५५)

सन्दर्भ—आभूषण खोने पर गोरी की आशंका

तिसिया के तेलवा में मथवा बथौली राम,
लटियाइए गेलइ ना।
हम्मर लाबी लाबी केसिया, लटियाइए गेलइ ना ॥१॥
माथा मैंजे गेलि रामा, बाबा के पोखरिया,
भुलाइए गेलइ ना।
हमरा नाक के बेसरिया, भुलाइए गेलइ ना ॥२॥
गोड़ लागी, पैंया पडूँ, भैया हो मलहवा,
से खोजिए देहु ना।
हमरा नाक के बेसरिया, से खोजिए देहु ना ॥३॥
हमरा खोजिये नाहिं लैबऽ मलहा,
से रिसियाइए जइहें ना।
हम्मर ननदो के भइया, रिसियाइए जइहें ना ॥४॥

टिप्पणी—नायिका अपने लम्बे-लटियाये केशो को धोने बाबा के पोखरे पर गई क्या कि सौभाग्य चिह्न नकबेसर ही खो बैठी। फिर प्रिय प्रेम के भरोसे दिन काटने वाली वह शंकाकुल क्यो न हो! पारिवारिक जीवन में सोना खोना—यों ही अशुभ है, उस पर भी नकबेसर का खोना—जो सौन्दर्य और सौभाग्य का प्रतीक है! वह सब सह सकती है, पर प्रिय की रीस नहीं। मामी नकबेसर खोज कर उसे आशंका-मुक्त कर दे, तो कितना उपकार हो!

झूमर

[४६]

सन्दर्भ—परदेश जाते पति द्वारा पत्नी का मनुहार

भोर भेलइ हे पिया भिनसरवा भेलइ हे,
उठु न पलगिया से कोइलिया बोलइ ना ॥१॥

कोइलिया बोलइ गे धनिया कोइलिया बोलइ ना,
देहि ना पगड़िया हम कलकतवा जैबइ ना ॥२॥

कलकतवा जैबऽ हो पिया, कलकतवा जैबऽ ना,
बाबा के बोला के हम नैहरवा जैबइ ना ॥३॥

नैहरवा जैबऽ हे धनिया नैहरवा जैबऽ ना,
हमरा लग्गल हइ रुपइया, चुका के जैहऽ ना ॥४॥

चुकाइ देबइ हो पिया, चुकाइये देबइ ना,
जैसन बाबा घर के हलिअइ ओयसन बनाइ देहु ना ॥५॥

बनाय देबउ गे धनिया बनाइए देबउ ना,
मोतीचुर के लड्डुआ खिलाइए देबउ ना ॥६॥

हम नहिए बनबइ हो पिया, हम नहिए बनबइ हो,
जैसन बाबा घर के हलिअइ, ओयसन नहिए बनबइ ना ॥७॥

